
बैशाख मास, शुक्ल पक्ष 7, वर्ष 12, अंक 77, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00
वाराणसी, गुरुवार, 27 अप्रैल, 2023
परख सच की
# जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अन्दर : बंटवारे के खिलाफ थे तारिक फतेह

अन्दर : 'रोहित शर्मा को आईपीएल से थोड़े समय के लिए विश्राम लेना चाहिए', गावस्कर ने भारतीय कप्तान को दी सलाह



डाक/नगर संस्करण
E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# दंतेवाड़ा में नक्सली हमला, 11 पुलिसकर्मी शहीद

## गाड़ी को 50 किलो विस्फोटक से उड़ाया, ड्राइवर की भी मौत, पांच दिन पहले नक्सली कैंप किया था ध्वस्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बुधवार को नक्सली हमले में 11 पुलिसकर्मी शहीद हो गए। ये जवान डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड यूनिट के थे। इनके अलावा इनकी गाड़ी के ड्राइवर की भी हमले में मौत हुई है। इनकी टीम बारिश में फंसे सुरक्षा बलों को रेस्क्यू करने जा रही थी। इसी दौरान नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट में पुलिसकर्मियों का वाहन उड़ा दिया। यह 50 किलो विस्फोटक से ब्लास्ट किया गया। हमला दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में अरनपुर-समेली के बीच हुआ। सूत्रों के मुताबिक यहां पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसी दौरान नक्सलियों ने वाहन पर बम भी फेंका। आईजी सुंदरराज पी ने कहा- मौके पर सीनियर ऑफिसर्स भेजे गए हैं। इलाके में सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। नक्सली हमले में शहीद होने वालों में

**हमला**

### सुरक्षाबलों को रेस्क्यू करने जा रहे थे, नक्सलियों का हमले के लिए चल रहा कैंपेन

### एक हफ्ते पहले विधायक के काफिले पर हुआ था हमला

प्रधान आरक्षक जोगा सोढ़ी, मुन्ना राम कड़ती, संतोष तामो, नव आरक्षक दुल्गो मण्डावी, लखमू मरकाम, नव आरक्षक जोगा कवासी, नव आरक्षक हरिराम मण्डावी, गोपनीय सैनिक राजू राम करटम, जयराम पोड़ियाम जगदीश कवासी और गाड़ी के ड्राइवर धनीराम यादव शामिल हैं।

बस्तर में नक्सलियों का टैक्टिकल काउंटर अफेंसिव कैंपेन चल रहा है।



नक्सली इस दौरान अक्सर कई बड़ी घटनाओं को अंजाम देते हैं। टीसीओसी को देखते हुए फोर्स भी अलर्ट मोड पर है। बस्तर के सभी जिलों में जवानों को सर्चिंग के लिए भेजा जा रहा है।

5 दिन पहले सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों का कैंप ध्वस्त कर दिया था। भारी मात्रा में विस्फोटक समेत नक्सलियों के दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया था। बताया जा रहा है कि इस कैंप में करीब 25 से 30 की संख्या में नक्सली मौजूद थे। जवानों के आने की खबर मिलते ही सभी नक्सली भाग गए। बस्तर में किरंदुल-विशाखापट्टनम पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। ये दोनों यात्री ट्रेनें आज दंतेवाड़ा से आगे किरंदुल नहीं जाएगी। हालांकि किरंदुल से लौह अयस्क लेकर विशाखापट्टनम तक मालगाड़ियों की आवाजाही बरकरार रहेगी। ईको (ईस्ट कोस्ट) रेलवे मंडल ने यात्री ट्रेनों को लेकर आदेश जारी किया है।

बीजापुर से कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के काफिले पर एक हफ्ते पहले नक्सलियों ने हमला किया था। जिस वाहन में जिला पंचायत सदस्य पार्वती कश्यप बैठीं थीं, उस वाहन पर गोलियां लगी थीं। सभी सुरक्षित हैं। विधायक विक्रम मंडावी, जिला पंचायत सदस्य समेत कांग्रेसी नेता गंगालूर गए हुए थे। यहां मंगलवार को साप्ताहिक हाट बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया था। वहां से लौटते वक्त पदेड़ा गांव के नजदीक नक्सलियों ने चलते वाहनों पर फायरिंग की थी।

### पीएम मोदी-सीएम बघेल ने दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हम हमले में शहीद हुए बहादुर जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हमले पर दुख जताया है। कहा- शहीदों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। नक्सलियों को बख्शा नहीं जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हर संभव सहायता देने की बात कही है।

### नक्सलियों ने दो साल पहले जवानों पर दागा था बीजीएल, 22 जवान हुए थे शहीद

तीन अप्रैल 2021 को बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के टेकलगुड़ा में हुई मुठभेड़ में 22 जवान शहीद और 35 से ज्यादा घायल हुए थे। इन पर 350 से 400 नक्सलियों ने हमला किया था। इनमें माओवादियों के बड़े कैडर्स के लीडर भी मौजूद थे। जवानों पर भारी मात्रा में बैरल ग्रेनेड लॉन्चर दागा गया था। साथ ही डीआरजी सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के जवानों से हथियार भी लूट कर ले गए थे। कोबरा के एक जवान राकेश्वर सिंह मन्हास का अपहरण किया गया था। जवान के पास से भी हथियार लूट लिए थे। बाद में जवान राकेश्वर सिंह को नक्सलियों ने रिहा कर दिया था। करीब 40 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले बस्तर क्षेत्र के सभी जिलों में नक्सलियों से मुकाबले के लिए डीआरजी के गठन की शुरूआत 2008 में हुई थी। सबसे पहले कांकेर और नारायणपुर जिलों में नक्सल विरोधी अभियान में इसे शामिल किया गया। 2013 में बीजापुर और बस्तर में इसका गठन हुआ। 2014 में सुकमा और कोंडागांव के बाद 2015 में दंतेवाड़ा में यह अस्तित्व में आया।




# 'चुनाव ड्यूटी से कतराइए नहीं'

**सुविधा**

### मिलेंगी बारातियों जैसी सुविधाएं, नहीं होगी खानपान सहित दूसरी दिक्कतें

**लखनऊ।** सरकारी कर्मचारी सोचते हैं कि चुनाव कराने जाएंगे तो बहुत परेशानियां होंगी। इसकी वजह से हर चुनाव से पहले ड्यूटी कटवाने के लिए आवेदनों की लंबी सूची के अलावा सिफारिशों की बाढ़ सी आ जाती है। अब जिला प्रशासन इन मुश्किलों को ही दूर कराने के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बना रहा है, ताकि सभी कर्मचारियों को बरात जैसी बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस एसओपी में कागजी कार्यवाही को आसान बनाने से लेकर रवानगी स्थल और वापसी में बैलेट बॉक्स या ईवीएम जमा करने की प्रक्रिया को भी सुगम बनाया जा रहा है।



डीएम सूर्यपाल गंगवार का कहना है कि चुनाव के समय ड्यूटी कटवाने के लिए कर्मचारी, अधिकारी हर संभव प्रयास करते हैं। इसकी वजह यह भी है कि चुनाव कराने जाने के दौरान कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ये दिक्कतें मतदान के दिन से एक दिन पहले शुरू होती हैं। इसके बाद मतदान के दिन देर रात तक चालू रहती हैं। इन दिक्कतों को ही खत्म कर दिया जाए तो कर्मचारियों को भी चुनाव ड्यूटी करने में परेशानी नहीं आएगी। इसी को प्राथमिकता देकर एसओपी बनाई गई है। इसको लागू करते हुए अब सुविधाएं बेहतर करनी हैं। एसओपी के मुताबिक रवानगी स्थल स्मृति उपवन में सेक्टर और जोनवाइज काउंटर बनाकर मतदान किट दी जाएगी। इसी तरह पार्किंग में बस या अन्य गाड़ियां भी मतदान कर्मियों को जोन व सेक्टर वाइज पार्किंग में खड़ी मिलेंगीं। इससे कर्मचारियों को बेवजह भटकना नहीं पड़ेगा। इसकी जानकारी भी प्रशिक्षण के समय ही कार्मिकों को दी जा रही है। मतदान कार्मिकों व ड्राइवर के खाने-पीने की व्यवस्था भी स्मृति उपवन मैदान में ही रहेगी। चुनाव कराने के समय भी इसी तरह रिटर्निंग अफसर यह सुनिश्चित कराएंगे कि सभी पीठासीन अधिकारियों को निर्वाचक फार्म की बुकलेट, पीठासीन डायरी नए फार्मेट में मिल जाए, जिसे आसान भाषा में निर्वाचन आयोग के निर्देश के मुताबिक तैयार किया गया है।

# यूपी सरकार ने लगाई सुप्रीम कोर्ट से गुहार

**लखनऊ।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस की मौजूदगी में हत्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पहले ही याचिकाएं दायर हो चुकी हैं। इनमें मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाने की मांग की गई है। अब इस मामले में यूपी सरकार ने एक कैविएट दाखिल की है। योगी सरकार ने इस कैविएट के जरिए मांग की है कि बिना उसका पक्ष सुने इस मामले में कोई आदेश पास न किया जाए।

**अतीक-अशरफ हत्याकांड**

### जांच की मांग के मुद्दे पर दायर की कैविएट, कहा-बिना हमारा पक्ष सुने न सुनाया जाए फैसला

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में अतीक और अशरफ की हत्या की जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व जज की अध्यक्षता में एक कमेटी के गठन की मांग की गई थी। कोर्ट ने इस मामले को 28



अप्रैल के लिए लिस्ट करने का निर्देश दिया है। यह याचिका वकील विशाल तिवारी ने दायर की है, जिन्होंने यूपी में 2017 के बाद से हुए 183 एनकाउंटरों की जांच की मांग की है। तिवारी ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच के सामने इस मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने इस मामले को 28 अप्रैल को लिस्ट करने के निर्देश दिए।

पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने भी सुप्रीम कोर्ट में लेटर पिटिशन दाखिल करके अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या मामले की सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच कराने की मांग की है।







# राहुल की याचिका पर सुनवाई से जज ने खुद को किया अलग

**नई दिल्ली।** गुजरात हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश ने बुधवार को राहुल गांधी की सूरत सत्र अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। इससे इस केस को लेकर एकबार फिर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, राहुल गांधी के वकील पीएस चंपानेरी ने न्यायमूर्ति गीता गोपी की अदालत के समक्ष मामले का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई किए जाने की गुहार लगाई। लेकिन संक्षिप्त सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति गीता



गोपी ने कहा- मेरे सामने नहीं। मालूम हो कि सूरत की सत्र अदालत ने राहुल की मोदी सरनेम को लेकर टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। पीएस चंपानेरी ने कहा कि अदालत ने पहले उन्हें मामले को बुधवार के लिए रखने की अनुमति दी थी, लेकिन जब यह सुनवाई के लिए याचिका आई तो मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। चंपानेरी ने कहा कि मामले को न्यायमूर्ति गीता गोपी की अदालत में ले जाने को कहा गया था क्योंकि उनकी अदालत क्रिमिनल रीविजन के विषय से संबंधित है। अब मामले को किसी अन्य अदालत में रखने के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को एक नोट भेजा जाएगा।

### यूपी रोडवेज की टिकट बुकिंग वेबसाइट हैक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की टिकट बुकिंग वेबसाइट को हैक करने से हड़कंप मच गया है। मंगलवार देर रात कुछ हैकर्स ने परिवहन निगम की इलेक्ट्रॉनिक बस टिकटिंग प्रणाली की वेबसाइट को हैक कर लिया, जिससे टिकटिंग सिस्टम ठप हो गया है। परिवहन निगम की बसों का संचालन मैनुअल टिकटिंग के जरिए कराया जा रहा है और बसों का संचालन प्रभावित ना हो, इसलिए क्षेत्रीय अधिकारियों से बस अड्डों तथा डिपो पर 24 घंटे निगरानी करने को कहा गया है। वेबसाइट का प्रबंधन करने वाली कंपनी मैसर्स ओरियन प्रो ने वेबसाइट से डेटा रिकवर करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम लगाई हुई है।

# संजय शेरपुरिया निकला बड़ा 'बहुरूपिया'

## यूपी एसटीएफ ने जालसाजी के आरोप में किया गिरफ्तार



जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** संजय राय शेरपुरिया ने, समाजसेवी के नाम पर अधिकारियों और नेताओं का चहेता बन लोगों को जमकर लूटा। सत्ताधारी नेताओं के साथ अपने फोटो दिखाकर अधिकारियों का खासमखास बना रहा। उसके एक इशारे पर जिले के आला अधिकारी उसके कार्यक्रम में शामिल होते थे। बीते

**कसा शिकंजा**

### समाजसेवी बनकर अधिकारियों और नेताओं का हो गया था चहेता

### बेराजगारों को रोजगार देने का दिया था झूठा दिलासा

मंगलवार को यूपी एसटीएफ के हाथों करोड़ों की ठगी के मामले में संजय शेरपुरिया के गिरफ्तारी की जानकारी होते ही जिले में हड़कंप मच गया। उसके करीबियों के होश उड़ गए हैं।

विगत 2020 फरवरी में भांवरकोल थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी संजय राय शेरपुरिया ने जिले में कदम रखा। उसका आगमन ऐसे समय हुआ जब कोरोना महामारी की दूसरी लहर चल रही थी। लोग आंख बंद कर इसकी जालसाजी में आ गए। समाजसेवी बनकर जिले में अधिकारियों और नेताओं से मिलकर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाया। उसके रहन सहन, बोल-चाल के बहकावे में लोग आ गए। जिसका उसने भरपूर फायदा उठाया। शवों के अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी से लेकर एंबुलेंस और कोरोना किट फ्री में उपलब्ध करायी। ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीन और आक्सीजन कन्सट्रेटर मशीन डीएम को उपलब्ध कराया। लोगों को लगता था कि इस महामारी में कोई मसीहा आ गया है। लेकिन वहीं पहले से ही कुछ लोग कह रहे थे कि यह बहुत बड़ा जालसाज है।

### गुजरात में की थी बैंक से जालसाजी

विगत 29 मार्च 2017 को गुजरात उच्च न्यायालय ने बैंक डिफाल्टर पर पांच लाख का जुर्माना लगाया था। जब उसने संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश की तो बैंक ने कुर्क कर बेच दिया। मामला कांडला एनर्जी एंड केमिकल लिमिटेड के संजय राय से जुड़ा था। जिसने भारतीय स्टेट बैंक का 373 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया भुगतान नहीं किया था। कर्ज की वसूली के लिए एसबीआई ने राय की कुछ संपत्तियों को कुर्क कर लिया। उनमें से एक सैटेलाइट कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी में स्थित एक भूखंड है। इतना ही नहीं बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए नंदगंज थाना अन्तर्गत सहेड़ी के करैला गांव में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया। यूथ रूरल एंटरप्रेन्योर फाउंडेशन के नाम से संस्था खोल बेरोजगार युवाओं को रोजगार के लिए भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह , सूबे के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंत्री बृजेश पाठक, राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल, बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, मनोज तिवारी, भोजपुरी स्टार पवन सिंह सहित कई बड़े नेताओं को आमंत्रित किया था। हालांकि गिरिराज सिंह, बृजेश पाठक, रविंद्र जायसवाल, वीरेंद्र सिंह मस्त कार्यक्रम में नहीं आए।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

आवश्यकता

आवश्यकता है - बीर बहादुर सिंह पू0 वि0 वि0 जौनपुर से सम्बद्ध हरिश्चन्द्र महाविद्यालय कवला जखनियां, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अतिरिक्त विषय राजनीतिशास्त्र-01, अर्थशास्त्र-01 तथा स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय में वनस्पति विज्ञान-03, जन्तु विज्ञान-03, रसायन विज्ञान-03, गणित-02 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यू0 जी0 सी0 रेगुलेशन 2016 एवं वि0 वि0 परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों में दे। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9838364037

आवश्यकता है
चम्पा अंकित विधि महाविद्यालय, नाऊपुर, थानागद्दी, केराकत, जौनपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से संचालित त्रिवर्षीय एल0 एल0 बी0 पाठ्यक्रम हेतु स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता/ वेतनमान BCI / UPC / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। योग्य अभ्यर्थी 21 दिनों के अंदर समस्त प्रमाणपत्रों की छायाप्रति 2 फोटो सहित महाविद्यालय में आवेदन करें।
प्रबंधक
मो0-7273005200

आवश्यकता है-इन्द्रजीत महिला महाविद्यालय, आराजी देवारा, नैनीजोर, पकड़ी, रौनापार, आजमगढ़ सम्बद्ध-महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय के अतिरिक्त विषय-शिक्षाशास्त्र-1, ललितकला-1 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-2, गृहविज्ञान-3, भूगोल-3 पदों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0, एन0 सी0 टी0 ई0, उ0 प्र0 शासन / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति, आधारकार्ड तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज दो फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रबन्धक के पद नाम से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो0-9415103646

आवश्यकता है-डी0बी0एस0के0 गर्ल्स डिग्री कालेज, अजमतगढ़, आजमगढ़ सम्बद्ध-महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-1, समाजशास्त्र-1, ललीतकला-1, अंग्रेजी-1 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-2, संस्कृत-2, समाजशास्त्र-2, गृहविज्ञान-3 एवं विज्ञान संकाय में जन्तु विज्ञान-3, वनस्पति विज्ञान-3, गणित-3 पदों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0, एन0 सी0 टी0 ई0, उ0 प्र0 शासन / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति, आधारकार्ड तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज दो फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रबन्धक के पद नाम से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो0-9794556464

आवश्यकता है- अर्जुन गर्ल्स डिग्री कालेज, वलीदपुर-मऊ सम्बद्ध-महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-2, समाजशास्त्र-2, उर्दू-2, गृहविज्ञान-3 एवं विज्ञान संकाय में प्राणि विज्ञान-3, गणित-3 पदों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0, एन0 सी0 टी0 ई0, उ0 प्र0 शासन / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति, आधारकार्ड तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज दो फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रबन्धक के पद नाम से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो0-9838619815

आवश्यकता है-डॉ0 रामनरेश पी0जी0 कालेज, चंगईपुर-आजमगढ़ सम्बद्ध-महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में ललितकला-1 एवं स्नातक वाणिज्य संकाय बी0काम-7 तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-2, समाजशास्त्र-2 व विज्ञान संकाय में वनस्पति विज्ञान-1, गणित-1, भौतिक विज्ञान-2 पदों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0, एन0 सी0 टी0 ई0, उ0 प्र0 शासन / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति, आधारकार्ड तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज दो फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रबन्धक के पद नाम से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो0-9415551150

# ट्रैक्टर ने बच्चे को रौंदा

हादसा

### ऑटो ने बाइक में पीछे से मारी टक्कर, बाइक चला रहा पिता गंभीर



**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के मदनपुर निवासी शाह मोहम्मद अपने सात साल के बेटे कैसब को बाइक पर बैठाकर गैस चूल्हा बनवाने जा रहे थे। तभी पीछे से ट्रैक्टर ने टच मार दी, दुर्घटना में कैसब की मौत हो गई। घटना बुधवार की सुबह की है।

जानकारी के अनुसार शाह मोहम्मद पीछे बाइक पर बेटे को गैस चूल्हा पकड़वाए हुए थे। तभी पीछे से तेज गति से जा रहे ऑटो ने बाइक को ओवरटेक करने के चक्कर में गैस चूल्हा से टकरा गयाइससे बाइक असंतुलित हो गया और पीछे बैठा बालक असंतुलित होकर बाइक से गिर गया और पीछे से आ रही ईंट लदे ट्रैक्टर के पहिये की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने ट्रैक्टर व ऑटो को पकड़ लिया। मृत बालक तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था। पिता शाह मोहम्मद बाबतपुर स्थित एक फार्मेसी कालेज में कार्यरत हैं बच्चे की मौत से मदनपुर गांव में मातम पसरा हुआ है।

## ट्रक से टकराया ट्रक, खलासी घायल

मिर्जामुराद के खजुरी पुलिस चौकी के सामने हाईवे पर बुधवार की तड़के प्रयागराज के तरफ आ रहा ट्रक खड़े ट्रक से टकरा गया। दुर्घटना में खलासी मुरादाबाद निवासी अजीम उम्र (21) गम्भीर रूप से घायल हो गया जबकि चालक सलीम बाल-बाल बच गया।

# पांच वारंटी गिरफ्तार



**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र से बुधवार को पांच वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार होने वालों में महेंद्र निवासी मुनारी, विजय निवासी ढुढुआ, सुदर्शन निवासी बराई और नंदा निवासी मठिया हैं।

चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि न्यायालय से वारंट प्राप्त था जिसको लेकर पांच वारंटी को गिरफ्तार किया गया और जेल भेजा गया। पकड़ने वाली टीम में चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव सिंह उप निरीक्षक विरेंदर वर्मा रमेश चंद्र काशी नाथ उपाध्याय मनोज कुमार तिवारी कांस्टेबल महेंद्र यादव जुगनू मिथलेश आदि शामिल रहें।

## चोर गिरफ्तार

**सिंधोरा।** चोरी में फरार मुजरिम मुकेश मुसहर निवासी छताव थाना सिंधोरा वाराणसी को सराय शेख लार्ड के पास से गिरफ्तार किया। इस आरोप में एक अन्य गिल्लर पटेल चोरी की समरसेबल के साथ पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

# दुकान में लगी आग का विधायक ने लिया जायजा



**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के भड़ाव गांव में दो दिन पहले शरारती तत्वों ने विनोद पटेल के दुकान में पहले चोरी की इसके बाद आग के हवाले कर दिया।

बुधवार को घटना स्थल पर अपना दल एस के रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल वहां पहुंचे और एसडीएम राजातालाब से फोन पर वार्ता कर पीड़ित को हर संभव मदद करने को कहा। इसके पहले पीड़ित ने मामले की जानकार पुलिस को दी थी। मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। विधायक के साथ पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ.वीरेंद्र पटेल, विधानसभा के सचिव जगत नारायण, बेचू पटेल, विनोद पटेल, भोला राजभर सहित दर्जनों लोग रहे।

## जीप ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**सेवापुरी।** कपसेठी बाबतपुर मार्ग पर कुरु गांव के पास वरुणा नदी के पुल पर बुधवार की शाम जीप चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद जीप चालक भाग निकला। घायल को स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। घायल की पहचान जौनपुर जिले के सुरेरी भगवानपुर गांव निवासी चंदन उर्फ अंकित के तौर पर हुई।

# राजकीय जिला चिकित्सालय में हुआ फायर मॉक एक्सरसाइज

ड्रिल

### अस्पताल में फंसे मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रदर्शन किया



**वाराणसी।** राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण के आदेशानुसार बुधवार को प्रदेश फायर मॉक एक्सरसाइज का आयोजन हुआ। राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज तथा पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में फायर एक्सरसाइज का आयोजन हुआ। जिसमें छोटी आग एवं बड़ी आग पर नियंत्रण तथा घायलों को बचाव की आपातकालीन विधियों से सुरक्षित स्थान तक भेजा जाना तथा विद्यालय एवं अस्पताल में फंसे हुए छात्रों को तथा मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभ्यास एवं अस्पताल भेजे जाने का प्रदर्शन किया गया। बचाव एवं अग्निशमन मॉक एक्सरसाइज का राजकीय जिला चिकित्सालय पांडेयपुर में अपराहन 2 बजे से किया गया। जिसमें विभिन्न मरीजों को बचाव दलों द्वारा सुरक्षित स्थान तक भेजा गया एवं छोटी तथा बड़ी आग पर नियंत्रण का अभ्यास एवं प्रदर्शन किया गया। इसके पूर्व सुबह 10.30 बजे राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज में आग की सूचना विद्यालय के प्राचार्य द्वारा जिला आपदा के नियंत्रण कक्ष तथा अग्निशमन विभाग को दी गई जहां से विभिन्न विभागों जैसे एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस तथा एनडीआरएफ को सूचना देकर घटना एवं घटनास्थल की जानकारी दी गई। जिस पर त्वरित ढंग से प्रशिक्षित छात्रों एवं सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों द्वारा प्रयोगशाला एवं प्रांगण में लगी छोटी तरल पदार्थ में आग को स्मादरिंग विधि द्वारा कंबल से ढक कर बुझाया गया। विद्यालय के अध्यापकों द्वारा फायर अलार्म बजने पर छात्रों को सुरक्षित ढंग से पंक्ति में खड़ा कराकर सीढ़ियों से उतारा गया। घायल छात्रों को सिविल डिफेंस के प्रशिक्षित स्वयंसेवकों द्वारा प्रथमोपचार देकर फायरमैन लिफ्ट मेथड, पीठ पर लादना, टू हैंडसीट फोरहैंड शीट, मेथड से सुरक्षित स्थान तक भेजा गया बड़ी आग पर अग्निशमन विभाग के कर्मियों द्वारा वाटर टेंडर से आग को बुझाया गया। कार्यक्रम में अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय आकांक्षा सिंह, तहसीलदार सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक, उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक राजकीय चिकित्सालय, फायर स्टेशन ऑफिसर भेलूपुर ,चेतगंज एवं ज्ञानवापी एनडीआरएफ मौजूद रही।

## बीएचयू अस्पताल में कोविड प्रोटोकॉल अनिवार्य

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रशासन ने कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए परिसर स्थित सर सुंदरलाल चिकित्सालय प्रांगण में कोविड प्रोटोकाल का पालन अनिवार्य कर दिया है। विवि प्रशासन ने कहा है कि देश के कई राज्यों में कोविड-19 के केस में वृद्धि के साथ ही साथ यूपी के भी कई जिलों में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। इस स्थिति को देखते हुए कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के उद्देश्य से कुछ सावधानियां एवं कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन कराया जाना नितांत आवश्यक है। इससे न केवल हम स्वयं को बल्कि पूरे देश एवं समाज को इसके दुष्प्रभाव से बचा सकते हैं। इसके लिए कुछ जरूरी उपाय एवं सावधानी अपनाने की आवश्यकता है। जिसके तहत मास्क लगाना, हाथ बार-बार साफ करना और दो गज की निश्चित दूरी बनाये रखना शामिल है। इसे ध्यान में रखते हुए सर सुंदरलाल चिकित्सालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं अस्पताल में उपचार के लिए आए मरीजों तथा उनके परिजनों को मास्क लगाना है।

## प्रखर संसदविद थे स्व. रघुनाथ सिंह



**वाराणसी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, बनारस के प्रथम सांसद एवं जहाजरानी निगम के पूर्व अध्यक्ष स्व. रघुनाथ सिंह की पुण्यतिथि पर बुधवार को कांग्रेसजनों ने माधोपुर क्षेत्र में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय राय ने कहा कि रघुनाथ सिंह ऐसे आदर्श राजनीतिज्ञ थे जिन पर काशी को गौरव था। पूर्व सांसद डॉ. राजेश मिश्र ने कहा कि रघुनाथ सिंह प्रखर संसदविद थे और राजनीति में वैसा संसदीय मुकाम गहरी अध्ययनशील अभिरुचि से ही संभव है। प्रो. सतीश कुमार राय ने स्व. सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये कई प्रेरक संस्मरण साझा किये। इस अवसर पर एआईसीसी सचिव राजेश तिवारी, स्व. रघुनाथ सिंह के पौत्र शुभम सिंह, अनिल श्रीवास्तव, राघवेंद्र चौबे, राजेश्वर पटेल, अरविंद किशोर राय, मकसूद खान, सुनील श्रीवास्तव, अविनाश,? इमरान खान आदि ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## आकांक्षा की मां दर्ज करायेंगी कलमबंद बयान

**वाराणसी।** एसीजेएम / सिविल जज जूनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रतम शक्ति सिंह की अदालत ने आकांक्षा दूबे मौत प्रकरण में उसकी मां मधु दूबे की तरफ से कलम बंद बयान करने के गुहार लगाई है। कोर्ट ने प्रार्थना पत्र अनुक्रम में सबंधित विवेचक नियमानुसार कारवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

मधु दूबे के अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने कोर्ट में आवेदन देकर कहा की। प्रार्थिनी का बयान सही तरीके से नहीं दर्ज किया गया है, और उसे पुलिस पर भरोसा नहीं है। इसीलिए उसकी और उसके गवाही की सीआरपीसी की धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराने के लिए विवेचक को निर्देश देने की गुहार लगाई है। मां का कहना है कि उनकी बेटी की हत्या को आत्महत्या बताया जा रहा है। इसी को लेकर अधिवक्ता ने कोर्ट में अर्जी डाली थी जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मां मधु दुबे के बयान को दर्ज कराने का निर्देश दे दिया है। गौरतलब है कि 26 मार्च को सारनाथ के होटल में आकांक्षा का शव कमरे में मिला था। जिसको पुलिस और पोस्मार्टम रिपोर्ट में सुसाइड बताया गया था। लेकिन प्रथिनी संतुष्ट नहीं है।

## शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, छह लाख का नुकसान

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के बेनीपुर (मुबारकपुर गांव) में एक कपड़े की दुकान में बुधवार तड़के शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग से करीब छह लाख का नुकसान बताया गया। आग बबलू की दुकान में लगी थी। हालांकि ग्रामीणों के सहयोग आग पर काबू पास लिया गया। जानकारी के अनुसार मुबारकपुर (बेनीपुर) गांव स्थित खुशबू वस्त्रालय नामक कपड़े की दुकान में वार तड़के विद्युत चेंजर से निकले चिंगारी से आग पकड़ ली, उस समय परिवार के लोग छत पर सो रहे थे। पड़ोसी विजय केसरी की निगाह दुकान के अंदर से निकल रहे धुएं पर पड़ी तो आग-चिल्लाने लगा। देखते ही देखते वहां पर सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई। दुकानदार नीचे उतरने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बिजली काटा। इधर ग्रामीणों ने किसी तरह शटर को खोलकर घंटों बाद बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## अवधेश राय हत्या के मामले में बचाव पक्ष ने रखी दलील

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (एमपी-एलएलए) अवनीश गौतम की अदालत में बुधवार को बहुचर्चित अवधेश राय हत्याके मामले में बचाव पक्ष ने अपना दलील पेश किया। लगभग दो घंटा प्रयागराज के वरिष्ठ अधिवक्ता ताराचंद गुप्ता ने बहस किया और अभी बहस जारी है। कोर्ट ने अगली सुनवाई 29 अप्रैल की होगी। इस दौरान बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी, आदित्य वर्मा और शाहनवाज आदि कोर्ट में साथ में थे।

तीन अगस्त 1991 को लहुराबीर क्षेत्र में स्थित आवास के गेट पर ही दिनदहाड़े अवधेश राय के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी। पूर्व विधायक अजय राय ने मुख्तार अंसारी, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, कमलेश सिंह, भीम सिंह व राकेश न्यायिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया था। 31 साल पुराने इस मामले में अभियोजन तथा पक्ष के गवाहों का बयान दर्ज हो चुका है। अभियोजन की ओर से बहस पूरी कर ली गई है। बचाव पक्ष के पिछले तिथि पर पहले श्रीनाथ त्रिपाठी ने बहस किया था। उसके बाद प्रयागराज के वरिष्ठ अधिवक्ता ताराचंद गुप्ता ने बहस शुरू की थी। बुधवार को भी अपना पक्ष रखा।

# स्मार्ट सिटी ने अबतक 1017.69 करोड़ की परियोजनाएं की पूरीं

विकास कार्य

### रुद्राक्ष, नमो घाट, स्मार्ट पार्किंग से लेकर पार्कों और कुंडों का हुआ कायाकल्प

### काशी में अब भी 329 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं पर चल रहा कार्य

### मार्च 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य, आधुनिक स्टेडियम भी जल्द होगा तैयार

**वाराणसी।** काशी दुनिया में प्राचीनम नगरी के रूप में जानी जाती है उतना ही अब आधुनिकता के लिए भी विश्व में लोग इसे पहचानने लगे हैं। शहर अपने मूल स्वरूप को समेटे हुए आधुनिकता के साथ तालमेल करते हुए स्मार्ट होती जा रही है। काशी को स्मार्ट बनाने और यहां मूलभूत सुविधाओं में सुधार करते हुए एडवांस टेक्नोलॉजी से इस शहर को लैस करने का काम निरंतर जारी है।

इसी का नतीजा है कि वाराणसी स्मार्ट सिटी के तहत 2018 से अब तक कुल 51 परियोजनाओं के लिए 1017.69 करोड़ की योजना स्वीकृत हुई। जिसका कार्य पूरा हो चुका है। इन परियोजनाओं को स्मार्ट सिटी द्वारा अन्य विभागों व संस्थानों में स्थानांतरीत कर कार्य पूरे किए गए। जिसमें धनराशि का भी आदान प्रदान हुआ। कुछ को स्मार्ट सिटी ने खुद पुरा किया तो कुछ को अन्य विभागों को सौंप कर उन्हें लागत की निर्धारित धनराशि दे दी गई।

वहीं स्मार्ट सिटी द्वारा करीब 329 करोड़ की लगभग तीन परियोजनाओं का काम प्रगति पर है, जिसे मार्च 2024 तक पूर्ण कर लिए जाने की संभावना है। ब्रांड बनारस के रूप में विख्यात हो रहे काशी के डेवलपमेंट की चर्चा आज चारों ओर है।

अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर 'रुद्राक्ष', आधुनिक सुविधाओं से युक्त नमो घाट, शहर को जाम से मुक्ति दिलाती कई आधुनिक पार्किंग, एडवांस सर्विलांस सिस्टम, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, शहर के चप्पे चप्पे पर तीसरी आंख का पहरा, आजादी के पहले के स्कूलों का कायाकल्प, गलियों का पुनरुद्धार, पौराणिक तालाब, कुंडो, पार्कों का जीर्णोद्धार, ओपन जिम, पार्कों का जीर्णोद्धार, घाटों पर फसाड लाइट और घाटों के महत्त्व को बताते हुए साइनेज, कल्चरल अपलिफ्टमेटेन्ट के तहत गंगा आरती और श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर की आरती का शहर में लाइव प्रसारण, इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन, शहर में कई जगह पर फ्री वाई फाई सुविधा, दशाश्वमेध घाट पर पर्यटक सुविधा और मार्केट काम्प्लेक्स का निर्माण, गोदौलिया, दशाश्वमेध तक गुलासबी गलियारा व सौंदर्यीकरण आदि काम हुए हैं। जिससे शहर की रंगत ही पूरी तरह से बदल गयी है।

> 2018 से अभी तक 51 परियोजना के लिए स्वीकृत 1017 .69 करोड़ रुपए का कार्य पूर्ण हो चुका है। सिगरा स्पोर्ट स्टेडियम में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम निमार्णाधीन है, नमो घाट समेत तीन महत्वपूर्ण योजना मार्च 2024 तक पूर्ण होना प्रस्तावित है, जिसकी लागत लगभग 329 करोड़ है।
>
> **डॉ. डी वासुदेवन, मुख्य महाप्रबंधक, वाराणसी स्मार्ट सिटी**

## मिट्टी लदे ट्रैक्टरों की आवाज नींद में डाल रही खलल

**वाराणसी।** अर्दली बाजार चौकी क्षेत्र के क्षत्रधारी नगर कॉलोनी से होते हुए तेजी से ट्रैक्टर द्वारा मिट्टी आगे ले जाई जा रही थी। वाहनों के आवगमन से तेज आवाज होने से कॉलोनी वाले परेशान है। इस दौरान विरोध किया तो खनन कराने वाले भी जुटे और धौंस जमाना शुरू कर दिया। जिसकी सूचना 2 बजे रात को कैंट के सीयूजी नंबर पर दी गई। जिसमें वहां से जवाब मिला कि अब इतनी रात को हम क्या करें...। मतलब की अगर रात में कैंट क्षेत्र में क्राइम होगा तो कैंट पुलिस यह कहकर पल्ला झाड़ लेगी कि रात ज्यादा है हम कुछ नहीं कर सकते। हालांकि इसके बाद अर्दली बाजार चौकी के सी यू जी नंबर और लालपुर पुलिस चौकी को फोन किया गया। लेकिन उन लोगो का भी फोन नहीं उठा। जानकारी के अनुसार चोलापुर क्षेत्र से अवैध खनन करके गायत्री नगर,पार्वती नगर,महादेव नगर, संकठा नगर, क्षत्रधारी नगर कालोनी से होते हुए शहर के अंदर ले जाया जाता है जो स्थानीय लोगों के लिए वाहनों की आवज नींद में खलल डाल रही है। इस बाबत जब एसीपी ने मामले की जांच करने को कहा।

# संक्षेप

## ट्रैफिक सिपाही से भिड़ा मालवाहक चालक

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के जलकल तिराहा के समीप बुधवार शाम अलग दिशा से आ रहे मैजिक चालक को ट्रैफिक कर्मी ने जाम लगने का हवाला देते हुए रोका। जिससे आक्रोशित होकर चालक ट्रैफिक कर्मी से भिड़ गया। सरेराह ट्रैफिक कर्मी को देख लेने की धमकी देने लगा और गाड़ी बीच सड़क में खड़ी कर दी। मौके पर बड़ी संख्या में राहगीरों का जमावड़ा हो गया हो हल्ला की सूचना पर पहुंचे फैंटम कर्मियों ने चालक को हिरासत में लिया और थाने लेकर आयी। पुलिस चालक के विरुद्ध कार्रवाई करने में जुट गई।

## गांजा के साथ दो बन्दी

**वाराणसी।** रमना चौकी प्रभारी कुंवर अंशुमान सिंह मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर लौटूवीर पुलिया के समीप दस किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में शीतल जायसवाल पांडेयपुर पचोखर बबुरी चंदौली, गोपाल प्रसाद भड़सर पीरो भोजपुर बिहार का रहने वाला है पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## महिला दर्शनार्थी का पर्स गायब

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के केदारघाट के समीप बुधवार को खरीददारी करते समय महिला दर्शनार्थी का पर्स उचक्कों ने उड़ा दी। पर्स में लगभग दस हजार रुपये नकद और कागजात था। महिला ने पर्स गायब देखकर पुलिस को सूचना दी। महिला आंध्र प्रदेश की रहने वाली है। इंस्पेक्टर भेलूपुर रमाकांत दुबे ने बताया कि महिला का पर्स गायब होने की जानकारी मिली है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हैं। इसके बाद महिला वापस लौट गई।

## शराब ठेके के पास खड़ी आठ बाइक सीज

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के कछवांरोड (ठठरा) गांव स्थित शराब ठेका के पास मंगलवार की रात एसओ दीपक कुमार रनावत व कछवांरोड चौकी प्रभारी घनश्याम मिश्रा ने अभियान चलाकर शराब ठेका के पास खड़ी आठ बाइक को सीज किया। दीपक कुमार रनावत ने बताया कि कार्रवाई के दौरान वहां जुटी सभी बाइक छोड़कर भाग निकले।

## गांधी आश्रम की दुकान को क्षति पहुंचाने की कोशिश

**वाराणसी।** लंका संकट मोचन मार्ग पर स्थित क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम दुकान के संचालक रामनिवास ने पुलिस कमिश्नर को शिकायत पत्र दुकान में क्षति करने की कोशिश शिकायत की। रामनिवास का आरोप है कि उनकी दुकान का विवाद का वाद न्यायालय में विचाराधीन है। 25 तारीख की रात में संगीता सिंह उनका भाई संकेत सिंह सहयोगियों के साथ दुकान का ताला तोड़कर अंदर रखा करोड़ों रुपए का सामान को क्षति पहुंचाने की कोशिश की। इस मामले में पुलिस आयुक्त को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## गंगा में उतराया मिला अधेड़ का शव

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के रमना चौकी अंतर्गत विश्वसुंदरी पुल के नीचे बुधवार की देर शाम गंगा में अज्ञात व्यक्ति का शव उतराया मिला। स्थानीय लोगो से सूचना मिलने पर मौके पर रमना चौकी प्रभारी पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। डेडबॉडी की शिनाख्त नहीं हो सकी।

## महिला की मौत के मामले में केस दर्ज

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के जीवधिपुर मोहल्ले में रहने वाली नेहा शर्मा की मौत के मामले में भाई ऋषभ की तहरीर पर दहेज हत्या के मामले मुकदमा दर्ज किया गया। पति मनीष शर्मा,सास रीता, ससुर जयप्रकाश और ननद के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई। नेहा की संदिग्ध परिस्थिति में मंगलवार को मौत हो गई थी। परिजनों का कहना रहा कि नेहा साड़ी का फन्दा बनाकर फांसी लगाकर जान दे दी। जबकि मृतिका के भाई का आरोप है दहेज के लिए पति सहित सभी बहन को प्रताड़ित करते थे। उसकी शादी तीन साल पहले हुई थी।

## शृंगार गौरी प्रकरण में सुनवाई टली

**वाराणसी।** जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में बुधवार को ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी प्रकरण में सुनवाई टल गई है। इस मामले में अगली सुनवाई तीन मई की तिथि नियत की है। इसे सबंधित हाईकोर्ट में कमीशन के दौरान ज्ञानवापी मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की सुनवाई लंबित है। इस लिए इस मुकदमे में सुनवाई नहीं हो पाई। प्रकरण के अनुसार राखी सिंह समेत पांच महिलाओं की तरफ से दाखिल वाद में जिला जज की अदालत में सुनवाई लंबित है। इस मामले कमीशन के दौरान मिले शिवलिंग को हिंदू पक्ष की ओर कार्बन डेटिंग कराने की मांग की थी। जिसमे कोर्ट खारिज कर दिया था। इस आदेश के खिलाफ पीड़ित पक्ष हाईकोर्ट में चुनौती दी हुई है। हाईकोर्ट ने सत्र न्यायालय के आगली आदेश तक रोक लगाई है।

## आधा दर्जन चोरी के मामले का वांछित गिरफ्तार

**वाराणसी।** सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आधा दर्जन से अधिक चोरी, धोखाधड़ी, एनडीपीएस आदि मामले में वांछित अभियुक्त मुहम्मद अली निवासी वीडीए कालोनी, एकता नगर फेस-2 बड़ा लालपुर, थाना शिवपुर को मंगलवार देर रात्रि परशुराम चौराहा के समीप से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कैंट, शिवपुर, सारनाथ समेत कई थानों में चोरी धोखाधड़ी आदि के मामले में मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में लालपुर चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार, का. रामप्रकाश सिंह थाना लालपुर, का. प्रदीप कुमार शामिल रहें।

## पंजाब पुलिस ने छापेमारी कर नशे के दो सौदागरों को पकड़ा

**वाराणसी।** लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र के रमरेपुर में पंजाब पुलिस ने छापा मारकर एनडीपीएस एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों को पंजाब पुलिस आज न्यायालय में पेश कर ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर पंजाब लेकर जायेगी। जानकारी के अनुसार पंजाब पुलिस के रजिन्दर सिंह के नेतृत्व में आई टीम में शामिल कां. सवर्णजीत सिंह और कां. तेजवीर सिंह ने रमरेपुर इलाके में छापेमारी कर सन्तोष कुमार आर्या निवासी ओमनगर कालोनी थाना लालपुर पाण्डेयपुर और शशि प्रकाश शर्मा निवासी मनकपडा साहबगंज चन्दौली को गिरफ्तार किया।

## नाबालिग से रेप के आरोपी को मिला साक्ष्य लाभ, बरी

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट प्रथम) त्रिभुवन नाथ की अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले आरोपित आशीष कुमार प्रजापति को साक्ष्य के आभाव में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता उपेंद्र राणा यादव व बीर बहादुर सिंह जेलर ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने चौबेपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 15 मई 2022 को रात 12 बजे उसकी 13 वर्षीय पुत्री उसके साथ दरवाजे पर सोई हुई थी। उसी दौरान आरोपित आशीष प्रजापति ने उसकी पुत्री का मुंह बांधकर जबरदस्ती उसके घर से कुछ दूर पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे मारपीट कर धमकाया कि किसी से इस बारे में कहोगी तो जान से मार देंगे।

## कार्य की धीमी प्रगति पर चार्जशीट

**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बुधवार को शहरी इलाके में निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने सीपेट संस्था, सिस वरुणा फेज वन में वाटर सप्लाई, रमना में सेप्टिक टैंक प्रोजेक्ट, भगवानपुर में एसटीपी, अलईपुरा एवं संस्कृत विवि के सबस्टेशन, पंचकोशी परिक्रमा मार्ग पर 33 तीर्थयात्री स्थल, पावन पथ परिक्रमा मार्ग, ट्रांजिट हॉस्टल, सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज सेवापुरी की परियोजना, दीनदयाल अस्पताल में आवासीय ब्लॉक, कैंट क्षेत्र में राइफल शूटिंग रेंज आदि परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कॉलेज में चल रहे कार्य की धीमी प्रगति पर पर वर्क इंचार्ज अवर अभियंता को चार्ज शीट देने का आदेश दिया।

श्री काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद, वाराणसी
(श्री काशी विश्वनाथ मंदिर)

पत्रांक 159/श्री0का0वि0वि0क्षे0वि0प0/1-2/मु0का0अधि0-2023 दिनांक 26.04.2023

अल्पकालिक निविदा सूचना

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास, वाराणसी में निम्न कार्यों हेतु दिनांक 27.04.2023 से 03.05.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कार्यालय में स्थापित टेण्डर बाक्स में डाली जायेगी तथा निविदा दिनांक 04.05.2023 को अपराह्न 4.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.04.2023 से 02.05.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अग्रिम धरोहर धनराशि | टेण्डर शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1- | श्री काशी विश्वनाथ धाम में [illegible] | ₹0 9.43 लाख | 18,860.00 | 225.00 +18%GST +500.00 | दो माह | 27.04.2023 |
| 1- | श्री काशी विश्वनाथ धाम में प्रोटोकाल आफिस के पास टायलेट का निर्माण कार्य | ₹0 7.72 लाख | 15,440.00 | 225.00 +18%GST +500.00 | एक माह | 27.04.2023 |

1. [illegible]
बैंक का विवरण-
[illegible]
2. [illegible]

[illegible] दिनांक 26 अप्रैल 2023
मुख्य कार्यपालक अधिकारी



# वाराणसी माला



# सिर्फ दो सीटों पर है आमने-सामने की टक्कर

**कहां कितने उम्मीदवार**

**इस निर्वाचन में नगर निगम और नगर पंचायत गंगापुर के वार्डों में क्रमशः पार्षद एवं सदस्य पदों पर प्रत्याशियों की संख्या पर एक नजर**

**भेलूपुर जोन के वार्ड संख्या-13 रामपुर रामनगर में सर्वाधिक 15 उम्मीदवार, घसियारी टोला व बलवंत नगर वार्डों में सबसे कम कैंडीडेट**




जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जनपद में नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत नगर निगम के महापौर एवं पार्षद तथा नगर पंचायत गंगापुर के अध्यक्ष और सदस्य पदों की लिए आगामी चार मई को मतदान होना है। इन दोनों निकायों में मात्र दो सीट ऐसे हैं जिनमें सिर्फ दो-दो उम्मीदवार आमने सामने हैं। अन्य सभी पदों पर तीन या उसके अधिक प्रत्याशी हैं। वहीं, दोनों निकायों में वार्डवार कैंडीडेट्स देखें तो सिर्फ एक वार्ड में सर्वाधिक 15 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। सबसे ज्यादा उम्मीदवार वाले एक अन्य वार्ड में 14 कैंडीडेट हैं।

इस निकाय चुनाव में नगर निगम के सभी सौ वार्डों के लिए कुल मिलाकर 637 प्रत्याशी मैदान में हैं। उनमें सर्वाधिक प्रत्याशी देखें तो भेलूपुर जोन के वार्ड संख्या-13 रामपुर रामनगर में 15 तथा वरुणापार जोन के वार्ड संख्या-20 लोढ़ान में 14 उम्मीदवार इलेक्शन लड़ रहे हैं। जबकि सबसे कम यानि आमने-सामने की टक्कर वार्ड संख्या-72 घसियारी टोला में सिर्फ दो प्रत्याशी हैं। यही स्थिति नगर पंचायत गंगापुर के सदस्य पद के लिए वार्ड संख्या-7 बलवंत नगर में है। यहां सिर्फ दो कैंडीडेट के बीच फैसला होना है। इधर, नगर निगम के पार्षद पदों के लिए पांच वार्ड ऐसे हैं जहां त्रिकोणीय मुकाबला दिखेगा। उनमें भेलूपुर जोन का तुलसीपुर (वार्ड संख्या-29), आदमपुर जोन का लल्लापुरा खुर्द (64), कोतवाली जोन का बिंदुमाधव (79) और आदमपुर जोन में ओमकालेश्वर (80) तथा बागेश्वरी देवी (93) में 3-3 प्रत्याशी मैदान में हैं। खास यह भी कि नगर पंचायत गंगापुर के कुल दस वार्डों में से आठ वार्डों में तीन-तीन उम्मीदवार इलेक्शन लड़ रहे हैं। दूसरी ओर, नगर निगम के पार्षद पदों के अंतर्गत 23 वार्ड ऐसे हैं जहां 4-4 प्रत्याशी, 18 वार्डों में पांच-पांच उम्मीदवार, 16 वार्डों में 6-6 कैंडीडेट, नौ वार्डों में 7-7 प्रत्याशी, छह वार्डों में 8-8 उम्मीदवार, अन्य छह वार्डों में 9-9 कैंडीडेट हैं।

इसी प्रकार 14 वार्ड ऐसे हैं जहां दस या उससे अधिक प्रत्याशी मैदान में हैं। उनमें से दस-दस उम्मीदवार वाले वार्डों के तहत वरुणापार जोन में गनेशपुर (वार्ड संख्या-14), तरना (21), नरायनपुर (31) एवं दशाश्वमेध जोन में पितृकुंड (86) हैं। जबकि 11-11 प्रत्याशियों वाले वार्डों के अंतर्गत भेलूपुर जोन में सरायनंदन (28) तथा वरुणापार जोन में लेढ़ूपुर (32) हैं। इधर, 12-12 उम्मीदवार जिन वार्डों से भाग्य आजमा रहे हैं उनमें भेलूपुर वार्ड का दुर्गाकुंड (25), दशाश्वमेध वार्ड का मड़ौली (42) और वरुणापार जोन का सारनाथ (44) है। वहीं, तीन वार्ड ऐसे हैं जहां 13-13 कैंडीडेट के बीच टक्कर होनी हैं। उन वार्डों में वरुणापार जोन का दीनापुर (8), भेलूपुर जोन का गोलाघाट रामनगर (12) एवं वरुणापार जोन का संदहा (17) है। उधर, नगर पंचायत गंगापुर में सदस्य पदों के लिए एक मात्र वार्ड संख्या-1 गांधी नगर ही ऐसा वार्ड है जहां सर्वाधिक चार प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

## पोस्टल बैलेट के जरिये वोटिंग कल से

वाराणसी। सहायक महानिरीक्षक निबंधन एवं डाक मतपत्र तथा पोस्टल बैलेट के प्रभारी अधिकारी सुरेश कुमार त्रिपठी ने बताया है कि नगरीय निकय चुनाव में लगे स्थानीय मतदाता अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 28 से 30 अप्रैल तक उदयप्रताप इंटर कॉलेज के राजर्षि सभागार में डाक मतपत्र के जरिय वोटिंग की जायेगी।

# वाहनों के लिए अस्थायी रूप से खोलेंगे पुलिस लाइन की बाउंड्री

**मौका-मुआयना**

**डीएम एस. राजलिंगम ने संबंधित अधिकारियों के साथ पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थलों समेत मंडी समिति परिसर का लिया जायजा**

जनसंदेश न्यूज



डीएम एस. राजलिंगम ने बुधवार को संबंधित अफसरों के साथ निकाय चुनावों की तैयारियों के निरीक्षण के दौरान पहड़िया मंडी परिसर का भी मौका-मुआयना किया

**वाराणसी।** नगरीय निकाय निर्वाचन में आगामी चार मई को वोटिंग कराने के लिए पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथों के लिए रवाना होंगी। उन पार्टियों के रवानगी स्थल समेत मतगणना स्थल का बुधवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस. राजलिंगम ने मौका-मुआयना कर आवश्यक निर्देश दिये। उनके साथ अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था एस. चन्नप्पा, सीडीओ हिमांशु नागपाल आदि भी रहे।

डीएम संग अफसरों ने पुलिस लाइन मैदान, एलटी कॉलेज परिसर तथा ट्रैफिक पुलिस लाइन और पहड़िया स्थित मंडी समिति प्रांगण का जायजा लिया। श्री राजलिंगम ने पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए बसों को सुव्यवस्थित ढंग से पार्क करने संबंधी नक्शा तैयार करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि वाहनों के रवानगी स्थलों से संबद्ध परिसर के ऐसे सभी खाली स्थानों का उपयोग किया जाय जहां जहां पर 30-40 सीटर बसों का संचालन सुगमता संभव हो। इसके अलावा कार्मिकों और अधिकारियों की बाइक एवं गाड़ियां खड़ी करने के लिए भी स्थल चिह्नित करें।

डीएम ने कुछ स्थलों को समतल कराने और झाड़ियां आदि साफ कराने को कहा। पुलिस लाइन से बसों को मुख्य मार्ग पर निकलने के लिए परिसर की बाउंड्री को उचित स्थान पर अस्थाई रूप से खोला जायेगा। उन्होंने कार्मिकों को ड्यूटी आवंटन और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों वितरण के लिए काउंटर बनाने के उद्देश्य से सुविधाजनक स्थान चिह्नित कर वहां कार्मिकों को जोन, वार्ड तथा बूथ से संबंधित संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के लिए साइनेज लगाने के निर्देश दिये।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने अन्य अफसरों के साथ पहड़िया मंडी में मतगणना से जुड़ी तैयारियों का भी निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने वह स्ट्रांग रूम देखा जहां पोल्ड ईवीएम मशीनें कड़ी सुरक्षा में रखी जाएंगी। उन्होंने स्ट्रांग रूम के सभी रोशनदान और अन्य पांच शटर गेट प्लाईवुड लगाकर बंद कराने के निर्देश दिये। मतदान के बाद ईवीएम जमा करने के लिए मंडी समिति परिसर में सौ वार्डों के लिए सौ टेबल लगाए जाएंगे। मुआयने के दौरान एडीएम प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रणविजय सिंह ने महापौर तथा पार्षद पदों की काउंटिंग के लिए हो रहे इंतजामों की जानकारी दी।

# मॉडल पोलिंग सेंटर के लिए दे सकते हैं मदद या सुझाव



एसडीएम राजातालाब ने बुधवार को नगर पंचायत गंगापुर कार्यालय में उम्मीदवारों के साथ बैठक की

**बैठक**

**एसडीएम राजातालाब ने नगर पंचायत गंगापुर कार्यालय में प्रत्याशियों के साथ की मीटिंग**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नगर पंचायत गंगापुर के कार्यालय सभागार में बुधवार को एसडीएम राजातालाब ने इस निकाय के अध्यक्ष एवं सदस्य पदों के लिए होने वाले निर्वाचन को देखते हुए सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक की। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशों का अक्षरशः पालन करने पर जोर दिया। साथ ही विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि सभी उम्मीदवार चुनाव खर्च की निर्धारित सीमा के तहत निर्वाचन व्यय के लिए खोले गये खाते से व्यय करेंगे। सदस्य पद के प्रत्याशी अधिकतम 50 हजार रुपये एवं अध्यक्ष पद के उम्मीदवार ढाई लाख रुपये से ज्यादा अधिक व्यय नहीं करेंगे। चुनाव प्रचार के लिए हैंडबिल, बैनर पोस्टर आदि प्रिंट कराने के लिए पहले परमिशन लेनी होगी। इस बारे में बगैर इजाजत कार्य करते हुए पकड़े जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कोई भी दल अपना पार्टी कार्यालय खोलने के लिए पूर्व अनुमति लेगा। अनुमति के बिना कार्यालय खोलने पर जिम्मेदारी के विरुद्ध एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशियों को चुनाव में खर्च की गई धनराशि का लिखित रिकॉर्ड रखना होगा। इलेक्शन के बाद यह ब्योरा सक्षम अधिकारी के सामने पेश करना होगा। एसडीएम ने बताया कि नगर पंचायत गंगापुर कार्यालय परिसर स्थित मतदेय स्थल को पिंक बूथ के रुप में बनाएंगे। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था जो किसी भी राजनीतिक दल से संबद्ध न हों, वह वह स्वैच्छिक रूप से अन्य मतदान केंद्रों को माडल पोलिंग सेंटर बनाने के लिए मदद या सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने आगामी चार मई में अधिक से अधिक वोटरों को मतदान में शामिल होने का आह्वान करते हुए अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

# शिवाला के रत्नाकर पार्क की चाहरदीवारी पर अतिक्रमण



**फिर कानून को ठेंगा**

**भवन निर्माण सामग्री से लेकर निजी वाहनों को खड़ा कर लगा रहे जाम**

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के शिवाला स्थित रत्नाकर पार्क के चहारदीवारी इन दिनों अवैध अतिक्रमण का शिकार हो गई है। जो पार्क की सुंदरता और शोभा को खत्म कर रही है। पार्क की चहारदीवारी के सहारे निजी वाहानों को खड़ा कर अवैध पार्किंग की जा रही है। यहीं भवन निर्माण सामग्री (बालू, गिट्टी और ईट) को रखकर बिक्री का कार्य भी धड़ल्ले से किया जा रहा है।



यहीं नहीं पार्क के अंदर सुबह और शाम नशेड़ियों का भी जमावड़ा लगा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है की पार्क नगर निगम की उपेक्षा का भी शिकार है, यहां पार्क के सुंदरीकरण की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। पार्क में लगा फब्बारा बहुत दिनों से खराब पड़ा है। पार्क में उगे घास कि साफ-सफाई भी नहीं की जाती। कभी स्थानीय लोग सुबह के सैर सपाटे के लिए पार्क का इस्तेमाल करते थे। जो बदहाली का शिकार होने के बाद नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। जबकि वर्तमान समय में पार्क के बाहर अवैध वाहन पार्किंग और भवन निर्माण सामग्री रखकर कब्जा किया गया है। जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। कार्यदायी अधिकारी और कर्मचारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। जिससे आम आदमी इस पार्क का इस्तेमाल नहीं कर पाते।

## भाजपा में शामिल हुए कई सपाई

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के कई सदस्य बुधवार को सुजाबाद-डोमरी में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा में शामिल हो गये। सपा के पूर्व महानगर उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व आशीष श्रीवास्तव, बृजेश सिंह, दिनेश यादव, राजेश त्रिपाठी, मनमोहन सिंह, बाबू साहनी, रवि जायसवाल आदि ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा काशी क्षेत्र के मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, जिला मंत्री रोनी वर्मा आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

## भूपेंद्र सिंह चौधरी आज करेंगे बैठक

**वाराणसी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी गुरुवार को रोहनिया स्थित संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय में दो चुनावी बैठकें करेंगे। पार्टी के काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री चौधरी 27 अप्रैल को पूर्वाह्न दस बजे क्षेत्रीय कार्यालय में संगठन के पदाधिकारियों और निकाय चुनाव से जुड़े पदाधिकारियों के साथ मीटिंग कर इलेक्शन की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

# सीएम योगी जनपद में करेंगे दो जनसभाएं

**तैयारी**

**30 अप्रैल व एक मई को मुख्यमंत्री का कार्यक्रम, डिप्टी सीएमद्वय 28 को विभिन्न कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद में दो चुनावी जनसभाएं करेंगे। उनके अलावा उपमुख्यमंत्रीद्वय केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक भी विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस बारे में बुधवार को भाजपाइयों ने तैयारी बैठक की। संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने मीटिंग में बताया कि 28 अप्रैल की शाम सीएम शिवपुर मिनी स्टेडियम में जनसभा जनसभा को संबोधित करेंगे।श्री पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी की दूसरी जनसभा एक मई को प्रस्तावित है। उससे पूर्व 28 को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य विभिन्न कार्यक्रमों में उपस्थिति दर्ज कराएंगे। प्रत्येक कार्यक्रम में अलग-अलग संयोजक बनाए गये हैं। श्री मौर्य आगामी शुक्रवार को दोपहर एक बजे रोहनिया स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में युवा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उसके बाद अपराह्न तीन बजे डिप्टी सीएम सुसवाही में चाय पर चर्चा करेंगे। इसी क्रम में वह चार बजे बीएचयू स्थित स्वतंत्रता भवन में सेवा भारती काशी प्रांत की ओर से आयोजित नाट्य प्रस्तुति देखेंगे। सायंकाल 6.30 बजे वह गंगापुर बाजार में जनसभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद 7.30 बजे मवईया और रात्रि नौ बजे कोनिया में उनकी जनसभा होगी। दूसरी ओर, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक 28 को मंडुआडीह क्षेत्र स्थित एक लॉन में महिला मोर्चा के सम्मेलन में शामिल होंगे। वह शाम 7.30 बजे कैंट क्षेत्र स्थित एक हॉस्पिटल में डॉक्टरों से मुलाकात करेंगे। बैठक में महानगर विद्यासागर राय, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, केदार सिंह, रामगोपाल मोहले, सुरेंद्रनारायण सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नवरतन राठी, नवीन कपूर आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

# बांटे गये मतदान कार्मिकों के ड्यूटी लेटर

**कवायद**

**पोलिंग में लगाए गये 7334 कर्मचारियों के लिए विकास भवन सभागार में 494 विभागों को वितरित किये पत्र**

जनसंदेश न्यूज



मतदान कार्मिकों के ड्यूटी लेटर बुधवार को जारी किये गये

**वाराणसी।** निकाय चुनाव में लगाए गये कार्मिकों का ड्यूटी लेटर बुधवार को वितरित किया गया। विकास भवन सभागार में इसके लिए कई कर्मचारी लगाए गये थे। इस इलेक्शन में नगर निगम और नगर पंचायत गंगापुर के लिए रिजर्व समेत क्रमशः एक हजार 458 तथा 11 पोलिंग पार्टियां गठित की जाएंगी।

इस निर्वाचन के लिए कुल मिलाकर एक हजार 469 पोलिंग पार्टियां का गठन होना है। उनमें नगर निगम के 100 वार्डों में एक हजार 325 बूथों पर एक-एक पोलिंग पार्टी और नगर पंचायत गंगापुर के दस मतदेय स्थलों के लिए भी एक-एक पोलिंग पार्टी होंगी। कुल मिलाकर 494 विभागों से सात हजार 334 कार्मिक का ड्यूटी लेटर वितरित किया गया। उनमें नगर निगम चुनाव के लिए सात हजार 290 एवं नगर पंचायत गंगापुर के 44 कार्मिकों को यह ड्यूटी लेटर उनके संबंधित विभागों के कार्यालय अध्यक्ष देंगे। इसके लिए चुनाव के कार्मिक अनुभाग की ओर से संबंधित महकमों के कार्यालय अध्यक्षों को यह ड्यूटी-पत्र जारी किया गया। नगर निगम के लिए रिजर्व सहित एक हजार 458 तथा नगर पंचायत गंगापुर के लिए 11 पोलिंग पार्टियां गठित की जाएंगी। आगामी तीन मई को मतदान की पूर्व संध्या पर पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान ही खुलासा होगा कि किस कार्मिक की ड्यूटी किस बूथ पर लगेगी और वह किस पोलिंग पार्टी में शामिल रहेगा।

# जी-20 की सजावट को पहुंचा रहे नुकसान

**शरारतियों की करतूत**

**लाखों की लागत से की गई सुंदरता को लगा रहे पलीता**



जी 20 के लिए पार्कों और खुले स्थान पर की गई सजावट को शरारती तत्व नुकसान पहुंचा रहे हैं। बड़े और बच्चे दोनों सजावट की वस्तु को रौंदने में पीछे नहीं हैं। वैसे जिसे इसे सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी दी गई थी, वो भी कहीं आस-पास नजर नहीं आ रहे हैं।

**वाराणसी।** जी-20 में काशी आने वाले मेहमानों के स्वागत के लिए शहर के विभिन्न इलाकों में सजावट का कार्य किया गया है। जिसे कुछ शरारती तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है। लाखों की लागत से दी गई सुंदरता पर लगा पलिता रहे हैं। कहीं फूलों से लगे गमलों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है, तो कहीं सेल्फी प्वाइंट पर लगाए गए सजावटी कृत्रिम ऊंट और पक्षियों व अन्य वन्य जीवों की कलाकृतियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कलाकृतियों पर लोग अपने बच्चों को बैठाने के साथ ही खुद भी बैठ रहे हैं। जिसकी वजह से वह क्षतिग्रस्त हो जा रही हैं। उधर नगर निगम की ओर से हिडेन कैमरे से निगरानी कर जुर्माना और सख्त कार्यवाही करने के साथ मुकदमा दर्ज करने की बात कही जा रही है। बावजूद इसके सजावट को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

प्रशासन की ओर से बीते माह काफी मेहनत कर शहर भर को जी-20 के लिए सजाया गया था। जिसमें नगर निगम, विकास प्राधिकरण और पीडब्ल्यूडी सहित अन्य प्रशासनीक विभागों ने जगह-जगह सुंदरता के लिए अकर्षक सेल्फी प्वाइंट और सजावट का कार्य कराया था। मेहमानों के स्वागत के लिए लाखों रुपये खर्च कर भवनों और दीवारों पर पेंटिंग, सड़क निर्माण, लाइटिंग, सेल्फी प्वाइंट, ग्रीनरी आदि लगाए गए हैं। 17 और 19 अप्रैल को आयोजित जी-20 बैठकों के बाद इन सुंदर स्थानों पर जाकर कुछ लोगों द्वारा इन्हें नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जबकि अभी जून माह में पुनः बैठकें होनी हैं। इनमें वरुणा पुल पर लगे जी-20 सेल्फी प्वाइंट में लगे कृत्रिम फूलों को उखाड़ लिया गया है। जबकि यहां लगे कृत्रिम वन्य जीवों को भी लोग नुकसान पहुंचा रहे हैं। यही हाल नमो घाट पर भी देखने को मिल रहा है। जहां कृत्रिम वन्य जीवों के पुतलों को लोग जमीन पर गिरा दे रहे हैं। उक्त स्थान पर मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि इनपर बच्चों को बैठा कर सेल्फी और फोटो लेने के चलते ऐसा हो रहा है। मौके पर कोई सुरक्षाकर्मी या विभागिय कर्मियों की तैनाती न होने से बिना रोक टोक लोग मनमानी कर रहे हैं। जिससे सजावट खराब हो रही है। बुधवार को सजावट को बर्बाद करते लोगों की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी तेजी से वायरल हो रही हैं। जिसमें आम लोगों द्वारा सजावट का खराब करने वालों को चिन्हित कर कार्यवाही किए जाने की मांग की जा रही है।

## लाइटें हो रहीं चोरी गमलों को भी तोड़ रहे

आने वाले जून माह में जी-20 की बैठकों को देखते हुए शहर को फिर से सजाने का काम हो रहा है। रोजना दो समय गमलों और घांस में पानी दिये जा रहे हैं। वहीं, कुछ शरारती तत्व इन सजावटों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कभी गमले टूट रहे हैं तो कभी लाइटें चोरी की जा रही हैं। इन पर प्रशासन की अपील का भी असर नहीं है।

## निगरानी के लिए रखी गई कंपनी, फिर भी यह हाल

निगम ने कार्यदायी संस्था डीके कंस्ट्रक्शन को जी-20 के लिए शहर को सजाने और दो साल तक उसकी देखरेख की जिम्मेदरी दी गई है। कार्यदायी संस्था इन सजावटों को दो साल तक बरकरार रखेगी। स्मार्ट सिटी की ओर से 1800 हिडन कैमरे लगाए गए हैं। फिर भी शरारती तत्वों पर इसका कोई असर नहीं दिखाई दे रहा।



















# नारायण बलि में उमड़ा तमिल समाज

भागीदारी

### सुबह से लेकर अपराह्न तक चला अनुष्ठान, भंडारे का भी आयोजन



**वाराणसी।** गंगा पुष्कर और जगद्गुरु आदि शंकराचार्य जयंती महोत्सव के छठें दिन बुधवार को ब्रह्मश्री श्रीनिवास की अध्यक्षता में अस्सी घाट पर नारायण बलि का आयोजन किया गया। इसमें हजारों लोगों ने भागीदारी की। नारायण बलि के साथ ही छोटानागपुर वाटिका में चल रहे आदिशंकराचार्य जयंती एवं पुष्कर मेला महोत्सव में भारी भीड़ जमा थी। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में तमिल समाज के लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल दस बजे से प्रारंभ हुआ जो अनवरत अपराह्न दो बजे तक चलता रहा।

इस अवसर पर ब्रह्मश्री श्रीनिवास ने बताया कि संसार में जो भी जीव जंतु मनुष्य प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना अन्य किसी भी कारण से मृत हो जाते हैं जिनका संसार में पूछने वाला कोई नहीं है ऐसे लोगों के उद्धार के लिए नारायण बलि दी जाती है। बुधवार को अस्सी घाट पर आयोजित नारायण बलि में भक्तों की काफी भीड़ रही। लोग जोर शोर से इस यज्ञ घर के हिस्सा बनें।

शाम में ब्रह्मश्री मुदुगुंडा शंकर शर्मा ने वेद और शास्त्र पर प्रवचन दिया। इसके साथ ही वशिष्ठ का भी प्रवचन हुआ। आदि शंकराचार्य भक्त समाज के व्यवस्थापक अध्यक्ष ब्रह्मश्री श्रीनिवास बग्गारईया शर्मा जी ने कहा कि मनुष्य जन्म उत्तम है और भगवान ने जो यह जन्म दिया है उसे अच्छे कार्यक्रमों के लिए व्यतीत करना चाहिए। बताया कि 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी गंगा पुष्कर का वर्चुअल संबोधन करेंगे। नरेन्द्र मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं दुनिया में भारत का नाम रोशन होते जा रहा है । इस कार्यक्रम का तेलुगु टिप्पणी तेलुगु के ही प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता ब्रह्मश्री सामवेदम सन्मुख शर्मा कर रहे थे। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष श्री रमेश गुप्ता, श्री मल्लाइया गुप्ता, शिवशंकर, श्रीमती राजेश्वरी श्रीमती राणी, श्रीमती लक्ष्मी सहित हजारों महिलाएं ने भाग लिया।

## ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

**वाराणसी।** राशनकार्ड बनवाने के एवज में लाभार्थी से धनराशि मांगे जाने के आरोप में पिंडरा विकास खंड में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श ने प्रकरण की जांच कराने के बाद प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की। इस मामले में वायरल हुआ ऑडियो क्लिप की जांच करायी गयी थी। डीपीआरओ ने शासन के जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत भ्रष्टाचार के आरोप की पुष्टि होने पर यह एक्शन लिया। राजेश कुमार को निलंबित करते हुए पंचायती राज विभाग के पिंडरा स्थित सहायक विकास अधिकारी कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

## प्रो. रोयना को मिली जिम्मेदारी

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति ने एनेटॉमी विभाग, चिकित्सा विज्ञान संस्थान की प्रो. रोयना सिंह को सत्र 2022-23 के लिए काशी विश्वविद्यालय की एंटी रैगिंग स्क्वॉड का अध्यक्ष नियुक्त किया है। बीएचयू के जनसंपर्क अधिकारी ने यह जानकारी दी।

## संक्षेप

### एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षाएं आरंभ

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से जुड़े विद्यालयों की नवीं और 11वीं कक्षाओं में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षाएं बुधवार को जनपद के 42 परीक्षा केंद्रों पर आरंभ हो गई। यह परीक्षाएं आगामी 30 अप्रैल तक चलेंगी। नवीं कक्षा में एडमिशन के लिए पहले दिन हुई प्रवेश परीक्षा में कुल पंजीकृत 25 हजार 430 अभ्यर्थियों में से 22 हजार 36 अभ्यर्थी शामिल हुए। इन 42 परीक्षा केंद्रों में से 20 सेंटर बीएचयू परिसर में बनाए गए हैं। कक्षा-9 के लिए सीएचएस (ब्वॉयज) में 100 सीटें और सीएचएस (गर्ल्स) में 6 सीटें हैं। कक्षा-11 में एडमिशन के लिए 27, 28, 29 एवं 30 अप्रैल को प्रवेश परीक्षाएं होंगी।

### बीएचयू के दो चिकित्सकों को एएएन अवार्ड



**वाराणसी।** बीएचयू के चिकित्सा विज्ञान संस्थान में न्यूरोलॉजी विभाग के दो चिकित्सक एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक पाठक और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आनंद ने अमेरिकन एकेडमिक न्यूरोलॉजी के वार्षिक समारोह में अपने व्याख्यान से बीएचयू न्यूरोलॉजी का नाम रौशन किया है। 22 अप्रैल से बोस्टन में चल रहे इस समारोह में दोनों ने एएएन अवार्ड-2023 जीता। बीएचयू में न्यूरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. विजयनाथ मिश्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डॉ. पाठक ने समारोह में लकवा पर शोध-पत्र पढ़ा। वहीं, डॉ. कुमार ने सर दर्द पर अपना रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया। दोनों की इस सफलता पर प्रो. मिश्र समेत प्रो. आरएन चौरसिया, प्रो. दीपिका जोशी एवं डॉ. वरुण सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### सफल पीएचडी अभ्यर्थी आठ तक जमा करें पंजीकरण शुल्क : प्रो. त्रिपाठी

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी ने बुधवार को बताया कि दिनांक 20, 24 एवं 25 अप्रैल को आरडीसी (अनुसंधानोपाधि समिति) की बैठक में आयोजित मौखिक परीक्षा में सफल पीएचडी अभ्यर्थी आज से आठ मई तक तीस हजार कोर्स वर्क और दो हजार पंजीकरण के शुल्क जमा करा लें। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों को 50 % (प्रतिशत) की छूट दी जायेगी।

### करेंट कोचिंग के छात्रों का यूपी बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**वाराणसी।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणाम में करेंट कोचिंग के छात्र एवं छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इण्टर के परीक्षा परिणाम में संस्था के शिवम मौर्या ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, ओम श्रीवास्तव 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं निगार खान ने 78.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर जगह बनाई। इसी क्रम में हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में संस्कार यादव ने 92.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सलमान खान ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं नमन ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर जगह बनाई। इसी क्रम में हरीओम पादव, अभिषेक सिंह और आशुतोष तिवारी ने 88%, हिमांशु मौया और तेजस्वी यादव ने 85% अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया। इस अवसर पर संस्था निर्देशक एसएन सिंह ने दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा परिणाम में सफल सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनायें दी, और कहा कि, विद्यार्थी इसी तरह अनुशासित रहते हुए, कड़ी मेहनत कर भविष्य में सफलता प्राप्त करें।

## मेधावी छात्रों में छात्रवृत्ति एवं पुरस्कार बांटे



**वाराणसी।** डेलिम्स सनबीम गुरु ऑफ स्कूल्स की ओर से बुधवार को मेधावी छात्रों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का अयोजन किया गया। जिसमें सभी शाखाओं (रोहनियों, रामकटोरा, सिगरा, पहाड़िया, मोहिनीकुंज) के सत्र 2022-23 के प्राइमरी एवं सीनियर कक्षाओं के मेधावी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को दीश-अमृत स्कॉलरशिप अवार्ड्स 2022-23 से सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। समारोह का आयोजन डेलिम्स सनबीम समूह की रोहनियां शाखा के भव्य सभागार में हुआ।

कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बाबा मधौक, निदेशिका पूजा मधोक तथा अतिरिक्त निदेशक माहिर मधोक, अतिरिक्त निदेशिका फिजा मधोक द्वारा संस्थापक-द्वय मैडम दीश इशरत एवं डॉ. अमृतलाल इशरत की छायाप्रति पर मंगलाचरण के साथ माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को उपहार भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सभी उपस्थित महानुभावों के लिए मनोरंजन एवं उत्साहवर्धन के लिए रंगारंग (नृत्य, ओर्केस्ट्रा आदि) कार्यक्रम की जोरदार प्रस्तुति की गयी।

वार्षिक छात्रवृति के रूप में मेधावी छात्रों को लगभग दो करोड़ रुपये का अधिक छात्रवृत्ति एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बताया कि संसार में ऐसे दो व्यक्ति हैं जो चाहते हैं कि वे उनसे आगे बढ़ें- वे हैं गुरु और पिता। शिक्षा के साथ-साथ संस्कार का होना भी बहुत जरूरी है। शिक्षा समाज की रीढ़ होती है, इसलिए बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान अवश्य दें।

# वरुणा व अस्सी नदी में चलेगा सफाई अभियान

समीक्षा

### नदी के जीर्णोद्धार के लिये एनजीटी कमेटी की प्रगति की हुई समीक्षा

### कमिश्नर ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पर्यवेक्षण समिति की बैठक में दिये निर्देश



**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा की अध्यक्षता में वाराणसी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पर्यवेक्षण समिति की बुधवार को सम्पन्न हुई बैठक में मंडलायुक्त ने कई निर्देश दिये। बैठक में वरुणा नदी की सफाई के संबंध में एनजीटी के आदेशों के पालन में बनी कमेटी के प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें सिंचाई विभाग के वरुणा नदी के किनारे बनने वाले आद्रभूमि, आदिकेशव घाट पर बनने वाले जैव विविधता पार्क, वरुणा तथा अस्सी नदी के गाद निकालने, डेसिल्टिंग करने आदि के संबंध में की जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गयी।

बैठक में एनजीटी के नए मानक के हिसाब से भगवानपुर, दीनापुर तथा डीएलडब्ल्यू एसटीपी अपग्रेड करने के लिए जल निगम को तीन दिन में डीपीआर पूर्ण कर लखनऊ प्रेषित करने के निर्देश दिये गये। बीएलडब्लू को जल निगम को डीपीआर गठित करने के लिए धनराशि जारी करने के निर्देश दिये गए। मंडलायुक्त ने वन विभाग को अगले 15 दिन में शहर के हर संभव खाली स्थान पर, सड़कों के किनारे, नेशनल हाईवेज के किनारे पेड़ लगाने का सर्वे करने का निर्देश दिया जिससे कि शहर में सभी जगह अधिक से अधिक पेड़ लगाये जा सकें। पेड़ लगाने का कार्य जुलाई में कराने के निर्देश दिये गए।

बैठक में मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी द्वारा पिछले महीने चौकाघाट क्षेत्र में वरुणा नदी के संबंध में बनायी गयी कमेटी, जिसमें नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी तथा इकोटास्क फोर्स के लोग सम्मिलित थे, की विस्तृत रिपोर्ट तलब की। इसका उद्देश्य वरुणा नदी में कूड़ा इत्यादि गंदगी को रोका जाना था। परंतु इस पर निर्देशों के बावजूद गत छह माह में कार्य नहीं किया गया। मंडलायुक्त द्वारा इस प्रोजेक्ट के लिए महीने में दो बार नियमित बैठक करने का आदेश दिया गया ताकि वरुणा और अस्सी नदियों की सफाई को गति प्रदान की जा सके । बैठक में प्रदूषण, सिंचाई, जलनिगम, वन विभाग से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जून तक 20 हजार महिलाएं ग्राम संगठनों में होंगी शामिल

नया लक्ष्य

### टार्गेट पूर्ण करने के लिए एनआरएलएम की आठ टीमों को जनपद के विभिन्न विकास खंडों में किया रवाना

जनसंदेश न्यूज



सोशल मोबिलाइजेशन कैंपेन के अंतर्गत ग्राम संगठनों के गठन के लिए बुधवार को महिलाओं की टीमें रवाना की गईं

**वाराणसी।** ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार समूहों में जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए जारी सोशल मोबिलाइजेशन कैंपेन के तहत आगामी जून माह तक जनपद में लगभग 20 हजार महिलाओं को शामिल करने का लक्ष्य है। इसी क्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन यानि एनआरएलएम के अंतर्गत बुधवार को जनपद की आठ टीमों को विभिन्न विकास खंडों में रवाना किया गया। यह टीमें निर्धारित अवधि में ग्राम संगठनों का गठन करेंगी। मिशन के जिला प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जनपद में अबतक करीब एक लाख 30 हजार 735 महिलाएं इस मुहिम से जुड़ चुकी हैं। 26 नये संगठनों के गठन के लिए रवाना की गई टीमें में शामिल महिलाएं आराजी लाइन, बड़ागांव, चिरईगांव एवं चोलापुर ब्लॉक में लक्ष्य को अमली जामा पहनाएंगी। उन्होंने बताया कि देश में अबतक लगभग नौ करोड़ महिलाएं अभियान में शामिल हो चुकी हैं। नये टार्गेट के तहत पीएम आवास (ग्रामीण) तथा मनरेगा के सक्रिय जॉब कार्डधारकों के परिवार के सदस्यों को जोड़ा जाएगा।

जनपद में कार्यरत अन्य संस्थाओं के समूह जो उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मानकों को पूर्ण कर रहे हैं, उन्हें भी इसमें सम्मिलित करेंगे।

इस मुहिम का स्लोगन है 'संगठन से समृद्धि : स्वनिर्भरता के साथ-साथ, थामें हर महिला का हाथ'। वर्तमान में वाराणसी में करीब दसहजार 635 स्वयं सहायता समूह विभिन्न सकारात्मक गतिविधियों में शामिल हैं। टीमों की रावनगी के दौरान ब्लॉक मिशन प्रबंधक रमेश राव, नारी शक्ति संकुल अध्यक्ष बिंदु जायसवाल, प्रगति संकुल अध्यक्ष सुमित्रा देवी, सीनियर आईसीआरपी सुमन, अनीता, रीता, निर्मला, मुन्नी माला आदि की उपस्थिति रही।

## स्वामी विवेकानंद राजकीय चिकित्सालय में मरीजों की हर संभव सेवा-सीएमओ

**वाराणसी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि शासन/महानिदेशालय स्तर से स्वामी विवेकानंद राजकीय चिकित्सालय में हड्डी रोग विशेषज्ञ, आई स्पेशलिस्ट, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट एवं गायनेकोलॉजिस्ट का पद स्वीकृत न होने के कारण उक्त पदों पर तैनाती नहीं है।

शासन/महानिदेशालय स्तर से ही उक्त पदों की स्वीकृत के उपरान्त वहीं से उक्त पदों के सापेक्ष विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाती है। वर्तमान में फिजिशियन के पद के स्वीकृति के सापेक्ष डा. क्षितिज तिवारी, फिजिशियन के पद पर कार्यरत हैं। कार्यरत चिकित्सकों एवं उपलब्ध सेवाओं के आधार पर मरीजों को हर संभव चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

# जनाबे फातिमा व चार इमामों के रौजे तोड़ने के विरोध में निकलेगा जुलूस

सौ साल हो गए पूरे

### रौजे के पुनर्निर्माण की जा रही है मांग, 29 को जामा मस्जिद में होगा जलसा



**वाराणसी।** पैगम्बर मुहम्मद साहब (सं.) की इकलौती बेटी जनाबे फातिमा (स.) व चार इमामों के रौजों को तोड़े जाने के विरोध में अंजुमन एहतेमाम में 29 अप्रैल को उठने वाला जुलूस प्रातःकाल दस बजे कालीमहाल स्थित शिया मस्जिद से उठाया जायेगा। जो अपने परम्परागत रास्तों तुलसीकुआं, नईसड़क, दालमंडी, चौक, नीचीबाग, मैदागिन, विशेश्वरगंज होता हुआ शिया जामा मस्जिद दारानगर पहुंच कर जलसे में परिवर्तित हो जायेगा।

यह जानकारी बुधवार को पराड़कर स्मृति भवन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अंजुमन हैदरी के अध्यक्ष अब्बास मुर्तजा शम्सी व महासचिव नायाब रजा तथा फरमान हैदर ने दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सौ साल पूरे हो रहे हैं इसलिए इस वर्ष जुलूस व जलसे का वृहद रूप दिया जा रहा है। इसमें समस्त शिया समुदाय के लोग काला झंडा पहन कर जिले की समस्त मातमी अंजुमने अपने निशान व अलम के साथ शामिल होकर सऊदी अरब की सरकार पर तोड़े गये रौजों के पुर्ननिर्माण के लिए दबाव बनायेंगी। इसके लिए एक पत्रक राष्ट्रपति के माध्यम से संयुक्त राष्ट्रसंघ को भेजा जायेगा। कहा कि आज तक भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में रहने वाले शिया समुदाय व मुहम्मद साहब के चाहने वाले इसका विरोध करते हुए उन तमाम रौजों के पुर्ननिर्माण की मांग करते चले आ रहे हैं। कहा कि आज भारत का मान पूरे विश्व में बढ़ा है। हमारा देश जी-20 राष्ट्रों की अध्यक्षता कर रहा है। हम भारत सरकार से अपील करते हैं कि इस मुद्दे को प्रमुखता से सऊदी सरकार के समक्ष रखें।

## डिजिटल लेनदेन को देंगे बढ़ावा सौ ग्राम पंचायतों में कैंप आज से

**वाराणसी।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहित करने के लिए 100 ग्राम पंचायतों में गुरुवार को शिविर लगाए जाएंगे। बीसी सखियों के जरिये यह राष्ट्रव्यापी अभियान चलेगा। कैंप का मुख्य उद्देश्य नकद लेनदेन कम करना और बीसी के माध्यम से लेनदेन को बढ़ावा देना है। ताकि विभिन्न योजनाओं में मनरेगा श्रमिकों, आवास के लाभार्थियों, किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों, पेंशनधारकों आदि के समय तथा उनके पैसों की बचत हो सके। 'वन जीपी-वन बीसी सखी' कार्यक्रम अंतर्गत इसके लिए नोडल बैंक तय है।

एनआरएलएम के जिला मिशन प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में फिलहाल कार्यरत 399 बीसी सखियां नोडल बैंक के जरिये नकद जमा, नकद निकासी, बीमा, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, बिल भुगतान आदि के सेवाएं दे रही हैं। डिजिटल लेनदेन से 365 दिन बैंकिंग, बैंकिंग सेवायें आपके द्वार, आवश्यकतानुसार व्यक्तिगत बैंकिंग सुविधा, अधिक पारदर्शी सेवाएं वगैरह सुविधाजनपद रूप से संभव हैं। श्री सिंह के मुताबिक बीसी सखियों के माध्यम से अब तक करीब 295 करोड़ रुपये का लेनदेन कर लगभग 87 लाख रुपये का का कमीशन प्राप्त किया गया है।



बुधवार को सीएचएस में प्रवेश परीक्षा के लिए उमड़े परीक्षार्थी

# संपूर्णानन्द में 29 को चलेगा सफाई अभियान

होगी सफाई

### भवनों के अनुसार विभिन्न कमेटियों का हुआ गठन होगी स्वच्छता की समीक्षा

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में 29 अप्रैल को वृहद स्वछता अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए बुधवार को कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि 29 अप्रैल को परिसर के संपूर्ण क्षेत्र मे वृहद् स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के गतिविधियों को बढ़ाया जायेगा। जिसमें विश्वविद्यालय के अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, एनएसएस छात्र, बीएड छात्र तथा संविदा कर्मी जुड़कर सुबह छह बजे से स्वच्छ अभियान मे सहभाग करेंगे। परिसर के रिक्त स्थानों पर उद्यान एवं पार्क विकसित किया जायेगा। विश्वविद्यालय के परिसर मे रिक्त स्थान अथवा गड्ढे युक्त स्थानों को चिन्हित कर उद्यान अथवा पार्क के रूप में विकसित किया जायेगा। चिन्हित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। कुलपति प्रो. त्रिपाठी ने यहां के संपूर्ण परिसर स्वच्छता के लिये सप्ताह व्यापी अभियान का आह्वान किया है। इसके लिए विश्वविद्यालय परिसर के प्रत्येक भवनों को स्वच्छ, भवनों के पुनरोद्धार तथा शैक्षिक गतिविधियों को उत्कृष्ट करने के लिये भवनों के अनुसार विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है, गठित समिति प्रतिदिन सुबह और शाम अपने कार्यों को चिन्हित कर समीक्षा करेंगे। विभिन्न कमेटी के अध्यक्षों एवं संयोजकों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने समिति के सदस्यों के साथ निर्धारित स्वच्छता संबंधित कार्यों की समीक्षा प्रतिदिन अभियान के माध्यम से क्रियान्वयन करें। इस कार्य में प्रशासन के स्तर से संपूर्ण सहयोग किया जायेगा। प्रगति की रिपोर्ट से कुलपति को अवगत कराते रहेंगे।

# इंटर में फेल होने पर छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** शहर थाना कोतवाली क्षेत्र के बेदुआ स्थित मां अम्बा कालोनी में मंगलवार की रात इंटरमीडिएट की परीक्षा में फेल होने से क्षुब्ध होकर एक छात्र ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया और आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी।

जानकारी के अनुसार अजय पांडेय (18) पुत्र मनोज पांडेय निवासी ग्राम भुझौली, थाना बांसडीहरोड़ बलिया इंटर का छात्र था। वह पढ़ाई के लिये शहर के बेदुआ मोहल्ले में एक किराये के कमरा लिया था। मंगलवार की दोपहर यूपी बोर्ड के इंटर का परीक्षाफल घोषित हुआ था। इंटर की परीक्षा में अजय फेल हो गया था। इससे क्षुब्ध होकर उसने मंगलवार की रात में कमरे में पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों का फोन न उठाने पर बगल के लोगों ने दरवाजा खोलवाने का प्रयास किया, दरवाजा न खोलने पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो कमरे के अंदर अजय पांडेय का शव फंदे के सहारे झूल रहा था। यह दृश्य देखकर सभी के होश उड़ गये। पुलिस ने इसकी जानकारी मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर परिजन पहुंच गये और बेटे का शव देखकर विलाप करने लगे। छोटी बहन दिव्याजंली पांडेय ने बताया कि उसका भाई परीक्षा परिणाम प्रतिकूल होने से दुखी था। वह अकेले रहता था, कभी कभी हमलोग आते थे। इस संबंध में कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## अनियंत्रित टेंपो पलटा, आधा दर्जन यात्री घायल



**बांसडीह (बलिया)।** पिंडरा ग्रामसभा के पास मोटरसाइकिल सवार को बचाने में बलिया की तरफ जा रही टेम्पो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। जिसमें टेम्पो सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया।

मौके पर पहुंचे कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह पहुंचाया। जानकारी के अनुसार पिंडरा पेट्रोल पम्प के पास बाइक सवार बांसडीह कस्बा निवासी विशाल शर्मा पुत्र युद्ध शर्मा पेट्रोल लेकर जैसे ही मुख्य सड़क पर पहुंचा बांसडीह से बलिया की तरफ सवारी लेकर जा रही टेम्पो से टक्कर हो गई। इस घटना में टेम्पो सड़क किनारे ही पलट गई, सवारियों से भारी टेम्पो पलटने से चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों के सहयोग से टेम्पो से घायलों को बाहर निकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह भेजा गया, जहां पर गंभीर रूप से घायल अभय नारायण तिवारी (65) को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही अन्य घायलों में लक्ष्मण प्रसाद (45) सुगंधा देवी (40), प्रेम कुमारी (65) निवासी जलालपुर, बलिया, गीता देवी (40), खुशी कुमारी (17) निवासी मनियर को सीएचसी बांसडीह में ही इलाज किया जा रहा है। वही इस घटना में मनियर थाने के एक महिला कांस्टेबल भी घायल हो गयी। टेम्पो पलटने के बाद आनन फानन में लाए गए घायलों के इलाज की समुचित व्यवस्था सीएचसी पर नहीं रही।

## भरण-पोषण के लिये न्यायालय की शरण में पहुंचे वृद्ध

**बैरिया (बलिया)।** जिसने देवी देवता को प्रसन्न कर काफी मन्नत के बाद औलाद पैदा किया। वही औलादो के पालन पोषण में पूरा जीवन लगा दिया। वही औलाद बुढ़ापे में मां बाप को तड़पा रहे है। ऐसे में हिलते डुलते कांपते हुए मां बाप को वृद्धावस्था में भरण पोषण के लिए न्यायालय में जाना पड़े। इससे बड़ा दुख कोई हो नही सकता है। यह कतई उचित नही है। लेकिन विडम्बना यह है कि ऐसे कई मामले बैरिया तहसील के भरण पोषण न्यायालय में विचाराधीन है।

जहां वृद्ध माता पिता ने वाद दर्ज कराया है, कि उन्हें उनकी संतान खाने को नहीं देती है। घर में रहने नहीं देती है। उन्हे सताया अभद्रता करती है। बुधवार को ऐसा मामला बैरिया थाना क्षेत्र के संसार टोला से आया है। जहां के श्रीकृष्ण यादव ने भरण पोषण न्यायालय में वाद दाखिल किया है कि उनके द्वारा बनाए गए मकान से उनके पुत्र उन्हें जबरन निकाल दिए हैं। भोजन कपड़ा नहीं दे रहे हैं, और मारपीट व अभ्रदता कर रहे हैं।

उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने मामले का संज्ञान लेते हुए एसएचओ बैरिया को तत्काल अपने समक्ष प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है। कहां है कि श्रीकृष्ण यादव को कोई परेशानी ना हो इस पर पुलिस विशेष नजर रखें। वही आगामी 1 मई को नियत समय पर भरण पोषण न्यायालय में भी श्रीकृष्ण यादव के पुत्रों को हाजिर होने का आदेश दिया है। सुलह समझौता अधिकारी अधिवक्ता मिथिलेश सिंह ने बताया कि इन मामलों में उपजिलाधिकारी व न्यायालय गंभीर है। अगर सुलह समझौता से काम नहीं बनता है। तो न्यायालय वृद्धों के भरण-पोषण के लिए कठोर कदम उठाएगी।

**चिंतनीय**

**औलादों को पालने में पूरा जीवन लगाने वाले मां-बाप तड़प रहे**

### नारायणगढ़ गांव का है दूसरा मामला

दूसरा मामला रेवती थाना क्षेत्र के नारायणगढ़ गांव का है। जहां के वृद्ध राम दहिन सिंह ने न्यायालय में वाद दायर कर कहा है कि खेत हमारे नाम से है। हमारे बच्चे जबरन उसमे पैदा होने वाला अनाज रख ले रहे हैं, और लगान भी ले रहे हैं। मुझे भरण-पोषण के लिए कुछ भी नहीं दे रहे हैं। मुझे भरण पोषण के लिए मेरे संपत्ति का हक मुझे दिलवाने की कृपा करें। इसका भी संज्ञान उप जिलाधिकारी ने लिया है, और रेवती पुलिस को राम दहिन सिंह के पुत्रों को न्यायालय में हाजिर करने का निर्देश दिया है।

**संक्षेप**

### विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य के लिये टीम सम्मानित



**बलिया।** विधानसभा चुनाव 2022 के निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और बाबुओं को निर्वाचन आयोग द्वारा सामूहिक प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया है। यह प्रमाणपत्र निर्वाचन आयोग से प्रभारी अधिकारी व्यय लेखा टीम/वरिष्ठ कोषाधिकारी ममता सिंह को मिला है। बुधवार को वरिष्ठ कोषाधिकारी ममता सिंह ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी। निर्वाचन कार्य में कुल 178 लोगों की टीम जिले के सातों विधानसभाओं में लगायी गयी थी। जिनका कार्य लेखा टीम में 21, उड़नदस्ता टीम में 48, मानिटरिंग स्थैटिक निगरानी टीम में 59, वीडियो अवलोकन टीम में 28, एक्सपेन्डियर मानीटरिंग सेल में 9, सहायक व्यय प्रेक्षक में 7, कंट्रोल रूम में दो और मीडिया प्रमाणन में 4 लोगों की भूमिका रही है। सभी लोगों का कार्य संतोषजनक पाया गया। इस अवसर पर डिप्टी कैशियर रामचंदर ने वरिष्ठ कोषाधिकारी ममता सिंह को बधाई दी है।

### संचारी रोग के प्रति किया जागरूक



**बलिया।** हनुमानगंज ब्लाक के न्याय पंचायत बसंतपुर में बुधवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर कम्पोजिट विद्यालय, बसंतपुर, बलिया पर संगोष्ठी और रैली का आयोजन क्षेत्रीय संगिनी पूनम पांडेय और विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम देवी के नेतृत्व में हुआ। संगोष्ठी में क्षेत्रीय संगिनी पूनम पांडेय ने उपस्थित जनसमुदाय को डेंगू, चिकनगुनिया, जेई, एईएस, आईएल आई, हीटवेव, डायरिया, फाइलेरिया, मस्तिष्क ज्वर, टीबी आदि संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दी तथा लू, गर्म हवा, हीट स्ट्रोक आदि के बारे में जागरूक करके उस से बचाव के उपाय बतायीं। इस अवसर पर विद्यालय के 500 छात्र-छात्राओं के साथ अध्यापिका निवेदिता सिंह, सीमा गुप्ता, सोनम मिश्रा, माया यादव, प्रियंका सिंह, श्वेता तिवारी अध्यापक भूपेंद्र सिंह, रवि किरण यादव, कृष्णकांत यादव, सेतूनाथ सिंह, परशुराम गोंड, अरविंद कुमार सिंह, अनुराग श्रीवास्तव तथा आशाएं किरण सिंह, उषा सिंह, जया सिंह, अनीता पांडेय, कामिनी सिंह एवं रसोईया बहनें उपस्थित थीं।

### सीएचसी बांसडीह पर चिकित्सक की तैनाती

**बलिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयंत कुमार द्वारा कायाकल्प योजना के तहत विशेषज्ञ चिकित्सक डा.एसके तिवारी की नियुक्ति की गयी है। सीएचसी बांसडीह चिकित्सक की आवश्यकता को देखते हुए विधायक केतकी सिंह द्वारा लगातार कई बार शासन स्तर से संपर्क व पत्र व्यवहार किया जा रहा था। सीएचसी बांसडीह के कायाकल्प योजना से आच्छादित होने के उपरांत क्षेत्रीय विधायक केतकी सिंह द्वारा श्रीराम विद्यापीठ संस्थान को तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति हेतु निर्देशित किया गया।

### मतदान के 48 घंटे पूर्व से बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**बलिया।** नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदान से 48 घंटे पूर्व से मतदान की समाप्ति तक तथा मतगणना शुरू होने से एक दिन पूर्व की शाम 6 बजे से मतगणना की समाप्ति के रात्रि 12 बजे तक समस्त आबकारी दुकाने (देसी तथा विदेशी शराब बीयर की थोक एवं फुटकर दुकान, मॉडल शाप, भांग एवं ताडी की दुकान) पूर्ण रूप से बंद रहेगी। जिला मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार ने एक आदेश जारी कर कहा है कि जनपद में 11 मई को होने वाले चुनाव के दृष्टिगत 9 मई की शाम 6 से 11 मई की शाम 6 बजे तक यह सभी दुकानें बंद रहेंगी। इसी प्रकार 13 मई को होने वाली मतगणना को देखते हुए 12 मई की शाम 6 बजे से मतगणना समाप्ति के दिन रात्रि 12 बजे तक दुकानें बंद रहेंगी।

### बात करने से इंकार पर युवक ने युवती का किया वीडियो वायरल

**बलिया।** बांसडीहरोड थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी युवती ने गड़वार थाना क्षेत्र के एक युवक पर अश्लील वीडियो तथा फोटो वायरल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार युवती का गड़वार थाना क्षेत्र के एक युवक से कथित तौर पर प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ माह से युवती ने बात करना बंद कर दिया था। युवती ने तहरीर में लिखा है कि गड़वार थाना क्षेत्र निवासी युवक (नामजद) मुझे फोन करता था और बात करने का दबाव बनाता था। पहले मैने मना किया, लेकिन वह जबरदस्ती करने लगा तो मैं बात करने लगी। धीरे-धीरे हमारी मित्रता हो गयी। वह किसी तरह मेरा अश्लील फोटो पा गया। कुछ दिन बाद मैने बात करने से मना किया तो वह मुझे धमकी देते हुए मेरा नग्न अश्लील फोटो वीडियो बनाकर मुझे भेजा। फिर कहा कि मुझसे बात करो नहीं तो मैं फोटो वीडियो इन्टरनेट पर वायरल कर दूंगा। मैने उसकी बात न मानकर उसका मोबाइल नंबर ब्लाक करने के साथ ही बात करना बन्द कर दिया। इस बीच उसने मेरा अश्लील फोटो वीडियो मेरे दोस्तों के यहां, मेरे गांव में व अन्य सम्बधियो के यहां तथा इन्टरनेट व फेसबुक आदि पर वायरल कर दिया है। इस सम्बन्ध में उससे बात की गयी तो गन्दी-गन्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। प्रभारी निरीक्षक राज कपूर सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया कि आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### सपा के अध्यक्ष प्रत्याशी को गोंगपा व आईपीएस का समर्थन



**बलिया।** समाजवादी पार्टी से बलिया नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद प्रत्याशी लक्ष्मण गुप्ता को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी व इंडियन पीपुल्स सर्विसेज (आईपीएस) ने भी समर्थन किया है। इस आशय की जानकारी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष सुमेर गोंड व इंडियन पीपुल्स सर्विसेज (आईपीएस) के जिलाध्यक्ष सुरेश शाह ने संयुक्त रूप से देते हुए कहा कि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी व इंडियन पीपुल्स सर्विसेज (आईपीएस) के नेता व कार्यकर्ता गण शहर के सभी 25 वार्ड में घूम-घूम कर नगर पालिका परिषद बलिया के अध्यक्ष पद प्रत्याशी लक्ष्मण गुप्ता के पक्ष में प्रचार प्रसार करने का काम करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज शाह, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला संरक्षक दादा अलगू गोंड, तहसील अध्यक्ष संजय गोंड, ओमप्रकाश, सुदेश शाह, रामचंद्र आदि मौजूद रहे।

# बंजर भूमि को उर्वर बनाने के लिये मिला लक्ष्य

**बलिया।** प्रदेश सरकार ने बीहड़, बंजर और जलभराव वाली भूमि में सुधार एवं उसे उर्वर बनाने के लिए हर जनपद को लक्ष्य निर्धारित किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना से यह कार्य कराया जा रहा है। इस योजना का विस्तार अब 2026-27 तक करने का निर्णय लिया गया है। इससे किसानों को काफी लाभ हो रहा है।

जनपद में ऊसर, बंजर भूमि सुधार के लिए 400 हेक्टेयर का नया लक्ष्य दिया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में भी 400 हेक्टेयर भूमि सुधार का लक्ष्य निर्धारित था। इसके लिए 50 लाख का बजट आवंटित किया गया। पुराने लक्ष्य के सापेक्ष 340 हेक्टेयर ऊसर भूमि को खेती के योग्य बनाया गया है। 47.50 लाख रुपये खर्च हुए हैं। ऊसर भूमि पर न्यूनतम डेढ़ फीट ऊंची मेड़ बनाई जाती है। स्क्रेपिंग के तहत मिट्टी की ऊपरी और निचली परतों में से नमक को पूरी तरह हटा दिया जाता है। नमक को खेत से बाहर किसी गड्ढे में डाल दिया जाता है अथवा किसी नाले में बहा दिया जाता है। सब प्लाटिंग के तहत खेत को छोटी-छोटी क्यारियों में बांट लेना, तीसरा महत्वपूर्ण कदम होता है। खेत का समतलीकरण सबसे जरूरी काम है। यदि खेत समतल नहीं होगा तो खेत में डाला जाने वाला जिप्सम किसी एक जगह इकट्ठा हो जाएगा। समतल हो गए खेत में ढाल की ओर अथवा खेत के बीचों-बीच खेत नाली बनाया जाता है।

ऊसर को उर्वरक बनाने वाली जिप्सम को मिट्टी में मिलाकर उसे खेती के योग्य बनाया जाता है।

### ऊसर भूमि सुधारने को कई तरह की हैं विधियां

इस संबंध में भूमि संरक्षण अधिकारी संतोष यादव ने बताया कि ऊसर भूमि को सुधारने के लिए कई तरह की विधियां हैं। इनमें सबसे कारगर विधि दैंचा बोना, मेड़बंदी, स्क्रेपिंग, सब-प्लाटिंग, फ्लंसिंग और स्क्रेपिंग, जिप्सम मिक्सिंग आदि तरह की प्रक्रिया से जमीन को उपजाऊ बनाया जा सकता है। अच्छी-मजबूत मेड़ ही खेत में नमी को टिकाए रखती है।

## हत्या का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** दुबहड़ थाना पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास करने वाला एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायायलय चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना दुबहड पुलिस को सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार विगत सोमवार को वादी मारकण्डेय तिवारी पुत्र स्व. बलराम तिवारी निवासी अलमचक थाना दुबहड़ बलिया के लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्र मय फोर्स के साथ देखभाल क्षेत्र व संदिग्ध व्यक्तियों व वाहन चेकिंग में क्षेत्र में मामूर थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त ऋषिकेश पाण्डेय पुत्र स्व. तारकेश्वर पाण्डेय निवासी बन्धुराय डेरा पोस्ट दुबहड़ थाना दुबहड़ बलिया को ग्राम धरनीपुर मोड़ के पास से घटना में प्रयुक्त एक चाकू के साथ महज 24 घण्टे में ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय चालान कर दिया।

# अनुशासन, कर्तव्य निष्ठा को सर्वोपरि मानने वाला ही लीडर

**बोले कुंवर अरुण सिंह**

### सनबीम स्कूल में मॉनिटर्स सेरेमनी का हुआ भव्य आयोजन

जनसंदेश न्यूज



सनबीम स्कूल के मानीटरों के साथ विद्यालय परिवार।

**बलिया।** अनुशासन और दायित्व छात्र जीवन की पहली प्राथमिकता है। और उत्तरदायित्व उन्हें कर्तव्यों का बोध कराती है। सनबीम प्रबंधन अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ना सिर्फ जागरूक है वरन् पूरी तत्परता से प्रयासरत भी है। किशोरावस्था मानव जीवन की सबसे क्रान्तिकारी अवस्था होती है ऐसे में उनकी ऊर्जा का समुचित उपयोग कराने के लिए सही दिशा निर्देश और उत्तरदायित्वों का बोध करा कर ही एक सभ्य और सुशिक्षित समाज की स्थापना की जा सकती है तथा उनके भविष्य को सही आकार दिया जा सकता है।

इसी क्रम में विद्यार्थियों में कर्तव्य निष्ठा एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए विद्यालय में प्रतिवर्ष मॉनिटर्स सेरेमनी आयोजित की जाती है। इस वर्ष भी मंगलवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजन हुआ।

इस मौके पर कक्षा प्रथम से लेकर कक्षा द्वादश तक के समस्त नवनियुक्त मॉनिटरों को विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह तथा प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने बैच पहनाकर उन्हें उनके दायित्वों की जिम्मेदारी दी। डॉ कुंवर अरुण सिंह ने छात्रों संबोधित करते हुए मॉनिटर पद से जुड़ी अपने बाल्यकाल की घटना सुनाई तथा उन्हें उनके पद की गरिमा के निर्वहन की विस्तृत जानकारी दी।

कहा कि वास्तविक लीडर वही है जो अपने जीवन में अनुशासन और कर्तव्य निष्ठा को सर्वोपरि मानते हैं। प्रधानाचार्य डॉ अर्पिता सिंह ने 2023-24 सत्र हेतु नवनियुक्त मॉनिटरों को शपथ दिलाई तथा उन्हें उनके कर्तव्यों का बोध कराया।

इस अवसर पर विद्यालय में 10 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने पर नीतू पांडेय, निधि सिंह, एसएन पवन को पुष्प गुच्छ और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसके चतुर्वेदी, शहर बानो, पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

# बैनामा नहीं करने पर किसानों की जमीन होगी अधिग्रहित: एसडीएम

**सख्ती**

### ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के प्रति बैरिया तहसील प्रशासन गम्भीर



**बैरिया (बलिया)।** जनपद का ड्रीम प्रोजेक्ट ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के प्रति बैरिया तहसील प्रशासन गम्भीर दिख रहा है। ग्रीनफील्ड के जद में आने वाली जमीन का अगर काश्तकार शीघ्र शासन के पक्ष में रजिस्ट्री नहीं करते हैं, तो उनकी जमीन को राज्य सरकार के पक्ष में अधिग्रहण कर लिया जाएगा। इसके लिए अब बिना समय गवाये यह कार्यवायी होगी।

ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे निर्माण के संबंध में चर्चा करते हुए उपजिलाधिकारी बैरिया अत्रेय मिश्र ने बताया कि ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के जद में आने वाली जमीन के बैनामा के लिए कई बार काश्तकारों को जागरूक किया गया है।

चौपाल भी लगाया गया है। बावजूद इसके अभी कुछ काश्तकार रजिस्ट्री करने से जानबूझ कर वंचित हैं। उन्होने पुनः काश्तकारों से आग्रह किया है कि यथाशीघ्र अपनी जमीन की रजिस्ट्री सरकार के पक्ष में कर दें। अन्यथा सर्किल रेट के चार गुना के जगह सर्किल रेट का ही उन्हें मूल्य प्राप्त होगा। उनकी जमीन अधिग्रहित कर ली जाएगी। उप जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक 89.5 प्रतिशत भूमि का बैनामा करा लिया गया है।

जो शेष बचा है। इसके लिए भी किसानों को आगे आकर बैनामा कर देना चाहिए। इसके लिए लगातार हम और हमारे अधिकारी चौपाल कर रहे हैं। जनसंपर्क कर रहे हैं। अगर इसके बावजूद भी बैनामा किसान नहीं करते हैं। तो उनकी जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा।

हर हाल में मई महीने में ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का कार्य शुरू होना है। इसके लिए हर संभव कार्रवाई की जाएगी। ताकि ग्रीन फील्ड का निर्माण शुरू हो सके। निर्माण हो जाने से बलिया के विकास को काफी बल मिलेगा। रोजी रोजगार और व्यापार के लिए नया मार्ग प्रशस्त होगा।

## शैक्षणिक व्यवस्था ठीक करने को सौंपा ज्ञापन

**बैरिया (बलिया)।** श्री सुदिष्ट बाबा स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुदिष्ट पुरी रानीगंज में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चंद्रशेखर सिंह ने जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति को प्रतिवेदन देकर महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण चुस्त-दुरुस्त करने व प्रध्यापकों के समय से उपस्थिति हेतु का गुहार लगाई है। बता दें कि गत दिवस एक प्राध्यापक व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के बीच हुए विवाद के बाद शिक्षकों के शिक्षण कार्य से विरत होने की सूचना पर कुलपति सुदिष्ट पुरी महाविद्यालय पहुंची थी। चंद्रशेखर सिंह ने कुलपति को बताया अधिकांश प्राध्यापक 11 बजे दिन में महाविद्यालय में आते हैं, और तीन बजे वापस चले जाते हैं। इसके लिए उन्होंने सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन सहित कई जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरा को देखने का आग्रह किया है। महाविद्यालय मे अध्ययन अध्यापन का माहौल बिगड़ गया। इसे ठीक करना छात्र व समाज हित मे आवश्यक है।

# पार्टी उम्मीदवार के साथ निर्दल भी ठोकेंगे ताल

**बलिया।** नगर पंचायत सिकंदरपुर में चेयरमैन की कुर्सी पर कौन बैठेगा यह तो चुनाव के बाद ही पता चलेगा लेकिन यहां पूर्व व वर्तमान विधायक अपने-अपने उम्मीदवार को जिताने के लिये जबरदस्त तरीके से रणनीति तैयार किये है। अब नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह से संपन्न हो चुकी है। समाजवादी पार्टी ने जिसे अपना उम्मीदवार बनाया, उससे क्षेत्रीय विधायक मो.जियाउद्दी रिजवी खुश नहीं है।

उन्होंने नामांकन के अंतिम दिन अपना उम्मीदवार खड़ा करके सपा के राजनीति गलियारे में खलबली मचा दी है। सिकंदरपुर नगर पंचायत की राजनीति में चर्चा यह भी है कि यदि सपा के दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में रहेंगे तो इसका फायदा अन्य किसी राजनीतिक दल के उम्मीदवार को मिलेगा। ऐसे में सपा का नुकसान हो सकता है। दूसरी तरफ यह भी चर्चा है कि विधायक जिसे अपना उम्मीदवार बनाएगा उसी की लहर होगी।

बहरहाल जो भी यह वक्त तय करेगा कि सपा के दो उम्मीदवारों में सबसे मजबूत कौन होगा।

### नगर पंचायत सिकंदरपुर में अध्यक्ष पद पर ये हैं उम्मीदवार

नगर पंचायत सिकंदरपुर में कुल 20 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। जिसमें भाजपा से सावित्री, सपा से दिनेश, बसपा से निजामुद्दीन, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से लाची देवी, आम आदमी पार्टी से रीना, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से अब्दुल फैयाज अंसारी, निर्दल प्रत्याशी के रूप में कमलावती, गणेश, पूनम देवी, प्रयाग, बदरूनिशा, भीष्म यादव, रामचंदर, विभाश्री, विमलावती, शगुफ्ता परवीन, सत्यराम, सुरेश, हेमवंती और अनीता है।

# घर-घर जाकर स्वास्थ्य की जानकारी लेंगी आशाएं

**बलिया।** जिले में कोरोना मरीज मिलते ही स्वास्थ्य महकमा हरकत में आ गया है। स्वास्थ्य विभाग ने कारोना टेस्ट की गति बढ़ा दी है। शासन के निर्देश पर एक से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा।

दस्तक अभियान के तहत इस बार कोरोना लक्षण वाले मरीजों की तलाश की जाएगी। आशाकार्यकर्ता एनटीपीसीआर कीट से सैंपलिंग से जांच कर चिन्हित करेंगी। पाजीटिव मिलने पर निगरानी समिति को सूचित करेंगी। विभाग ने ब्लाकवार आशा व आंगनवाड़ी की ट्रेनिग दे दी हैं। दस्तक अभियान के तहत आशा, आंगनबाड़ी घर-घर जाकर परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जानकारी लेंगी।

विभाग द्वारा मिले फार्मेट को भरेंगी। इस दौरान किसी सदस्य को कोविड लक्षण सर्दी, बुखार या गले में खराश की शिकायत मिलेंगी तो आशाकार्यकर्ता उस सदस्य की कोविड सैंपलिंग करेगी। मरीज के पॉजिटिव आने पर होम गांव और मोहल्ले की निगरानी समितियों को देंगी। वह स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर अपलोड करने के साथ मरीज को होम आइसोलेट करेंगे।

संक्रमित मरीज के ट्रैवेल हिस्ट्री के आधार पर उनके संपर्क में आने वालों की भी तत्काल जांच की जाएगी। सही समय पर संक्रमण का पता चलने पर बढ़ने से रोका जा सकेगा। इस संबंध में जिला सर्विलांस अधिकारी डा. अभिषेक मिश्रा ने बताया कि कोविड के बढ़ते मामलों के बीच में संक्रमित की पहचान के लिए दस्तक अभियान कारगर साबित होगा। इसके माध्यम से स्वास्थ्य विभाग हर घर की स्क्रीनिंग कराएगा। जिससे कोविड मरीजों की सही जानकारी मिल जाएगी। अभियान की शुरूआत हो चुकी है।

# बोर्ड परीक्षा में सफल मेधावियों का सम्मान

जनसंदेश न्यूज

**सिकंदरपुर (बलिया)।** नगर के मोहल्ला रहिलापाली स्थित वंदना कोचिंग एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। शत प्रतिशत रिजल्ट आने पर वंदना कोचिंग के सभी अध्यापकों ने बच्चों को बधाई देते हुए उन्हें भावी भविष्य की शुभकामनाएं भी दिया। वही इंटरमीडिएट में पिंकी कश्यप 89 प्रतिशत जबकि हाईस्कूल में अंशु कुमार 88 प्रतिशत रहा।

जीव विज्ञान वर्ग में पिंकी कश्यप का 97 अंक प्राप्त है, जबकि अंशु कुमार का गणित वर्ग में 97 अंक प्राप्त है। इनके अलावा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण छात्रों मे रवि राजभर, संध्या वर्मा, अभिलेख, कृष्णा प्रजापति, ज्योति प्रजापति, आशीष राजभर, सोनू कुमार, ममता पटवा, शशि शर्मा, पिंकी, अंजली यादव, साबिहा खातून, अंजू कश्यप, नंदिनी, आंचल, सोनम, सेजल, सुनीता, बबलू, ओसामा, आकिब, अनिकेत, सिद्धांत, आदित्य, शुभम आदि दर्जनों छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।



सम्मानित हो रहे मेधावी छात्र-छात्राएं।

इस अवसर पर कोचिंग के प्रबन्धक ने बच्चों को बधाई भी दिया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को अध्यापकों द्वारा मिठाई खिलाकर, फूल माला पहनाकर बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सनोज कुमार गौतम, अभिजीत ठाकुर, प्रीति श्रीवस्तव, विनोद कुमार, अजीत तिवारी, गुलशन जहां आदि अध्यापक मौजूद रहे।

## सम्मानित हुए हाईस्कूल के मेधावी छात्र-छात्राएं

**बैरिया (बलिया)।** बड़े ही हर्षोंउल्लास के साथ यूपी बोर्ड के हाई स्कूल परीक्षा 2023 में जनपद के वरिष्ठता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले एक छात्र व दो छात्राओं को बुधवार को आचार्य जेबी कृपलानी इंटर कालेज जमालपुर विद्यालय परिवार द्वारा गर्मजोशी से सम्मानित किया गया। वही विद्यालय की ओर से प्रशस्ति प्रमाण पत्र व नकद पुरस्कार दिया गया। आयुष वर्मा निवासी देवकी छपरा 95.66 अंक प्राप्त कर जनपद के वरिष्ठता सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। जबकि सोनम गुप्त 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्राओं के वरिष्ठता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रानीगंज निवासी प्रिया वर्मा को 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है और वह जनपद में सातवें स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर इंटरमीडिएट की भी दो छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य देवतानंद राय, अध्यापक कमलेश्वर प्रसाद यादव सहित कई लोग इस कार्यक्रम में सफल परीक्षार्थियों का उत्साहबर्धन किया। वही बताया कि इनके प्रतिभा से अन्य छात्र छात्राओ को प्रेरणा लेनी चाहिए।



## दहेज उत्पीड़न में पति सास, ननद पर मुकदमा

**बांसडीह (बलिया)।** कोतवाली पुलिस ने जितौरा गांव की विवाहिता के तहरीर पर पति, सास व ननद के खिलाफ दहेज मारपीट, घरेलू हिंसा व दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गांव के मनोज वर्मा की पत्नी सिंन्धू देवी ने आरोप लगाया है कि हिन्दू, रीति रिवाज से मेरी शादी वर्ष 2017 में मनोज वर्मा से हुई। शादी में मेरे पिता ने नगद व गहने आदि सामान उपहार में दिया था। शादी से मेरी सास, ननद संतुष्ट नहीं थीं। एक साल बाद मुझे एक बच्ची हुई। मेरी सास कोशल्या देवी व ननद निशा के उकसावे पर मेरे पति बुलेट व एलसीडी टीवी की मांग करने लगे। मेरे पति मनोज मुझे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। मुझे पति, सास व ननद मारपीट कर घर से निकाल दिये हैं। मैं अपने मायके बैरिया थाना क्षेत्र के बीबीटोला मिजार्पुर में रह रही हूं। कोतवाल योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि मामले में पति, सास व ननद के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 498ए, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 3व4 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच किया जा रहा है।

# मारपीट के मामले में तीन युवकों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज

**जनसंदेश न्यूज**

**बांसडीह।** कोतवाली पुलिस ने तीन अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के सकरपुरा गांव में किशोरी से मोबाइल नंबर मांग रहे मनबढ़ों का विरोध करने पर उसके भाई को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने घायल किशोर के बाबा धनराज पासवान की तहरीर पर तीन युवकों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

धनराज पासवान ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की थी कि गांव के तीन युवकों द्वारा उनकी पौत्री से उसका मोबाइल नंबर मांगा जा रहा था। इसे लेकर उसके भाई राज ने उन युवकों का विरोध किया तो उनके द्वारा उसे बीते रविवार को गांव के राह बाबा के स्थान के पास घेरकर बुरी तरह मारपीट कर लहूलुहान कर दिया गया। मारपीट में उसे गंभीर चोटें आई है। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन युवकों लक्की, विक्की व पीयूष के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। उधर राजपुर गांव में मंगलवार देर रात अकारण दरवाजे पर आकर बैठे मनबढ़ युवक से घर के युवक द्वारा वहां बैठने का कारण पूछने पर घरवालों के साथ मारपीट करने पर पुलिस ने घर की महिला की तहरीर पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। फुलबसिया देवी ने तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव का युवक गोलू बिंद देर रात आकर बैठा था।

इस दौरान उनके पौत्र अखिलेश ने उससे इतनी रात वहां होने का कारण पूछा तो वह बिना बात मारपीट पर उतारू हो गया और हाथ में लिये हुए डंडे से अखिलेश को मारना शुरू कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने पंहुचे घरवालों के साथ भी उसने मारपीट की और शोर मचने पर वहां से भाग गया। पुलिस ने गोलू बिंद के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। उधर दरांव पेट्रोल पंप के पास मंगलवार की देर रात ट्रक मालिकों के बीच हुई मारपीट में पुलिस ने छोटकी सेरिया गांव के दो भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के आमघाट निवासी रोशन सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि देर रात में पंप के पास अपने ड्राइवर से बालू का हिसाब किताब कर रहा था तभी छोटकी सेरिया गांव के गोलू सिंह व अभिषेक सिंह अपना हिसाब किताब करने को लेकर मारपीट करने लगे तथा मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने गोलू व अभिषेक के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि तीनों मामलों का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## उत्कृष्ट छात्रों को किया गया सम्मानित

**सहतवार।** आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहतवार के प्रधानाचार्य अरूण कुमार उपाध्याय व प्रबन्धक रामबहादुर वर्मा द्वारा विद्यालय के उत्कृष्ट छात्रों को जो 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मानित किये गये छात्र पायल यादव, अंकित पाण्डेय, नीतू यादव, रणवीर सिंह, प्रिंस कुमार पटेल, निहाल वर्मा, काजल वर्मा, प्रीतम कुमार राजभर, दीपेश कुमार गुप्ता, निधि वर्मा, आकाश कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक सुरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र यादव, चन्दन वर्मा, आदर्श वर्मा, विश्वनाथ त्रिपाठी, अमरदेव मिश्रा व गोरखनाथ वर्मा आदि मौजूद रहे।

## छात्रा को प्रधानाचार्या ने किया सम्मानित

**बलिया।** जनपद में आठवां स्थान आने पर राजकीय बालिका इण्टर के छात्रा रक्षा शुक्ला एवं गणित विषय में 97 अंक प्राप्त करने अंकिता पाण्डेय को प्रधानाचार्या अलका पाण्डेय द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कक्षाधापिका रंजनी श्रीवास्तव, प्रियंका सिंह, विजेन्द्र वर्मा, किरन चैहान द्वारा छात्रों को शुभकामना व आशीर्वाद दिया।

# एनीमिया की रोकथाम के लिए परियोजना का शुभारंभ




**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निर्देश के क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जयन्त कुमार ने एनीमिया में कमी लाने हेतु परियोजना का शुभारंभ बुधवार को होटल महादेव पैलेस में किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के मार्ग दर्शन में केयर इंडिया संस्था ने आयोजित किया।

इस परियोजना के तहत चिलकहर विकास खण्ड के 10 ग्राम पंचायतों में केयर इंडिया स्वास्थ्य, आई.सी.डी.एस. एवं पंचायती राज विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विभिन्न गतिविधियों को सम्पन्न किया जायेगा। जिसका लक्ष्य 6-59 महीने की उम्र के बच्चों, किशोर, किशोरियों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं सहित सभी आयु वर्ग की महिलाओं में एनीमिया को कम करना है। कार्यक्रम में डॉ. आर.बी यादव जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एन.एच.एम.), राजेश कुमार (एल्केम फाउंडेशन), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिलकहर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी चिलकहर सुरेश सिंह यादव ने विस्तार से अपने विचार रखे।

केयर इंडिया के अनुराग श्रीवास्तव द्वारा परियोजना के उद्देश्य एवं गतिविधियों के बारे मे विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसके अंतर्गत एनीमिया के प्रभावितों के परीक्षण, उपचार और ट्रैकिंग में सुधार करना, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के साप्ताहिक आयरन और फोलिक एसिड के साथ-साथ प्थ। की आपूर्ति और उपयोग को मजबूत करना,आहार संबंधी आदतों और स्वच्छता के बारे में समुदाय की जानकारी में वृद्धि करना एवं गंभीर एनीमिया के मामलों के प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना आदि विस्तृत जानकारी दिया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. आर बी यादव ने एनिमिया की रोकथाम के लिए अनेक व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की तथा पूरी टीम से इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं चुने हुए पंचायतों को माडल पंचायत के तौर पर विकसित करने की बात की। केयर इंडिया के श्री शशि रंजन के द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपेक्षित परिणामों की चर्चा की गयी, जिसमें प्रमुख रूप से लक्षित आबादी की स्क्रीनिंग, गर्भवती महिलाओं द्वारा आईएफए-ग्रहण में सुधार, साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण में सुधार एवं लक्षित लाभार्थियों एल्बेंडाजोल का दिया जाना आदि विंदुओ को शामिल किया गया। कार्यक्रम में विकासखण्ड चिलकहर के संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं समस्त पर्यवेक्षिकाओं के साथ-साथ, सभी दस पंचायतो के ग्राम विकास अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित अन्य प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

# ...अब मोबाइल एप पर कृषि संबंधित मिलेगी जानकारी

**बलिया।** कृषकों को खेती-किसानी से जुड़ी जानकारी जल्द ही अब मोबाइल एप पर आसानी से मिलने लगेगी। कृषि निवेश केंद्र के साथ अन्य जानकारी देने के लिए नामित कर्मचारी मोबाइल एप पर अपलोड करने में जुटे हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति (नेशनल मास्टर प्लान) के तहत डिजिटल एग्रीकल्चर को जिले में प्रोत्साहित किया जाएगा।

रिमोर्ट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर की मदद से कृषि निवेश केंद्रों, प्रयोगशाला, कृषि प्रक्षेत्र, फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर की जियो टैगिंग कर अपलोड किया जाएगा। अपलोडिंग के दौरान दुकान में मौजूद स्टॉक, सामग्री वार बिक्री रेट का विवरण दर्ज करना होगा।

खेती-किसानी से जुड़ी जानकारी के साथ कब कौन सा उर्वरक प्रयोग करना, कौन-कौन सा बीज किस रेट पर किस दुकान पर मौजूद है, उर्वरक की स्थिति समेत अन्य जानकारी किसानों को एक ही प्लेटफार्म पर मिलेगी। जिले में संचालित राजकीय फार्म हाउस, राजकीय कृषि बीज भंडार, कृषि रक्षा इकाई, उर्वरक दुकान, बीज दुकान, कृषि रक्षा रासायन दुकान, कस्टम हायरिंग सेंटर तथा फार्म मशीनरी बैंक का डाटा मोबाइल एप पर अपलोड होगा।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि श्री अन्न योजना के तहत जनपद के किसानों को विकास खंड़ कार्यालय से मोटे अनाज के बीज उपलब्ध कराएं जाएंगे। इसके लिए इच्छुक किसान ब्लॉक मुख्यालय में आवेदन कर सकते है।

### किसानों को मिलेगी पर्याप्त जानकारी

इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि डिजिटल एग्रीकल्चर योजना के तहत किसानों को मोबाइल पर खेती-किसानी व कृषि निवेश से जुड़ी जानकारी मिलेगी। इससे जहां किसानों का समय बचेगा, वहीं उन्नत खेती-किसानी में सहूलियत होगी। अपलोडिंग कार्य समय से पूरा हो सके इसकी निगरानी की जा रही है।

# डीएम-एसपी ने जिला जेल का किया निरीक्षण

**जायजा**

## व्यवस्था सम्बन्धी जरूरी जानकारी नहीं होने पर जेलर को लगाई फटकार

**जनसंदेश न्यूज**



**बलिया।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर बुद्धवार की शाम को अचानक जिला जेल पहुंच गए। भारी संख्या में पुलिस के जवानों के साथ पहुंचे अधिकारी द्वय ने एक साथ सभी बैरकों की जांच की। कैदियों से बातचीत कर आश्वस्त हुए कि उनकी कोई समस्या तो नहीं।

जेल की व्यवस्था को लेकर तथा जरूरी जानकारी नहीं होने पर जिलाधिकारी ने जेलर राजेंद्र सिंह को कड़ी फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि जेल में सफाई व्यवस्था बेहतर रखी जाए। जो भी आवश्यक रजिस्टर हैं, उनको हमेशा अपडेट रखा जाए और जेलर हर जानकारी से अपडेट रहें। निरीक्षण के दौरान साथ में गए इंस्पेक्टर और पुलिस के जवानों को अलग-अलग टुकड़ी बनाकर सभी बैरकों में एक साथ भेजी गई। हालांकि, चेकिंग के बाद कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली।

जिलाधिकारी ने कैदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा। जेल के अस्पताल में जिलाधिकारी पहुंचे तो वहां कोई मेडिकल स्टाफ नहीं था। इस पर उन्होंने सवाल किया कि किसी न किसी मेडिकल स्टाफ को तैयार रहना चाहिए। स्टाफ की ड्यूटी लगी थी, उनके बारे में पूरी जानकारी तलब की। जेल में जाम नालियों की सफाई को लेकर भी उन्होंने कड़े निर्देश दिए।

### सीसीटीवी कैमरे बढ़ाने के निर्देश

जिलाधिकारी ने जेल की निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के बारे में जानकारी ली। आवश्यकता के हिसाब से कम कैमरे लगे होने पर उन्होंने निर्देश दिया कि कैमरा बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

## समय से कार्य पूरा न होने पर ठेकेदारों को नोटिस

**बलिया।** अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो.नि.वि. बलिया ने बताया है कि मुख्य विकास अधिकारी बलिया द्वारा लोक निर्माण विभाग को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण खण्ड लो.नि.वि. बलिया के कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत पूर्वांचल विकास निधि योजना में स्वीकृत कार्य जो अभी भी अपूर्ण है को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस सम्बन्ध में विभाग की ओर से सम्बन्धित फर्मों, ठेकेदारों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी गयी है कि यदि समय से कार्य पूर्ण नहीं होता है तो फर्म, ठेकेदार पर अर्थदण्ड लगा दिया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि में परिवर्तन

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 13 मई 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव होने के कारण, उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि में परिवर्तन किया गया है, जो अब 21 मई 2023 रविवार को आयोजित की जायेगी।

उक्त को दृष्टिगत रखते हुये अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-3, नोडल अधिकारी (लोक अदालत) बलिया हुसैन अहमद अंसारी, की अध्यक्षता में 26 अप्रैल 2023 को 3 बजे, जनपद बलिया के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग के साथ प्री-ट्रायल बैठक, आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 21 मई 2023 को व्यापक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से की गयी, जिसका संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव, नरेन्द्र पाल राणा के द्वारा किया गया।

उक्त बैठक में 21 मई 2023 को आयोजित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 21 मई 2023 को उनके क्षेत्राधिकार से सम्बन्धित वादों का सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण करा कर, राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने का सुझाव दिया गया तथा राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु न्यायालयों एवं जनपद बलिया के समस्त बैंकों द्वारा अधिक-से-अधिक संख्या में नोटिस, सम्मनों को जारी किये गये है, जिसे अधिक से अधिक संख्या में तामिल कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण हो सके। तथा इसी क्रम में यह निर्देशित किया गया कि लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार, स्थानीय स्तर पर सहयोग प्राप्त करते हुये करें, तथा आम जनता को लोक अदालत के प्रति जागरूक करें। साथ-ही मामले को यथासम्भव विधिक प्रावधानों के अधीन रहते हुये सुलह-समझौते एवं लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराने हेतु जनता को प्रेरित करें।

उक्त बैठक में दुर्गा प्रसाद तिवारी अपर पुलिस अधीक्षक, मो. फहीम कुरैशी सि.ओ. रसड़ा, उस्मान सि.ओ. बैरिया, भूषण वर्मा सी.ओ. सिकन्दरपुर, एस.एन. वैभव सी.ओ. सिटी, शिव नरायण सी.ओ. बांसडीह, अशोक कुमार मिश्र सी.ओ. सदर, ए.के. अग्रवाल अधिशासी अभियन्ता, अमित कुमार अधिशासी अभियन्ता, उमेश कुमार अधिशासी अभियन्ता, एवं राजकुमार सिंह अधिशासी अभियन्ता उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई को लेकर सदस्य जिला पंचायत संघ ने सौंपा ज्ञापन



**मऊ।** पूर्व ब्लाक प्रमुख बड़रांव विद्युत प्रकाश यादव पर प्रशासन द्वारा गुंडा एक्ट के तहत की गई कार्यवाही को लेकर सदस्य जिला पंचायत संघ द्वारा जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें यह मांग की गई कि पूर्व ब्लॉक प्रमुख विद्युत प्रकाश यादव एक सम्मानित नेता है उनके विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है वह काफी गलत की गई है राजनैतिक विद्वेष के चलते पूर्व ब्लाक प्रमुख पर यह कार्रवाई की गई है। सदस्य जिला पंचायत संघ द्वारा ज्ञापन के माध्यम यह मांग की गई है कि पूर्व ब्लाक प्रमुख विद्युत प्रकाश यादव पर गुंडा एक्ट के तहत जो कार्यवाही की गई है वह अनुचित है प्रशासन इसे तत्काल वापस ले। इस दौरान सदस्य जिला पंचायत संघ के अध्यक्ष सुभाष चंद्र यदुवंशी, अजय जयसवाल, विनय कुमार, प्रिंस यादव, वंश बहादुर यादव, वीरेंद्र चैहान, राजेश यादव, संतोष राजभर आदि लोग मौजूद रहे।

### न्यायालय के समय में हुआ परिवर्तन

**मऊ।** जनपद न्यायाधीश रामेश्वर ने बताया कि जनपद न्यायालय, मऊ माह मई व जून 2023 में प्रातःकालीन कार्यालय का समय पूर्वाह्न 06.30 से अपराह्न 01.30 बजे तक तथा न्यायालय का समय पूर्वाह्न 07 बजे से अपराह्न 01 बजे का निर्धारित किया जाता है। भोजनावकाश पूर्वाह्न 10.30 बजे से 11 बजे का होगा।

# पिछले वर्ष बाढ़ के दौरान आई कमियों को समय से पूर्व करें पूरा : डीएम

**बैठक**

## जनपद स्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक संपन्न



**मऊ।** बुधवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर जनपद स्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि वर्ष 2023 में बाढ़ से निपटने हेतु रिजर्व स्टॉक के रूप में कुल ईसी (नया) 71925, नायलान क्रेट 1000, मिजार्पुर स्टोन बोल्डर 2000 घन मीटर, जीआई वायर क्रेट 2000, जियो बैग 2200, गैवियान रोप 500 संख्या की सामग्री की आवश्यकता है, जिसमें ईसी बैग (नया) 35825, नायलॉन क्रेट 1376, मिजार्पुर स्टोन बोल्डर 600 घन मीटर, जीआई वायर क्रेट 50 एवम् जिओ बैग 200 की मात्रा में रिजर्व स्टॉक में है।

अवशेष रिजर्व स्टॉक की आपूर्ति हेतु ईसी बैग(नया) 36100, नायलान क्रेट 800, मिजार्पुर स्टोन बोल्डर 1940 घन मीटर, जीआई वायर क्रेट 1950, जिओ बैग 200, गैवियान रोप 500, जिनकी कुल कीमत 96.51लाख है,उसका प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इसके अलावा वर्ष 2023 में बाढ़ से पूर्व तटबंधों के अतिसंवेदनशील/ संवेदनशील स्थलों को भी चिन्हित कर कार्य योजना तैयार की गई है, जिसके अंतर्गत बांधों पर हुए रेनकट्स,शाही होल्स, पॉट होल्स, रैट होल्स तथा कमजोर भाग की मरम्मत, रेगुलेटर गेटों की ऑयलिंग, ग्रीसिंग, मरम्मत आदि से संबंधित कार्य किए जाने हैं।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पिछली बार बाढ़ के दौरान आई समस्याओं के बारे में चर्चा करते हुए सभी संबंधित विभागों को सारी तैयारियां समय से पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारियो एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों की समन्वित टीम से कमजोर तटबंधो को चिन्हित कर उनके सुदृढ़ीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिशासी अभियंता सिंचाई को दिए। इसके अलावा आपदा के समय तत्काल सहायता हेतु एनडीआरएफ की टीम से पूर्व में ही संपर्क स्थापित कर जनपद हेतु टीम रिजर्व रखवाने को कहा। उन्होंने पिछले वर्ष बाढ़ के दौरान गैस सिलेंडर, मिट्टी के तेल, भूसा आदि से संबंधित शिकायतों के दृष्टिगत सभी संबंधित अधिकारियों को इनकी पर्याप्त मात्रा मैं उपलब्धता समय से पूर्व ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए शरणालय की व्यवस्था करने के दौरान ऊंचे एवं सुरक्षित स्थल को ही चिन्हित करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए, जिससे बाढ़ के दौरान वहां पर जलजमाव की स्थिति ना आने पाए। उन्होंने बाढ़ से संबंधित सभी अधिकारियों को पिछले वर्ष बाढ़ के दौरान सामने आई कमियों के दृष्टिगत सारी तैयारियां समय से पूर्व ही पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे बाढ़ के दौरान आपदा से प्रभावित लोगों की अधिक से अधिक मदद की जा सके।

बैठक के दौरान ही जिलाधिकारी ने इस वित्तीय वर्ष में सिंचाई विभाग द्वारा निमार्णाधीन परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश अधिशासी अभियंता सिंचाई को दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, अपर जिला अधिकारी भानु प्रताप सिंह, कृषि उपनिदेशक एसपी श्रीवास्तव, समस्त उप जिला अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई वीरेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी जितेंद्र कुमार सिंह एवं आरपीएन सिंह यादव सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### जून माह में लगने वाली परिषद वर्ग हेतु दोनों प्रांतों के कार्यकर्ता को सौंपी जिमेदारियां



**बलिया।** विश्व हिन्दू परिषद के दो प्रांतों काशी एवं गोरक्ष प्रांत के कार्यकताओं की आवश्यक बैठक नागा जी सरस्वती विद्या मंदिर माल्देपुर पर संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र रहे। बैठक में जून माह में लगने वाली परिषद वर्ग हेतु दोनों प्रांतों के कार्यकर्ता बंधुओं को जिमेदारिया सौंपी गई। आगामी 10 दिवसीय वर्ग में केंद्रीय अधिकारीगण में संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री विनायक राय देशमुख, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय, गोपाल समेत कई केंद्रीय अधिकारी रहने वाले है। 40 जिलों से आने वाले कार्यकर्ता बंधुओं को 10 दिन में संगठनात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उक्त अवसर पर प्रान्त संगठन मंत्री परमेश्वर, प्रांत मंत्री नागेंद्र, सहमंत्री मंगल देव चैबे, वंशराज पांडे, पुरुषोत्तम, तारकेश्वर, पूर्णेंदु, चंद्रसेखर, भागवत, दिव्यांशु, केदार, पारस मणि, दुर्गेश, सुनील यादव, भानु, संजेश, राजू पटेल, अरुण सिंह, शुभम यादव आदि उपस्थित रहे।

### चाय पर चर्चा, किसका हो रहा खर्चा



**बलिया।** निकाय चुनाव के मतदान होने में भले ही अभी समय हो, लेकिन चाय की दुकानों पर चुनावी चर्चा जोर-शोर से चल रही है। वहीं दूसरी तरफ आम मतदाता मुस्कुराते हुए यह कहते देखे जा रहे है कि किसकी हवा चल रही है। चार्य पर चर्चा किसका हो रहा खर्चा इसकी भी चर्चा खूब हो रही है। कुल्हड़ में चाय के साथ राजनीतिक बहस सुबह के समय चौराहों पर जमकर हो रही है। कलेक्ट्रेट परिसर में मार्निंग वाक करने वाले लोगों के मुंह से यह जरूर सुनने को मिल रहा है कि हमारी पार्टी जितेंगी। कोई कह रहा है कि हमारी पार्टी विकास को लेकर आगे बढ़ रही है। वहीं कोई कह रहा है कि यह स्थानीय चुनाव है और हमें ऐसे नेता को चुनना है जो हमारे बीच का हो। बहरहाल जो भी चुनावी रणक्षेत्र में कौन आगे होगा और कौन पीछे, यह तो चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चल सकेगा। लेकिन हर व्यक्ति अपने दल से जुड़े नेताओं के सम्मान के लिये पार्टी उम्मीदवार को जिताने के लिये गजब की मानिटरिंग कर रहे है। इस फिल्ड में कुछ ऐसे भी लोग है जो जनता का फीडबैक भी ले रहे है। सुबह और शाम जब चाय और पान की दुकानों पर चुनाव की चर्चा शुरू हो रही है तो लोगों की बात खत्म नहीं हो रही है।

# सभासद प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क जनता में गिनाई सरकार की योजनाएं

**मऊ।** नगर पालिका चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। बीजेपी ने निजामुद्दीनपुरा वार्ड नंबर 12 से माधुरी देवी को सभासद प्रत्याशी बनाया है। माधुरी देवी और उनके प्रतिनिधि राजीव कुमार सैनी ने रामलाल गली, डीसीएसके गली, ब्रह्मस्थान के पीछे वाली गली में जाकर लोगों से जनसंपर्क किया। बीजेपी प्रत्याशी ने जनसंपर्क के दौरान मोदी और योगी की डबल इंजन वाली सरकार की उपलब्धियां गिनाई।

जनसंपर्क के दौरान माधुरी देवी के प्रतिनिधि राजीव कुमार सैनी ने कहा कि वार्ड नंबर 12 में रहने वाले हर व्यक्ति के सुखदुख में शामिल होने का मेरा भरपूर प्रयास रहता है। हम निजामुद्दीन पुरा वार्ड नंबर 12 के चैमुखी विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। इस वार्ड में बेहतर गली, सड़क, साफ-सफाई, बेहतर स्वास्थ, शिक्षा, समुचित विद्युत व्यवस्था का प्रबन्ध कराने की मेरी प्राथमिकता होगी। निजामुद्दीनपुरा वार्ड नंबर 12 को हर क्षेत्र में अग्रणी करने का प्रयास होगा।



उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को वार्ड के अंतिम कतार में खड़े व्यक्ति तक पहुचाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करेंगे। वार्ड के हर समस्या का निदान करने का प्रयास रहेगा। उन्होंने बताया कि आज भी किसी समस्या का संज्ञान होने पर मेरा उसे अधिकारियों तक उन मुद्दों को पहुँचा कर सहयोग करने का प्रयास रहता है। मैं निरन्तर क्षेत्र के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित रहता हूं। वार्ड को नगर का सर्वश्रेष्ठ वार्ड कैसे बनाया जा सके उसके लिए मैं निरंतर प्रयत्नशील रहता हूं। वार्ड में स्वच्छता और वार्ड का सुंदरीकरण निरंतर होता रहे ये भी हमारी प्राथमिकता है। वार्ड के हर मार्ग को सुंदर, स्वच्छ व अच्छा बनाया जाये इस कार्य में भी हम लगे हुए हैं। वार्ड में जलनिकासी की बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# अपना नहीं, नगर का भला करने वाला हो अध्यक्ष जनता बोली विकास करने वाले को ही चुनेंगे

**देवेंद्र कुशवाहा**

**कोपागंज, मऊ।** निकाय चुनाव में नामांकन पूरे हो चुके हैं। 28अपैल उम्मीदवारो को चुनाव निशाना भी मिल जायेगा। हर तरफ चुनाव का शोर है। इसी के साथ लोगों की उम्मीदें भी हैं और सपने भी। सबसे ज्यादा बात नगर अध्यक्ष पद को लेकर हो रही है। लगातार दूसरी बार महिला सीट होने के कारण कई महिला उम्मीदवार मैदान में हैं। बृहस्पतिवार को जनसंदेश टाइम्स की टीम ने कोपागंज नगर पंचायत के कई वार्डों की आवाम के बीच संवाद कर उनकी राय जानी।

जनसंदेश टाइम्स के संवाद में नगर पंचायत क्षेत्र की जनता ने न सिर्फ बेबाकी से अपनी बात रखी, बल्कि समस्याओं के समाधान को सुझाव भी दिए। कहा कस्बे का अध्यक्ष ऐसा हो, जो जनता की समस्याओं को समझे। उनका समय पर निस्तारण भी कराए। नगर पंचायत क्षेत्र के निवासियों ने कहा कि अध्यक्ष ऐसा हो जो अपना नहीं, नगर का विकास कराने की सोचे।

नगर पंचायत क्षेत्र के निवासियों ने कहा कि सबसे बड़ी समस्या कोपागंज में दोस्तपुरा मुहल्ले सहित कई मुहल्लो जल निकासी, पार्किंग न होना, सीवर लाइन न होना, भरतमिलाप, चैक, ओडियाना बजार, कसारा मोड, भातकोल मोड, मूत्राशय की कोई व्यवस्था नहीं है अव्यवस्थित ट्रैफिक और टूटी सड़कें बनी हुई हैं।

लोगों ने बताया कि नगर पंचायत कोपागंज का अध्यक्ष पद 3 बार सपा झोली में रहा है। पुराने वार्डों का तो विकास हुआ लेकिन कोपागंज नगर पंचायत में जुड़े नए गांव अभी विकास से कोसों दूर है। नगर पंचायत कोपागंज अध्यक्ष पद के लिए निर्दल समाजवादी, भाजपा, भारतीय समाज पार्टी समेत अन्य पार्टियों के बैनर तले लोग दावेदारी कर रहे हैं। नगर पंचायत कोपागंज के निवासी मुना शर्मा ने बताया कि इसमें शक नहीं है कि नगर पंचायत कोपागंज का विकास बड़े पैमाने पर किया गया है।

नगर पंचायत बनने से जुड़े गांवों में विकास नहीं हो पाया है। उम्मीद है कि इस बार के चुनाव के बाद यहां तेजी से विकास कार्य कराए जाएंगे। जनता चाहती है, उसका अध्यक्ष ऐसा हो, जो इन प्रमुख बिंदुओं पर प्रमुख प्राथमिकता से कार्य करें। जिससे कस्बो की जनता को राहत मिले। वहीं पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने वाला अध्यक्ष हो। अब ऐसा अध्यक्ष हो जो लोगों की बुनियादी जरूरतों को समझे, कस्बा को स्मार्ट सिटी बनाए।

# हाईटेंशन की चपेट में आने से रिटायर्ड दरोगा की मौत

## बच्चा पैदा होने पर घर में गाया जा रहा था सोहर

**बारा।** बिजली विभाग की लापरवाही ने पुलिस विभाग से रिटायर्ड हुए एक दरोगा की जान ले ली। वर्षों से खेत में लटक रहे हाईटेंशन लाइन के तार की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। दरोगा की मौत से परिवार में चीखपुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करने के बाद अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। गहमर कोतवाली के बारा गांव निवासी जंगली चौधरी (64) उत्तर प्रदेश पुलिस से दरोगा के पद से रिटायर्ड हुए थे। जंगली चौधरी के दो पुत्र जितेंद्र चौधरी और कृष्णा चौधरी हैं। बड़ा पुत्र जितेंद्र बरेली में रेलवे में कार्यरत है। जितेंद्र के जुड़वा बच्चे पैदा हुए हैं। बुधवार को घर में बरही कार्यक्रम चल रहा था। नात-रिश्तेदारों में निमंत्रण बांटा गया था। घर में सोहर गाया जा रहा था। बुधवार दोपहर जंगली चौधरी बारा बाजार से मिठाई लेकर साईकिल से घर जा रहे थे। तभी खेत में हाईटेंशन लाइन के झूल रहे तार की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस और विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन पर घटना की सूचना दी, दारोगा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि खेतों में चार फीट की ऊंचाई पर हाईटेंशन लाइन की तार लटक रही है। तार ऊपर करने के लिए कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दरोगा की मौत के बाद सूचना देने के बाद भी बिजली विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। मृतक की पत्नी, बेटे, बेटियों और भाई का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में चौकी प्रभारी बारा मनोज तिवारी ने बताया कि परिजन शव को लेकर जिला अस्पताल चले गए। पुलिस को भेजकर पोस्टमार्टम सहित आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।


बारा गांव में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दरोगा की मौत के बाद मौके पर जुटी लोगों की भीड़।

### अवैध शराब-चाकू के साथ गिरफ्तार

**सेवराई।** पुलिस अधिक्षक द्वारा अपराध व अपराधियो ,अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध जनपद में चलाये जा रहे अभियान के तहत गहमर पुलिस ने अवैध शराब और चाकू के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। जानकारी अनुसार बीती मंगलवार की रात गहमर थाना के बारा चौकी इंचार्ज मनोज तिवारी को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि एक शराब तस्कर बिहार में तस्करी करने के लिए शराब लेकर जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर चौकी इंचार्ज मय हमराहियों के साथ मगरखाई तिराहे के पास पहुंची तो एक व्यक्ति झोले के साथ आता दिखाई दिया पूछताछ में इधर उधर की बात करने पर संदिग्ध का पुलिस द्वारा जब जमा तलाशी ली गई तो उनके पास से कुल 90 पाउच देशी शराब और एक चाकू बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम आशीष कुमार पुत्र सुरेश बिंद अखौरीपुर चौसा जिला बक्सर (बिहार) का निवासी बताया । इस संबंध में कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम व 4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# चुनाव आयोग की गाइडलाइन का पालन करेंगे प्रत्याशी : एसपी

जनसंदेश न्यूज

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय क्षेत्र में नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर स्थानीय कोतवाली परिसर में सर्वदलीय बैठक का आयोजन हुआ। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि सभी प्रत्याशी एवं मतदाता चुनाव आयोग के गाइडलाइन का पालन करेंगे। जिसको लेकर उपस्थित अधिकारी समूह ने तत्काल निवारण करते हुए बताया कि किसी भी स्थिति में मतदान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण स्थिति में हो।

मतदान के दौरान किसी भी व्यक्ति का अनुचित प्रयोग करते हुए पाया गया तो उस पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मतदाताओं के पूछने पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि केवल दिव्यांग जनों या असहाय लोगों को बूथ तक पहुंचाने के लिए वाहन का प्रयोग किया जा सकता है।

इसके अलावा बूथ के 100 मीटर तक किसी भी तरह के बाहरी लोगों के रहने की इजाजत नहीं होगी। उन्होंने अभी बताया कि 100 मीटर के दायरे में कोई घर है तो वहां सिर्फ घर वाले होंगे बाहरी लोग उन घरों में नहीं रहेंगे अन्यथा उन पर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

सभा में नगरपालिका निकाय के चुनाव में सभासद पद के लिए चुनाव लड़ रहे सभी 25 वार्डों के 119 भावी सभासद तथा 7 अध्यक्ष पद के भावी उम्मीदवार उपस्थित थे। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत सिंह, क्षेत्राधिकारी हितेंद्र कृष्ण, उपजिलाधिकारी भारत भार्गव, कोतवाली प्रभारी घनानंद त्रिपाठी, एसएसआई राजीव त्रिपाठी, द्वितीय प्रभारी रामबचन चौधरी, वीरेंद्र राय, संजीव पांडे, रामाशंकर आदि रहें।


मुहम्मदाबाद कोतवाली परिसर में बैठक के दौरान प्रत्याशी ।

# कारागार का जिला जज एसपी ने किया निरीक्षण


जिला कारागार का निरीक्षण कर बाहर निकलते जिला जज, एसपी।

**गाजीपुर।** जिला जज संजय कुमार और एसपी ओमवीर सिंह ने बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारागार चिकित्सालय, महिला एवं पुरूष बैरक, रसोई घर देखी। साथ ही सीसीटीवी के संचालन व्यवस्था की जांच की। निरीक्षक के दौरान कारागार चिकित्सालय में भर्ती बंदियों से बीमारियों के संबंध में पूछा और उनके खान-पान एवं साफ-सफाई की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टॉक रजिस्टर की जांच की। इसके बाद बारी-बारी से सभी बैरकों का निरीक्षण किया। बैरकों में बंदियों के कार्ड पर अगली पेशी की तिथि भी देखी।

कारागार में रसोई घर के निरीक्षण में प्रत्येक दिन बनने वाले भोजन के मीनू की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अंदर किसी भी दशा में मोबाइल का प्रवेश न होने पाए। इसके लिए रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाकर चेक किया जाए। इसके अतिरिक्त महिला बंदी गृह में दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली।

# पीएम ग्राम सड़क योजना में भ्रष्टाचार का आरोप

**आक्रोश**

### एक सप्ताह पूर्व निर्माणाधीन सड़क की बिखरने लगी गिट्टियां

**बिरनो।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्शन किया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने खराब सड़क की जांच और पुनः निर्माण की मांग की है।

जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र के जरगो अंबेडकर पार्क से बीरबलपुर माइनर तक करोड़ों रूपए का कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत हो रहा है। जिसकी लंबाई लगभग सात किलोमीटर है। ग्रामीणों ने बुधवार को निर्माणाधीन सड़क पर झाड़ू लगाकर विरोध प्रदर्शन किया है। आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण में विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। मानकविहीन सड़क निर्माण में सिर्फ गिट्टीया बिछाकर बिना तारकोल मिलाए बना दिया गया है। एक सप्ताह पूर्व बने सड़क की गिट्टियां इधर-उधर बिखरने लगी है।

**ग्रामीणों का आरोप है** कि जहां सरकार तमाम दावे कर रहे हैं कि भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं ठेकेदारों द्वारा सड़क बनाने में काफी अनियमितताएं की जा रही है। बावजूद इनके ऊपर कोई भी कार्रवाई नहीं हो पा रही है।


कोहत्तरी गांव में सड़क पर झांडू लगाकर गिट्टी बटोरते ग्रामीण।

ग्रामीण अमरेश यादव, मनोज यादव, मेवा यादव, ग्राम प्रधान अवधेश राम, नथुनी शर्मा, नथुनी राम, लल्लन प्रसाद ,लल्लन बिंद, महातिम यादव सुदामा राम सुरेश राम चंद्रबली यादव, पूर्व प्रधान अवधेश राम आदि लोगों ने बताया कि सड़क ठेकेदार के खिलाफ अगर शासन प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है तो ग्रामीण मुख्यालय पर धरना व प्रदर्शन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

> प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत जो सड़क निर्माण कार्य हो रहा है वह मानक के अनुसार है। कुछ जगह कार्य बच गया था जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। जो गिट्टीया सड़क पर बिखर रही है। उन सभी गिट्टियों को झाड़ू मरवा कर साफ कर दिया जाएगा। सड़क पर डाली गई गिट्टी पर रोलर चल चुका है। एक सप्ताह में सभी गिट्टी चिपक कर अपना स्थान ले लेगी।
>
> **अधिशासी अभियंता जेपी यादव।**

# सेहत से खिलवाड़ कर रहे मानक विहीन अस्पताल

**लापरवाही**

### छोटे मकानों, दुकानों में संचालित हो रहे अस्पताल

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जिले में बिना रजिस्ट्रेशन के कई अस्पताल, मेडिकल स्टोर्स, पैथालॉजी सेंटर धड़ल्ले से चल रहे हैं। इनके पास न तो प्रशिक्षित चिकित्सक हैं और न ही स्वास्थ्य कर्मी। फिर भी बुखार से लेकर ऑपरेशन तक का जिम्मा उठाकर मरीजों की जान जोखिम में डालने से नहीं चूकते हैं। ऐसा भी नहीं कि इन अस्पतालों के बारे में विभाग अनभिज्ञ है क्योंकि उसके वरदहस्त व मेहरबानी के बिना कुछ भी संभव नहीं है। सूत्रों की माने तो वर्तमान में जिले में सिर्फ चार से पांच ही ऐसे निजी क्लीनिक संचालित हो रहे हैं, जिन्होंने स्वास्थ्य विभाग में अस्थाई रजिस्ट्रेशन करवा रखा है। इसके अलावा गांव से लेकर शहर तक कुकुरमुत्ते की तरह क्लीनिक, अस्पताल, पैथालाजी सेंटर संचालित हो रहे हैं। और तो और कई ऐसे भी हैं, जो आगे मेडिकल की दुकान चला रहे हैं और पीछे दो कमरों में पूरा नर्सिंग होम संचालित कर रहे हैं। इन अस्पतालों में कोई डिग्री धारक चिकित्सक भी नहीं है लेकिन हर तरह के मरीजों को भर्ती कर उनका आर्थिक शोषण के अलावा जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। छोटे मकानों, दुकानों में चलने वाले अस्पताल मानक से कोसों दूर हैं। इतना ही नहीं इन अस्पतालों के बाहर डॉक्टरों के नाम व डिग्री के लगे बोर्ड मरीजों को गुमराह कर रहे हैं। बोर्ड देख जब लोग इलाज के लिए पहुंचते हैं तो बोर्ड पर लिखे डॉक्टर मिलते ही नहीं अब इस तरह के मामले आने के बाद जिले का स्वास्थ्य विभाग सख्त कार्रवाई करने का दावा कर रहा है।

### न आग बुझाने के इंतजाम न एनओसी

जिले में आवासीय नक्शे की आड़ में चलाए जा रहे अस्पताल पर विनियमित क्षेत्र के अधिकारी भी सख्त नहीं है। आज तक किसी ने मानक पूरे नहीं किए न अग्निशमन विभाग से एनओसी ली और न ही विनियमित क्षेत्र से नक्शा स्वीकृत कराया। आग से बचाव के लिए अस्पताल में स्प्रिंकलर, फायर अलार्म, पाइप लाइन होनी चाहिए। लगभग 50 हजार लीटर का टैंक जमीन के अंदर, 25 हजार लीटर छत पर होना चाहिए। बाहर निकलने के लिए कम से कम दो गेट होने चाहिए। रैंप और सीढ़ियों की चौड़ाई 1.2 मीटर होनी चाहिए।

### अतिक्रमण की मार से संकरी हो गई सड़कें

**सैदपुर।** छोटा सा शहर अतिक्रमण की मार से कराह रहा है। अतिक्रमण की वजह से छोटी-छोटी सड़कें संकरी हो गई हैं। इन सड़कों से बड़े वाहन तो दूर छोड़ो छोटे वाहन भी नहीं गुजर सकते हैं। इससे चारों ओर दिन भर जाम का झाम लगा रहता है। शहरवासी इस समस्या से हर दिन जूझते रहते हैं। जाम का झाम खत्म करने के लिए अतिक्रमण हटना जरूरी है, लेकिन वोट बैंक के लालच में नगर पंचायत के जिम्मेदार अतिक्रमण का दंश खत्म नहीं करा रहे हैं। इससे आमजन के साथ व्यापारियों को भी पीड़ा झेलनी पड़ रही है। दरअसल, नगर पंचायत ने अभी तक शहर से अतिक्रमण हटवाने की कोई योजना तैयार नहीं की है। परेशानी को देखते हुए पुलिस प्रशासन अगर अतिक्रमण हटवाने की कोशिश करता है तो नगर पंचायत प्रशासन पुलिस प्रशासन का सहयोग नहीं करता। इस वजह से समस्या जस की तस बनी रहती है। समय-समय पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान छेड़ने की बात तो सभी करते हैं लेकिन हर बार यह दावा हवा-हवाई साबित होता है। धरातल पर कोई कवायद नहीं की जाती।

# बैंक की शाखाओं में धमकी पुलिस,संदिग्धों की ली तलाशी

**सुहवल।** स्थानीय थाना पुलिस ने बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था परखने के उद्देश्य से बुधवार को बैंक चेकिंग एवं संदिग्धों की तलाश में सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसके चलते लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान पुलिस ने जगह-जगह वाहन चेकिंग के दौरान 19 विभिन्न वाहनों का ई- चालान किया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने मय पुलिस बल के साथ क्षेत्र के सभी बैंकों की चेकिंग की। सबसे पहले ताड़ीघाट ग्रामीण बैंक के बाहर खड़े वाहनों की चेकिंग एवं पूछताछ की। पुलिस ने बैंक के अन्दर मिले लोगों की आईडी,पास बुक चेक किया। साथ ही संदिग्ध लोगों की तलाशी भी ली। इसके बाद पुलिस बड़ौदा यूपी बैंक सुहवल, बैंक आफ इंडिया, गरूआमकसूदपुर, ढढनी, बेमुआ, व यूबीआई ढढनी शाखा बैंको की चेकिंग के साथ ही विभिन्न एटीएम की भी चेकिंग की गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर चेकिंग की गई,बैंक के आसपास बाहर व रोड पर बेवजह बाइक लेकर खडे 19 बाईकों का ई-चालान किया गया।


कालूपुर तिराहे पर वाहनों की चेकिंग करती सुहवल पुलिस।

# आम रसीला पर असर है जहरीला

**गाजीपुर।** फलों के राजा आम का सीजन शुरू हो गया। खाने में इसका स्वाद रसीला भी है। स्वाद के धंधे में आम के स्वाद को जहरीला बनाया जा रहा है। लोग खरीदते भी हैं और स्वाद में भूल जाते हैं कि कैल्शियम कार्बाइड से पकाए जाने वाला आम उनकी सेहत खराब कर रहा है।

शहर में ही नहीं बल्कि जिले के कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्बाइड के धड़ल्ले से प्रयोग ने जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बड़ा दिया है। जिम्मेदार आंखें मूदे रहते हैं। कारोबारी जल्दी फल पकाकर मुनाफा कमाने के चक्कर में सेहत से खिलवाड़ करने में नहीं चूकते। अभी तो फल मंडी में बाहरी आम की आवक हो रही है। मई के अंत और जून के महीने में स्थानीय प्रजातियों का आम भी आने वाला है। सब रसीला स्वाद चखने को तैयार हैं। खरीदते वक्त भूल जाते हैं कि परखा जाए कि आम प्राकृतिक रूप से पका है या फिर कार्बाइड का प्रयोग किया गया है। जानकारी पर पता लगा कि थोक व्यापारी बड़े वाहनों में कच्चे आम मंगाते हैं ताकि बिकवाली के दौरान समय भी लग जाए तो कोई घाटा न हो। बिक्री के अनुरूप आम को कार्बाइड से 30 से 40 घंटे में पका दिया जाता है। इससे आम की आपूर्ति डिमांड के अनुरूप हो जाती है और खराबी का डर नहीं रहता। यही आम छोटे विक्रेताओं से लोगों के घर तक पहुंचते हैं। गाजीपुर शहर में ही दर्जनों गोदामों पर यह काम होता है। वही कस्बाई क्षेत्रों में भी कार्बाइड से आम पकाने का प्रचलन तेज हो चुका है। खास बात तो यह है कि कार्बाइड प्रतिबंधित होने के बावजूद शहर में ही परचून की दुकानों या कुछ खास विक्रेताओं के यहां उपलब्ध हो जाता है। आज तक जहरीले कार्बाइड पर अंकुश को सब जिम्मेदार आंखें मूदे ही नजर आते हैं।

**धोखाधड़ी**

### कारोबारी जल्दी फल पकाकर मुनाफा कमाने के चक्कर में सेहत से कर रहे खिलवाड़

# जल निगम की जर्जर पानी टंकी दे रही हादसे को दावत

**मनमानी**

### डीएम ने रेलवे के अनुरोध पत्र पर सम्बन्धित विभाग को जल्द पानी टंकी को हटाने का आदेश दिया

### डीएम के निर्देश के ढाई साल बाद भी ध्वस्त नहीं हुयी टंकी

जनसंदेश न्यूज

**सुहवल।** मेदनीपुर गाँव के समीप नये रेल लाइन के दायरे में आ रही पुरानी पानी टंकी को डीएम के आदेश के ढ़ाई साल बाद भी जलनिगम के द्वारा उसका ध्वस्तिकरण नहीं कराया जा सका। जिसके चलते ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को लेकर महकमें की चिन्ता बढ़ गई है। यही नहीं नये रेल वाडक्ट एप्रोच के ठीक बगल में स्थित यह पानी टंकी अब धीरे-धीरे स्वतः टूटकर गिर रही है। जो कभी भी बड़े रेल हादसे का कारण बन सकता है। उल्टे जलनिगम ने ध्वस्तिकरण में होने वाले खर्च और मुआवजे को लेकर आरबीएनएल ( रेल विकास निगम मिलिटेड) से ध्वस्तिकरण के होने वाले खर्च का करीब 35 लाख का मुआवजे की मांग की है। जिसके बाद से ही रेलवे में हडकंप मचा हुआ है। यही नहीं इस नये रेल एप्रोच वाडक्ट के बगल में स्थित पुरानी पानी टंकी जो अब काफी जीर्णशीर्ण हो चुकी है ,वह स्वतः धीरे धीरे टूटने लगी है,जो ट्रेनों के संचालन शुरू होने के समय कभी भी बड़े रेल हादसे का कारण बन सकता है,बावजूद सम्बन्धित महकमा लापरवाह बना हुआ है। मालूम हो कि वर्ष 2021 में पानी टंकी और उसके पंप हाउस को जारी परियोजना के दायरे हटाने का निर्णय लिया गया ताकि नये रेल रूट पर ट्रेनों का संचालन बिधा बाधा के शुरू हो सके। इसको लेकर तत्कालीन डीएम के ने रेलवे अनुरोध पत्र पर सम्बन्धित विभाग को जल्द पानी टंकी को हटाने का आदेश दिया, बावजूद जलनिगम आदेश को ताक पर रखे हुए है। मालूम हो कि इस महत्वपूर्ण पहले चरण की 9.600 किमी लंबे बारह सौ करोड़ की लागत वाली नये लगभग तैयार हो चुकी है,जिसका डीजल व इलेक्ट्रिक लोको ट्रायल हो चुका है,जिसका अब सीआरएस के बाद नया रूट ट्रेनों के संचालन के लिए तैयार हो जायेगा। इस संबंध में आरबीएनएल के पीडी जीवेश ठाकुर ने बताया कि जलनिगम को पत्र लिखा गया है,उम्मीद है कि ट्रेनों के संचालन से पहले इसका निस्तारण हो जायेगा।


मेदनीपुर गाँव के पास हादसे को दावत देती नये रेल वायडक्ट के किनारे पानी टंकी।

## संक्षेप

### बुझारत राजभर बने बसपा के जिलाध्यक्ष

**गाजीपुर।** एक बार फिर बसपा का पिछड़ो पर विश्वास जमता हुआ दिखाई दे रहा है। जिसकी शुरूआत गाजीपुर से बुझारत राजभर को पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाकर हुई। नए जिलाध्यक्ष तथा अन्य नवनियुक्त अन्य पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर उन्हें बधाई दी गई। समाजसेवी आदित्य कुशवाहा जी मनोज विद्रोही मण्डल प्रभारी वाराणसी रवि प्रकाश उर्फ दरोगा जिला जोन इंचार्ज सुरेंद्र राम जिला सचिव आदि ने माल्यार्पण कर उन्हें शुभकामना दी।



### खेत में खड़ी गेहूं की फसल को दबंगों ने काटा

**गहमर/सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के गोड़सरा गांव में चोरी से कुछ लोगों द्वारा एक व्यक्ति के खेतों से हार्वेस्टर द्वारा फसल काट लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित के तहरीर पर गहमर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गहमर थाने में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही में जुट गयी ।जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के गोड़सरा गांव निवासी मिनहाज खान पुत्र इसरार खान ने गहमर थाना में तहरीर तहरीर देकर बताया कि उसके गांव पर उसकी मां के नाम से जमीन है। जिस पर उसने गेहूं का फसल बुआई कराया था । मेरे द्वारा अपने खेत में बुआई कराई गई गेंहू के 8 खड़ी फसल को रात्रि में गांव के ही नौशाद, मुस्तफा पुत्र गण अजीज, तौकीर, तौफीक तौसीफ पुत्र गण नौशाद,औरंगजेब पुत्र मुस्ताक, सरफराज पुत्र इस्तियाक ने उसकी फसल को चोरी से हार्वेस्टर द्वारा काट लिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गहमर पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित द्वारा गांव के ही सात लोगों के खिलाफ चोरी से खड़ी फसल को काट लिए जाने का तहरीर मिला था। तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### दहेज लोभियों के खिलाफ विवाहिता ने दर्ज कराया मुकदमा

**सेवराई।** गहमर पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे पति ,सास ,ससुर व देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी अनुसार गहमर थाना क्षेत्र के लहना गांव की एक विवाहिता ने गहमर थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी विवाह 2019 में बेटाबर कला जमानिया निवासी महावीर कुशवाहा पुत्र देवमुनि कुशवाहा के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुरालजनों द्वारा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। लोक लाज की भय से कुछ दिन तक उनलोगों का प्रताड़ना सहती रही। जब अधिक परेशान किया जाने लगा तो पीड़िता ने मंगलवार को गहमर थाने में पति महावीर कुशवाहा, देवर रघुबीर ,सास केशिया देवी व ससुर देवमुनि के खिलाफ नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति, सास, ससुर व देवर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पानी का व्यवसाय बना कमाई का बेहतर जरिया

**मुहम्मदाबाद।** भीषण गर्मी में ठंडा व शुद्ध पानी पीना सभी की चाहत है। वह भी तब जब पानी कम लागत में घर बैठे मिल जाए। इससे बेहतर क्या हो सकता है। बस इसी की पूर्ति के लिए कुछ लोगों ने पानी बेचने का धंधा शुरू किया। यह धंधा इस कदर चल निकला है कि अब बेहतर कमाई का जरिया बन गया है। स्थानीय तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों में सरकारी प्रयास के बाद भी अब तक ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो सका है। ऐसे में ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने की कमान पानी विक्रेताओं ने संभाल रखी है। होम्योपैथ चिकित्सक डा. दिनेश चन्द्र राय का कहना है कि पीने के पानी के प्रति जागरूक होना अच्छी बात है। यह भी ध्यान देना होगा कि जो पानी पानी पी रहे हैं वह शुद्ध है या नहीं। जिन डिब्बों में पानी आ रहा है व साफ है या नहीं।

### रेल नीर की आड़ में धड़ल्ले से बिक रहा बाहरी पानी

**गाजीपुर।** सिटी रेलवे स्टेशन पर पानी की कालाबाजारी की जा रही है। रेलनीर की आड़ में धड़ल्ले से बाहरी पानी की बिक्री की जा रही। रेलनीर की कीमत 15 रुपये हैं। वेंडर बाहरी अनधिकृत पानी 20 रुपये में धड़ल्ले से बेंचा जा रहा है। बुधवार को जनसंदेश टाईम्स टीम ने स्टेशन पर पेयजल सुविधा की पड़ताल की। पानी का खेल यहां सुनियोजित तरीके से चल रहा है। प्लेटफार्म संख्या एक पर एक आरओ प्लांट लगाए गए हैं जहां 5 रुपये में यात्री अपनी प्यास बुझा सकते है। मगर स्टेशन के प्लेटफार्म दो- तीन पर आरओ प्लांट नहीं है। प्लेटफार्म एक-दो पर खान-पान के स्टाल हैं। यहां रेलनीर का पानी उपलब्ध नहीं है। स्टेशन पर बिकने वाला बोतल बंद पानी लोकल है जबकि स्टीकर ब्रांडेड कंपनियों का लगा रहता है। पानी का सेवन करने के बाद से ही यात्री इस हकीकत को जान जाते हैं लेकिन विरोध किए बिना ही पैसा देकर चले जाते हैं। वेंडर फ्रिज में अनाधिकृत पानी बोतल भरे रहते हैं। यात्री जैसे ही पानी की मांग करता है वह बोतल थमा देते हैं। उधर स्टेशन पर यात्रियों के बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं है। यात्री फर्श पर ही लेटकर समय बिता रहे हैं। सर्वाधिक समस्या प्रसाधन की है। जहां पे-एंड-यूज की शौचालय की व्यवस्था फेल हो गई है।

### गांवों में बेहिसाब बिजली कटौती ने बढ़ाई मुश्किलें

**गाजीपुर।** भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण क्षेत्र के इलाकों में विद्युत कटौती से लोग परेशान दिख रहे हैं। ग्रामीण जुबान से यहां तक कह रहे हैं कि विपक्ष के विधायक भी इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं दिखाई दे रहे हैं। बिजली कटौती की मार पूरा जनपद झेल रहा है। भीषण गर्मी के दौरान गर्मी से राहत देने वाली बिजली भी इन दिनों काफी रुला रही है। कई हफ्तों से हो रही बिजली की अघोषित कटौती से लोगों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की अघोषित कटौती से आम जनमानस काफी बेहाल है। बिजली विभाग भी अब लोगों को रुलाने में जुटा है। एक तरफ सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली देने का दावा कर रही हैं। तो इन दिनों गांवों में महज कुछ घंटे ही बिजली नसीब हो रही है। क्षेत्र में हो रही 10 से 12 घंटे की बिजली कटौती के कारण लोग पेयजल के लिए भी तरस जा रहे हैं। बाहर निकलने पर लू का प्रकोप हो रहा है। पर्याप्त बिजली न मिलने से किसानों की फसलें सूख रही हैं। इस समय खेतों में मूंग, उड़द, सब्जियों की खेती है और इनमें लगातार पानी देना पड़ता है। लेकिन बिजली के अभाव में पानी नहीं जा पा रहा। ग्रामीण विकास यादव का कहना है कि बड़ी मुश्किल से 6 से 8 घंटे ही बिजली मिल रही है। एक ग्रामीण ने कहा कि जब से विधानसभा चुनाव में सातों विधानसभा सीट पर सपा गठबंधन की जीत के बाद से ही जिले के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## जनसंपादकीय

# कई और भी थे अंग्रेजों के वफादार

**एल एस हरदेनिया**



जब सोवियत रूस में क्रांति हो गई तो लेनिन ने पूरे राष्ट्र को संबोधित करते हुए यह कहा कि क्रांति के पूर्व पूरे देश के नागरिकों की क्या स्थिति थी यह मेरी चिंता का विषय नहीं है। परंतु अब क्रांति के बाद यदि कोई नागरिक देश के साथ गद्दारी करेगा तो यह किसी भी हालत में सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेषकर अधिकारियों व कर्मचारियों से सौ प्रतिषत वफादारी की अपेक्षा की।

इस तरह दक्षिण अफ्रीका में रंगभेदी शासन समाप्त होने के बाद वहां के सर्वोच्च नेता अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के नेल्सन मंडेला ने अपने देश के सभी गोरे नागरिकों को माफ कर दिया। जिस दिन दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति के रूप में उनकी शपथ हो रही थी तो मंडेला ने दुनिया भर के राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों आदि की उपस्थिति में कहा कि ह्यह्यअब मैं आपका परिचय मेरे दो अत्यंत महत्वपूर्ण मेहमानों से करवाना चाहता हूं। इसके बाद मंच पर दो गोरे आ गए। उनका परिचय देते हुए मंडेला ने कहा कि मेरे 27 वर्ष के कारावास के दौरान मेरे ऊपर सबसे ज्यादा ज्यादतियां इन दोनों ने कीं थीं। पर मैं आज इन्हें क्षमा प्रदान कर रहा हूं और इनके माध्यम से देश के उन सभी गोरों को क्षमा प्रदान कर रहा हूं जिन्होंने समय-समय पर दक्षिण अफ्रीका के मूल निवासियों पर तरह-तरह के जुल्म किए थे।

यह बात हमारे देश पर भी लागू होती है। हमारे देश पर लंबे समय तक अंग्रेजों ने राज किया। उस दौरान अनेक लोगों ने अंग्रेजों की सेवा की। लाखों लोगों ने अंग्रेजों की नौकरी की। हजारों लोग सेना और पुलिस में भर्ती हुए। अंग्रेजों की पुलिस ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर गोलियां चलाईं जेल में उन्हें नाना प्रकार की यंत्रणाएं दीं। आजादी के बाद इन सभी कर्मियों की सेवाएं यथावत रखी गईं। यहां तक कि उच्चतम पदों पर पदस्थ आईसीएस अफसर सभी राज्यों के मुख्य सचिव सहित ज्यादातर महत्वपूर्ण पदों पर बने रहे। हमारे प्रदेश के मुख्य सचिव लगातार आईएएस कैडर के रहे। सब ने काफी क्षमता और योग्यता से सेवाएं दीं। इनमें से कई की सेवाओं को आज भी याद किया जाता है। आरसीव्हीपी नरोन्हा ऐसे ही अधिकारियों में से थे जिनके प्रेरणादायी किस्से आज भी लोगों की जुबान पर हैं।

अंग्रेजों के शासन के दौरान देश के करीब एक तिहाई हिस्से पर राजा-रजवाड़ों का राज रहा। अंग्रेजों ने इन्हें अपने क्षेत्र में शासन करने की पूर्ण स्वतंत्रता दी। इन्हें अपनी सेना और पुलिस रखने की इजाजत दी। आजादी के बाद एक-दो को छोड़कर सभी ने आजाद भारत की सार्वभौमिकता स्वीकार की। यहां तक की राजाओं के प्रतिनिधियों ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया में भाग लिया।

अंग्रेजों के शासन के दौरान देश के करीब एक तिहाई हिस्से पर राजा-रजवाड़ों का राज रहा। अंग्रेजों ने इन्हें अपने क्षेत्र में शासन करने की पूर्ण स्वतंत्रता दी। इन्हें अपनी सेना और पुलिस रखने की इजाजत दी। आजादी के बाद एक-दो को छोड़कर सभी ने आजाद भारत की सार्वभौमिकता स्वीकार की। यहां तक की राजाओं के प्रतिनिधियों ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया में भाग लिया। इनमें से बहुसंख्यक ने स्वतंत्रता आंदोलन दबाने में अंग्रेजी साम्राज्य की मदद की।

ऐसे ही रजवाड़ों में सिंधिया परिवार भी शामिल था। इसलिए अकेले उस परिवार की निंदा करना कहां तक उचित है? हां, उन्हें भी यह स्वीकार करना चाहिए कि उनके पूर्वजों ने झांसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई के विरूद्ध अंग्रेजों की मदद की थी। परंतु ज्योंही भारत आजाद हुआ सिंधिया ने अपने साम्राज्य का विलय भारत में कर दिया और कुछ संपत्तियों को छोड़कर अपनी सारी संपत्ति भारत सरकार को सौंप दी। भारत की आजादी का उत्सव मनाने के लिए सिंधिया ने बाकायदा सभी जिलों के लिए एक निश्चित राशि मंजूर की। फिर सिंधिया परिवार देश की राजनीति में भाग लेने लगा। आजादी के बाद लगभग सभी पार्टियों ने उनकी लोकप्रियता का लाभ उठाया। यहां तक कि जनसंघ ने अपने ग्वालियर अधिवेशन के लिए माधवराव सिंधिया को स्वागताध्यक्ष बनाया। अधिवेशन में बोलते हुए अध्यक्ष अटलबिहारी वाजपेयी ने भविष्यवाणी की कि माधवराव भारत के विलियम पिट द यंगर होंगे। यंगर ब्रिटेन के ऐसे राजनीतिज्ञ थे जो मात्र 24 वर्ष की आयु में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गए थे।

सन्‌ 1967 तक माधवराव की माता विजयाराजे सिंधिया कांग्रेस की सांसद रहीं। सन्‌ 1967 में टिकट वितरण के सवाल पर उनके तत्कालीन मुख्यमंत्री डी. पी. मिश्र के साथ मतभेद हो गए और उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और कांग्रेस के विरूद्ध चुनाव लड़ा। उनके प्रभाव वाले क्षेत्र में उनके उम्मीदवार न केवल चुनाव जीते बल्कि उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवारों की जमानतें भी जप्त करवाईं। चुनाव के नतीजों से यह स्पष्ट हुआ कि ग्वालियर क्षेत्र में सिंधिया परिवार की कितनी जबरदस्त लोकप्रियता है। इसी तरह जब सन्‌ 1987 में माधवराव सिंधिया की पुत्री का विवाह हुआ तो यह आरोप लगाया गया कि विवाह की तैयारी में सरकारी साधनों का उपयोग हो रहा है। वास्तविकता जानने के लिए भोपाल से हम कुछ पत्रकार ग्वालियर गए और वहां के निवासियों से चर्चा की। लगभग सभी ने यह कहा कि यदि सरकारी साधनों का उपयोग हो रहा है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। आखिर महाराज ने अपनी पूरी संपत्ति भारत सरकार को दे दी थी इसलिए यदि उनके परिवार में हो रहे महोत्सव में सरकार मदद कर रही है तो इसपर शोरगुल मचाने का कोई औचित्य नहीं है।

वैसे यह जानने का प्रयास किया जाना चाहिए कि सिंधिया समेत अनेक राजा-महाराजा अपने-अपने इलाकों में इतने लोकप्रिय क्यों रहे?

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# बंटवारे के खिलाफ थे तारिक फतेह

## स्मरण

**आर.के. सिन्हा**



तारिक फतेह को उनके चाहने वाले एक बेखौफ लेखक के रूप में याद रखेंगे। वे सच का साथ देते रहे। वे भारत के परम मित्र थे। उन्हें इस बात का गर्व रहा कि उनके पूर्वज हिंदू राजपूत थे। वे बार-बार कहते- लिखते थे कि भारत,पाकिस्तान और बांग्लादेश के तमाम मुसलमानों के पु?खे हिंदू ही थे और उन्हें जबरदस्ती मुसलमान बनाया गया था । उनकी इस तरह की साफगोई कठमुल्लों को नागवार गुजरती थी। उनकी तारीफ यह थी कि वह डंके की चोट पर अपने पूर्वजों को हिंदू बताते रहे। बहुत कम मुसलमान यह हिम्मत दिखा पाते हैं। वह सांप्रदायिकता पर लगातार चोट करते रहे।

तारिक फतेह पहली बार 2013 में भारत दौरे पर आए थे तब उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था, 'पाकिस्तान को तो अब भूल जाइए। इसको एक न एक दिन कई टुकड़ों में टूटना ही है। वो दिन भी दूर नहीं जब बलूचिस्तान और सिंध उससे अलग हो जाएगा। पाकिस्तानी सेना एक औद्योगिक माफिया है जिसका अपने देश के अनाज, ट्रकों, मिसाइलों से ले कर बैंकों तक पर नियंत्रण हैं।' यह सुनकर पाकिस्तान के हुक्मरान तिलमिला गए थे। वे मानते थे कि, 'भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जहां मुसलमान बिना डरे स्वतंत्रतापूर्वक काम करते हैं।'

तारिक फतेह से जितने लोग मुहब्बत करने वाले हैं उससे बहुत ही कम नफरत करने वाले हैं। वे कभी इस्लाम की आलोचना नहीं करते थे, बल्कि इस्लाम के नाम पर झूठे गौरव और पाखंड की आलोचना करते थे। कट्टरपंथी उनके तर्क से तिलमिला कर रह जाता था। एक बार एक मौलवी साहब औरंगजेब की बहुत तारीफें कर रहे थे और उसे सच्चा और अनुकरणीय मुसलमान साबित कर रहे थे । तारिक फतह ने उससे सिर्फ.एक सवाल किया कि अगर औरंगजेब एक सच्चा मुसलमान था तो क्या उसने हज की थी ? मौलवी साहब बगलें झाँकते नजर आने लगे और उनकी सारी पिछली तारीफों पर फतेह साहब के एक सवाल ने पानी फेर दिया । किसी मुसलमान पर हज उतना ही बड़ा फर्ज.है जितने कि नमाज, रोजा और जकात । इनमें से कोई एक दूसरे की भरपाई नहीं कर सकता । चारों ही अलग अलग फर्ज.हैं । कोई भी मुस्लिम जब बालिग हो जाए और हज करने के लायक स्वास्थ्य और आमदनी हो तो हज तुरन्त फर्ज.हो जाती है । अल्लाह ने औरंगजेब को 96 साल की लम्बी उम्र दी, बचपन से बुढ़ापे तक तंदुरुस्त रखा । पहले शाहजादा फिर बादशाह बनाया । हज में दुनियावी मसायल की वजह से कोई माफी नहीं है । अगर सामर्थ्यवान होते हुए भी 96 साल की उम्र तक औरंगजेब हज नहीं करता तो या तो उसका हज के फर्ज. होने पर ईमान नहीं है या उसे ईश्वर पर भरोसा नहीं है कि वह हज करने गया तो वापस उसकी गद्दी उसे मिलेगी या नहीं । उसका पंजवक्ता नमाजी होना और टोपियाँ सिल कर रोजी कमाना सब बेकार गया ।

देश में सीएए-एनआरसी के मुद्दे पर हुए दंगो के बाद तारिक फतेह ने कहा था, 'हर वह व्यक्ति हिंदू है, जो हिंदुस्तान के इतिहास और परंपरा की मिल्कियत रखता है।'

मुस्लिम समुदाय में तारिक फतेह जैसा बोल्ड और जीनियस लेखक या विचारक मिलना मुश्किल है। कट्टरता के विरुद्ध बिगुल फूंकने वाला, पाकिस्तान के आतंकवाद-प्रेम पर मुखर होकर निरंतर प्रहार करने वाला कोई दूसरा मुस्लिम लेखक या विचारक मिलना मुश्किल है। इस्लाम सहित तमाम मुद्दों पर मुखर रूप से बोलने वाले तारिक फतेह टीवी डिबेट में अक्सर खुद को हिंदुस्तानी बताते थे और हमेशा सिंध और हिंद का कनेक्शन जोड़ते थे। तारिक फतेह पाकिस्तान के विचार को खारिज करते थे। वे मानते थे कि देश का बंटवारा नहीं होना चाहिए था। दुर्भाग्य यह है कि उनकी मौत का कुछ लोग जश्न मना रहे हैं। सोशल



मीडिया पर आपको तारिक फतेह को लेकर तमाम तरह की ओछी टिप्पणियां पढ़ने को मिलेंगी।

तारिक फतेह धार्मिक अतिवाद के खिलाफ बोलने और एक उदारवादी इस्लाम के पक्ष को बढ़ावा देने के लिये प्रसिद्ध थे। उन्होंने 'यहूदी मेरे दुश्मन नहीं हैं' नाम से एक पुस्तक भी लिखी। पाकिस्तान में बलूचों के आंदोलनों के समर्थक भी रहे। बलूचिस्तान में मानवाधिकारों के हनन और पाकिस्तान द्वारा बलूचों पर की जा रही ज्यादतियों के विषय पर भी बोलते और लिखते रहे। तारिक फतेह मुस्लिम इतिहास के भी प्रकांड विद्वान थे, जिस कारण तर्को और तथ्यों में उन्हें पराजित करना किसी के लिये नामुमकिन था।

तारिक फतेह बहुत बुद्धिमान व्यक्ति थे। वे पाकिस्तान के शहर कराची में जन्मे थे और 1987 से कनाडा में रहने लगे। तारिक फतेह वाकई पंजाब के शेर और हिंदुस्तान के बेटे थे, जैसा कि आपकी बिटिया नताशा ने कहा है। तारिक फतेह ने एक बार मुझसे जानना चाहा कि क्या सच है कि भारत के संविधान की मूल प्रति पर हडप्पा और मोहन जोदड़ों के चित्र हैं। मैंने कहा कि मेरे पास संविधान की मूल प्रति है आपको नन्द लाल बसु की हडप्पा और मोहन जोदड़ि की पेंटिंग दिखाता हूँ कमैंने जब उन्हें संविधान की मूल प्रति पर हडप्पा और मोहन जोदड़ो की पेंटिंग दिखाई तो वे भावुक हो उठे और उनकी आँखों से आंसू निकल पड़े क

तारिक फतेह किसी टीवी के कार्यक्रम में सिंध का इतिहास, पंजाब का इतिहास, पाकिस्तान के वजूद और यूपी के मुसलमानों की बात अवश्य करते थे। वे बार-बार कहते थे कि पाकिस्तान के पंजाबियों पर उर्दू भारत से पाकिस्तान गए मुसलमानों ने थोपी। इस वजह से उनसे भारत और पाकिस्तान का एक तबका खफा रहता था। यह सच है कि पंजाबियों पर उर्दू थोपी गई।

चूंकि वे एक बेखौफ साहसी लेखक थे और खुलकर अपनी राय का इजहार करते थे इसलिए उनकी जान के दुश्मन भी कम नहीं थे। उन्हें जान से मारने की धमकियां मिलती रहती थीं। कुछ समय पहले तारिक फतेह ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक 'ट्विटर स्पेस' का स्क्रीन शॉट शेयर करते हुए लिखा था कि एक सज्जन ने ग्रुप बनाया है जो मेरा सिर कलम (सर तन से जुदा) करने की योजना बना रहा है। तारिक फतेह के न रहने से आज दुनिया ने एक सच्चा लेखक खो दिया है। उनकी जब याद आएगी तो फैज अहमद फैज का यह शेर ह्यकर रहा था गम-ए-जहाँ का हिसाब आज तुम याद बे-हिसाब आएह्न याद कर ही उनके प्रशंसकों का सहारा बनेगा ।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## तारिक फतेह का जाना

**के. विक्रम राव**



तारेक फतेह चले गए। कैंसर से रुग्ण थे। टोरंटो में खाके सिपुर्द हो गए। वे 73 साल के थे। वे शरीयत में बदलाव के पक्षधर थे। कराची में जन्मे तारिक फतेह सदैव पाकिस्तान के खिलाफ रहे। वे अखंड भारत के समर्थक थे। उनकी मां सुन्नी थी, मुंबई की। पत्नी नरगिस शिया, गुजराती दाऊदी बोहरा। स्वयं को फतेह बड़ी साफगोई से किस्मत का शिकार बताते थे। उनके पिता भी जिन्ना की बात मानकर पाकिस्तान आए। 'मैं पाकिस्तानी था। अब कनाडा का हूं। पंजाबी मुस्लिम कुटुंब का था, जो पहले सिख था। मेरा अकीदा इस्लाम में है, जिसकी जड़े यहूदी मजहब में रहीं', फतेह कहते थे। अपनी जवानी में फतेह मार्क्सवादी छात्र नेता रहे। जैव रसायन में स्नातक डिग्री ली। पत्रकार के रूप में कराची पत्रिका सन के रिपोर्टर थे। जनरल जियाउल हक की सैन्य सरकार ने उन्हें दो बार जेल में डाला। देशद्रोह का आरोप लगाया।

तारिक फतेह भारतीय मुसलमानों को राय देते रहे : 'अपनी आत्मा को इस्लामी बनाओ। दिमाग को नहीं।' तारेक ने बताया था कि बाबर तो भारतीय इतिहास का कबाड़ था। वह हिंदुस्तानियों को काला बंदर मानता था। अपने लोकप्रिय टीवी शो में फतेह हमेशा ब्रिटिशराज द्वारा मुगलों के महिमा मंडन के कठोर आलोचक रहे। वे कई बार कह भी चुके थे कि औरंगजेब का नामोनिशान भारत से मिटाना चाहिए । अपने भाषण में फतेह ने कहा भी था : 'आज केवल हिंदुस्तानी ही इस्लामिक स्टेट के आतंक को नेस्तनाबूद कर सकता है। अतः क्या शुरूआत में आप नई दिल्ली में औरंगजेब रोड का नाम दारा शिकोह रोड रख सकते हैं ?' उनका सवाल था। अपने सगे अग्रज दारा शिकोह को औरंगजेब ने लाल किले के निकट हाथी से रौंदवाया था। उनका सर काटकर तश्तरी में रखकर पिता शाहजहां को भेजा था। मोदी सरकार ने तीन साल लगा दिए औरंगजेब रोड का नाम बदलने में।

तारिक फतेह अपने टीवी कार्यक्रम में अक्सर कहा करते थे कि वे बलूचिस्तान को आजाद राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं। पाकिस्तान ने उसे गुलाम बना रखा है। वे कश्मीर पर पाकिस्तान के हिंसक हमलों की हमेशा भर्त्सना करते रहे। मूलतः वे विभाजन के विरुद्ध रहे। अपनी पुस्तक 'यहूदी मेरे शत्रु नहीं हैं' में फतेह ने स्पष्ट लिखा था कि भ्रामक इतिहास के फलस्वरुप यहूदियों के साथ अत्याचार किया गया। वे मुंबई में 9 नवंबर 2008 के दिन यहूदी नागरिकों पर गोलीबारी से संतप्त थे। उन्होंने इस वैमनस्य की जड़ों पर शोध किया। उन्होंने पाया कि यहूदी से उत्कट घृणा ही इस्लाम का मूल तत्व है। वे समाधान के हिमायती थे।

तारिक फतेह ने इस्लामी राष्ट्रों द्वारा असहाय मुसलमानों की उपेक्षा को मजहबी पाखंड करार दिया था। वे मानते थे कि रोहिंग्या मुसलमान न्याय के हकदार हैं, उपेक्षा के पात्र नहीं। एक मानवीय त्रासदी आई है जहां एक पूरी आबादी पर सबसे जघन्य अत्याचार ढाये जा रहे हैं। वे एक जातीय और धार्मिक अल्पसंख्यक हैं। म्यांमार में दसियों हजार रोहिंग्या मुसलमान एक तानाशाह की सेना द्वारा क्रूर कार्रवाई में खदेड़े गये। वे शरण मांग रहे हैं, विशेषतः मुस्लिम देशों से। मगर ये सारे इस्लामी राष्ट्र खामोश हैं। तारिक फतेह ने तत्कालीन पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ की इस्लामाबाद में लाल मस्जिद तथा उसके अंदर आतंकवादियों पर कार्रवाई के पीछे की राजनीति की जांच की मांग की थी। उनकी दृष्टि में यह साजिश थी। तारिक फतेह ने लिखा था : 'जनरल मुशर्रफ और उन्हें सहारा देने वाले अमेरिकियों, दोनों को यह महसूस करना चाहिए कि मलेरिया से लड़ने के लिए दलदल को खाली करने की जरूरत है, न कि अलग-अलग मच्छरों को मारने की। पाकिस्तान में इस्लामी कट्टरवाद से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका ही है कि फर्जी मतदाता सूचियों को खत्म करें और लोकतांत्रिक चुनाव आयोजित किया जाए। निर्वासित राजनेताओं को देश में लौटने दिया जाए।'

मगर तारिक फतेह को देशद्रोही कहा गया। अखिल भारतीय फैजान-ए-मदीना परिषद ने एक निजी समाचार चैनल पर तारेक फतेह के आकर्षक टेलीविजन कार्यक्रम 'फतेह का फतवा' पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। एक मुस्लिम संगठन ने कथित रूप से अपने टीवी कार्यक्रम के माध्यम से 'गैर-इस्लामिक' विचारों को बढ़ावा देने के लिए तारेक फतेह का सिर कलम करने वाले को 10 लाख रुपये के 'इनाम' की घोषणा की थी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# प्रकाश सिंह बादल एक राष्ट्रीय व्यक्तित्व थे

## स्मृति शेष

**डॉ. प्रभात ओझा**



बहुत कम लोगों को याद होगा कि चौधरी चरण सिंह की सरकार के दौरान प्रकाश सिंह बादल 1979-80 में केंद्रीय कृषि मंत्री रहे। इसके पहले आपातकाल के बाद हुए चुनाव में वे लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। थोड़े समय के लिए बादल के इस कार्यकाल को राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका के तौर पर देखा जाय तो इसके अतिरिक्त आम तौर पर उन्होंने अपने को पंजाब तक ही सामित कर लिया था। सच्चाई है कि इसके बावजूद वे राष्ट्रीय व्यक्तित्व के स्वामी थे। तभी तो लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के वे अनिवार्य अंग बने रहे। हाल के विधानसभा चुनाव से पहले उनकी बहू हरसिमरत कौर ने केंद्र सरकार से इस्तीफा जरूर दे दिया था। एनडीए से अलग बादल का अकाली दल राज्य में सरकार नहीं बना सका परन्तु राष्ट्रीय फलक पर उनके योगदान को देखते हुए प्रदेश में राजकीय तो पूरे देश में राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके अंतिम दर्शन के लिए जाने की योजना बनाई।

असल में प्रकाश सिंह बादल अपने राष्ट्रीय व्यक्तित्व के बावजूद क्षेत्रीय राजनीति का पुरोधा माने जाते हैं। ऐसी क्षेत्रीय राजनीति, जिससे तमाम उतार-चढ़ाव के बीच पंजाब में अकाली नेता हमेशा अनिवार्य हिस्सा माने जाते हैं। चौधरी चरण सिंह मंत्रिमंडल के कृषि मंत्री प्रकाश सिंह बादल को जल्द समझ में आ गया कि वे पंजाब और पंजाबियत के लिए ही बने हैं। वैसे बाद में भी उनके अकाली दल ने केंद्र की सरकार में भागीदारी की। उनकी बहू हरसिमरत कौर और बेटे सुखबीर सिंह बादल भी केंद्र में मंत्री रह चुके हैं।

देखा जाय तो पंजाब के बाहर बादल और अकाली दल की राजनीति लुका-छीपी के खेल की तरह ही है। वे किसी राष्ट्रीय दल से समझौता भी पंजाब के क्षेत्रीय हितों को दरकिनार कर नहीं करते थे। यहां उनके इस कदम को देखना होगा, जब 2020 के किसान आंदोलन में किसानों का समर्थन करते हुए उन्होंने 2015 में मिले पद्म विभूषण सम्मान को वापस कर दिया था। इसे पंजाब के किसानबहुल लोगों के स्वाभिमान को सम्मान के तौर पर ही देखा जाना चाहिए।

पंजाब की क्षेत्रीय राजनीति 1920 में अकाली दल के गठन से शुरू हुई। सरदार सरमुख सिंह चुब्बल एकीकृत अकाली दल के पहले अध्यक्ष थे। उनके बाद मास्टर तारा सिंह के नेतृत्व में अलग पंजाब प्रांत के लिए आंदोलन और उसमें सफलता के सोपान चढ़ने की लंबी कहानी है। इसमें अंग्रेजी शासन के साथ सम्बंध वाले विवाद के अंश भी हैं। हम बात प्रकाश सिंह बादल के संदर्भ में कर रहे हैं। आजादी के बाद उन्होंने पूर्व के नेताओं से बहुत कुछ सीखा, साथ ही समर्थन-विरोध के बीच वे भी डोलते रहे। राजनीति में समर्थन-विरोध चलता रहता है। पंजाब की क्षेत्रीय राजनीति में बादल पहले कांग्रेस के साथ ही जुड़े रहे। स्वाधीनता आंदोलन और कांग्रेस के एकाकार होने की सच्चाई से प्रकाश सिंह बादल भी अछूते नहीं थे। उन्होंने विधानसभा सदस्य बनने की अपनी पहली यात्रा 1957 में कांग्रेस के टिकट पर ही पूरी की। भारतीय जनता पार्टी के पुराने रूप जनसंघ के साथ तो वे 1970 में आए। तब उन्होंने जनसंघ से मिलकर पंजाब में संयुक्त सरकार बनाई। करीब सवा साल की सरकार हिन्दी भाषा के सवाल पर जनसंघ के समर्थन वापसी के साथ गिर गई थी।

बादल का राजनीतिक सफर देश की आजादी के साथ ही शुरू होता है। वर्ष 1927 में पैदा हुए बादल सिर्फ 20 साल की उम्र में सरपंच निर्वाचित हुए थे। सरपंची की यह कुर्सी लोकतांत्रिक ढंग से भले सही, परन्तु अपने पिता से विरासत में मिली। वे 1957 में पहली बार विधायक बने और कुल दस बार पंजाब विधानसभा के लिए चुनाव जीता। इस दौरान वे पांच बार मुख्यमंत्री बने।



निधन के सिर्फ एक साल पहले वे अपने जीवन का अंतिम चुनाव हार गये। कहा जाता है कि यह उनकी पहली हार थी। यहां याद करना होगा कि बादल पहली बार 1967 में पराजित हुए थे, जब वे अकाली दल (संत फतेह सिंह) उम्मीदवार के रूप में सिर्फ 57 मतों के अंतर से हारे। अंतिम चुनाव में तो अभी 2022 में उम्र में उनसे 36 साल छोटे गुरमीत सिंह खुडियन ने बादल को बड़े अंतर से मात दी। चुनाव में शह और मात होती रहती है। बादल की मात तो सिर्फ दो बार हुई किंतु सच यह है कि पंजाब की राजनीति के वे अनिवार्य अंग बने रहे। उनकी सक्रियता के बाद राष्ट्रीय दलों को उन्हें साधने की कोशिशें करनी पड़ी। प्रकाश सिंह बादल ने बाद में 1997 में भारतीय जनता पार्टी से समझौता किया। बीजेपी को पंजाब में दखल के लिए बादल की जरूरत थी, तो बादल भी कांग्रेस के मुकाबले बीजेपी के साथ हो गये। पहले की जनसंघ के साथ वाली सरकार के मुकाबले इस बार बादल ने भाजपा से चुनाव पूर्व समझौता किया। उनके गठबंधन की सरकार बनी। बीजेपी के साथ बादल ने 2007 में भी मिलकर चुनाव लड़ा और मुख्यमंत्री बने। फिर 2012 में भी इस गठबंधन की सरकार बनी।

निधन के सिर्फ एक साल पहले वे अपने जीवन का अंतिम चुनाव हार गये। कहा जाता है कि यह उनकी पहली हार थी। यहां याद करना होगा कि बादल पहली बार 1967 में पराजित हुए थे, जब वे अकाली दल (संत फतेह सिंह) उम्मीदवार के रूप में सिर्फ 57 मतों के अंतर से हारे। अंतिम चुनाव में तो अभी 2022 में उम्र में उनसे 36 साल छोटे गुरमीत सिंह खुडियन ने बादल को बड़े अंतर से मात दी। चुनाव में शह और मात होती रहती है। बादल की मात तो सिर्फ दो बार हुई किंतु सच यह है कि पंजाब की राजनीति के वे अनिवार्य अंग बने रहे। उनकी सक्रियता के बाद राष्ट्रीय दलों को उन्हें साधने की कोशिशें करनी पड़ी। प्रकाश सिंह बादल ने बाद में 1997 में भारतीय जनता पार्टी से समझौता किया।

पंजाब के बाहर बन रहे गठबंधनों की राजनीति में प्रकाश सिंह बादल एनडीए के हिस्सा बने। वर्ष 1970 में जनसंघ के साथ सरकार बना ही चुके थे। वर्ष 1998 से 2020 तक भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए के साथ वे सहज रूप से जुड़े रहे। इस दौरान भाजपा को साथ लेकर वे दो बार राज्य में सीएम की कुर्सी हासिल करने में सफल रहे। इसी दौरान हरसिमरत कौर 2014 और 2019 में केंद्र में मंत्री बनीं। अभी 2020 के किसान आंदोलन के दौरान केंद्र सरकार और राज्य की राजनीति में से किसी एक को चुनने में देर हुई। हरसिमरत कौर ने जब केंद्र सरकार छोड़ा, तबतक देर हो चुकी थी। शायद बुजुर्ग बादल सही और सटीक दिशा निर्देश नहीं दे पाए। उन्होंने पद्मविभूषण भी लौटाया किंतु जिस पंजाब और पंजाबियत का हवाला देकर उन्होंने अपना वजूद बनाया और कायम रखा, उसी पंजाब ने हाल के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ उनकी पार्टी को भी नकार दिया। देखना है कि प्रकाश सिंह बादल के बाद बादल परिवार इसे किस ढंग से संभाल पाता है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

## व्यंग्य

# तलाश पार्टी प्रवक्ता की



**संजीव जायसवाल संजय**

हाई कमान की भौंहे तनी हुई थीं। पार्टी के छवि सुधारने के लिए निर्देश पर निर्देश जारी किए जा रहे थे किंतु छवि थी कि रसातल में मिली जा रही थी। असफलता का ठीकरा फोड़ने के लिए सिर तलाशने की गौरवशाली परम्परा रही है इसलिए तलाश शुरू हुई। गाज गिरी पार्टी प्रवक्ताओं पर। फौरन आवश्यकता निकाली गई ऐसे जुझारू प्रवक्ताओं की जो पार्टी की नीतियों को ठीक से प्रस्तुत कर सकें।

पार्टी मुख्यालय में अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। धुरंधर, घाघ, निर्भीक, तेज-तर्रार, हाजिरजवाब, जानकार, विशेषज्ञ हर किस्म के दावेदार हाजिर। किसी को पार्टी की सारी नीतियां कठस्थ थीं तो किसी की उंगलियों पर पार्टी का विजन था। पार्टी की उपलब्धियों का बखान करने वाले चारणों की तो लाईन लगी हुई थी। कोई दूसरा बाजी न मार ले जाए इसलिए साक्षात्कार कक्ष में घुसने के लिए धक्कम-मुक्का जारी थी।

पार्टी के दिग्गज एक से एक जड़ीले प्रश्न पूछ रहे थे। उनके धड़ीधड़ उत्तर भी मिल रहे थे। अभ्यर्थी पूरी तैयारी करके जो आए थे। हर अभ्यर्थी के जाने के बाद साक्षात्कारकर्ता आशा भरी दृष्टि से हाईकमान की ओर देखते किंतु उनके चेहरे की शिकन कम नहीं हो रही थी। लगता था कि योग्य उम्मीदवार की तलाश अधूरी रह जाएगी।

धक्का-मुक्की से विरत वह श्वेतधारी इत्मिनान से अलग बैठा था। न कोई जल्दबाजी न कोई हड़बड़ी। जब सारे उम्मीदवार निबट गए तब उसने भीतर प्रवेश किया।

'आप हमारी पार्टी की नीतियों के बारे में क्या जानते हैं?' एक दिग्गज ने प्रश्न किया।

'देखिए सत्ता पक्ष की एक ही नीति है, अनीति की। गरीब भूखों मर रहे हैं लेकिन उन्हें मलाई काटने से फुर्सत नहीं' उन्होंने बताया।

'हम आपसे अपनी पाटी की विशेषता पूछ रहे हैं सत्ता पक्ष की नहीं' दूसरे दिग्गज ने टोंका।

'कोई एक विशेषता हो तो बताऊं? जब से ये सत्ता में आए हैं लूट मचा रखी है। मंहगाई और व्यापार घाटा बढ़ता जा रहा है। गैस और पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं, बेरोजगारी चरम पर है, सीमा पर अशांति मची हुई है। इनकी एक ही विशेषता है, येन-केन-प्रकारेण सत्ता पर काबिज रहना' उन्होंने आवाज उंची करते हुए जवाब दिया।

'अरे भाई, आप हमारी पार्टी के बारे में क्या जानते हैं?' पहले दिग्गज का स्वर तेज हो गया।

'अब जानने को बचा ही क्या है? जितने भी गुंडे-मवाली, लुटेरे, बलात्कारी थे सब सत्ता पक्ष में शामिल होकर देश को लूटने में जुटे हुए है। जब से ये सत्ता में आए हैं लॉ एण्ड आर्डर नाम की कोई चीज ही नहीं बची है' उन्होंने मेज पर घूंसा पटकते हुए कहा।

'हम आप से आम पूछ रहे हैं और आप इमली बता रहे हैं' दूसरे दिग्गज ने डपटा फिर बोला,'सीधे-सीधे बताईए कि आप हमारी पार्टी के सामाजिक चिंतन के बारे में क्या सोचते हैं?'

'समाज का चिंतन बचा ही कहां है? सत्ता पार्टी ने तो सामाजिक ताने-बाने को तार-तार कर दिया है। वोटों की खातिर समाज के टुकड़े-टुकड़े कर दिए हैं। इन लोगों को सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है' उन्होंने एक-एक शब्द पर जोर देते हुए कहा।

'अजीब आदमी हैं आप। विषय पर बात ही नहीं कर रहे। हर प्रश्न का उलटा उत्तर दे रहे हैं' पहले दिग्गज का भी पारा गरम हो गया। उसने चीखते हुए कहा,'आपसे आखिरी प्रश्न पूछ रहा हूं। हाल ही में हमारी पार्टी को कुछ सफलताएं मिली हैं उनका श्रेय आप किसको देंगे?'

'श्रेय किस बात का? देश-विदेश हर मोर्चे पर असफल है यह सरकार। उद्योगों में ताला लग रहा है, कामगारों की नौकरियां जा रहीं, किसान आत्महत्या कर रहे, बैंको में घोटाले हो रहे हैं, टैक्स चोर मजे कर रहे हैं, मां-बहनों की इज्जत लुट रही है। कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां इस सरकार को सफलता मिली हो फिर श्रेय किस बात का?' वे गला फाड़ते हुए चीखे।

दोनों दिग्गज भी गला फाड़ बरस पड़े,'आप पागल हो गए है। विषय पर बात ही नहीं कर रहे हैं। निकल जाइए यहां से। हमें आप जैसे प्रवक्ताओं की...'

'...ही आवश्यकता है' अब तक शांत बैठे हाई कमान ने उनकी बात काटी फिर मुस्कराते हुए बोले,'बेस्ट डिफेंस इज ए गुड ऑफेंस। युद्ध में तलवार रोंकने से ज्यादा महत्व तलवार भोंकने का होता है उसी तरह लोकतंत्र में कीचड़ साफ करने से ज्यादा महत्व कीचड़ उछालने का होता है। महाशय में हवा का रूख मोड़ने की क्षमता है। इनसे बेहतर प्रवक्ता और कोई हो ही नही सकता।'

अगले दिन से वे पार्टी की ओर से चैनलों पर तलवार भांजने लगे। उनके मुकाबिल दूसरी पार्टियों को भी पलटीबाजों, कीचड़ोलाजिस्टों और कुतर्करिस्टों को उतारना पड़ा। लोकतंत्र को श्मशान में दफनाने के लिए सभी पूर्ण ईमानदारी से कटिबद्ध हैं और जनता नागनाथों और सांपनाथों को क्रमिक रूप से पूजने के लिए प्रतिबद्ध।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 7318213943)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# स्पष्ट नीति के साथ काम कर रही भाजपा: सूर्य प्रताप शाही

**निकाय चुनाव**

## भाजपा प्रत्याशी अभिषेक जायसवाल दीनू के चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन


भाजपा कार्यालय पर हवन पूजन करते कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अभिषेक जायसवाल दीनू के पुरानी सब्जीमंडी स्थित चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने फीता काटकर और हवन पूजन कर किया। इसके बाद कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मड़या स्थित एक होटल के सभागार में कार्यकताओं और पदाधिकारियों संग बैठक किया।
कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सुशासन व विकास की स्पष्ट नीति के साथ काम कर रही है। भाजपा सरकार में कानून का राज स्थापित हुआ है। अपराधियों माफियाओं पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। उत्तर प्रदेश दंगा मुक्त प्रदेश बना है। जनता का विश्वास भाजपा सरकार पर लगातार बढ़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जनपद के विकास की योजना बनाकर काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार सभी महिलाओं, युवाओं किसानों, के उत्थान का काम कर रही है। निकाय चुनाव में जन सहयोग से विजय प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह, अखिलेश तिवारी, रामाधीन सिंह, अखिलेश मिश्रा गुड्डू, जयनाथ सिंह, विनोद राय, राजेश सिंह महुआरी, देवेन्द्र सिंह, श्रीकृष्ण पाल, प्रेम प्रकाश राय अवनीश मिश्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आदर्श नगर पालिका बनाना ही लक्ष्य : दीनू जायसवाल

**आजमगढ़।** नगर पालिका परिषद् आजमगढ़ के भाजपा प्रत्याशी अभिषेक जायसवाल दीनू ने नामांकन के बाद से ही अपनी पूरी ताकत झोंक दिया है। बुधवार को नगर के आराजीबाग मुहल्ला में सुबह ही जनसम्पर्क अभियान चलाया गया, जहां डोर-टू-डोर जाकर नगर की सरकार बनाने के लिए पूर्ण विकास का संकल्प दिलाया गया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद आजमगढ़ को आदर्श नगर पालिका बनाना ही उनका लक्ष्य है। यह जनसम्पर्क अभियान बैकुंठ मंदिर से निकलकर पूरे आराजीबाग मुहल्ले में घूमती नजर आई और लोगों से एक बार फिर दीनू जायसवाल की अपील किया गया।

# इनामियां हिस्ट्रीशीटर पशु तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के पशु तस्कर गैंग लीडर 15 हजार रुपए के इनामी अपराधी को जीयनपुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार गैंग लीडर पर डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।


जीयनपुर कोतवाली में गिरफ्तार अभियुक्त

जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने बीते 16 मार्च को जिलाधिकारी से गैंगशुदा घोषित कराया गैंग लीडर मोहम्मद रईस पुत्र रियाजुद्दीन निवासी खालिसपुर की गैंग में जावेद पुत्र मुख्तार निवासी कुरेश नगर, फैयाज पुत्र बदरुद्दीन निवासी कुरेश नगर, कैप्टन पुत्र समसुद्दीन निवासी खालिसपुर सक्रिय सदस्य हैं जो अभ्यस्त अपराधी हैं जिसकी विवेचना बिलरियागंज थाना प्रभारी ब्रह्मदीन पांडेय द्वारा की जा रही है। इनके ऊपर दर्जनों की संख्या में संगीन मुकदमे दर्ज हैं। गैंग लीडर रईस पुत्र रियाजुद्दीन निवासी खालिसपुर पर पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। पुलिस गैंग की तलाश कर रही थी।

मुखबिर की सूचना पर जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने पुलिस बल के साथ खालिसपुर गांव से बुधवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया।

## संक्षेप

### जीयनपुर कस्बा में एचडीएफसी बैंक का हुआ शुभारंभ



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कस्बा में बुधवार को आजमगढ़ गोरखपुर मुख्य मार्ग पर दोहरीघाट रोड पर जीयनपुर कस्बा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त एचडीएफसी बैंक की शाखा का शुभारंभ हुआ। अजमतगढ़ खंड विकास अधिकारी संतोष कुमार यादव, एडीओ एजी प्रदीप भारती, कैफी आजमी क्लस्टर हेड, प्रभात मणि त्रिपाठी शाखा प्रबंधक ने समारोह पूर्वक एचडीएफसी बैंक की शाखा व एटीएम का फीता काटकर शुभारंभ किया। वही बैंक एटीएम का भी शुभारंभ किया गया। इस दौरान दीप प्रज्वलन कर विधि-विधान पूर्वक बैंक शाखा का उद्घाटन किया वहीं शाखा प्रबंधक प्रभात मणि त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि संतोष कुमार यादव व एडीओ एजी प्रदीप भारती व नेहाल मेंहदी, दिनेश तिवारी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान क्लस्टर हेड कैफी रिजवी ने बताया कि जीयनपुर कस्बा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त बैंक शाखा का शुभारंभ किया गया है जिसमें सेविंग अकाउंट, करंट अकाउंट, एफडी, आरडी, लोन, गोल्ड लोन, कार लोन, लाकर सहित आधुनिक सुविधा उपलब्ध है। वही जीयनपुर कस्बा में बैंक से खुलने से लोगों में खुशी है। बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने का भरोसा जताया। इस अवसर पर बैंक स्टाफ एहतेशाम अहमद, निखिल यादव, सत्येंद्र कुमार, नसीब अख्तर सहित दर्जनों की संख्या में कस्बा के लोग मौजूद रहे।

### वाहन चेकिंग से माहुल में मचा हड़कंप



**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर में लगातार दो दिन से शाम के वक्त अहरौला पुलिस द्वारा की जा रही वाहन चेकिंग से हड़कंप मचा हुआ है। मंगलवार देर शाम जहां प्रभारी निरीक्षक अहरौला योगेंद्र बहादुर सिंह द्वारा माहुल के शंकर जी तिराहे पर चार पहिया और दो पहिया वाहनों की सघन तलाशी के साथ ही साथ एक दर्जन से अधिक वाहनों का चालान किया गया। वहीं बुधवार देर शाम अपराध निरीक्षक अहरौला द्वारा दो दर्जन से अधिक वाहनों के चालान काटे गए। लगातार दो दिनों से भारी संख्या में पुलिस द्वारा की जा रही इस कार्यवाही से माहुल बाजार में हड़कंप मचा हुआ है।

### पर्यावरण के क्षेत्र में योगदान दे रहा जनपद का लाल



**आजमगढ़।** भारत की राजधानी दिल्ली में के संयुक्त राष्ट्र संघ हेडक्वार्टर में 20 अप्रैल को आयोजित टाइड टर्नर प्लास्टिक कार्यक्रम में युवा पर्यावरण चैंपियंस की उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ निवासी अभिषेक मणि ने भी उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। अभिषेक जिले के तहबरपुर ब्लॉक के नैपूरा गांव के निवासी हैं। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेकर अभिषेक 2021 में चैंपियन के रूप में चुने गए। पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार अपना योगदान देते आ रहे है। नवंबर 2022 में अभिषेक ने मिस्त्र में आयोजित जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया, फिर मार्च में अमेरिका में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन में यूनिसेफ इंडिया का प्रतिनिधित्व किया। अभिषेक लगातार 4 वर्षो से पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के कार्य करते आ रहे हैं। वर्तमान में यूनिसेफ द्वारा संचालित यूथ फॉर वाटर प्रोग्राम में अंतर्राष्ट्रीय संपर्क अधिकारी के रूप में अपना योगदान दे रहे हैं।

### तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**संजरपुर (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए गए अभियान के तहत सरायमीर थाना क्षेत्र के नरदह पुलिया के पास से मुखबिर की सूचना पर सब इंस्पेक्टर अजीज खान ने एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। जामा तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम शंकर यादव उर्फ.झब्बू पुत्र सीताराम यादव निवासी नंदाव थाना सरायमीर बताया।

### उद्योग बंधु की बैठक 27 को

आजमगढ़। उपायुक्त उद्योग एसएस रावत ने बताया है कि जिला स्तरीय उद्योग बन्धु, स्वः रोजगार बन्धु, एकल मेज व्यवस्था, औद्योगिक एवं व्यापारिक सुरक्षा फोरम तथा श्रम व व्यापार बन्धु की बैठक 27 अप्रैल को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी है।

# खेल शिक्षा व योग व्यायाम के प्रति किया जागरूक

**आजमगढ़।** बाबू केदारनाथ स्मारक जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित भगत सिंह खेल एकेडमी निजामाबाद के तत्वावधान में चलाये जा रहे खेल खिलाड़ी संकल्प जागरूकता अभियान में राष्ट्रीय पहलवान अमरजीत यादव ने गांव में जाकर बालकों तथा बालिकाओं को खेल शिक्षा एवं योग व्यायाम से जुड़कर अपने भविष्य को संवारने के लिए जागरूक किया।


खिलाड़ियों को जागरूक करते पहलवान अमरजीत यादव

उन्होंने बताया कि इस जागरूकता अभियान में प्रत्येक दिन अलग अलग सम्मानित क्षेत्र वासियों को अभियान से जोड़कर इस अभियान को आगे बढ़ाने तथा प्रत्येक क्षेत्र से बालक एवं बालिकाओं को खेल से जुड़ने का आवाहन किया जा रहा है। इस अभियान में खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर अभियान को सफल बनाने हेतु डा.आदित्य सिंह, रामप्रवेश, सोनू यादव, मिथिलेश, मनोज तथा हंसराज यादव अपने अपने क्षेत्र से योगदान करने का कार्य कर रहे हैं। अमरजीत यादव ने कहा कि जब तक हम सभी लोग मिलकर नौजवानों को जागरूक नहीं करेंगे तथा खेल में भी बालकों के बराबर बालिकाओं को भी अवसर नहीं देंगे तब तक समाज में समानता और देश की तस्वीर बदलने में सफल नहीं हो पायेंगे। इसलिए सभी लोगों को इस अभियान से जुड़कर क्षेत्र एवं देश के बिकास में अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए।

# मतदान दिवस के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने बताया कि प्रदेश के नगर निगमों के महापौरों एवं पार्षदों तथा नगर पालिका परिषदों तथा पंचायतों के अध्यक्षों एवं सदस्यों के सामान्य निर्वाचन-2023 विषयक राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी की गयी है। इस निर्वाचन हेतु जनपदों में प्रथम चरण का मतदान 4 मई को एवं द्वितीय चरण का मतदान 11 मई को नियत है। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के अधीन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है, नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन, 2023 जनपद में मतदान दिवस के दिन सम्बंधित जिलाधिकारी को अपने-अपने जनपद में अवकाश घोषित किये जाने हेतु अधिकृत किया गया। उक्त अधिसूचना के क्रम में जनपद में मतदान दिवस 11 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

# कुटुम्ब रजिस्टर में नाम दर्ज करने के लिए दो पत्नियों में विवाद

**गांव में हुई पंचायत नहीं हो सका फैसला**

**दो माह में निस्तारण का हाई कोर्ट ने दिया निर्देश**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** तहबरपुर ब्लाक क्षेत्र के भोर्रा गांव में दो पत्नियों के बीच हक और अधिकार को लेकर विवाद हो गया। विवाद को सुलझाने के लिए गांव में पंचायत बुलायी गयी जिसमें दो-तीन ग्राम सचिव भी उपस्थित हुए लेकिन कोई फैसला नहीं हो सका।

तहबरपुर ब्लाक क्षेत्र के भोर्रा गांव निवासी रामजीत की शादी कुछ वर्ष पूर्व कल्पना के साथ हुई थी काफी समय बीत जाने बाद भी दम्पत्ति को कोई संतान नहीं हुई। रामजीत पूना में किसी कम्पनी में कार्य करता था। इस बीच रामजीत की पत्नी की छोटी बहन पार्वती का अपनी बहन के घर आना जाना था। पार्वती और रामजीत के बीच प्यार हो गया और दोनों ने एक मंदिर में शादी कर एक साथ रहने लगे। कुछ वर्ष बाद पार्वती को एक बच्चा पैदा हुआ बच्चे को पाकर रामजीत कल्पना व पार्वती काफी खुश हुए और खुशी पूर्वक सभी लोग परिवार में मिलजुल कर रहने लगे। रामजीत का परिवार खुशी पूर्वक जीवन बिता रहा था कि इसी बीच रामजीत की तबियत खराब हुई और अचानक उसकी मौत हो गयी। दोनों पत्नियां घर आयी और तेरही समाप्त होने के बाद पार्वती अपने बेटे को हक दिलाने के लिए दफ्तरों का चक्कर काटने लगी।

परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराने के लिए पार्वती गांव के सचिव से मुलाकात की सचिव का कहना है कि रामजीत के पास पहले से पत्नी कल्पना है इसलिए वह परिवार रजिस्टर में दूसरी पत्नी का नाम दर्ज नहीं कर सकता।

परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराने का मामला चल ही रहा था कि इसी बीच रामजीत के छोटे भाई को हिस्सा का लालच आ गयी और वह दूसरी पत्नी का नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज न हो इसके लिए हाई होर्क में रिट दाखिल कर दिया। हाई कोर्ट ने दो माह के अन्दर एडीओ पंचायत व सिकरेटरी को इस मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया। होई कोर्ट के निर्देष पर गांव में पंचायत बुलायी गयी जिसमें कई गांव के सिकरेटरी शमिल हुए। पंचायत में दूसरी पत्नी पार्वती ने कहा कि यदि मेरा व बच्चे का नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज नहीं होगा तो मैं बच्चे का डीएनए टेस्ट कराउगीं। पूरे दिन पंचायत होने के बाद भी कोई निर्णय नहीं हो सका।

# चार साल में 68 पंचायत भवन नहीं बना सके जिम्मेदार

**फूलपुर (आजमगढ़)।** प्रदेश सरकार द्वारा फूलपुर विकास खण्ड में 68 पंचायत भवनों के निर्माण के लिए 2019 में धन आवंटित होने के बाद भी 19 पंचायत भवन अभी अधूरे पड़े हैं। अधिकारियों की उदासीनता के चलते सरकार की मंशा पूरी होती नजर नहीं आ रही है। सरकार की मंशा थी कि सभी गांव में पंचायत भवन बने। इसके माध्यम से गांव में होने वाली विकास की योजनाओं के बारे में जानकारी और चर्चा हो सके। इसके लिए 2019 में सरकार द्वारा पंचायत भवनों के निर्माण के लिए धन भी अवमुक्त कर दिया गया। एक पंचायत भवन के निर्माण में 17 लाख 78 हजार रुपये के करीब खर्च हुआ। प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक की नियुक्ति की गई। उन्हें प्रशिक्षण दिया गया और प्रति माह छः हजार मानदेय के रूप में सरकार खर्च कर रही है। साथ ही पंचायत कार्यालय पर कम्प्यूटर प्रिंटर कुर्सी मेज अन्य साधन के लिए एक लाख पचहत्तर हजार रुपया खर्च किया गया। लेकिन सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उदासीनता के कारण ना पंचायत कार्यालयों से ग्रामीणों के कार्य किये जा रहे ना ही खुली बैठक के माध्यम से प्रधान मंत्री आवास का चयन और रजिस्टेज्शन ही हो रहा। विकास खण्ड के 89 ग्राम पंचायतों में 68 में पंचायत भवन का निर्माण शुरू किया गया। दो ग्राम पंचायत में भूमि नहीं मिल सकी। 9 पंचायत भवन मरम्मत योग्य और तीन ध्वस्तीकरण कर नया निर्माण कराना है। कर्मचारी एवं अधिकारी इस कदर उदासीन हैं कि 68 निमार्णाधीन पंचायत भवन में 19 आज भी अधूरे हैं। साथ ही 11 पंचायत भवन आज भी खंडहर के रूप में पड़े हैं। ग्राम पंचायत सुदनीपुर में खण्डर के रूप में दीवाल खड़ी है न मरम्मत हुआ न ध्वस्तीकरण। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी फूलपुर असविन्द यादव ने बताया कि अधूरे पंचायत भवन के खिलाफ सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारियों को उच्चाधिकारियों के निर्देशित पत्र के संबंध लिखित रूप से अवगत करा दिया गया है। ग्राम पंचायत सुदनीपुर गांव में स्थित जर्जर पंचायत भवन का निरीक्षण कर रिपोर्ट जिला सहित शासन स्तर तक भेज दी गयी है। अनुमति मिलने के बाद अगली कार्यवाही की जाएगी। जल्द ही निरीक्षण कर समस्त पंचायत भवन पर पंचायत कार्यालय संचालित कराया जाएगा।


सुदनीपुर में खंडहर में तब्दील पंचायत भवन

# एसडीएम के आदेश का नहीं हो रहा पालन

जनसंदेश न्यूज

**यह है हाल**

**पीड़ित ने खटखटाया हाइकोर्ट का दरवाजा**

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील परिसर में नायब तहसीलदार शैलेन्द्र सिंह ने कई बार एसडीएम के आदेशों का पालन नहीं किया। उक्त आरोप भिटकासो गांव निवासी संतोष वर्मा ने लगाया है। उसने कहा कि इनके कार्यों से अधिवक्ताओं ने भी इनके स्थानांतरण के लिए मुहिम छेड़ा था।


एसडीएम के आदेश की कापी दिखाता संतोष वर्मा

नायब तहसीलदार आज भी उसी तहसील में पड़े हैं। इसी क्रम में एक मामला भिटकासो गांव के पीड़ित संतोष वर्मा का है। उन्होंने बताया कि एसडीएम के आदेश के बावजूद भी नायब तहसीलदार शैलेन्द्र सिंह और रमेश राम जबरन 4 फिट के रास्ते पर पड़ोसी आरसीसी से सटा कर मकान बनवा लिया है जिसपर नायब तहसीलदार और रमेश राम जबरन बारजा का निर्माण का कार्य करवा रहे हैं। पीड़ित ने इस मामले में नायब तहसीलदार व लेखपाल रमेश राम को पार्टी बना कर हाई कोर्ट में शिकायत की है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बढ़ चढ़कर लिया भाग

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर स्थित कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय जीयनपुर में विज्ञान प्रदर्शनी, पाक कला एवं पेपर क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने चढ़ बढकर भाग लिया। बच्चों ने सेटेलाइट लांचर, कंप्यूटर मॉडल, प्रकाश संश्लेषण, देसी हल, ब्लड डायलिसिस सहित अन्य माडलों का प्रदर्शन किया।


विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते खंड शिक्षा अधिकारी निर्भय नारायण सिंह

कार्यक्रम की शुरूआत खंड शिक्षा अधिकारी निर्भय नारायण सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हर विद्यालयों में होना चाहिए जिससे बच्चों का उत्साह बढ़ेगा एवं कुछ करने की क्षमता में वृद्धि होगी। एसआरजी रामबदन यादव ने कहा बच्चों ने अपने हुनर से जो प्रदर्शन किया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र राय ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस उसे निखारने की जरूरत है। महामंत्री जसवंत कुमार ने कास्ट प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा बच्चों ने जो मॉडल प्रस्तुत किया बहुत ही आकर्षक है। प्रधानाध्यापिका किरन राय ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर राजेंद्र मौर्य, तेजप्रताप राय, एआरपी कमल यादव, विमल प्रकाश, अनिल मिश्र, कुसुम पांडेय, किरन राय, निर्मला कुमारी, प्रेमशीला, कुसुम राय, गौरव सिंह, शशिबाला राय, संध्या पटेल, प्रदीप तिवारी, जितेंद्र, सुरेंद्र चैहान, इंदु राय, विनय राय, जगदीश श्रीवास्तव, नीरज आदि मौजूद थे। अध्यक्षता पंकज चैधरी तथा संचालन हरिकेश मिश्र ने किया।

# उत्कृष्ट अंक पाने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित


छात्रों को माला पहनाकर सम्मानित करते प्रबंधक

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** यूपी बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की तरफ से सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। अतरौलिया क्षेत्र के एमपी मेमोरियल इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राणा प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

यूपी बोर्ड की हाई स्कूल की परीक्षा में आलोक मिश्रा पुत्र विजय मिश्रा 92 प्रतिशत कृष्णा सोनी पुत्र राम रूप सोनी 92 प्रतिशत गौरवकांत मिश्रा पुत्र प्रदीप मिश्रा 91.16 प्रतिशत हर्षित पुत्र राम लवट भार्गव 90.33 प्रतिशत अमन पुत्र महेंद्र 90 .66 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान पर रहे। वही इंटरमीडिएट परीक्षा में खुशी चैबे पुत्री धीरेंद्र चैबे 75.4 प्रतिशत, प्रिया मिश्रा पुत्री संतोष मिश्रा 72.8 प्रतिशत, आरोही सिंह पुत्री रणविजय सिंह 71.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय की टॉपर रही। विद्यालय के सभी टॉपर बच्चों को आज विद्यालय के प्रिंसिपल व अध्यापकों ने सम्मानित किया। प्रिंसिपल सुनील कुमार सिंह ने बताया कि यह विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र का है और सभी बच्चे ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। अध्यापकों के अथक प्रयास रहता है कि प्रत्येक वर्ष कुछ नया रिकॉर्ड बनाते रहे। इसी कड़ी में विद्यालय के 5 बच्चे हाई स्कूल में टॉपर रहे। विद्यालय के 75 बच्चों में 55 बच्चे 85 प्रतिशत से ऊपर अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किये। यहां अध्यापक भी बच्चों के भविष्य के लिए पूरी लगन के साथ पढ़ाते हैं। इंटरमीडिएट की छात्रा खुशी चैबे ने बताया कि अपने गुरुजनों व माता-पिता समेत विद्यालय के प्रधानाचार्य को इस सफलता का श्रेय जाता है। आगे चलकर सिविल सेवा में जाना चाहती हूं। हाई स्कूल के छात्र आलोक मिश्रा ने बताया कि इस सफलता का सारा श्रेय शिक्षक माता पिता और परिवार मित्रों को देना चाहता हूं जिनकी वजह से आज यह सफलता अर्जित किया। विद्यालय के प्रबंधक राणा प्रताप सिंह ने सभी टॉपर बच्चों, बच्चियों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर राजदीप सिंह समेत सभी अध्यापक मौजूद रहे।

### हाईस्कूल में अजय यादव ने टॉपटेन सूची में बनाया स्थान



**लालगंज (आजमगढ़)।** विकास खंड लालगंज के रुद्रपुर गांव निवासी अजय यादव पुत्र पारस यादव ने यूपी बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा में प्रदेश के टाप टेन की सूची में व जनपद में चैथा स्थान प्राप्त कर कुल (580अंक) 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। चिल्ड्रेन पब्लिक इंटर कालेज का छात्र अजय यादव तीन बहनों के बीच इकलौता भाई है। पिता पारस यादव प्राइवेट जॉब करते हैं माता ममता यादव गृहणी हैं। अजय का सपना आइएएस बनने का है। बुधवार को उनके आवास पर समाजवादी पार्टी लालगंज के निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष राजनरायन यादव ने पहुंच कर छात्र का माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिला कर हौसला बढ़ाया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राजनरायन यादव ने कहा कि ऐसे छात्र से क्षेत्र के छात्रों को प्रेरणा लेनी चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे छात्र मध्यम वर्गीय परिवार में रह कर सफलता प्राप्त करते हैं तो उनका सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा सीमित संसाधन में ऐसे परिणाम को चुनौतीपूर्ण कार्य कहा जा सकता है। इस अवसर पर विनोद यादव, अमरजीत यादव, सूर्यबली यादव व उनके चाचा जयप्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।

# कोचिंग संस्थान ने किया आदर्श को किया सम्मानित

**संजरपुर (आजमगढ़)।** आदर्श यादव पुत्र छोटेलाल ने 96.65 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप टेन की सूची में अपना स्थान बनाया। इससे जहां जिले का नाम रोशन हुआ। कोचिंग संस्थान ने उन्हें सम्मानित किया। मार्टीनगंज विकास खंड अंतर्गत नरईपुर गांव निवासी आदर्श क्षेत्र के बड़ी कोरौली स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ाई करता था। साथ ही में बगल के गांव पुरंदरपुर में एक भूतपूर्व वायु सैनिक मिथिलेश यादव ने सेवानिवृत्त होने के बाद गांव में ही 2020 में गरीब एवं असहाय बच्चों के लिए कोचिंग संस्थान खोल दिया।

सन 2021 में उस समय आदर्श कक्षा आठ में पढ़ रहा था। उसकी अच्छी पढ़ाई देखकर संचालक द्वारा कई बार सम्मानित भी किया गया है। संचालक द्वारा कोचिंग सेंटर में 5 अध्यापक भी रखा गया है। आदर्श भी अपनी अच्छी शिक्षा के लिए वायु सैनिक कोचिंग एंड मोटिवेशन सेंटर का आभार व्यक्त किया। आदर्श ने बताया कि अभी जमकर और पढ़ाई करनी है और इसी संस्था से वह और दक्षता हासिल कर सकता है।

# सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी लालगंज का परिणाम रहा शत प्रतिशत


विद्यालय में सम्मानित छात्र छात्राएं


कलश चौरसिया

**लालगंज (आजमगढ़)।** सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी लालगंज के कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। एक बच्चे को छोड़कर सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

कक्षा दशम का छात्र आलोक कुमार पुत्र संजय कुमार बहुत कम अंको से प्रदेश के टॉप टेन की सूची में आने से वंचित रहा। आलोक का प्राप्तांक 94.67 प्रतिशत रहा। विद्यालय में टॉप टेन रहे छात्रों आलोक कुमार, अनुभव राव, सृष्टि साहू, खुशी सोनी, रौनक साहू, विराज चैहान, शिवम कुमार, अंकुर सोनकर, श्वेता यादव तथा संजू यादव को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएसएस के जिला व्यवस्था प्रमुख उमाशंकर मिश्र तथा प्रेमनाथ सिंह ने विद्यालय में टॉप टेन छात्रों को बधाई दिया तथा उनके मंगलमय जीवन के प्रति शुभकामना व्यक्त किया। पूर्व प्रधानाचार्य ओमप्रकाश सिंह तिलखरा ने कहा कि दृढ़ संकल्प शक्ति तथा प्रबल इच्छा शक्ति से बड़ा से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सतत अध्ययन तथा लक्ष्य निर्धारण की क्षमता ही सफलता की कुंजी है। परिश्रम शील व्यक्ति के पास सफलताएं स्वयं निवास हेतु आती है। इस अवसर पर उमाशंकर मिश्र, ओम प्रकाश सिंह, प्रेमनाथ सिंह, रजनीकांत त्रिपाठी, योगेश सिंह, यशवंत साहू, संजय कुमार, नंदलाल, धीरज सिंह, सत्येंद्र सिंह, अखिलेश मिश्र, प्रधानाचार्य अंशदार यादव, बैजनाथ सिंह, नीलम यादव, उषा देवी, संजय, राहुल, विनोद, अवधेश, अनिल, हरेन्द्र, अंजुम, ममता विश्वकर्मा, सुनील, बाबूराम, प्रेमशीला, ममता राय, सीमा यादव, रिंकू रानी आदि उपस्थित रहीं। इसी क्रम में निजामाबाद तहसील क्षेत्र के मोलनापुर गांव निवासिनी कलश चैरसिया ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उसकी सफलता पर पिता मनोज चैरसिया, माता सुमन चैरसिया फूले नहीं समा रहे हैं। कलश श्रीमती कलावती देवी इंटर कालेज शिवराजपुर निजामाबाद की छात्रा है। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# चुनाव में पहचान के लिये 12 पहचान पत्र होंगे मान्य : डीएम

**जानकारी**

उप व निकाय चुनाव के लिए जारी किया गया निर्देश

जनसंदेश न्यूज



जिलाधिकारी दिव्या मित्तल

**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने जानकारी देते हुये बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार 395-छानबे (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उप निर्वाचन के लिये 10 मई 2023 को होने वाले मतदान में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नही कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिये वैकल्पिक रूप में कुल 12 फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।

वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंकों डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एन.पी.आर. के अन्तर्गत आई.जी.आई. द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिस्एबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार मान्य होगा। उन्होंने यह भी बताया कि एपिक के सम्बन्ध में लेखन अशुद्धि, वर्तनी की अशुद्धि इत्यादि को नजरअंदाज कर देना चाहिए, बशर्ते निर्वाचक की पहचान ईपीआईसी से सुनिश्चित की जा सकें। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते उस निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान केन्द्र से सम्बन्धित निर्वाचन नामावली में उपलब्ध हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचन की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब निर्वाचक को उपरोक्त में किसी एक वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा। उपरोक्त किसी बात होते हुये भी प्रवासी निर्वाचकों को, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नही) के आधार पर भी पहचाना जायेगा।

# मृतक के परिजनों को दिया जाय मुआवजा : प्रह्लाद सिंह



मृतक के घर पहुंचे किसान नेता

**अदलहाट।** क्षेत्र में बुधवार को मदनपुर खजुरौल, में अकाशीय बिजली की चपेट में आने से बीते 21 अप्रैल को रात में कल्लू सिंह का आकस्मिक निधन होने से स्वर्गीय कल्लू सिंह के आवास पर पहुंच कर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी के नेतृत्व में लोगों ने प्रह्लाद सिंह प्रदेश महासचिव के साथ पहुंच कर शोकाकुल परिवार को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके बड़े पुत्र धर्मराज पटेल व छोटे पुत्र शिवाजी पटेल और उनके छोटे भाई रामनरेश सिंह व परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। साथ ही शासन से मांग किया कि किसान के परिवार को किसान बीमा और मुख्यमंत्री राहत कोष से मुआवजा दिलाया जाय। इस दौरान अनिल सिंह, वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सावित्री देवी, डाक्टर पंचम सिंह, रामवृक्ष सिंह, अरविंद सिंह, राम सूरत सिंह, जगदीश सिंह, लक्ष्मण सिंह, शिव कुमारी देवी, राधेश्याम सिंह, राममूरत सिंह बाबाजी, कृष्णदेव सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### प्रधान के साथ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, रोजगार सेवक पर लगाया आरोप



प्रधान के साथ प्रदर्शन करते ग्रामीण

**लालगंज।** विकासखंड परिसर पर लालगंज के कोठी गांव के ग्राम प्रधान रामचंद्र मौर्य ने बुधवार को गांव के ग्रामीणों व मजदूरों के साथ प्रदर्शन करते हुए रोजगार सेवक पर आरोप लगाया कि विकास कार्य में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। जिसके कारण गांव का विकास नहीं हो पा रहा है। रोजगार सेवक व ग्राम प्रधान का विवाद विकासखंड परिसर में चर्चा के केंद्र में बना रहा है। बताया गया कि प्रधान द्वारा रोजगार सेवक के साथ काफी दिनों से मतभेद बना हुआ है। वहीं प्रदर्शनकारी महिलाओं ने रोजगार सेवक को विकास विरोधी बताया। प्रदर्शन करने वालों में सोना देवी, बसंती देवी, सरिता देवी, कलावती देवी, नंदलाल, मुन्नीलाल, सीताराम, मटुकधारी आदि ने विकास खंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया।

### अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक

**लालगंज।** अधिवक्ता सभागार में बुधवार को उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला के अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में समिति के सदस्य हरबालिका मिश्रा एडवोकेट के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। बैठक में अधिवक्ताओं द्वारा यह निर्णय लिया गया कि दिन भर न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इस अवसर पर सचिव हृदयशंकर चतुर्वेदी, प्रभुनाथ दुबे, अरुण कुमार तिवारी, जीत नारायण दुबे, राकेश दुबे, उमाशंकर मिश्र, हरिनंद सिंह, विपिन तिवारी, जगत नारायण मिश्रा, राजकुमार पांडेय, लक्ष्मीकांत पांडेय, चौधरी श्यामनारायण यादव, श्रीचंद यादव, मिथिलेश सिंह, कमलेश मिश्रा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### आशा कार्यकर्ता की बिगड़ी हालत



आशा का उपचार कराते साथी

**हलिया।** क्षेत्र के गलरा गांव में बुधवार को सीएचओ संग घर घर जाकर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने के बाद घर लौट रही आशा कार्यकर्ता की अचानक तबीयत बिगड़ गई और सड़क पर गिरकर अचेत हो गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची आशा संगिनी आरती मिश्रा ने आशा कार्यकर्ता को एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ड्रमंडगंज ले गई। जहां आशा कार्यकर्ता का उपचार किया जा रहा है हालत सामान्य बताई जा रही है।क्षेत्र के गलरिया गांव निवासी आशा कार्यकर्ता रन्नो देवी गलरा गांव में ग्रामीणों का गोल्डेन कार्ड बनवाने के बाद दोपहर बाद अपने घर जा रही थी कि जैसे ही गलरिया गांव की सीमा पर पहुंची कि तेज धूप होने के कारण गश खाकर जमीन पर गिर पड़ी। रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने आशा संगिनी आरती मिश्रा व आशा कार्यकर्ता के पति राजकुमार को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची आशा संगिनी ने एंबुलेंस सेवा पर फोनकर एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु अचेतावस्था में न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज ले गई। जहां आशा कार्यकर्ता का उपचार किया जा रहा है। फार्मासिस्ट आनंद सिंह ने बताया कि आशा कार्यकर्ता का उपचार किया जा रहा है जहां हालत सामान्य है। आशा कार्यकर्ता के पति राजकुमार ने बताया कि तीन दिन पूर्व पत्नी बुखार से पीड़ित थी। धूप में पैदल चलने से अचानक हालत बिगड़ गई है।

### कच्ची शराब के साथ तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से पुलिस ने बुधवार को अवैध कच्ची शराब लेकर बेचने के लिए जा रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया। मंगलवार की रात क्षेत्र में गश्त पर निकले एस आई हरिकेश राय को मुखबिर से सूचना मिली कि बेलगवां गांव निवासी लालजी कोल गैलन में 15 लीटर कच्ची शराब लेकर सुखड़ा डाक बंगले की तरफ जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर एस आई ने आरोपी को पन्द्रह लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह एस आई श्याम लाल ने मुखबिर की सूचना पर सिकटा गांव निवासी रामधनी कोल को बीस लीटर कच्ची शराब व बेलगवां गांव निवासी मुनेन्द्र को पन्द्रह लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया।

### दरवाजे पर खड़ी बोलेरो उठा ले गये चोर

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी चेतगंज अंतर्गत चेतगंज बाजार से मंगलवार की रात दरवाजे पर खड़ी बोलेरो गाड़ी चोरी हो गई। वाहन स्वामी ने चेतगंज पुलिस चौकी में चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चेतगंज बाजार निवासी शिवकुमार सरोज अपनी बोलेरो गाड़ी जो उनके पिता माता प्रशाद सरोज के नाम से है मंगलवार की रात दरवाजे पर खड़ी करके सोने चले गए। सुबह जब उठकर देखा तो दरवाजे पर बोलेरो गाड़ी नहीं रही। उन्होंने देखा कि गाड़ी की चाबी घर में पड़ी है आसपास काफी खोजबीन किए पता लगाया लेकिन कहीं पता नहीं चला अंत में बोलोरो चोरी होने की तहरीर चेतगंज पुलिस चौकी में देकर बोलेरो बरामद कराने की मांग की। चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंचे चेतगंज चौकी प्रभारी हरकेश सिंह क्षेत्र में आसपास लगे कमरों में छानबीन करने में जुटे रहे।

### बालिका को ट्रक ने कुचला मौत

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के भिस्कुरी गांव के पास ट्रक की चपेट में आने से 10 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। बताया जाता है कि सेंट जेवियर स्कूल में पढ़ने वाली 10 वर्षिय बालिका आराध्या उर्फ वैष्णवी पुत्री सुनील स्कूल बस से उतरकर घर जा रही थी। इस दौरान स्कूल बस आगे बढ़ गया, जहां बस से पास ले रहे ट्रक ने रौंद दिया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने स्कूल बस व चालक को मौके पर रोक लिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रक को दौड़ा लिया, जिसके बाद पुलिस ने पड़री से ट्रक को पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस स्कूल बस व ट्रक को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाई में जुटी हुई है। चौकी प्रभारी वीके राय ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### 20 लीटर अवैध शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा छानवें विधानसभा उप-चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी व प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है। बुधवार को प्रभारी जय कृष्ण निर्भय मय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से आरोपियों विरेन्द्र पुत्र पेच नरायन निवासी लालपुरा थाना लालगंज मीरजापुर व श्यामपाल पुत्र बाबूलाल निवासी लालापुर थाना लालगंज मीरजापुर को कुल 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार



पकड़ा गया आरोपी

**मीरजापुर।** थाना अदलहाट पुलिस द्वारा एक अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस के साथ 01 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा छानवें विधानसभा उप-चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने दृष्टिगत जनपद में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शस्त्र के विरूद्ध जारी अभियान में विधिक कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। बुधवार को उ0नि0 राकेश राय मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार थाना क्षेत्र से 01 आरोपी शिवपुजन पुत्र स्व0 सतीश निवासी सुकृत थाना राबर्टसगंज सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। आरोपी शिवपूजन उपरोक्त के कब्जे से एक 315 बोर तमंचा मय 01 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अदलहाट पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया।

### एक मई से सात बजे से चलेगा न्यायालय

**मीरजापुर।** प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि गया इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में न्यायालय सुबह 7:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चलेगा। यह 1 मई से प्रभावी होगा। साथ ही जुलाई महीने में चतुर्थ शनिवार को न्यायालय खुला रहेगा।

# भाजपा ने बंद की आंख चुनाव में बन गया शूल

**गले की हड्डी बना**

गैर दलों से आये लोगों को कमान सौंपते ही बिगड़ा खेल

जिले में हर सीट पर बागी ठोंक रहे ताल

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** लोकसभा चुनाव के पूर्व भाजपा नगर निकाय चुनाव को पूर्वाभ्यास मान रही हैं। जिसमें दूसरे दलों से आये लोगों के हस्तक्षेप से पार्टी के तेवर और कलेवर पर असर दिख रहा है। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को दर किनार कर दिया गया।

दूसरे दलों से आकर बसेरा बनाने वालों को टिकट दे दिया गया। जिसकी वार्ड और अपने क्षेत्र के मतदाता पहचानतें नहीं। उन्हें भी महज यस सर की हुन्कार भरने पर टिकट दे दिया गया। इससे उठे बवाल के चलते जिले के करीब आधी सीटों पर भाजपा के बागी भी ताल ठोक रहे हैं। जिले में 3 नगर पालिका परिषद और एक पंचायत को मिलाकर अध्यक्ष समेत कुल 104 सीट हैं। सबसे ज्यादा रोचक लड़ाई नगर पालिका परिषद मीरजापुर की सीट पर हैं। जिस पर भाजपा के मनोज जायसवाल काबिज थे। अब उनकी ही टीम के श्याम सुंदर केशरी को प्रत्याशी बनाया गया है। जिसके चलते भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज श्रीवास्तव ने बागी तेवर अपना लिया। करीब 53 वर्ष के मनोज ने 16 वर्ष की आयु से ही पार्टी के नीति रीति पर काम करते रहे।

बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के बाद भाजपा में वर्ष 2015 में अशोक सिंघल के कहने पर शामिल हुए। विधान सभा चुनाव के दौरान प्रदेश के नेताओं के द्वारा टिकट देने का किया गया वादा कोरा साबित हुआ। इस बार भी उन्हे दर किनार कर दिया गया। साजिश के तहत गोल बनाकर पहुंचे टीम को समझौते में टिकट दे दिया गया। प्रदेश के सबसे विशाल श्रीराम नवमी शोभा यात्रा का आयोजन करने वाले मनोज ने निर्दल प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया हैं। जातीय भेदभाव को दर किनार कर युवा हुजूम और कट्टर हिंदुत्व के साथ वह मैदान में जोरदार टक्कर दे रहे हैं। इसी प्रकार चुनार में विजय बहादुर सिंह को दो बार पत्नी सहित अध्यक्ष रहे वर्मा बगावती तेवर में हैं। कछवां सीट पर भाजपा के पिंकी मोदनवाल को मिताली जायसवाल चुनौती दे रही हैं। जबकि अहरौरा में भाजपा के ओम प्रकाश केशरी के राह में सिद्धार्थ सिंह राह का रोड़ा बने हैं। इसके अलावा करीब आधी सीटों पर डटे सभासद भाजपा के अरमानों पर पानी फेरने में लगे है। जनहित की उपेक्षा कर 5 साल तक मोदी योगी के नाम पर लूट करने वालों को सबक सिखाने के लिए जनता भी बागियों के साथ हैं। नगर के रमईपट्टी मोहल्ला निवासी 16 वर्षीय युवक के मौत के बाद उसके परिजनों को करीब 2 साल तक डेथ सार्टिफिकेट के दौड़ाना गले की हड्डी बन गया है।

## दो पक्षों में सीमा विवाद को लेकर मारपीट, छह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया।** हलिया थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा में बुधवार सुबह दो पक्षों में टटरा लगाने को लेकर मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों से कुल पांच लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया। जहां पर एक की हालत गंभीर देखकर चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। हलिया कस्बा निवासी रमेश यादव व संतलाल यादव के बीच घर के पास लगाने को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई जिसमें प्रथम पक्ष से रमेश व उनकी पुत्री ऋचा व रीतू घायल हो गई। जबकि दूसरे पक्ष से संतलाल व उनकी पत्नी सरोज देवी घायल हो गई। पुलिस ने रमेश की तहरीर पर संतलाल, अमरेश, राजेश, नंदे तथा संतलाल की तहरीर पर रमेश व तुलसी के खिलाफ गाली गलौज मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# विद्यालय का वीडियो बना कर मांगा 1 लाख, मिली हवालात

**पड़ा महंगा**

बाजार में मिले युवक को पकड़कर प्रधानाध्यापक ने पुलिस को सौंपा, यूट्युबर निकला युवक, पुलिस जांच में जुटी

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिगना थाना क्षेत्र के नरोईया प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक से फर्जी वीडियो बना कर 1 लाख रुपया माँगना यूट्युबर को महंगा पड़ गया। बाजार में मिले युवक को पकड़ कर अध्यापक ने पकड़ लिया। भीड़ के बीच फंसने पर ब्लैकमेलिंग कर रहा युवक पैर छू कर माफी मांगने लगा। ब्लैकमेलर को पुलिस के हवाले किया गया। युवक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ में जुटीं हैं।

बताया जाता हैं कि नरोइया प्राथमिक विद्यालय प्रथम के प्रधानाध्यापक विधानसभा चुनाव के पूर्व विद्यालय की टूटी खिड़की को बनवाने के लिए कुछ सामान लेने शहर गए थे। इसी दौरान क्षेत्र के युवक ने बच्चों से कह कर ईंट की ढुलाई कराते हुए वीडियो बना लिया। इसके बाद प्रधानाध्यापक चंद्र प्रकाश तिवारी को कई बार फोन करके मिलने को कहा।

मुलाकात होने पर उसने बच्चों से काम कराने की बात कहा। वीडियो डिलीट करने के एवज में 1 लाख रुपये की मांग की। जिस पर अध्यापक ने इंकार करते हुए उससे अपना पक्ष रखा। उसके बाद वह बार बार फोन करता रहा। बाजार में युवक के मिलने पर प्रधानाध्यापक चंद्र प्रकाश तिवारी ने उसे पकड़ लिया। कुछ ही देर में भीड़ लग गई।

अध्यापक ने युवक को पकड़ने और 1 लाख मांगने की जानकारी दी। जिगना थाना प्रभारी अरविंद पांडेय मौके पर पहुंचे दोनों पक्ष को सुनने के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान कुछ अन्य लोगों का भी नाम सामने आने की बात कही जा रही हैं। लिहाजा पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर जांच में जुटीं हैं।

# खतरनाक ब्रेकर बना महिला की मौत का कारण

**सड़क दुर्घटना**

शासन के आदेशों को किया जा रहा है दरकिनार

मुख्य मार्गों पर बनाए गए जानलेवा ब्रेकर

जनसंदेश न्यूज



घटना की जानकारी लेते थानाध्यक्ष राजगढ़

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर बनाए गए खतरनाक गति अवरोधक आए दिन सड़क दुघर्टना का सबब बन रहे हैं तथा जानलेवा साबित हो रहे हैं। ऐसे जानलेवा ब्रेकर को हटाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश भी जारी किया है लेकिन सब हवा हवाई साबित हो रहा है और एक के बाद एक क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

जानकारी के अनुसार राजकुमार राम पुत्र सियाराम निवासी बिसहार थाना कर्मा जिला सोनभद्र अपनी पत्नी गंगा जली उम्र 40 वर्ष और पत्नी की बड़ी बहन राजकुमारी पत्नी स्वर्गीय मोनागू राम निवासी परसोदा थाना मड़िहान मिजार्पुर उम्र 58 वर्ष को मोटरसाइकिल पर बैठा कर अपनी रिश्तेदारी चुनार बरगवां से राजगढ़ के तरफ आ रहे थे, इस दौरान राजगढ़ चुनार मार्ग पर रुद्रा स्कूल के सामने इंदिरा नगर में ब्रेकर पर डिसबैलेंस होकर गिर गए, गिरने के कारण राजकुमारी के सर में गंभीर चोट आई, घायल दोनों महिलाओं को सीएचसी राजगढ़ लाया गया, जहां अस्पताल में चिकित्सक द्वारा राजकुमारी को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव ने परिजनों को फोन कर सूचित किया। दोनों महिलाओं का मायका ग्राम नदिहार थाना क्षेत्र राजगढ़ में है। सूचना के बाद मौके पर परिजन पहुंचे, तथा पंचायत नामा तैयार कर पीएम हेतु शव को अंत्य परिक्षण के लिए भेज दिया गया। ऐसे में सड़कों पर बनें जानलेवा ब्रेकर की वजह से एक परिवार फिर उजड़ गया।

# श्रीमद्भागवत मनुष्य को कर्त्तव्यों का कराता है बोध : कपिल महराज

**हलिया।** क्षेत्र के खोदाईपुर गांव में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को वृंदावन से पधारे कथावाचक पंडित कपिल उपमन्यु महराज ने गोपी उद्धव संवाद की कथा का मार्मिक वर्णन करते हुए श्रोताओं को अमृतपान कराया। कथावाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को कर्त्तव्यों का बोध होता है।

अज्ञानता को दूर करने के लिए भागवत कथा का श्रवण आवश्यक है। गोपी उद्धव प्रसंग की कथा सुनाते हुए कहा कि उद्धव जी को अपने ज्ञान पर बहुत अभिमान था। एक दिन उद्धव जी भगवान कृष्ण के शयन कक्ष में पहुंचे तो देखा कि भगवान कृष्ण रो रहे हैं। भगवान के रोने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि जब-जब गोपियां याद करती हैं तो मेरे हृदय में बड़ी पीड़ा होती है। गोपियों के निःस्वार्थ प्रेम को देखकर बरबस अश्रु धारा निकल पड़ती है। वह ब्रज में रोती है मैं यहां रोता हूं।

श्रीकृष्ण ने उद्धव को ब्रज जाकर अपने ज्ञान से गोपियों को लाभान्वित करने के लिए कहा उद्धव जी ब्रज जाते हैं। उद्धव के रथ को आते देख सभी गोपियां दौड़ पड़ी कि कान्हा आ गया। लेकिन रथ में कृष्ण को नही पाकर निराश हो जाती है। उद्धव जी कहते हैं मैं कृष्ण का संदेश वाहक हूं। इतना सुनते ही गोपियां उद्धव जी का श्रद्धा से स्वागत करते हुए भगवान कृष्ण का कुशलक्षेम पूछने लगी और बोली कि क्या संदेश लाए हो।

उद्धव जी संदेश की बजाय निर्गुण ब्रह्म का ज्ञान देने लगे। गोपियों ने कहा कि आप अपना ज्ञान अपने पास रखें। हमारा एक ही हृदय है हम सब कृष्ण से प्रेम करते हैं हमारा मन उन्ही के साथ चला गया है। गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति अटूट प्रेम देखकर उद्धव जी अपने ज्ञान पर लज्जित हो गये। और कहा कि संसार में प्रेम से बढ़कर कुछ भी नही है। इस दौरान दयाशंकर दुबे, रमाशंकर मिश्र, पुष्पेन्द्र सिंह, पुंडरीक सिंह, आदि मौजूद रहे।

# जनता निर्भीक होकर करे मतदान : एसपी

**चुनाव**

नगर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** आगामी नगर निकाय सामान्य चुनाव 2023 व विधानसभा छानबे उप निर्वाचन-2023 को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद में लगातार कराये जा रहे फ्लैग मार्च व एरिया डॉमिनेशन के क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा भारी संख्या में पुलिस व पी.ए.सी. बल व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के साथ नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च व एरिया डॉमिनेशन किया गया।

इस क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम ब्रीफिंग कर समस्त बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तत्पश्चात नगर क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी नगर मय पुलिस बल व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च/एरिया डॉमिनेशन किया गया। उक्त एरिया डॉमिनेशन/ फ्लैग मार्च का प्रारम्भ सरदार बल्लभ भाई पटेल चौराहा(भरूहना चौराहा) से हुआ जो बरौधा कचार, पीली कोठी, रोडवेज तिराहा, रेलवे स्टेशन, संगमोहाल ओवर ब्रिज होते हुए राबर्टसगंज तिराहे पर समाप्त हुआ। इस दौरान अराजक एवं असामाजिक तत्वों तथा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों में कड़ी कार्यवाही का संदेश दिया गया। वहीं आम जनमानस से संवाद कर सुरक्षा का एहसास कराते हुए भयमुक्त वातावरण में निर्भीक होकर को मतदान के दिन भारी संख्या में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा सौहार्द पूर्ण माहौल बनाये रखने एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल चुनाव संपन्न कराने में शासन-प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की गई। चुनाव के दृष्टिगत पुलिस बल द्वारा लगातार सतर्क दृष्टि रखते हुए आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों को चिह्नित कर उनके विरूद्ध लगातार कार्यवाही एवं शराब, गांजा आदि मादक पदार्थों का अवैध निष्कर्षण एवं विक्री करने वालों एवं वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। वहीं आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुए सौहार्द पूर्ण माहौल बनाये रखने एवं शांतिपूर्ण वातावरण में भारी संख्या में चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, पी.ए.सी. व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के उच्चाधिकारीगण के साथ-साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## उपचुनाव के मद्देनजर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने किया रूट मार्च

**हलिया।** छानबे विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर बुधवार को सीमा सुरक्षा बल के चार बटालियन के जवानों ने थाना क्षेत्र के गडबडा, महुगढ, इन्द्रवार, सिकटा गाँव के रोड पर यस यस बी 18 के कमांडर रोहिल बंसल तथा यस यस बी 48 के कमांडर सोमलाल तथा यस यस बी 51 के कमांडर चैन सिंह एवं यस यस बी बी बी एन के कमांडर वेद प्रकाश सहित उपनिरीक्षक श्याम लाल के साथ हलिया पुलिस व पैरामिलिट्री के जवानों ने पहुंचकर लोगों को निष्पक्ष मतदान के सुरक्षा का एहसास दिलाया। जवानों तथा पुलिसकर्मियों के नेतृत्व में क्षेत्र में रूटमार्च किया। थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए जवानों संग क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रूटमार्च किया गया है। लोगों से भयमुक्त मतदान करने के लिए रोड मार्च किया जा रहा है यह अभियान चुनाव पुर्व तक चलता रहेगा।

### मधुमक्खी के हमले में दो दर्जन दर्शनार्थी घायल

**मड़िहान।** विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत रामपुर रिक्शा में स्थित प्राचीन गणेश मंदिर प्रांगण में स्थित विशालकाय पीपल के पेड़ में बड़ी मधुमक्खियों (डड़ेह) का छत्ता है जहां गुण घी हवनादि होने पर आए दिन इनके आक्रमण से भक्त घायल हो रहे है। बुधवार को गणेश जी के दरबार में सैकड़ो लोग थे। उसी समय इनका आक्रमण हो गया और दो दर्जन लोग घायल हो गए और भगदड़ मच गयी। भक्तों ने खतरनाक मधुमक्खियों को हटाने की गुजारिश की है।

### विद्युत पोल से टकराकर बाइक सवार घायल

**मड़िहान।** सन्तनगर थाना क्षेत्र के बोदा खुर्द निवासी 45 वर्षीय शिव प्रसाद का पैर बॉइक पोल से लड़ने के चलते टूट गया। बताया जाता है कि शिव प्रसाद कोल बुधवार को अपनी बिटिया का तिलक लेकर बनकी बद्री कोल के घर आए थे। साथ के लोगों ने शराब पीने की इच्छा जाहिर की तो गांव के ही विजय कुमार के साथ बाइक से दीपनगर आए जहां से शराब खरीद कर बनकी तिलकोत्सव में जा रहे थे कि सिरसी रोड के गौशाला मोड़ पर बाइक घूम नही पाई जिसके चलते विद्युत पोल से टकरा गई। बॉइकर तो बाल बाल बच गया किन्तु पीछे सवार शिव प्रसाद का एक पैर टूट गया। राहगीरों की सूचना पर थानाध्यक्ष संतनगर कमल टावरी द्वारा पीएचसी पटेहरा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर मण्डलीय अस्पताल रेफर किया।

# टैंकर से पेयजल आपूर्ति के दौरान ग्रामीणों से वसूला जा रहा शुल्क

**आरोप**

ग्रामीणों में व्याप्त है आक्रोश

जनसंदेश न्यूज

**कलवारी।** विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा गोरथरा में पेयजल किल्लत चरम पर है। राजगढ़ ब्लाक अधिकतर ग्राम सभा धुरकर, दरबान, खुटारी, कलवारी, सेमरा बरसों, दारानगर पेयजल किल्लत बनी है। पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए हर ग्राम सभा में पेयजल मुहैया कराने के लिए टैंकर लगाया गया लेकिन गोरथरा ग्राम सभा के सुदुर पुरवा में पेयजल पहुंचाने के लिए लगायें गये टैंकर चालक के द्वारा सुविधा शुल्क वसूला जा रहा है। मनोज, कमलेश व बुटाऊ ग्रामीण ने सुविधा शुल्क लेने का आरोप लगाया।

टैंकर से पानी लेने में असमर्थता जताई। गांव के ही अरविंद कुमार सिंह के बोरिंग से करीब 1-2 किलोमीटर की दूरी तय करके पेयजल भरकर ले जाने के जुगाड़ में लग गये। क्षेत्र पिछड़ा होने के नाते ग्रामीणों के पास साइकिल न होने पर सिर पर ही बाल्टी में पानी भरकर ढोने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामसभा में लगे सरकारी टैंकर के द्वारा पानी के बदले पैसा वसूला जा रहा है, जिससे तंग आकर हम ग्रामीणों ने ठेले और साइकिल से पानी ढोने पर विवश हैं। जनता ने जहां ग्राम प्रधान के चुनाव में पुनीता देवी पत्नी अवध बिहारी पनिका को गांव का सरपंच बनाया वहीं सरपंच जनता को चूस रही है। जिस पर ब्लॉक के नोडल अधिकारी चुप्पी साधे हैं। ग्राम सभा में आवास, शौचालय के नाम पर लूट मची हुई है। सेक्रेटरी विजय कुमार क्षेत्र में निर्धारित शेड्यूल पर आते ही नहीं है केवल किसी कार्य के पूर्ण होने पर डोंगल लगाने व कमिशन लेने के लिए ही आते हैं। इन्हें गांव के विकास कार्यों से कोई लेना देना नहीं है।

ब्लॉक अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत को देखते हुए नामित नोडल अधिकारी एडीओ कोआपरेटिव राज कपूर ने बताया कि पानी के बदले ग्रामीणों से किसी भी प्रकार का शुल्क लिया जा रहा है तो संबंधित ग्राम प्रधान के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्र में पेयजल की किल्लत को देखते हुए टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की रणनीति बनाई गई है। इस सम्बंध में गोरथरा प्रधानपति अवध बिहारी से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि मेरी जानकारी में नही आया है और टैंकर चालक द्वारा कुछ वसूली की गयी है तो गलत है।

# उत्कृष्ट रहा एबीआईसी का हाईस्कूल, इण्टर का परीक्षा परिणाम


अमीना


अंशी कुशवाहा


नंदनी


प्रतिक्षा


रिचा सिंह


उत्सव


वर्षा

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज का हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। हाईस्कूल परीक्षा में 407 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में, 33 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में व 3 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं इण्टरमीडिएट परीक्षा में 491 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में व 18 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय की छात्रा अमीना खातून ने 93.16 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में दसवां व विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र आशीष कुमार सिंह ने 90.66 प्रतिशत व आस्था उपाध्याय ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इण्टर परीक्षा में विद्यालय में गणित वर्ग में छात्रा रिचा सिंह ने 92.40 प्रतिशतअंक प्राप्त कर प्रथम, छात्रा उत्सव श्रीवास्तव ने 91.80 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा छात्रा प्रतीक्षा केसरी ने 91.20 प्रतिशतअंक प्राप्त कर तृतीय स्थान सुनिश्चित किया।

जीव विज्ञान वर्ग में सोनम यादव 84.80 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, आरती यादव 84.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर साथ द्वितीय तथा अंकिता 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। वाणिज्य वर्ग में वर्षा खड़का ने 88.80 प्रतिशतअंक प्राप्त कर प्रथम, अर्पिता सिंह ने 84.40 अंक प्राप्त कर द्वितीय व गुड़िया सिंह ने 83.60 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मानविकी वर्ग में प्रिया यादव ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, राज श्री कुमारी ने 86.60 प्रतिशतअंक के साथ द्वितीय तथा अक्षिता गुप्ता व निधि शर्मा ने 86.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान सुनिश्चित किया।

परीक्षा परिणाम के लिए सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को हिण्डाल्को के मुखिया एन. नागेश, मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह, विद्यालय प्रबन्धक वनीता वासनिक, प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल व उप-प्रधानाचार्य विजय भागवत पाटिल ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

# विद्यालय गई किशोरी का अपहरण कर गैंगरेप, दो लोग गिरफ्तार

**सफलता**

### किशोरी के साथ दरिंदगी करने के बाद जंगल में फरार हो गये थे आरोपी

जनसंदेश न्यूज


पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत एक विद्यालय के समीप से एक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने बुधवार को दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री बीते सोमवार को घर से विद्यालय के लिए निकली थी। जब शाम को वह वापस घर नही आई तो परिजन परेशान होकर खोजने लगे।

पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया था कि विनय कुमार निवासी गजराज नगर व विशाल सिंह निवासी डाला रेलवे क्रॉसिंग मेरी पुत्री को बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गए हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस उक्त अभियुक्तों के खिलाफ आईपीसी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। इस क्रम में पुलिस ने बीते मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर उक्त किशोरी को बग्घा नाला के पास से बरामद कर लिया था। वहीं दोनों आरोपी पुलिस को देखकर मौके से लड़की को छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गए। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण हेतु अस्पताल भेज दिया। पीड़िता ने अभियुक्त विनय पर कई बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। साथ ही दूसरे अभियुक्त विशाल पर दुष्कर्म में मदद करने का आरोप लगाया। मामले में पुलिस ने विनय के विरुद्ध आईपीसी की धारा 376(डीए), 376(2)(एन) व पाक्सो एक्ट के तहत व विशाल के विरुद्ध धारा 376(डीए) व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी। थाना प्रभारी मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उक्त दोनों को डाला मोड़ से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओ में चालान कर दिया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा क्राइम निरीक्षक केदार नाथ मौर्य, उपनिरीक्षक अमित कुमार त्रिपाठी, कांस्टेबल राम सिंह यादव शामिल रहे।

# महिलाओं को किया गया जागरूक हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी


महिलाओं को जागरूक करती पुलिसकर्मी

**सोनभद्र।** शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं/बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों/बीटों/स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं/बलिकाओं से संवाद कर उन्हें महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया। वर्तमान समय में हो रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी।

बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें।

## संक्षेप

### रूबी प्रसाद के जाति प्रमाण पत्र को लेकर की गयी आपत्ति खारिज

**सोनभद्र।** प्रशासन ने रावर्ट्सगंज नगर पालिका अध्यक्ष पद की बीजेपी प्रत्याशी रूबी प्रसाद के विरुद्ध जाति प्रमाण पत्र पर विपक्ष द्वारा की गयी आपत्ति को खारिज कर दिया। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि रूबी राजपूत विरादरी की हैं। उनका जाति प्रमाण पत्र फर्जी है। उन्होंने रावर्ट्सगंज नपा से अनुसूचित महिला के लिए आरक्षित अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है। ऐसे में इनका नामांकन खारिज किया जाना चाहिए। लेकिन जिला प्रशासन ने विपक्ष की आपत्तियों को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इनका जाति प्रमाण पत्र निरस्त नहीं हुआ है। ऐसे में इनका नामांकन पत्र खारिज नहीं किया जा सकता। सपा अब हाईकोर्ट में जाने की बात कह रही है।

### ओवर लोडिंग में 74 वाहनों का चालान

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में 25 अप्रैल को अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जांच किया गया, जिसमे कुल 74 वाहनों को ओवरलोड होने के कारण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें 18 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया तथा 12 वाहन स्वामियों के द्वारा नोटिस की धनराशि को ऑनलाइन मौके पर जमा किया गया।

### अवैध वसूली में संलिप्त हेड कांस्टेबल सस्पेंड

**सोनभद्र।** बीते कुछ दिनों से सदर कोतवाली चर्चा में है। जिस तरह से सदर कोतवाली के दो पुलिस कर्मियों पर गाज गिरी चुकी है। उससे यह साफ हो गया कि कोतवाली में अंदर व बाहर सब कुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है। इस क्रम में मंगलवार को हेड कांस्टेबल रविन्द्र मिश्रा को सस्पेंड कर दिया गया। जबकि इसके पहले आनंद मौर्या कांस्टेबल व अजीत यादव हेड मोहर्रिर पर गाज गिर चुकी है। सीओ सिटी राहुल पाण्डेय ने बताया कि अवैध वसूली की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने कार्यवाई करते हुए हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया।

### खाटू श्याम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज



**रेणुकूट।** स्थानीय नगर के मुर्धवा क्षेत्र में नवनिर्मित खाटू श्याम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 27 अप्रैल से शुरु होगा। पांच दिनों तक चलने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले दिन 27 अप्रैल को वेदी पूजन व गायत्री मंत्र जप का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मंदिर समिति से जुड़े सदस्यों ने बताया कि 28 को सुंदरकांड पाठ व प्रसाद ग्रहण करने का कार्यक्रम है। 29 को श्री श्याम बाबा अखंड ज्योति पाठ 30 अप्रैल को श्री श्याम बाबा कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो रेणुकेश्वर महादेव मंदिर से चलकर नगर का भ्रमण करते हुए श्याम मंदिर पर पहुंचेगी। एक मई को श्याम बाबा का प्राण प्रतिष्ठा पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उसी दिन शाम को श्याम बाबा का जागरण व रात्रि में श्याम रसोई में प्रसाद वितरण होगा कार्यक्रम में श्याम दरबार सूरजगढ़ के साथ रेनूसागर, विंढमगंज, राबर्ट्सगंज, ओबरा, चोपन, सिंगरौली, अनपरा से भी श्याम मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। अंतिम दिन आयोजित श्याम जागरण में प्रदेश के साथ-साथ अन्य प्रदेशों से भी आये गायक मौजूद रहकर श्याम बाबा के जागरण में भजनों की प्रस्तुति करेंगे। श्याम सेवा समिति के लोगों ने अधिक से अधिक लोगों के कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### पिकअप से 35 बोटा कत्थे की लकड़ी बरामद, एक गिरफ्तार


वन विभाग द्वारा पकड़ी गयी लकड़ी

**बीजपुर।** छत्तीसगढ़ बार्डर स्थित रजमिलान बिछियारी के जरहा रेंज में वन विभाग की टीम ने 35 बोटा कत्थे की लकड़ी का अवैध परिवहन कर रहे पिकप को पकड़कर जायका वन कार्यालय में खड़ा करा दिया। मौके पर कोई कागजात नहीं दिखाए जाने पर वन अधिनियम की धाराओं में कार्यवाई कर जांच पड़ताल की जा रही है। वन क्षेत्रधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि वन रक्षक राजबली सिंह के साथ छत्तीसगढ़ बॉर्डर स्थित रजमिलान बिछियारी मार्ग पर क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे कि एक पिकप लकड़ी लिए हुए दिखाई दिया, जब पीछा कर रोकने की कोशिश की गई तो वह भागने का प्रयास करने लगा। जिसपर तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया गया। लकड़ी समेत पिकअप को जायका वन कार्यालय लाकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना नाम रबिशंकर पुत्र स्व. कैलाश निवासी ओबरा बताया। जब लकड़ी के कागजात मांगे गए तो वह नहीं दिखा सका। जिसपर सम्बंधित धाराओं में कार्यवाई की गई।

# असम कमाने गए युवक का घर आया शव, कोहराम

**ओबरा।** होली के बाद स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत रेणुकापार के आधा दर्जन आदिवासी युवक असम में कमाने गए थे। वही उन युवकों को कंपनी द्वारा पिकअप से कार्यस्थल पर ले जाते समय गाड़ी के पलट जाने से बीते रविवार को एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई।इस घटना में पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए है।

घटना के बाद बुधवार की दोपहर में असम से एंबुलेंस द्वारा मृतक का शव गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने एवं घायलों का समुचित इलाज की मांग करते हुए एंबुलेंस को रोक लिया।घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची ओबरा पुलिस ने ग्रामीणों से वार्ता कर मामला शांत कराया। ततपश्चात शाम करीब पांच बजे मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।इस मामले में पनारी ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव ने बताया कि बीते होली के बाद पनारी ग्राम सभा के टोला खाडर निवासी 24 वर्षीय राम लल्लू पुत्र जय सिंह ने अपने साथ असम स्थित ट्रांसमिशन लाइन का काम कर रही एक कंपनी में काम कराने के लिए मृतक मनबोध गोंड (20) पुत्र मुन्नी लाल गोंड सहित धीर शाह (32) पुत्र राम सिंह, शिव प्रसाद (20) पुत्र जगवंधन गोंड एवं राज नारायण (34) पुत्र राम जतन सभी निवासी खाडर तथा रामपाल (35) पुत्र शिव नारायण निवासी जुगैल ग्राम सभा के टोला हसरा को ले गया था।वहां जाने के बाद कार्य के दौरान बीते रविवार को कंपनी की एक पिकअप से कार्यस्थल पर सभी लोग जा रहे थे कि इसी दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें मानबोध गोंड(20) की मौत हो गई तथा अन्य घायल हो गए।इस घटना के बाद कंपनी ने पोस्टमार्टम कराकर एम्बुलेंस से मृतक का शव घर भिजवा दिया।घायलों का इलाज वहीं कराया जा रहा है। मृतक दो भाईयों में छोटा तथा अविवाहित था।

# स्पिलवे के नीचे से बालू खनन कर हो रहा अवैध भंडारण

**आक्रोश**

### कनहर डैम निर्माण में लगी कार्यदायी संस्था के कर्मियों पर लगा अवैध बालू भंडारण का आरोप

### दलालों से परमिट का जुगाड़ कर बताएंगे बाहर से मंगवायी गयी बालू

जनसंदेश न्यूज


अमवार में स्पिलवे के नीचे से बालू खनन कर हाइवा में लोड करता पोकलेन

**दुद्धी।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत अमवार में इन दिनों कनहर नदी से अवैध खनन जोरों पर है। अमवार में बन रहे बांध स्पिलवे के नीचे से पिछले 3 दिनों के दौरान लगभग 500 हाइवा बालू खनन कर उसे कार्यदायी संस्था के मेस परिसर में डंप कर दिया गया और उसे बड़े पहाड़ी नुमा ढ़ेर में बदल दिया गया। जिससे यह बालू का ढेर पुराना लगे। कार्यदायी संस्था द्वारा स्पिलवे के नीचे से बालू उत्खनन करने पर ग्रामीण सवाल उठाना शुरू कर दिए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी के कर्मी नदी में अस्थाई सड़क बनाने की आड़ में बालू का अवैध खनन कर रहे हैं, फिर बाद में कनहर नदी से निकाले गए बालू का प्रयोग साइफन, टनल, एकाडक्ट बनाने में प्रयोग किया जाएगा और विभाग में दलालों से खरीदी गई परमिट को प्रस्तुत कर पेमेंट करवाया जाएगा।

विस्थापित नेता गंभीरा, रामस्वार्थ, फणीश्वर जायसवाल ने कहा कि कंपनी को जब बांध बनाने का एग्रीमेंट हुआ तो स्पिलवे निर्माण के लिए खुदाई में निकले बालू को भण्डारण कर खनन विभाग को सुपुर्द कर उसका रॉयल्टी जमा करने व परमिशन के बाद ही उसका प्रयोग स्पिलवे निर्माण में लाया जाना था। अब स्पिलवे का निर्माण लगभग पूर्ण हो गया है तो स्पिलवे के नीचे नदी के निचले हिस्से में बालू खनन समझ से परे है।

पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने कहा कि कार्यदायी संस्था द्वारा नदी से अवैध खनन कर निकाले गए बालू को सैकड़ों हाइवा से कुदरी में डंप किया ही गया है, अब बरसात से पूर्व हजारों डम्फर इस बार अमवार में बालू डंप करने की तैयारी है। रमेश, प्रमोद, जमुना, रामलोचन, सुल्तान, रहमान ने कहा कि इस कार्य से सरकार को करोड़ों रुपए प्रतिवर्ष राजस्व का चूना लगाया जा रहा है और स्थानीय प्रशासन कंपनी के इस मनमानी से मुंह फेर रहा है। कहा कि अगर नदी से हुए अवैध बालू खनन व बिना एनओसी व लाइसेंस भारी पैमाने पर हुए भंडारण पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी तो वे मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे।

एक पर्यावरण कार्यकर्ता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अमवार में बांध निर्माण में लगी कार्यदायी संस्था पिछले तीन दिनों में 500 डम्फर बालू निकालकर उसका भण्डारण कर दिया गया। विस्थापित नेता गंभीरा प्रसाद ने कहा कि कंपनी द्वारा जितना भी बालू नदी से निकाल कर भण्डारण किया गया है, उस पर जुर्माना लगाते हुए उस बालू को विस्थापितों में आवास बनवाने के लिए प्रशासन बंटवाये, जिससे विस्थापित पुनर्वास कालोनी में घर बनवा सकें। इस मामले में ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार ने रटा रटाया जवाब दिया कि दिखवाते हैं।

# पिंक बूथ पर लगे कार्मिकों को किया गया प्रशिक्षित


कार्मिकों को प्रशिक्षित करते सीडीओ

**निकाय चुनाव**

### राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज लोढ़ी में सीडीओ ने बताये कार्य

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** नगर निकाय सामान्य निर्वाचन का मतदान सम्पन्न कराने को मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण बुधवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज लोढ़ी में सम्पन्न हुआ। इस दौरान पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पिंक बूथ पर लगे कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया तथा निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निदेशों को पुस्तिका के रूप में कार्मिकों को वितरण किया गया।

प्रशिक्षकों द्वारा मतदान कार्मिकों को प्रोजेक्टर के माध्यम से मतदान से संबंधित समस्त महत्वपूर्ण तथ्यों पर प्रशिक्षण दिया गया। सीडीओ सौरभ गंगवार ने मतदान के समय पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय द्वारा किये जाने वाले कार्यों को बताया। साथ ही मतदान के समय बरते जाने वाले विभिन्न सावधानियों एवं मतदान के समय आने वाले विशेष परिस्थितियों यथा-टेण्डर वोट, चैलेंज वोट आदि के संबंध में समझाया गया।

जिला विकास अधिकारी ने मतदान पेटिका को खोलने, बंद करने एवं सील करने के बारे में बताया। वहीं बूथ पर पारदर्शिता एवं निष्पक्षता पूर्वक मतदान सम्पन्न कराने के संबंध में निर्देश दिये गये।

मतदान कार्मिकों को मतदाताओं की पहचान से लेकर मतदान करने तक विभिन्न चरणों में महत्वपूर्ण बिन्दुओं एवं सावधानियों पर विशेष रूप से प्रशिक्षित करते हुए विभिन्न प्रारूपों पर सूचना अंकित करने के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा प्रशिक्षण में बताये गये तथ्यों का मूल्यांकन करने हेतु प्रश्न पत्र देते हुए उसे हल कराया गया।

# चुनाव में लगे कर्मी पोस्टल बैलेट पेपर से करेंगे मतदान

**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दिन ड्यूटी पर तैनात विशेष निर्वाचकों, सेवा नियोजित निर्वाचकों, निवारक निरोध के अधीन निरूद्ध निर्वाचकों एवं कर्तव्यरूढ़ निर्वाचकों तथा निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कर्मियों के मतदान हेतु डाक मतपत्र द्वारा मतदान की सुविधा प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये हैं। कर्मियों के मतदान हेतु निर्देश आयोग के पत्र के अनुसार डाक मतपत्र के सम्बन्ध में निर्देश जारी किये गये हैं।

पत्र के साथ डाक मतपत्र हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप निर्वाचकों के लिए अनुदेश निर्वाचक द्वारा घोषणा, डाक मतपत्र हेतु लिफाफा एवं आवरक के नमूने संलग्न किये गये हैं। मतदान दिवस पर सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया को विधिपूर्ण एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट/पुलिस अधिकारी के रूप में अधिकारियों की तैनाती होती है। मतदान के दिन तमाम चतुर्थ एवं तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को भी विभिन्न दायित्व सौंपे जाते हैं।

मतदान दिवस में निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारी स्वयं के मतदान के अधिकार से वंचित हो जाते हैं। निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों/सुरक्षा कर्मियों को दो श्रेणी में विभक्त किया जा सकता है, निर्वाचन ड्यूटी में लगे ऐसे अधिकारी/कर्मचारियों/सुरक्षा कर्मियों जो उसी जनपद के किसी न किसी नगरीय निकाय के मतदाता हों, जहां वे निर्वाचन ड्यूटी हेतु तैनात किये गये हैं।

निर्वाचन ड्यूटी में लगे ऐसे अधिकारी/कर्मचारी/सुरक्षा कर्मी जो निर्वाचन के दौरान अपने तैनाती के जनपद से भिन्न जनपद के नगरीय निकाय के मतदाता हैं। निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों/सुरक्षा कर्मियों के मतदान की व्यवस्था पोस्टल बैलेट पेपर (मतपत्र) के माध्यम से किया जाएगा।

डाक मतपत्र में उम्मीदवारों के नाम का क्रम वही होगा जो उम्मीदवारों की अन्तिम सूची में है। पोस्टल मत पत्र की नगर निकायवार संख्या का निर्धारण निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों के अनुमानित संख्या के आधार पर किया जाएगा। इस संख्या का निर्धारण चुनाव ड्यूटी हेतु कर्मचारियों के नाम का डाटा बेस कम्प्यूटर में तैयार करते समय वे किस जनपद और किस नगर निकाय के मतदाता है की सूचना प्राप्त कर किया जाएगा।

इस कार्य हेतु उप निदेशक कृषि/प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र के रूप में तैनात हैं, जो डाक मतपत्र के रूप में की संख्या का आकलन करेंगे और डाक मतपत्र उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में हिंदी में कार्य करने पर जोर

**शक्तिनगर।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 28वीं बैठक का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इस दौरान समिति के सदस्य कार्यालयों के प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारी सम्मिलित हुए। अध्यक्षता करते हुए राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सिंगरौली ने कहा कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के निर्देश के अनुपालन में एवं राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए नियमानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक आयोजित की गई है। कहा कि नराकास द्वारा राजभाषा नियम, अधिनियम का पालन करते हुए हिंदी के विकास के लिए सभा, संगोष्ठी, कवि सम्मेलन सहित अन्य प्रशंसनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होने हिंदी भाषा को अपने जीवनयापन की प्रमुख भाषा बनाए रखने पर जोर दिया और अपने हिंदी कार्यों से अन्य व्यक्तियों को भी प्रेरित करते रहने पर बल दिया। वहीं सभी कार्यालयों के राजभाषा कार्यों की समीक्षा की गई, सदस्य कार्यालयों से हिन्दी साफ्टवेयर के अधिकाधिक प्रयोग की अपेक्षा की गई। राजभाषा कार्यशाला के माध्यम से सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने पर बल दिया गया। इस दौरान राजभाषा नियमों, अधिनियमों से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया गया। संयोजन डा ओम प्रकाश वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा एवं सदस्य सचिव नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा किया गया।

# एनटीपीसी में आयोजित हुआ ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार वितरण समारोह


छात्रा को पुरस्कृत करते अतिथि

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन पुस्तकालय सभागार प्रशासन भवन में किया गया। इस अवसर पर राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सिंगरौली एवं सभी महाप्रबंधनगंण द्वारा सभी विजेताओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं निबंध लेखन, पोस्टर पेंटिंग, ड्राइंग प्रतियोगिता, भाषण, रैली, में भाग लेने हेतु उपहार एवं प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

राजीव अकोटकर ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण को हमें निरंतर अपने जीवन में अपनाना है क्योंकि ऊर्जा संरक्षण ही ऊर्जा उत्पादन है एवं हमें अन्य लोगों को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित भी करते रहना है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी एवं उन्हें जनहित में ऊर्जा संरक्षण हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित किया। बता दें कि एनटीपीसी सिंगरौली में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अवसर पर विभिन्न ऊर्जा संरक्षण संबंधित प्रतियोगिताओं को छात्रों, गृहिणी, सीआईएसएफ, कर्मचारी वर्ग आदि हेतु आयोजित किया गया था। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में लगभग 1300 भागीदारी दर्ज की गई। इस अवसर पर सतीश कुमार गुजरानिया महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, अशोक कुमार सिंह महाप्रबंधक प्रचालन समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ सड़क पर शव रखकर कार्रवाई की मांग

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** क्षेत्र के टिमिलपुर कस्बा के प्रतीक्षा हास्पीटल के समीप मंगलवार की रात 9 बजे बाइक सवार को बचाने में खाली बोगा ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया। इस दौरान ट्रैक्टर की चपेट में आकर चालक की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये जिला अस्पताल भेज दी। लेकिन चौबीस घंटा बाद भी ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ कोई कार्रवाई व पुलिस द्वारा सहयोग नही जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने घटना स्थल पर बुधवार को सड़क पर शव रखकर विरोध शुरू कर दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर उचित कार्रवाई का भरोशा देते हुए धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। इस दौरान करीब आधे घंटा मार्ग सकलडीहा चंदौली मार्ग पर भीड़ लगा रहा।

बलुआ थाना क्षेत्र के महुअर गांव निवासी रामवृक्ष यादव के दो पुत्र चन्द्रशेखर यादव और चन्द्रभान यादव है। चन्द्रभान यादव ट्रैक्टर चलाकर व मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों का आरोप है कि चन्द्रशेखर का तबीयत ठीक नहीं होने के बाद भी ट्रैक्टर मालिक ने घर से दवाब देकर बालू लाने के लिये भेज दिया। टिमिलपुर प्रतीक्षा हास्पीटल के समीप बाइक सवार को बचाने में ट्रैक्टर पलटने से मौत हो गयी। घटना के चौबीस घंटा बाद भी ट्रैक्टर मालिक न तो परिजनों को कोई सहयोग किया न तो मौके पर पहुंचा। वही कोतवाली पुलिस भी ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ कार्रवाई करने में कोई दिलचस्पी नही दिखाया। जिसे लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। घटना स्थल पर चालक का शव रखकर ग्रामीण कार्रवाई की मांग और मुआवजा दिलाने की मांग किया।

आनन फानन में मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने उचित कार्रवाई का भरोशा देते हुए ट्रैक्टर को जेसीबी के माध्यम से थाने ले गयी। इसके बाद ग्रामीणों ने शव को लेकर घर पहुंचे। जहां कोहराम मच गया।


सकलडीहा चंदौली मार्ग घटना स्थल पर शव रखकर कार्रवाई की मांग करते ग्रामीण

# मतदाताओं की खामोशी से प्रत्याशियों की बढ़ी बेचैनी

**डीडीयू नगर।** नगर निकाय चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की भाग दौड़ तेज हो गई है। मौसम के मिजाज की तरह राजनीतिक मिजाज भी बदल रहा है। मतदाताओं की खामोशी प्रत्याशियों को बेचैन कर रही है। उम्मीदवार सुबह-शाम क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कवायद कर रहे हैं। उधर मठाधीशों के मायाजाल में भी उम्मीदवार फंसे हुए हैं। जनपद के चार निकाय क्षेत्रों में चार मई को मतदान होना है।राजनीतिक दल इस चुनाव में पूरी ताकत से भाग लिए हैं। सभी दलों ने अपने अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं।

सभी उम्मीदवार चुनावी समर में पूरे दम खम के साथ कूद पड़े हैं। चुनाव भी धीरे-धीरे चरम पर चढ़ती दिखाई दे रही है। अब सभासदों और अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों का कार्यालय भी धड़ाधड़ खुलने लगा है। कार्यलय खुल जाने के बाद माहौल चुनावी रंग में पूरी तरह रंगता नजर आने लगा है। चुनाव में मठाधीशों की अपनी चाल होती है। वह उम्मीदवारों को अंगुली पर नचाने में लगे हैं। क्षेत्रीय छुटभैया मठाधीशों के तेवर पहले से अधिक सुर्ख हो गए हैं। अध्यक्ष से लेकर सभासद पद तक वोटों की ठेकेदारी का दावा करते हुए वे बूथ पर मत गिन लेने पर भी बल देने लगे हैं।चुनावी बिसात पर मोहरों की पल-पल बदल रही चाल के बीच अपने क्षेत्र में समीकरण बनाने और बिगाड़ने का दावा कर रहे हैं। उनके माध्यम से अपना हित साधने वाले प्रत्याशी भी इन पर पैनी नजर लगाए हुए हैं। पिछले दरवाजे से शाम को उनके और समर्थकों का मूड बनाने वाले पेय पदार्थ का इंतजाम भी कहीं-कहीं दिखाई देने लगा है। खुलेआम मुर्गा, मटन और शराब से परहेज की जा रही है। पिछले दरवाजे से इसका प्रबंध होता हुआ दिखाई देने लगा है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए प्रशासन द्वारा लाख प्रयास किया जाए। बावजूद सुबह से शाम तक अपने लक्ष्य को यह छुटभैया मठाधीश पूरा कर ही ले रहे हैं। चंद दिन की बात सोचकर प्रत्याशी भी इन्हें नाराज कर अपना माहौल खराब नहीं करना चाहते।अब देखना है कि प्रत्याशी को मठाधीश कितना लाभ पहुंचा रहे हैं। खामोश मतदाता प्रत्याशियों को बहुत परेशानियों में डाल दिए हैं।

## संक्षेप

### पड़या पूर्व माध्यमिक विद्यालय का डीएम ने लिया जायजा



**चंदौली।** ब्लाक सदर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पड़या का जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे एवं मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम व सीडीओ ने निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं व नवाचार शिक्षा व्यवस्था को देखा गया। क्लास रुम, प्रयोगशाला कक्ष, टैब लैब, लाइब्रेरी, वाशरुम, दिव्यांगजन शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का भ्रमण कर प्रधानाध्यापक व शिक्षकों से जानकारी ली। इस मौके पर जिलाधिकारी ने विज्ञान लैब व टैब लैब को देखा और उनकी सराहना की। विद्यालय परिसर में ओपन जिम, साफ-सफाई, बाउंड्रीवाल के किनारे चारों तरफ फूल आदि लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा टैब लैब की सुरक्षा के दृष्टिगत लिखा पढ़ी में किसी को चिन्हित कर ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को दिया। टैब लैब के माध्यम से कक्षा 3 से कक्षा 8 के छात्र छात्राओं को पठन-पाठन का कार्य कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सोनू किन्नर को आप व जन अधिकार पार्टी ने दिया समर्थन

**डीडीयू नगर।** नगर के गल्ला मंडी स्थित एक कटरा में चेयरमैन प्रत्याशी सोनू किन्नर का आम आदमी पार्टी व जन अधिकार पार्टी ने समर्थन दिया। इस संबंध में प्रेस वार्ता करते हुए सोनू किन्नर ने बताया कि वह आम आदमी पार्टी व जन अधिकार पार्टी का शुक्रगुजार है जो नगर निकाय चुनाव में उन्हें समर्थन देकर जन सेवा का अवसर देने में सहयोगी की भूमिका अदा कर रहे हैं। कहा कि जनता से किए हुए सभी वादों को जीत के साथ ही पूरा करने की दिशा में काम होगा। इस दौरान आम आदमी पार्टी के साजिद अंसारी, डा. दयाराम, मुख्तार राय, भरत यादव, राजकुमार, दीपक सिन्हा, सलमान अली, चरण सिंह एवं शमीम मिल्की, दाताराम बिन्द, वसीम खान आदि लोग मौजूद रहे।

### पेड़ गिरने से कई गांवों का रास्ता अवरुद्ध

**कन्दवा।** बरहनी विकास खंड के अरंगी-लोहरा मार्ग पर मंगलवार की रात सिरिश का पेड़ गिरने से मार्ग जाम हो गया है, जिससे दर्जनों गांवो का रास्ता बाधित है। परसियां अदसड़ संपर्क मार्ग से अरंगी, लोहरा गांव के लिए 3 किलोमीटर मार्ग गया है। इस मार्ग से करीब दर्जनों गांव कुआ, धनाइतपुर, मुड्डा, बसंतपुर, दरौली, बकौड़ी, ककरैत आदि गांवो के लोगों का प्रतिदिन ब्लाक, जिला मुख्यालय, बाजार, कोर्ट, अस्पताल आदि जगहों पर सैकड़ों लोगों का आना जाना लगा रहता है। मार्ग पर पेड़ गिर जाने से इन गांवों के लोगों को काफी दूरी तय कर परसियां अदसड़ मार्ग पर आना पड़ रहा है। खबर दिए जाने तक पेड़ मार्ग से नही हटा है।

### सम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना

**डीडीयू नगर।** एक मई को केरल के कोझीकोड में समाचार पत्र वितरक संगठनों का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित है। उप्र से प्रतिनिधित्व करने के लिए भारती समाचार पत्र विक्रेता संघ के प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया बुधवार को रवाना हुए। सेंटर पर वितरकों ने माल्यार्पण वह गगनभेदी नारा लगाकर उन्हें रवाना किया। चौरसिया ने कहा कि वितरकों की मूलभूत समस्याओं सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी संस्थान को बचाने की भी चर्चा होगी। स्वागत करने वालों में विजय जायसवाल, अमित शर्मा, मदन यादव, कमलेश विश्वकर्मा, राजेश सिंह, बच्चन राम, संजय सिंह, कुलवंत विश्वकर्मा, कयामुद्दीन अंसारी आदि शामिल रहे।

### जिला बदर का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**इलिया।** थाना क्षेत्र के खरौझा गांव से पुलिस ने बुधवार की सुबह जिला बदर के वारंटी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। स्थानीय पुलिस को सूचना मिली की अपर जिला मजिस्ट्रेट ने गुण्डा गर्दी निवारण अधिनियम के तहत खरौझा गांव के पारस यादव उम्र 55 वर्ष को 12 अप्रैल को जिला बदर की कार्यवाही की गई थी। बावजूद इसके अपने घर पर रहा रहा था। थाना प्रभारी सत्येन्द्र विक्रम हमराहियों के साथ पहुंच कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस ने चोरी के सामान संग पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**नौगढ़।** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को चोरी के लैपटॉप, टैबलेट कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अतुल प्रजापति ने बताया कि मुकदमा अपराध संख्या 114/22, धारा-380 में वांछित अभियुक्तों चन्द्रेश्वर पुत्र सत्यप्रकाश अनीष पुत्र नार्मल अनील पुत्र बेचई सूरज पुत्र मालिक चन्द्र चन्द्रकेश पुत्र श्यामलाल सभी निवासी ग्राम झूमरियां को मुखबिर की सूचना पर बुधवार को ग्राम झूमरियां नौगढ मद्धुपुर तिराहा के समीप से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान 01 लैपटॉप, 01 अदद टैबलेट 01 कट्टा व 01 अदद जिंदा कारतूस बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

### मुख्य वन संरक्षक ने किया निरीक्षण

**नौगढ़।** मुख्य वन संरक्षक शेषनाथ मिश्रा ने बुधवार को वन रेंजों का निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मुख्य वन संरक्षक ने बाघीं पौधशाला चोरमरवां डीह जलजलवा मे अगृम मृदा कार्य का सघन निरीक्षण कर अधीनस्थों को और गुणवत्ता परक कार्य करने का सख्त निर्देश दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में फार्मासिस्ट घायल

**कन्दवा।** भदखरी-तेल्हरा मार्ग पर मंगलवार की देर शाम खुरहट गांव के पास किचड़ में बाइक फिसल जाने फार्मासिस्ट तेजप्रताप भारती 50वर्ष घायल हो गए, जिसे पास के लोगों ने उन्हें उठाकर एक निजी चिकित्सालय में इलाज करा गया। बताते हैं कि तेल्हरा गांव निवासी तेजप्रताप भारती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी पर फार्मासिस्ट के पद कार्यरत है। वहां से ड्यूटी कर अपने घर जा रहे की खुरहट गांव के पास बाइक फिसल गई। जिसे पास के लोगों ने उन्हें उठकर एक निजी चिकित्सालय में ईलाज करा गया।

### यूपी बोर्ड: डॉक्टर-इंजीनियर बनना चाहते हैं छात्र

**डीडीयू नगर।** यूपी बोर्ड मैं हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का आने के बाद कोई डॉक्टर तो कोई इंजीनियर बनने का सपना संजोने लगा है। वहीं बहुत से विद्यालय का परिणाम अच्छा आने पर प्रफुल्लित हो रहे है। क्षेत्र के डा.राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज गंजख्वाजा के सतीश यादव ने हाई स्कूल में 92.84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर डॉक्टर बनना चाहता है। डॉक्टर अंबेडकर शिक्षण संस्थान के हाई स्कूल के छात्र साहिल प्रजापति 92.67 अंक प्राप्त किया है। गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज की इंटर की छात्रा शालिनी यादव ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। जय बजरंग इंटर कॉलेज तारापुर की हाई स्कूल की छात्रा खुशी कुमारी ने 93.70 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है तो वही के इंटरमीडिएट के छात्र प्रभात यादव 85 प्रतिशत, अनुराग 81 प्रतिशत, शिवपूजन 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। प्रभु मेमोरियल इंटर कॉलेज ताराजीवनपुर में हाई स्कूल की छात्रा काजल गुप्ता 83 प्रतिशत, आर्यन गुप्ता 81 प्रतिशत, खुशबू गुप्ता 82 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

### नवनियुक्त बसपा जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान

**सकलडीहा।** बसपा सुप्रियो के निर्देश पर घनश्याम प्रधान को पुनरू बसपा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बुधवार को बसपा जिलाध्यक्ष का सकलडीहा कस्बा में कार्यकताओं ने माला फूल पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बसपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों का ख्याल रखा जायेगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष घनश्याम प्रधान ने कहा कि बसपा ही एक ऐसी पार्टी है। जहां सर्व समाज का हित रहता है। डा. आम्बेडकर के नीतियों पर चलकर बसपा ने सभी का सम्मान और अधिकार की वकालत बसपा करता है। उन्होंने पाटी के कार्यकर्ता और नेताओं को संयम के साथ पार्टी के नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का आवाहन किया। अंत में डा. आम्बेडकर की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यापर्ण कर उनके मार्गदर्शन में चलकर समाज हित का संकल्प दोहराया। इस मौके पर अरूण रत्नाकर, संतोष भारती, निठोहर सत्यार्थी, भाई राम, निरंजन, दीनबंधु दीनानाथ, अजय यादव, सोनू, ऋषिकेश भारती, अविनाश गौतम, दुलारे राम, मोनू चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।



# भारत माला एक्सप्रेस-वे से प्रभावित किसानों की गुहार


एडीएम से गुहार लगाते रेवसा के किसान।

**चंदौली।** भारत माला एक्सप्रेसवे से प्रभावित रेवसा के सैकड़ों किसानों ने बुधवार को एडीएम उमेश मिश्रा से गुहार लगाई। इस दौरान किसानों ने कहा कि हमारी जमीन दो तरफ से हाइवे से जुड़ी है। साथ ही नगर पालिका व रेलवे स्टेशन के करीब है। जिसकी वजह से वह पूरी तरह कामर्शियल हो चुकी है। ऐसी स्थिति में कृषि के रेट से मुआयजा दिया जाना न्यासंगत नहीं होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस परियोजना से तीन दलित बस्तियां पूरी तरह से समाप्त हो रही हैं, जिसमें कई पीढ़ियों से गलभग पांच सौ लोग रहते हैं, इसके अलावा उनके पास अन्य कोई जमीन नहीं है। उनके समाने निवास की एक बड़ी समस्या आएगी। किसानों की बातो को सुनकर एडीएम ने आश्वासन दिया कि चुनाव बाद एक दिन वे स्वयं मौका मुआयना करेंगे तथा न्याय संगत निर्णय लेंगे। इस दौरान संतोष यादव, पंकज भारती, सुरेश अकेला, चंद्रमा, ठाकुर प्रसाद, रामाश्रय यादव, पप्पू खान, कैलाश, सुभाष, प्रियंका देवी, नेसार अहमद, तारा देवी, पिंटू उपस्थित रहे।

# अज्ञात वृद्ध ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के कुछमन गांव के पास बुधवार को गया रेलवे लाइन पर ट्रेन के आगे कूदकर कर एक अज्ञात वृद्ध ने आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया। देर शाम तक पहचान नहीं होने पर मर्चरी में रखवा दिया। अलीनगर थाना क्षेत्र के कुछ माल गांव के समीप गया रेलवे लाइन पर बुधवार को ट्रेन के आगे कूदकर अज्ञात वृद्ध ने आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पहचान करने का प्रयास किया। देर शाम तक शव का पहचान नहीं होने पर मर्चरी हाउस में रखवा दिया। इस संबंध में ताराजीवनपुर चौकी प्रभारी प्रदीप मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया गया।आस पास के लोगो का कहना है कि वृद्ध पहले से रेलवे लाइन के किनारे बैठा हुआ था। जैसे ही ट्रेन आई उसके सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।

# विवेक को भामाशाह भारतीय जन पार्टी का समर्थन

निकाय चुनाव

### चुनाव लड़ने की बजाय विवेक गुप्ता का समर्थन करेंगे भरत गुप्ता

जनसंदेश न्यूज


विवेक गुप्ता को समर्थन पत्र सौंपते भामाशाह भारतीय जन पार्टी के पदाधिकारी।

**चंदौली।** नगर निकाय चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहा है नित नए समीकरण बन और बिगड़ रहे हैं। बीते मंगलवार नगर पंचायत चेयरमैन का चुनाव में भामाशाह भारतीय जन पार्टी ने अपने निर्दल उम्मीदवार विवेक कुमार गुप्ता को समर्थन दिया। साथ ही अपने उम्मीदवार का भी समर्थन दिलाकर वैश्य समाज की एकता का संदेश दिया।

यह घटनाक्रम उस वक्त हुआ जब चंदौली नगर पंचायत का चुनाव अपने शबाब पर है। इससे वैश्य समाज के वोटों के बिखराव के स्थित होने की चचाएं भी जोरों पर रही है। इसके लिए भामाशाह भारतीय जन पार्टी के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता निर्दल उम्मीदवार विवेक कुमार गुप्ता के साथ बैठक की। नगर के जातीय समीकरण पर घंटों विचार-विमर्श व वैश्य समाज के राजनीतिक हितों को ध्यान में रखते हुए अपने पार्टी के प्रत्याशी भरत गुप्ता की उम्मीदवारी को भी विवेक कुमार गुप्ता के समर्थन में तब्दील कर दिया। कहा कि भामाशाह भारतीय जन पार्टी एकता व मजबूती के लिए कार्य कर रही है।

पार्टी ने चंदौली में वैश्य समाज के हितों को देखते हुए चुनाव के बीच यह फैसला लिया और काफी चिंतन-मंथन के बाद विवेक कुमार गुप्ता पिंकू को समर्थन देने पर पार्टी व समाज के अंदर आम सहमति बनी है। इसके बाद जिलाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने विवेक कुमार गुप्ता को समर्थन पत्र सौंपा। इस दौरान वहां मौजूद कार्यकताओं व समर्थकों ने इस फैसले का स्वागत किया और इसे समाज हित में लिया गया निर्णय करार दिया। इसके अलावा देर शाम गए विवेक कुमार गुप्ता के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शरीक हुए और पूरी मजबूती के साथ चंदौली नगर पंचायत का चुनाव लड़ने का आह्वान किया। कहा कि भामाशाह भारतीय जन पार्टी का एक-एक सदस्य और कार्यकर्ता विवेक कुमार गुप्ता व वैश्य समाज की एकता के समर्थन में चुनाव में अपनी सक्रिय भूमिका व भागीदारी निभाएगा।

# नाबार्ड से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मिला प्रमाण-पत्र

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** नाबार्ड की ओर से आयोजित कौशल विकास पहल कार्यक्रम योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दाई संस्था पूर्वांचल कंप्यूटर शिक्षण सेवा संस्थान चंदौली में कंप्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग में 30 कैंडिडेट का दो मासिक प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही सकलडीहा ब्लाक में संचालित कोर्स एलईडी बल्ब टेक्नीशियन में 30 कैंडिडेट का दो मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में सफल कैंडिडेट को मुख्य अतिथि डीडीएम नाबार्ड तनुज कुमार सेन द्वारा प्रमाण पत्र वितरित करके प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र प्रबंधक पूर्वांचल कंप्यूटर शिक्षण सेवा संस्था द्वारा मुख्य अतिथि का अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया गया तथा प्रबंधक द्वारा सफल अभ्यर्थियों का धन्यवाद व मंचासीन प्रशिक्षक व प्रशिक्षण में अपना योगदान प्रदान किए हुए सभी स्टाफ का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में उद्यमिता विकास कार्यक्रम की जानकारियां जैसे वित्तीय लेखन उद्यम आधार तथा स्वरोजगार के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई साथ ही साथ स्थानीय स्तर की आवश्यक कोर्स की सैद्धांतिक तथा व्यवहारिक प्रशिक्षण कुशल प्रशिक्षक द्वारा पूर्ण कराया गया जिसमें स्वरोजगार के लिए अधिकतम अभ्यर्थी को विभाग की योजनाओं से संबंधित ऋण प्रदान करके स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया जिससे नाबार्ड द्वारा संचालित योजना का लाभ प्रदान किया जा सके प्रमाण पत्र प्राप्त करके सभी अभ्यर्थियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।


चंदौली में प्रशिक्षण सम्पन्न होने के बाद अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र देते मुख्य अतिथि।

### डीडीयू मंडल गया स्टेशन से लखनऊ जाएगी एकात्मता एक्सप्रेस

**डीडीयू नगर।** डीडीयू स्टेशन लखनऊ-डीडीयू स्टेशन पर एकात्मता एक्सप्रेस का 28 अप्रैल से डीडीयू मंडल के गया स्टेशन तक परिचालन होगा। इसके लिए रेलवे ने मार्ग विस्तार की स्वीकृति प्रदान की है। 14259/ 14261 गया-लखनऊ एकात्मता एक्सप्रेस 19 बजे गया स्टेशन से प्रस्थान कर 22:40 बजे डीडीयू स्टेशन पहुंचकर 22:50 बजे आगे लखनऊ की ओर प्रस्थान करेगी। लखनऊ की ओर से आने वाली 14260/14262 लखनऊ-गया एकात्माता एक्स. 7:25 बजे डीडीयू स्टेशन से प्रस्थान कर 10:35 बजे गया पहुंचेगी। डीडीयू और गया स्टेशन तक विस्तारित मार्ग में एकात्मता एक्स. का भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन तथा अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर भी ठहराव प्रदान किया गया है। बताया कि एकात्मता एक्स. के गया स्टेशन तक विस्तार से मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों व आसपास के क्षेत्र के लोगों को वाराणसी, लखनऊ आवागमन के लिए एक और सीधी त्वरित ट्रेन उपलब्ध हो जाएगी, जिससे आमजन को लाभ होगा। साथ ही डीडीयू से गया की ओर जाने वाले यात्री भी लाभान्वित होंगे।

# लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होने की जरूरत : वीरेंद्र सिंह

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** समाजवादी पार्टी जिला इकाई की बैठक बुधवार को लोहिया भवन पर हुई। इसमें संगठन सहित नगर निकाय चुनाव की सफलता की रणनीति बनाई गई। साथ ही कार्यकताओं को भाजपा की दमनकारी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करने के लिए तैयार रहना होगा।

इस दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह ने कहा कि नगर निकाय चुनाव को कार्यकताओं को गंभीरता से लेने की जरूरत है जिसे भी पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है उसके साथ एकजुटता के साथ संघर्ष करने के लिए तैयार रहें। कहा कि देश में लोकतंत्र खत्म हो रहा है जिसे बचाने की जरूरत है।

लोकतंत्र की रक्षा समाजवादी ही कर सकती हैं। इसके लिए सभी विपक्ष के पार्टियां एकजुट होकर भाजपा हटाओ अभियान चला रहे हैं। जिसमें बिहार के नितीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के अलावा बंगाल की मुख्यमंत्री ममता एकजुट होकर संकल्प लिया। कहा कि भाजपा 10 सालों से देश में शासन कर रही है।

इस दौरान गरीब मध्यमवर्गीय अपने को दबा, कुचला हुआ महसूस कर रहा है। अमीर और अमीर होता जा रहा है। गरीब और गरीब होता जा रहा है। यह देश हित में नहीं है। भाजपा लोकतंत्र पर कुठाराघात कर रही है। जब समाजवादी जनता की समस्या को लेकर सड़क पर उतरते हैं तो उनकी आवाज को दमनकारी सरकार दबाने का प्रयास करती है।

उन पर रासुका लगाकर उन्हें दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सभी लड़ने के लिए तैयार रहें। इस दौरान जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, सुनील यादव, राहुल सिंह, जोगिंदर सिंह, राहुल बरनवाल आदि उपस्थित रहे।

# किसानों के खर्च को कम करेगी नैनो डीएपी

**चंदौली।** इफको नेनो डीएपी तरल का लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मंगलवार को एफएससी केंद्र नवीन मंडी में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नेनो डीएपी लोकार्पण किया गया।

उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी द्वारा किसानों कम लागत में अधिक मुनाफा मिलेगा, जहां बोरी की डीएपी की खरीद करने में 1350 रुपए लगते थे वहीं अब नैना डीएपी की कीमत 500 से 600 रुपए होगी। इससे किसानों को खेती में कम लागत आएगी। इसके साथ ट्रांसपोर्ट का खर्च कम होगा। इस अवसर पर केंद प्रभारी सरोज सिंह ने बताया कि किसानों के लिए पहले से ही नैनों यूरिया उपलब्ध है। साथ ही नैनो डीएपी की आपूर्ति जल्द ही करा दी जाएगी, ताकि किसानों जल्द इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर अजय सिंह, सुरेश मौर्या, मयंक सिंह, गृजेश सिंह, सौरभ, चंद्रिका यादव सोनू, गुड्डू, ओमप्रकाश, सुरेंद्र आदि किसान मौजूद रहे।


नवीन कृषि मंडी स्थित इफको केंद्र पर गृह मंत्री को सुनते किसान।

# रोजगार सेवकों व तकनीकी सहायकों की हुई बैठक

**शहाबगंज।** ब्लॉक सभागार में बुधवार को मनरेगा उपायुक्त रविंद्र कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में रोजगार सेवकों तकनीकी सहायक व ग्राम विकास अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई।बैठक में उन्होंने कहा कि जिन-जिन गांवों में अमृत सरोवर का कार्य अपूर्ण है उन्हें वरियता के आधार पर पूर्ण करा लिया जाए। श्रमिकों के आधार सीडिंग का कार्य तीन दिवस में पूर्ण कर ले। अपूर्ण सरोवर का मस्टर रोल निकालकर उन तालाबों की खुदाई का कार्य प्रारंभ कराएं। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर हर हाल में पूर्ण होना चाहिए इसमें किसी प्रकार की हीला हवाली बर्दाश्त नहीं होगा। बैठक में अनुपस्थित 22 रोजगार सेवकों का एक दिन का मानदेय काटने का निर्देश दिया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी दिनेश सिंह, शिवेंद्र सिंह, चंद्रबली सिंह, संदीप सिंह, सुनील सिंह, रामप्रकाश, राजेंद्र भारती, लाल अमरेंद्र सहित आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम संग छात्र-छात्राओं को दी विदाई

जनसंदेश न्यूज

**चहनियां।** मां खण्डवारी पीजी कॉलेज चहनियां में बीए, बीएससी, रूबी काम तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का विदाई का कार्यक्रम बीए बीएससी एवं बीकॉम के प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के निदेशक डा. आशुतोष कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर के किया गया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को टास्क दिया गया जिसमें कई छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कुछ छात्र छात्राओं ने गीत एवं नृत्य से कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि डा. आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि यह आपका विदाई नहीं हो रहा है। यह आपका अचीवमेंट है क्योंकि आप अब ग्रेजुएट कहलाएंगे। आपके पास अभी बहुत सारे विकल्प खुले हैं। आप बीए, बीएससी के बाद एमए, एमएससी, बीएड, डीएलएड, एलएलबी या मैनेजमेंट के कोर्स कर सकते हैं।

आप कोई भी कोर्स अपने प्रवक्ताओं और माता-पिता से सुझाव लेकर ही करें। अवनीश सिंह ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किये तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य डा.अजय कुमार सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन श्रृष्टि पाण्डेय एवं श्वेता यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सन्तोष कुमार सिंह, डा. राधाकांत पाठक, डा.विनोद श्रीवास्तव, तेज प्रताप सिंह, आलोक सिंह, अनीश कुमार, सत्यवान मौर्य, विजय यादव, माधवेन्द्र कुमार, सर्फराज अहमद, नीतू सिंह, संगीता गुप्ता, इन्दु प्रजापति, मंजूली सिंह, मनीषा कुमारी, लक्ष्मी सिंह, अंकुर पाण्डेय, अमितेश यादव, सोनल यादव आदि लोग मौजूद रहे।


चहनियां पीजी कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान मां सरस्वती को माल्यार्पण करते निदेशक आशुतोष कुमार सिंह।

# स्पोर्ट्स

### टैटी कैस्टेलानोस के की मदद से गिरोना ने रियाल मैड्रिड को हराया

मैड्रिड। टैटी कैस्टेलानोस के चार गोल की मदद से गिरोना ने रियाल मैड्रिड को 4-2 से पराजित करके बार्सिलोना की स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा का खिताब जीतने की उम्मीदों को पंख लगा दिए। अर्जेंटीना के 24 वर्षीय खिलाड़ी कैस्टेलानोस ने दोनों हाफ में दो-दो गोल किए। उन्होंने 12वें, 24वें, 46वें और 62वें मिनट में गोल किए और दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। रियाल मैड्रिड की तरफ से वीनीसीयस जूनियर और लुकास वाजेज ने गोल किए लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। रियाल मैड्रिड के अब 31 मैचों में 65 अंक हैं और वह पहले की तरह दूसरे स्थान पर है। बार्सिलोना उससे 11 अंक आगे है लेकिन उसने अपने इस चिर प्रतिद्वंदी से एक मैच कम खेला है। अन्य मैचों में पांचवें स्थान पर काबिज रियल बेटिस ने चौथे स्थान की टीम रियाल सोसिडाड के साथ गोल रहित ड्रा खेला जबकि ओसासुना ने कैडिज को 1-0 से हराया।



# चेन्नई सुपर किंग्स का प्लेऑफ की ओर कदम राजस्थान रॉयल्स के लिए जीतना आसान नहीं होगा

## लगातार तीन जीत से उत्साह से ओतप्रोत महेंद्र सिंह धोनी की टीम से पार पाना उसके लिए आसान नहीं होगा



जयपुर। पिछले दो मैचों में हार से पस्त राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में गुरुवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वापसी करने की उम्मीद से मैदान पर उतरेगा लेकिन लगातार तीन जीत से उत्साह से ओतप्रोत महेंद्र सिंह धोनी की टीम से पार पाना उसके लिए आसान नहीं होगा। रुतुराज गायकवाड़, डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे की शानदार बल्लेबाजी से चेन्नई ने पिछले तीन मैचों में आसान जीत दर्ज की। ऐसे में इस मैच में चेन्नई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों और राजस्थान के विश्वस्तरीय स्पिनरों के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। कॉनवे ने इस सत्र में अभी तक शानदार बल्लेबाजी करके सात मैचों में 314 रन बनाए हैं जबकि अजिंक्य रहाणे के आक्रामक तेवर सभी टीमों पर भारी पड़ रहे हैं। उन्होंने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ केवल 29 गेंदों पर नाबाद 71 रन की तेजतर्रार पारी खेली थी। रहाणे अभी तक पांच मैचों में 209 रन बना चुके हैं और उनका स्ट्राइक रेट 199.04 है। रॉयल्स के लिए यह राहत की बात है कि उसने इस सत्र में चेन्नई के खिलाफ पिछला मैच जीता था। उस मैच में भी धोनी ने एक समय चेन्नई को जीत के करीब पहुंचा दिया था लेकिन आखिर में उनकी टीम को घरेलू दर्शकों के सामने तीन रन से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन तब से लेकर चीजें काफी बदल चुकी हैं तथा चेन्नई पांच जीत से 10 अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच चुका है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुरुवार को होने वाले मैच में जीत से उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं को मजबूती मिलेगी। इसके लिए वहां राजस्थान को उसके घरेलू मैदान पर हराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। लगातार दो मैचों में हार से राजस्थान अपनी टीम का अभियान वापस पटरी पर लाने के लिए बेताब होगा और चेन्नई की मजबूत टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगा। यदि राजस्थान को चेन्नई को हराना है तो उसके चोटी के बल्लेबाजों जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पिच से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है और ऐसे में राजस्थान के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। राजस्थान रॉयल्स भले ही अपने घरेलू मैदान पर खेल रहा होगा लेकिन इस बात की पूरी संभावना है कि दर्शकों से धोनी को अपार समर्थन मिलेगा जैसे कि कुछ दिन पहले कोलकाता में हुआ था। माना जा रहा है कि धोनी अंतिम बार आईपीएल में खेल रहे हैं।

**टीम इस प्रकार हैं**

**चेन्नई सुपर किंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायडू, मोइन अली, बेन स्टोक्स, रवींद्र जडेजा, अजिंक्य रहाणे, सिसंडा मगाला, शिवम दुबे, ड्वेन प्रिटोरियस, अहय मंडल, निशांत सिंधु, राजवर्धन हैंगरगेकर, मिचेल सेंटनर, सुभांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, मथीसा पथिराना, महेश तीक्ष्णा, भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, शेख रशीद, तुषार देशपांडे।

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), अब्दुल बसित, मुरुगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डोनोवन फरेरा, शिमरोन हेटमेयर, जेसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेड मैक्कॉय, देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौर, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, एडम जम्पा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

## बॉलीवुड न्यूज

### संजय लीला भंसाली ने बनाया वेब सीरीज हीरामंडी का विशाल सेट



**मुंबई।** चाहे हम दिल दे चुके सनम हो, या देवदास हो या फिर कुछ वक्त पहले आई पद्मावत और गंगूबाई काठियावाड़ी ही क्यों न हों, संजय लीला भंसाली एक ऐसे फिल्म मेकर हैं जो अपने ग्रैंड मूवी सेट्स और उसकी बारीकियों के लिए जाने जाते हैं जो दर्शकों को एक पूरी तरह से अलग दुनिया से रूबरू कराता है! ऐसे में ओटीटी को भी अगले स्तर पर ले जाते हुए संजय लीला भंसाली अब 'हीरा मंडी' के साथ सामने आ रहे हैं, जो आजादी के पहले के भारत में तवायफों के जीवन में प्रेम और धोखे की कहानियां दर्शाते हैं, वो भी बिल्कुल उनके सिग्नेचर स्टाइल में, जो आपको एक ऐसी दुनिया में ले जाएगा जहां रानियां प्रॉस्टिट्यूट हुआ करती थीं। वहीं दर्शक भी अब उस विशिष्ट लुक की उम्मीद करने लगे हैं – जिसमें भरपूर बारीकियां भी हो और इंडियन टेक्सटाइल, आर्टवर्क, कलर और बनावट का ज्यादा इस्तेमाल भी हो– बिना सेटिंग या कहानी जानें दिलचस्प बात यह है कि यह देखते हुए कि 'हीरा मंडी' ग्लोबल दुनिया में देश की सबसे बड़ी ओटीटी पेशकश है, इसमें दांव और भी ऊंचे हैं और इसके लिए फिल्म मेकर का नजरिया और भी महत्वाकांक्षी है। जबकि इससे जुड़ी डिटेल्स अब तक सामने नहीं आई है, इसमें कोई हैरानी की बात भी नहीं है क्योंकि संजय लीला भंसाली ने हमेशा गुपचुप तरीके से और लगन के साथ काम करना चुना है, जब तक कि वह खुद इसे दुनिया के सामने पेश करने के लिए तैयार नहीं हो जाते। वहीं एक सोर्स से मिली जानकारी के मुताबिक इस सीरीज के लिए लगभग 1,60,000 स्क्वायर फुट का एक विशाल सेट बनाया गया है। निर्देशक व्यक्तिगत रूप से इसकी हर छोटी से छोटी चीज पर गौर कर रहे हैं। अभिनेता के लुक से लेकर, सेट की बारीकियां और आर्ट डिजाइन तक सब कुछ वो देख रहे हैं। यहां तक कि हर सीन के साथ लाइटिंग पर भी वो पैनी नजर रखते हैं जो एक अलग विजुअल विगनेट को कैप्चर करती है। 'हीरा मंडी' को अपनी अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना बताते हुए, संजय लीला भंसाली अपनी आइकोनिक फिल्मों की तुलना में सीरीज में दोगुना जुनून और पैमाना लाते हैं।

### वंशज में वंश प्रधान भानुप्रताप की भूमिका निभाएंगे पुनीत इस्सर



**इंदौर।** सोनी सब का आगामी शो वंशज अपने दर्शकों को एक विरासती बिजनेस समूह की दुनिया के रोमांचक सफर पर ले जाने के लिए तैयार है। यह शो पारिवारिक ड्रामा, राजनीतिक साज़िश और बिजनेस परिवार की चालाक डायनेमिक्स का सही ब्लेंड होने का वादा करता है। यह कहानी बिजनेस साम्राज्य के संपन्न और शक्तिशाली सदस्यों के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो उनकी समृद्धि के बावजूद उनकी कमियों और खामियों के बारे में बताती है। कई प्रतिष्ठित फिल्मों और टेलीविजन शो में शानदार काम कर चुके अनुभवी अभिनेता, पुनीत इस्सर अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता और विभिन्न प्रकार की भूमिकाएं निभाने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। पुनीत सोनी सब के वंशज में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वंशज एक मनोरंजक और शक्तिशाली कहानी पेश करने का वादा करता है, जो दर्शकों को इससे जोड़े रखेगा। भानुप्रताप का किरदार निभा रहे, पुनीत इस्सर ने कहा, ह्लइस परिवार के बुजुर्गों में से एक के रूप में, जिसने इस बिजनेस साम्राज्य का उदय देखा है, भानुप्रताप ने पूरे परिवार को साथ रखा है और पारिवारिक डायनेमिक्स के बावजूद इसे टूटने से बचाया है।

# अक्टूबर में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी



**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को कहा कि राज्य में अक्टूबर 2023 में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। सावंत इन खेलों की तैयारियों के संबंध में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे।

गोवा के खेल मंत्री गोविंद गौड़े ने भी बैठक में हिस्सा लिया। सावंत ने कहा, राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन समारोह 23 या 24 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। यह प्रधानमंत्री के कार्यक्रम पर निर्भर करेगा। उन्होंने इसके साथ ही बताया कि खेल 10 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे। खेलों का उद्घाटन समारोह दक्षिण गोवा के फतोर्डा में स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। आईओए प्रमुख उषा ने कहा कि गोवा राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है। खेल मंत्री गौड़े ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के लिए कुल 38 खेलों की पहचान की गई है तथा सभी मैच स्थल तैयार हैं। उन्होंने बताया कि आईओए की तकनीकी टीम ने स्थलों का निरीक्षण किया और एक अन्य टीम 27 अप्रैल को राज्य का दौरा करेगी।

# मार्क चैपमैन और इफ्तिखार अहमद कैरियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर

## सूर्यकुमार यादव रैंकिंग में शीर्ष पर



**दुबई।** न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और पाकिस्तान के इफ्तिखार अहमद पांच मैचों की श्रृंखला खत्म होने के बाद आईसीसी टी20 पुरूषों की रैंकिंग में कैरियर की सर्वोच्च पायदान पर पहुंच गए। सूर्यकुमार यादव रैंकिंग में शीर्ष पर हैं और शीर्ष दस में अकेले भारतीय हैं। श्रृंखला में सर्वाधिक 290 रन बनाने वाले चैपमैन ने 48 पायदान की छलांग लगाकर 35वें स्थान पर कब्जा किया।

इससे पहले वह फरवरी 2018 में 54वें स्थान पर पहुंचे थे। वहीं आखिरी मैच में 36 रन बनाने वाले इफ्तिखार छह पायदान चढकर 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मोहम्मद रिजवान दूसरे और बाबर आजम तीसरे स्थान पर हैं। इफ्तिखार इससे पहले पिछले साल नवंबर में 43वें स्थान पर पहुंचे थे। न्यूजीलैंड के चाड बोवेस 82 पायदान चढकर 118वें स्थान पर हैं जबकि ईश सोढी गेंदबाजी में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

पाकिस्तान के हरफनमौला इमाद वसीम बल्लेबाजों की रैंकिंग में 15 पायदान चढकर 127वें स्थान पर हैं जबकि गेंदबाजों की रैंकिंग में 120 पायदान ऊपर 93वें स्थान पर पहुंच गए हैं। हरफनमौलाओं की रैंकिंग में वह 44 पायदान चढकर 24वें स्थान पर हैं।

## संक्षेप

### बिना गुरु के जीवन व्यर्थ है : ऋत्विक सान्याल



**चहनियां।** कस्बा स्थित सेन्ट जोसेफ विद्यालय में वार्षिकोत्सव व मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रोफेसर बीएचयू पूर्व संकाय अध्यक्ष मंचकला ऋत्विक सान्याल व अन्य अतिथियों ने गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत किया। विद्यालय के प्रिंसिपल अनिल कुमार जोसेफ ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा गणेश वंदना डांस से वार्षिकोत्सव की शुरूआत किया। छोटे-छोटे, नन्हें मुन्हें बच्चों द्वारा बाकी सब ठीक है गीत पर डांस, मां काली व रक्तबीज युद्ध का मंचन, नन्हें बच्चो द्वारा यही उमर है पर डांस, ये दौलत भी लेलो, ये शोहरत भी ले लो पर लौटा दो मेरी पर डांस, भारत की संस्कृति व बनारस में बम बम भोले पर जमकर थिरके बच्चो ने लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। भारत की एकता पर नाटक मंचन, आर्मी इवेंट मंचन, लवनी एक पारंपरिक कला नृत्य का आयोजन, लगान फिल्म पर आधारित आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चो द्वारा प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. ऋत्विक सान्याल हम कैसे एक शिक्षक या अधिकारी बने, ये बिद्यालय में जाने के बाद ही पता चलता है। बिना गुरु के जीवन ब्यर्थ है। हर बिद्यार्थी बिद्या को ही नही अपनाते है बल्कि यहां की कलाओं, परम्पराओ को भी सीखते है। समाज मे कार्यकर्ता काफी मेहनत करके मुकाम हासिल करते है वैसे ही छात्र कड़ी मेहनत के बाद आगे बढ़ते है। ऐसे आयोजन हमे एक सीख देते है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी राजेश राय, धनंजय सिंह, एल उमाशंकर, डा. अजय कुमार सिंह, सन्तोष यादव, आनन्द सिंह, डा.सरिता मौर्य, संकठा राजभर, मिथिलेश यादव, अतुल सिंह रघुवंशी, काशी नाथ गुप्ता आदि उपस्थित थे। संचालन दीपक तिवारी ने किया।

### कायाकल्प एवार्ड योजना के तहत सकलडीहा सीएचसी का चयन

**सकलडीहा।** नेशनल हेल्थ मिशन योजना के तहत कायाकल्प एवार्ड योजना के तहत सकलडीहा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का चयन किया गया है। बुधवार को नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम)की एमडी अपर्णा उपाध्याय आईएएस अधिकारी ने घोषणा किया है। इसकी जानकारी होने पर सीएमओ सहित स्वास्थ्य अधिकारियों ने खुशी जताया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा.युगल किशोर राय द्वारा लगातार स्वास्थ्य केन्द्रों को बेहतर बनाने की कवायद किया जा रहा है। जिससे मरीजों को बेहतर सुलभ और सरल तरीके से चिकित्सकीय सुविधा का लाभ मिल सके। इसके लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को विकसित किया जा रहा है। वही केन्द्रीय मंत्री व सांसद डा. महेन्द्रनाथ पांडेय द्वारा सकलडीहा सीएचसी को गोंद लेने पर काफी सुविधा सीएचसी अधीक्षक डा. संजय यादव के प्रयास से शुरू हुआ है। इस क्रम में वित्तीय वर्ष 2022/23 में नेशनल हेल्थ मिशन की ओर से सर्वे में सकलडीहा, नौगढ़ और धानापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का चयन कायाकल्प एवार्ड योजना के तहत चयन किया गया है। इन्हें नेशलन हेल्थ मिशन योजना के तहत एक लाख की प्रोत्साहन राशी प्रदान किया जायेगा। इस बाबत सीएमओ डा. वाईके राय ने बताया कि सभी चिकित्सा अधिकारी और डाक्टरों के सहयोग से लगातार उपलब्धि प्राप्त हो रहा है। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डा. संजय यादव, डा. संजीव जायसवाल, डा. बीके प्रसाद, लव मिश्र सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने खुशी जताया है।

# 'रोहित शर्मा को आईपीएल से थोड़े समय के लिए विश्राम लेना चाहिए', गावस्कर ने भारतीय कप्तान को दी सलाह



**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि मुंबई इंडियंस और भारत के कप्तान रोहित शर्मा को मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से थोड़े समय के लिए विश्राम लेना चाहिए ताकि वह जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए खुद को तरोताजा रख सकें। गावस्कर ने कहा कि रोहित मुंबई इंडियंस के आईपीएल अभियान के दौरान आखिरी तीन चार मैचों में वापसी कर सकते हैं ताकि वह डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए लय में रहें।

डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से लंदन के ओवल में शुरू होगा जबकि आईपीएल का फाइनल 28 मई को खेला जाएगा। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में अभी तक सात मैच खेले हैं और रोहित को बल्लेबाजी में मिश्रित सफलता मिली है। उन्होंने आईपीएल में अब तक 181 रन बनाए हैं जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। उनका औसत 25.86 और स्ट्राइक रेट 135.07 है। क्रिकइंफो के अनुसार गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं इमानदारी से यह कहना चाहूंगा कि रोहित को कुछ समय के लिए विश्राम लेना चाहिए और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए खुद को फिट रखना चाहिए। वह आखिर के कुछ मैचों के लिए वापसी कर सकते हैं लेकिन अभी उन्हें खुद को कुछ समय के लिए विश्राम देना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि इस स्तर पर उन्हें थोड़ा विश्राम की जरूरत है। वह आखिर के तीन या चार मैचों के लिए वापसी कर सकते हैं ताकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए उनकी लय बनी रहे।

गावस्कर ने कहा कि हो सकता है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के महत्व को देखते हुए रोहित उसके बारे में सोचने लग गए होंगे। उन्होंने कहा कि अभी मैं मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी क्रम में कुछ बदलाव देखना चाहूंगा। वह (रोहित) थोड़ा चिंतित नजर आ रहा है। हो सकता है कि इस स्तर पर वह डब्ल्यूटीसी (फाइनल) के बारे में सोच रहा हो, मैं नहीं जानता। मुंबई इंडियंस की टीम अभी तक साम मैचों में तीन जीत से सातवें स्थान पर काबिज है और गावस्कर का मानना है कि कोई चमत्कार ही उसे प्लेऑफ में जगह दिला सकता है। उन्होंने कहा कि अभी वे जिस स्थिति में है वैसे में अगर वे प्लेऑफ में जगह बनाते हैं तो यह चमत्कार होगा। वे नंबर चार पर रह सकते हैं लेकिन उन्हें बल्लेबाजी और गेंदबाजी में असाधारण प्रदर्शन करना होगा।

# वोट डालने के लिए मतदाता कर सकते हैं 15 पहचान पत्रों का इस्तेमाल

**चंदौली।** जनपद में नगरीय निकाय चुनाव पहले चरण में चार मई को होना है। इसको लेकर तैयारी अंतिम दौर में चल रही है। वहीं राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव में मतदान करने के लिए 15 पहचान पत्र भी जारी कर दिया गया है। इसमें कोई एक पहचान पत्र होना आवश्यक है। इसमें भारत निर्वाचन आयोग से निर्गत मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आयकर पहचान पत्र, राज्य एवं केन्द्र सरकार व सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों अथवा पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त पहचान पत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों व पोस्ट आफिस से जारी फोटोयुक्त पासबुक, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख यथा भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक, पेंशन भुगतान आदेश, वृद्धावस्था पेंशन आदि होना चाहिए। इसके अलावा फोटोयुक्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पहचान पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेंस, फोटोयुक्त शारीरिक रूप से अशक्त होने का प्रमाण पत्र, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अन्तर्गत रजिस्ट्रार जनरल आफ इंडिया द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, राशन कार्ड जारी किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कोई दस्तावेज जो परिवार के मुखिया के पास ही उपलब्ध होते हैं। वह उक्त परिवार के दूसरे सदस्यों की पहचान के लिये भी वैध माने जाएंगे।

# समन्वय समिति के अध्यक्ष बने संजीव सिंह, राजेश को महामंत्री का दायित्व



**चंदौली।** सदर विकास खण्ड कार्यालय में बुधवार को सदर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत अधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान संगठन के गठन व पदाधिकारियों के चयन को लेकर विचार-विमर्श हुआ। इसके बाद सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के नाम पर अंतिम मुहर लगाई गई।

इस क्रम में ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति के अध्यक्ष का दायित्व संजीव कुमार सिंह को सौंपा गया। वहीं राजेश कुमार वर्मा महामंत्री का दायित्व संभालेंगे। इसके अलावा नरेंद्र कुमार मौर्या को कोषाध्यक्ष, मनोज कुमार सिंह को समन्वयक चुना गया। इस दौरान बैठक में मौजूद साथी ग्राम विकास अधिकारियों व ग्रापं अधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत व सम्मान किया। इसके बाद अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा कि सदर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सचिवों के हितों का संरक्षण करना प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों के विकास में हम सभी को मिलकर अपनी सकारात्मक भूमिका अदा करनी होगी। कहा कि जो भी मांगें शासन व प्रशासन स्तर पर लंबित है उसे पूरा करने के लिए समय-समय पर चरणबद्ध तरीके से आवाज उठाने का काम होगा। मौके पर आलोक कुमार, हवलदार, ब्रजेश कुमार, आशीष साहनी, राजेश्वर, उमेंद्र प्रताप सिंह, श्यामजी पाल, नरेंद्र कुमार मौर्या आदि उपस्थित रहे।

### उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचोखर के बच्चों ने बढ़ाया मान

**नियामताबाद।** हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2023 की परीक्षा में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचोखर के छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय एवं अपने माता पिता को गौरवान्वित किया है। क्षेत्र के सिकन्दरपुर गांव निवासी योगेन्द्र कुमार पुत्र नीलश्याम ने विद्यालय में 90 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है। दूसरे स्थान पर उसी गांव के विजय कुमार ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है तथा तीसरे स्थान पर रितु कुमारी ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के अन्य छात्र छात्राएं ईशा पटेल, कुमारी आकांक्षा, अरफाना, गीता कुमारी, प्रिया कुमारी, संदीप सोनकर, विजय शर्मा, आशुतोष कुमार ने भी अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवानंद गौतम तथा सभी अध्यापकों ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सभी सफल छात्र छात्राओं ने विद्यालय पहुंचकर अपने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। परीक्षा के टॉपर छात्र योगेन्द्र कुमार ने बताया कि परीक्षा पैटर्न एवं अच्छी तैयारी कराने में विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षकों का मार्गदर्शन मिला जिससे अच्छे अंकों से सफलता प्राप्त हुई।

# वार्षिकोत्सव में भ्रूण व दहेज हत्या पर नाटक का मंचन




सनराइज पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**नौगढ़।** सनराइज पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव काफी धूमधाम से मनाया गया। इसका शुभारंभ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुजीत कुमार उर्फ सूड्डू सिंह ने फीता काटकर के किया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा ही मनुष्य जीवन की बुनियाद है।

जनपद के सबसे पिछड़े हुए क्षेत्र में संचालित सनराइज पब्लिक स्कूल मे अवयस्कों को शुरूआती शिक्षा का बखूबी बोध कराने के साथ ही ब्यवहारिक सामाजिक ज्ञानार्जन कराने की भी कला सिखलाई जाती है। इसकी शुरूआत देवी गीत-मां मेरी आ जायेगी की बोल पर गाकर कु.अर्चना व सहयोगियों ने भक्ति भाव का संचार कर दिया। वहीं सृस्टि ने सहेलियों के साथ दहेज गीत के साथ ही दहेज हत्या का मंचन कर समाज को संदेश दिया कि दहेज रूपी दानव का सर्वनाश किया जाना चाहिए। बताया कि सास भी कभी बहु थी। यह मनोभाव हर परिवार के महिला मुखिया का होना चाहिए। बेटी और बहू मे फर्क समझना सरासर नाइंसाफी है। वहीं विवेक ने बावन गज का घाघरा की धुन पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति कर लोगों को तालियां बटोरी। साधना परी अनुपमा इत्यादि ने भी कार्यक्रम में अपनी कला कौशल बिखेर कर मौजूद अभिभावकों का मन मोह लिया।

संचालक मनोज पांडेय ने भ्रूण हत्या के बारे में जानकारी दी। कहा कि बेटियां किसी भी मायने में बेटों से कम नहीं है। बस उन्हें भी समान शिक्षा व व्यवहार दिया जाय। गर्भ में ही बेटियों को मारने वाले जरा गौर करें कि जब बेटी नहीं होगी तो भाई की कलाइयों मे राखी कौन बांधेगा। प्रबंधक राजू पांडेय ने बताया कि विद्यालय परिवार द्वारा प्रत्येक वर्ष वार्षिकोत्सव कराए जाने का मुख्य उद्देश्य सामाजिक बुराइयों के प्रति लोगों को सचेत किया जाना है। इस अवसर पर रमेश कुमार उर्फ पप्पू केशरी, रामजनम जाबाज, शिवनारायण, सत्यनारायण यादव, जग नरायन सोनी, शान्ति पाण्डेय मौजूद रहे।

# चोरी की मोटरसाइकिल और इन्वर्टर सहित दो गिरफ्तार

**सरकी।** केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र की सरकी पुलिस चौकी प्रभारी विनोद कुमार अंचल ने बुधवार को चोरी में संलिप्त दो अभियुक्तों को पकड़ कर चालान भेज दिया।

पकड़े गए दोनों आरोपियों का नाम राम जनम यादव और विकास यादव है। रामजनम केराकत थाना क्षेत्र के अतरौरा और विकास सूरतपुर गांव का रहने वाला है। सीओ गौरव शर्मा ने बताया कि दोनों को केराकत थाना क्षेत्र के डेहरी गांव के मोड़ से पकड़ा गया। रामजनम के पास से चोरी की बिना नंबर की हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाईकिल और एक इन्वर्टर बैटरी तथा विकास के पास से एक मोटरसाईकिल और एक इन्वर्टर मशीन बरामद हुई है। दोनों का चालान न्यायालय भेज दिया गया।



सामानों के साथ गिरफ्तार अभियुक्त

## चार मई को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट अनुज कुमार झा ने अवगत कराया है कि नगर निगमों के महापौरों एवं पार्षदो तथा नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों एवं सदस्यों के सामान्य निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत निर्वाचन हेतु जनपदों में प्रथम चरण का मतदान 4 मई को एवं द्वितीय चरण का मतदान 11 मई को होना नियत है। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु निगोशिएबुल इन्स्ट्रमेन्ट एक्ट-1881 (एक्ट संख्या-26 1881) की धारा-25 द्वारा प्रदत्त अधिकारों के तहत मतदान दिवस के दिन राज्यपाल द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। अतः जनपद में प्रथम चरण मतदान दिवस 4 मई बृहस्पतिवार को एतद् द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अब 21 मई को

**जौनपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं वाणी रंजन अग्रवाल जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 21 मई दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से दीवानी न्यायालय परिसर एवं समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में ई-चालान व आर्बिट्रेशन के निष्पादन वाद, प्री-लिटिगेशन (वाद-पूर्व) स्तर पर पारिवारिक/दाम्पत्य विवाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, धन वसूली वाद, श्रम एवं सेवायोजन विवाद, विद्युत, जल बिल एवं अन्य प्रकार के बिलों के भुगतानों के विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), भरण-पोषण वाद तथा अन्य प्रकार के आपराधिक शमनीय व सिविल वाद तथा विभिन्न न्यायालयों में लम्बित आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, श्रम एवं सेवायोजन विवाद, विद्युत, जलकर बिल एवं अन्य प्रकार के बिलों के भुगतानों के विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित) पारिवारिक वाद (विवाह विच्छेद सम्बन्धित वादों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वाद, सेवा में वेतन, भत्तों एवं सेवानिवृत्ति परिलाभों से सम्बन्धित विवाद, आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित होने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। उक्त जानकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी./सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशान्त कुमार ने दी है।

## आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हूं : नीलाक्षी यादव




नीलाक्षी यादव

**किसान की बेटी ने किया नाम रोशन**

**खुटहन।** कहते हैं सपने उन्हीं के सच होते हैं, जिनके सपनों में जान होती है। पंखों से कुछ नहीं होता हौंसलों से उड़ान होती है। उक्त कथन को चरितार्थ किया है खानपुर गॉव की रहने वाले एक किसान दम्पती की बेटी नीलाक्षी यादव ने। नीलाक्षी ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में कठिन परिश्रम कर 95 फीसदी अंक लाकर जिले का नाम रोशन किया। उसे 500 अंक में से कुल 475 अंक मिला। उसने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता मनोज कुमार यादव, माता, गुरुजनों तथा कठिन परिश्रम को दिया है। वह गुलालपुर के बृजेश इण्टर कॉलेज की छात्रा है। वह उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। नीलाक्षी की इस बड़ी कामयाबी पर परिजनों सहित नात रिश्तेदारों, सगे सम्बन्धियों द्वारा बधाई देने का सिलसिला जारी है।

## सेजल व हर्षिता ने स्कूल में लहराया परचम



सेजल यादव

**नौपेड़वा।** क्षेत्र के राजाराम मेमोरियल पब्लिक इंटर कालेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। जिसमें सेजल यादव पुत्री सुनील यादव 85.33%,अंको सहित सभी छात्र छात्राओं ने बेहतर अंक अर्जित करके विद्यालय व क्षेत्र का मान बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी तथा प्रबंधक प्रमोद जायसवाल ने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मां विमला इंटरमीडिएट कॉलेज का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत



अनुज कुमार



अमित कुमार

**सिकरारा।** क्षेत्र अंतर्गत मां विमला इंटरमीडिएट कालेज बाकी के छात्र छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में परचम लहराने का कार्य किया है। वहीं इंटरमीडिएट के छात्रों में अनुज कुमार यादव 91.2% अंक, अमित कुमार यादव 85.6% अंक, शिव प्रताप गौतम 88% अंको सहित सभी छात्र छात्राओं ने अच्छा अंक लाकर क्षेत्र व जिले में स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ जनपद का मान बढ़ाया है।

विद्यालय के संचालक डॉ. संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जबसे विद्यालय की स्थापना हुई है तभी से विद्यालय का रिजल्ट लगभग शत प्रतिशत रहता है। हमारे विद्यालय के अध्यापकों व छात्र छात्राओं की मेहनत का फल है जिन्होंने कड़ी परिश्रम करते हुए इतना बड़ा मुकाम हासिल किया। उन्होंने विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं टॉपर छात्र छात्राओं के परिजनों, विद्यालय के प्रधानाचार्य नीतू सिंह विद्यालय के अध्यापकों को लोगों द्वारा बधाई देने का तांता लगा हुआ है और लोग एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया साथ ही प्रबंधक जयेंद्र सिंह ने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर संस्थापक मयेंद्र सिंह, संरक्षक बिजेंद्र सिंह, लव प्रकाश मिश्र, राजकुमार मिश्र, सुशील सिंह, शरद सिंह, प्रवीण विश्वकर्मा, मुकेश यादव, नमन सिंह आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा ने किया नुक्कड़ सभा

जनसंदेश न्यूज

**चुनावी हलचल**

**प्रत्याशी गीता जायसवाल एवं सभासदों हेतु मांगा जन समर्थन**

**पूर्व विधायक बांके लाल सोनकर ने विकास के लिए भरी हुंकार**

**शाहगंज/जौनपुर।** नगर आजमगढ़ मार्ग स्थित विवेकानंद तिराहे पर नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी द्वारा नुक्कड़ सभा आयोजित किया गया। सभा के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बांकेलाल सोनकर रहे। वहीं अध्यक्षता पूर्व पालिकाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल एवं संचालन मंडल अध्यक्ष सुनील अग्रहरि टप्पू ने किया।

पूर्व विधायक ने जन मानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि नगर में विकास को बुलेट ट्रेन की गति देने के लिए डबल इंजन की ताकत के साथ नगर पालिका अध्यक्ष के ट्रिपल इंजन को भी जोडना होगा। लिहाजा जनता जनार्दन से अपील हैं कि देश प्रदेश के बाद स्थानीय स्तर पर भाजपा की सरकार बनाये। जितने भारी मतों से जीत होगी उतना अच्छा संदेश राज्य व राष्ट्र में जाये।

सभा को पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि नगर के विकास हेतु कोई कसर नहीं छोडा जायेगा। बगैर किसी भेदभाव के सभी के लिए कार्य होगा। विकास ही एकमात्र मुद्दा है चुनाव में। लिहाजा जनता से आह्वान करता हूं कि एकजुट हो भाजपा का समर्थन कर मोदी योगी का हाथ मजबूत करे। सभा को मंडल अध्यक्ष सुनील अग्रहरि टप्पू विजय सिंह विद्यार्थी आदि ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी निवर्तमान अध्यक्ष गीता जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, चिंताहरन शर्मा, अमित त्रिपाठी, भाजपा नेता बेचन सिंह, दिलीप मोदनवाल आदि मौजूद रहे।



## बोर्ड परीक्षा में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को दी गई बधाई



**सुइथाकला।** क्षेत्र के बाल संरचना संस्थान इण्टरमीडिएट कालेज लालापुर में बोर्ड परीक्षा में संस्थान स्तर पर सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट के बच्चों को संस्थान परिवार द्वारा बधाई दी गई। संस्थान परिवार को अपने बीच पाकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। मंगलवार को यूपी बोर्ड द्वारा जारी हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा में संस्थान स्तर पर हाई स्कूल में आर्या यादव 93.16 प्रतिशत, कार्तिकेय यादव 92.66 प्रतिशत, अरबिया खान 90.16 प्रतिशत, शिवानंद दीक्षित 88.6 प्रतिशत व सक्षम वर्मा 87.5 प्रतिशत तथा इण्टरमीडिएट के विज्ञान वर्ग में सत्यम यादव 85.4, नैन्सी विन्द 85.2, सुयश यादव 84.2, भूमिका यादव 83.8 व जया पाठक 81.4 प्रतिशत अंक लाकर सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिस पर संस्थान परिवार द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों के घर जाकर बच्चों समेत उनके अभिभावकों को बधाई दी। संस्थान परिवार को अपने बीच पाकर अभिभावकों समेत बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। बच्चों के द्वारा सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किए जाने पर संस्थान प्रबन्धक सुरेश पाण्डेय ने बच्चों समेत शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इस दौरान प्रधानाचार्य द्वय सन्तोष पाण्डेय व रणविजय सिंह, रजनीकांत त्रिपाठी, सन्तोष यादव व आशा सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## बोर्ड परीक्षा में छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन



**उपलब्धि**

**कॉलेज के प्रबंधक ने सफल छात्राओं को दी बधाई**

**डॉक्टर व शिक्षक बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं छात्राए**

**खेतासराय।** उत्तर-प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित हो गया। इस परीक्षा परिणाम में जनपद के विभिन्न कॉलेजों ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया है। जिसकी कड़ी में थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाराकमाल गांव में स्थित आसमा इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन रहा। जिसके लिए कॉलेज प्रबंधन ने उनका हौंसला बढ़ाते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आसमा स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल छात्रा जैनब जफरुद्दीन 92 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान व रुदशा सैफ 90 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं निदा अयाज 89 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा विद्यालय की नशरा खान 89 प्रतिशत, हाजरा सुफियान 85 प्रतिशत, सालेहा अबूसाद 85 प्रतिशत, नमीरा कामरान 84.33 प्रतिशत, कहकशां शहजाद 83 प्रतिशत, सना जफर 82 प्रतिशत, शारिश 82 प्रतिशत, अंबर रियाज 81 प्रतिशत, अलीबा मुशीर 81 प्रतिशत, उम्मेहानि गुफरान 81 प्रतिशत व सुन्दुस फखरुद्दीन 81 प्रतिशत के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस अवसर पर उक्त सभी छात्रों को विद्यालय में बुधवार को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर अब्दुल वहीद ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके अग्रिम उज्जवल भविष्य कामना किया। इस अवसर पर उपप्रबंधक अम्मार वहीद ने सभी छात्रों को माल्यार्पण कर बधाई दिया। अन्त में उन्होंने सभी शिक्षकों का धन्यवाद प्रकट किया। जिसके बदौलत छात्र अपना और विद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मालती गुप्ता, फरहान, जाकिर, अरकम व मोहम्मद आसिफ, आदि लोग उपस्थित रहे।

## कोर्ट के आदेश पर 82 की हुई कार्रवाई

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत कोर्ट में हाजिर न हो रहे अभियुक्त के घर बुधवार को उपनिरीक्षक मंजय यादव ने डुगडुगी बजवा कर नोटिस चस्पा किया। इस दौरान उन्होंने



चेतावनी दी कि निर्धारित तिथि पर कोर्ट में हाजिर न होने पर कुर्की की कार्रवाई की जायेगी। उपनिरीक्षक मंजय यादव ने बताया कि मुकदमा अपराध संख्या - 717/17 के मामले में लम्बे समय से फरार चल रहे अभियुक्त जगदीश चन्द्र पुत्र स्व. सुबईराम के घर धारा 82 की कार्रवाई की गयी है। बुधवार को कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने उपरोक्त गांव में पहुंचकर डुगडुगी बजवाकर कोर्ट में हाजिर होने की हिदायत दी। कोर्ट के आदेश पर नोटिस चस्पा कर निर्धारित तिथि पर न्यायालय में हाजिर होने के बारे में परिजनों को बताया गया। उपनिरीक्षक ने बताया कि निर्धारित तिथि पर कोर्ट में हाजिर न होने पर धारा 83 के तहत कुर्की की कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान गांव के लोग भी मौजूद रहे।

## विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्रों के घर पहुंचे प्रिंसिपल



सर्वाधिक अंक पाने वाली छात्रा को मिठाई खिलाते प्रिंसिपल

**खुशी**

**माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं**

**केराकत।** हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक हासिल कर कालेज का नाम रोशन करने वाले पांच छात्रों ने अपने विद्यालय, गांव और परिवार का नाम रोशन किया है।

हाईस्कूल के चार छात्रों रितु, प्रतिभा गौतम, प्रिया यादव और अंकित कुमार और इंटरमीडिएट की सुस्मिता जैसवार डोभी ब्लॉक क्षेत्र के भारतीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विशुनपुर लेबरुआ के छात्र हैं। सर्वाधिक नंबर पाने की जानकारी होने पर विद्यालय के प्रबंधक अरविंद सिंह, प्रधानाचार्य हरिश्चंद यादव, सहायक अध्यापक रियालुद्दीन, सुशील सिंह, अनिल कुमार व कमलेश यादव ने छात्रों के घर पहुंच उन्हें माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। विद्यालय की छात्रा रितु ने 91%, प्रतिभा गौतम ने 93%, प्रिया यादव ने 92% और अंकित कुमार ने 90% और इसी विद्यालय की इंटर मीडिएट की छात्रा सुष्मिता जैसवार ने 93% अंक पाकर विद्यालय, गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से उनके परिजन शिवनारायण समेत सतेंद्र, अमरनाथ मास्टर और पूर्व ग्राम प्रधान रमेश कुमार, अमरदेव, ऋषभ मेहता, चौधीरी, विनोद कुमार आदि गदगद रहे।



## भागवत कथा नहीं, वरन प्रसाद है : स्वामी बापूजी

**सुइथाकला।** क्षेत्र के अरसिया में 25 अप्रैल से चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन बुधवार को कथा व्यास की गद्दी से कथावाचक स्वामी चिन्मयानन्द बापू ने भागवत कथा को कथा नहीं, वरन प्रसाद बताया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा ही ऐसी कथा है जिसे स्वयं भगवान ने स्वयं कहा है। इसलिए यह कथा नहीं, यह प्रसाद है। इसलिए आप सभी को इस प्रसाद का वितरण कर पुण्य का भागी होना चाहिए। इसके पूर्व परम्परागत विधि विधान से भागवत पुराण का पूजन अर्चन किया गया। उन्होंने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि गंगा नदी में स्नान करने वाले केवल तन को शुद्ध करते हैं, जबकि भागवत कथा रूपी नदी में गोते लगाने वाले तन और मन दोनों से शुद्ध होकर भवसागर से पार हो जाते हैं। बापू ने कहा कि पापी से पापी व्यक्ति भी भागवत कथा का रसपान कर मरणोपरांत भी भवसागर को पार कर जाते हैं। कथा के दौरान उन्होंने सनातन धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए गौसेवा करने का भी श्रद्धालु स्त्रोताओं को पाठ पढ़ाया। इस दौरान पूर्व सांसद केपी सिंह, विधायक शाहगंज रमेश सिंह, श्रवण मिश्र, विद्या सागर सोनकर, माण्डवी सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे। अन्त में आरती के पश्चात लोगों में प्रसाद वितरण का कार्य किया गया। आयोजक विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्र ने आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

## एक मई से न्यायालय का समय बदलेगा

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने अवगत कराया है कि शासनादेश दिनांक 11 अप्रैल 1985 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत गर्मी व लू की तीव्रता के दृष्टिगत जनपद में 1 मई से 30 जून तक जिलाधिकारी के अधीन सभी माल व फौजदारी के न्यायालय एवं उससे सम्बन्धित कार्यालयों का समय जिसमें न्यायालय का समय प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक तथा 11 बजे से 11.30 बजे तक लंच का समय होगा।

न्यायालय से सम्बन्धित कार्यालय यथा-राजस्व अभिलेखागार एवं न्याय अभिलेखागार का समय प्रातः 7.30 से अपरान्ह 2.30 बजे तक होगा। जनपद के अन्य सभी कार्यालयों का समय यथावत रहेगा।

## शिक्षा से ही समाज में मिलता है सम्मान : भंते महेंद्र



**शैक्षणिक सत्र**

**सिटी इंटरनेशनल स्कूल का हुआ भव्य शुभारंभ**

**खुटहन।** पिलकिछा गांव स्थित सिटी इंटरनेशनल स्कूल के नये शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्व विख्यात आध्यात्मिक व ज्ञान के प्रेरणास्त्रोत महेंद्र सिंह भंते ने छात्र छात्राओं व अभिभावकों सहित प्रांगण में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार ही व्यक्ति को समाज में सम्मान दिलाता है। शिक्षित व संस्कारवान व्यक्ति ही देश व समाज के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकता है। प्रबंधक राजीव कुमार यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा व्यवस्था मिले यही सोच लेकर ग्रामीणांचल में विद्यालय खोलने का विचार आया, धनाभाव में कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न हो सभी बच्चों को अपने सपनों को पूरा करने का भरपूर अवसर मिले। इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक धर्मराज यादव व उनकी धर्मपत्नी सरयू देई ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथियों में सुभाष यादव, विमल यादव, डा. कार्तिकेय यादव, डा. ऊषा यादव, शशिधर शर्मा, फूलचंद यादव, अखंड प्रताप यादव सहित हजारों की संख्या में तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी सिंह ने किया। अंत में प्रबन्धक राजू यादव ने आगतों के प्रति आभार प्रकट किया।

## बाइक की चपेट में आने से बच्ची घायल, हालत गंभीर

**सुइथाकला।** शिक्षा क्षेत्र के सरायमोहिउद्दीनपुर स्थित इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय की कक्षा 3 की एक बच्ची बुधवार को छुट्टी के बाद सड़क पार करते समय बाइक की चपेट में आ गई जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में लोग उसे शाहगंज स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसका इलाज जारी है।

बताया जाता है कि उक्त विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा 3 की बच्ची साजिया पुत्री अलाउद्दीन शाह निवासी सरायमोहिउद्दीनपुर स्कूल की छुट्टी के बाद घर जाते समय सड़क पार कर रही थी, उसी दौरान तेज रफ्तार से निकल रही एक बाइक की चपेट में आ गयी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद बाइक सवार भागने में सफल रहा।

इधर बच्ची की हालत गंभीर देख लोगों द्वारा आनन फानन में शाहगंज स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज जारी है।

## अगले सात दिनों तक लू चलने की संभावना नहीं

**12 डिग्री तक गिरा पारा, 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं और 47 मिमी बारिश**

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में सोमवार को कई जिलों में एक बार फिर मौसम बदला। जौनपुर सहित अन्य जिलों में रात में आंधी चलने लगी। इसके बाद जोरदार बारिश हुई। 50 किमी की रफ्तार से हवाएं चलने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

हाल ही में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के रज्जू भइया संस्थान स्थित भू एवं ग्रहीय विज्ञान विभाग में एक मौसम केंद्र की स्थापना की गई है। इस मौसम केंद्र ने आंधी एवं तूफान के दौरान वातावरण के तापमान, आद्रता, हवा की रफ़्तार एवं दिशा तथा वर्षा की मात्रा को रिकॉर्ड किया, कुछ आकड़े चौंकाने वाले थे। मौसम केंद्र के अनुसार शाम 7 बजे अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस था जो कि शाम 7:30 पर तूफान एवं बारिश के कारण 18 डिग्री तक गिर गया साथ ही साथ आद्रता 40% से बढ़ कर 100% पहुंच गई तथा हवा की रफ्तार 5 मीटर प्रति सेकंड से 14.7 मीटर प्रति सेकंड यानी कि लगभग 53 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई। इसके साथ ही एक घंटे (शाम 7 बजे से 8 बजे तक) के दौरान 47.5 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम वैज्ञानिक डॉ. श्रवण कुमार के द्वारा यह मौसम केंद्र यूजीसी के शोध प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्थापित किया गया है। डॉ. कुमार ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी भविष्यवाणी में उत्तर भारत में अभी अगले सात दिनों तक लू चलने की कोई संभावना नहीं है तथा अगले 5 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।



# निपुण भारत मिशन के क्षेत्र में प्रदेश में पांचवें स्थान पर भदोही

**जनसंदेश न्यूज**



डीएम गौरांग राठी

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अगुवाई में जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग नित नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हो रहा है। शैक्षिक सत्र 2022-23 में जनपद भदोही में नामांकित छात्रों के सापेक्ष डीबीटी की प्रक्रिया एवं निपुण भारत मिशन के अंतर्गत हो रहे कार्यों में वर्तमान शैक्षिक सत्र में भी जनपद लगातार अपने आपको बेहतरीन कार्य कर रहे प्रदेश के जनपदों की सूची में शीर्ष पाँच स्थानों में बना हुआ है।

जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा को प्राथमिकता वाले कार्यों में शामिल किया है, जिसके कारण लगातार समीक्षा और अनुश्रवण से विभाग में सकारात्मक परिवर्तन दृष्टिगोचर हो रहे हैं। इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी यशवंत सिंह ने भी भदोही में बेसिक शिक्षा विभाग में हो रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए हर्ष व्यक्त किया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रत्येक सप्ताह कायाकल्प के अंतर्गत हो रहे कार्यों की विद्यालय वार समीक्षा की जाती है, जिसके परिणामस्वरूप जनपद जिन पैरामीटर्स में पीछे था, आज उन पैरामीटर्स में अग्रणी जनपदों के साथ खड़ा है। मंगलवार को प्रमुख सचिव द्वारा जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियो की ऑनलाइन बैठक की गई थी जिसमें प्रदेश के समस्त जनपदों को उनकी स्थिति से अवगत कराया गया तथा आने वाले दिनों में किए जाने वाले कार्य के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

उक्त बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार जनपद भदोही नामांकन के सापेक्ष आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया में प्रदेश में तीसरे स्थान पर तथा निपुण स्कूलों की संख्या के मामले में जनपद ने पांचवा स्थान प्राप्त किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एकेडमिक टीम के सदस्यों एवं समस्त शिक्षकों को बधाई देते हुए यह अपील की गई है कि ऐसे ही कार्य करें।

## सुरियावां पुलिस की चेकिंग में तीन शराब तस्कर गिरफ्तार

**भदोही।** आगामी नगर निकाय चुनाव-2023 को सकुशल, निष्पक्ष व पारदर्शी सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपराधों के रोकथाम व अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना सुरियावां पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त बुद्धिराम उर्फ बुद्धू पुत्र राजनारायण उर्फ सेठ निवासी मलेपुर वार्ड नं0 9 कस्बा सुरियावां थाना सुरियावां जनपद भदोही व विनोद कुमार बनवासी उर्फ कुरकुन्नी पुत्र कल्लू उर्फ कुन्नी निवासी कुसौली थाना सुरियावां जनपद भदोही के कब्जे से 10-10 लीटर तथा अभियुक्त बन्दे लाल कनौजिया पुत्र रामचन्द्र कनौजिया निवासी पाली केवटान थाना सुरियावां जनपद भदोही के कब्जे से 30 शीशी (06 लीटर) देशी शराब कुल 26 लीटर अवैध शराब बरामद करने का पुलिस ने दावा किया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियुक्तों के विरुद्ध अंतर्गत धारा-60 आबकारी अधिनियम अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

# मोबाइल फोन पर धमकी देकर पैसे की मांग करने का आरोपी गिरफ्तार

**कामयाबी**

**कब्जे से धमकी देने में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद**



**भदोही।** गत सोमवार को आवेदक गुलाब चंद यादव पुत्र स्व. बागेश्वर प्रसाद यादव निवासी कीर्तिपुर, करियांव थाना व जनपद भदोही द्वारा थाना भदोही पर सूचना दिया गया कि उनके मोबाइल फोन पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन करके जान से मारने की धमकी देते हुए पैसे की मांग की गई। सूचना पर तत्समय ही अज्ञात के विरुद्ध मु.अ.सं.-90/2023 धारा- 386, 504, 507 भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पंजीकृत अभियोग के अनावरण व घटना में शामिल अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकाश में आए अभियुक्त दिनेश कुमार गौतम पुत्र लालमनि गौतम निवासी कीर्तिपुर, करियांव थाना व जनपद भदोही को रेलवे स्टेशन भदोही के बाहर मंदिर के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से धमकी देने में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया गया। अभियुक्त के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच सहित आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान मा0 न्यायालय किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. अरविंद कुमार, कां. निर्मल कुमार थाना व जनपद भदोही शामिल रहे।

## संक्षेप

### हलीमिया फाउंडेशन ने आयोजित किया ईद मिलन समारोह



**मुंगराबादशाहपुर।** नगर के मोहल्ला साहबगंज में बिरादरी अलीमियां फाउंडेशन के तत्वाधान में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर हिंदू व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई देते हुए आपसी भाईचारा और देश में अमन चैन बनाए रखने के लिए संकल्प लिया। समारोह के मुख्य अतिथि सिटी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू) ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद मिलन समारोह से आपसी भाईचारा बढ़ता है। खालीमियां फाउंडेशन प्यार व सद्भावना को बढ़ावा देकर मानवता की सेवा में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने संस्था के मेधावी बच्चों को अपने विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा देने की अपील की। विशिष्ट अतिथि आर्किटेक्ट उमाशंकर गुप्ता ने बोलते हुए कहा कि हिंदू मुस्लिम भाईचारा एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए ये ईद मिलन समारोह एक सार्थक कदम है। आयोजक सदर हाजी मोहम्मद मेराज व नायब सदर इलियास अहमद छिवलहा व सकलैन ने आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी मो. साबिर तथा संचालन आजम राईन ने किया। इस अवसर पर मोहम्मद सकलैन, रईस अहमद, डॉ. इमरान, सौदागर राइन, मोहम्मद नदीम सोनू, मोहम्मद अनीस छिवलहा, हाफिज मो. सुहैल, चांद बाबू व प्रवेश लंबू आदि लोग बड़ी संख्या मौजूद रहे।

### अध्यक्ष व सभासद प्रत्याशियों की हुई बैठक

**शाहगंज।** उपजिलाधिकारी एवं रिटर्निंग आफिसर शैलेन्द्र कुमार ने तहसील मुख्यालय स्थित सभागार में प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में नगर पालिका एवं खेतासराय नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं सदस्य पद के प्रत्याशी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे। एसडीएम ने उक्त बैठक राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में लिया। अध्यक्ष एवं सदस्य पद पर चुनाव लड़ रहे लोगों को व्यय लेखा सम्बंधित एवं चुनाव के सम्बन्ध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत आदर्श चुनाव आचार संहिता के अनुपालन हेतु दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक चोब सिंह, तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह समेत व्यय लेखा टीम के सदस्य मौजूद रहे।

### इंडस्ट्रियल एरिया व कारपेट इंडस्ट्री का डेनमार्क टीम ने किया निरीक्षण

**भदोही।** नदियों के जल की सफाई एवं उनके पुनरुत्थान लिए यूपी स्मार्ट लैबोरेट्री की स्थापना हेतु उत्तर प्रदेश सरकार एवं डेनमार्क सरकार के बीच संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को 6 सदस्यीय डेनमार्क प्रतिनिधिमंडल टीम ने जनपद भदोही में मोरवा व वरुणा नदी के संरक्षण हेतु स्थलीय निरीक्षण कर जिलाधिकारी गौरांग राठी के साथ शिष्टाचार मुलाकात कर स्मार्ट सिटीज के प्रबंधन हेतु विविध आयामों पर विचार विमर्श किया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम वरुणा नदी में गिर रहे वसुही नदी के स्थल मुहाने का अवलोकन किया गया, उसके बाद वरुणा नदी में मोरवा नदी गिर रहे स्थान को देखा गया। तत्पश्चात इंडस्ट्रियल एरिया भदोही में निरीक्षण किया गया एवं कारपेट इंडस्ट्री का भी निरीक्षण टीम द्वारा किया गया। कारपेट सिटी में इंडस्ट्रियल लोगों द्वारा लगाए गए ईटीपी का भी निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात टीम ने जिलाधिकारी गौरांग राठी से मिलकर अपने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। पुनः टीम वरुणा नदी के उद्गम स्थल फूलपुर में गई उसका निरीक्षण किया। इसके पूर्व टीम ने बनारस में वरुणा नदी के स्थल का निरीक्षण किया गया। टीम में अतिरिक्त रूप से डेनमार्क से कुल 6 सदस्य टीम थी। उसके अतिरिक्त गंगा प्रदूषण नियंत्रण वाराणसी की टीम, सिंचाई विभाग की टीम, नमामि गंगे एवं आईआईटी बीएचयू की टीम एवं नगरपालिका भदोही की टीम उनके साथ थी।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता 3 मई से

**आजमगढ़।** क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी एके पाण्डेय ने बताया है कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ के समन्वय से प्रदेशीय सब-जूनियर बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 3 से 6 मई, तक सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सब-जूनियर बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता हेतु आजमगढ़ मण्डल की टीम का जिला स्तरीय चयन, ट्रायल्स 29 अप्रैल, को एवं मण्डल स्तरीय चयन, ट्रायल्स एक मई, को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। उक्त चयन, ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले सब-जूनियर बालिका वॉलीबाल खिलाड़ियों की जन्मतिथि एक जनवरी 2007 या उसके पश्चात की होनी चाहिए। आयु के सम्बन्ध में विद्यालय, संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा प्राप्त जन्मतिथि प्रमाण-पत्र एवं पात्रता प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## सिंगल यूज प्लास्टिक हटाना है जौनपुर को स्वच्छ बनाना है



दुकानदार को कपड़े का झोला देती जेसीआई जौनपुर चेतना की पदाधिकारीगण

**जौनपुर।** जनपद की महिलाओं की अग्रणी संस्था जेसीआई जौनपुर चेतना ने सिंगल यूज प्लास्टिक को हटाना है और जौनपुर को स्वच्छ बनाना है के निवेदन के साथ शहर के कोतवाली चौराहा तथा उर्दू बाजार में नो प्लास्टिक यूज का जागरूकता अभियान प्रारंभ किया।

संस्था के पदाधिकारी और सदस्यों ने लोगों को कपड़े का बैग इत्यादि प्रयोग करने का निवेदन करते हुए दुकानदारों को संस्था के द्वारा बनवाया गया कपड़े का झोला वितरित किया। संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने बताया कि जेसीआई इंडिया मंडल 3 के आह्वान पर सिंगल यूज प्लास्टिक हटाओ का नारा दिया गया है इसी के तहत लोगों को कपड़े का बैग या झोला प्रयोग करने के लिए यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आप सभी को पता है की प्लास्टिक हमारे जीवन में बहुत हानिकारक है इसलिए हम सभी को जल्द से जल्द सिंगल यूज प्लास्टिक को अपने दिनचर्या से निकालना होगा। कार्यक्रम में संस्था की कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी, सुधा बैंकर, संचिता बैंकर, मीनू बरनवाल और अनीता गुप्ता उपस्थित रही।

# पूर्वांचल के हज यात्रियों की उड़ानें वाराणसी से होगी: मौलाना सोहैब

**बैठक**

**यात्रियों के लिए टीका व पोलियो ड्रॉप समय से उपलब्ध होगा तो ट्रेनिंग व टीका एक साथ**

**जनसंदेश न्यूज**



प्रेसवार्ता करते खुददामें हज समिति के सदस्यगण

**भदोही।** खुददामें हज समिति के सरपरस्त हाजी शाहिद हुसैन अंसारी के आवास पर 2023 हज यात्रियों की ट्रेनिंग और टीका को लेकर एक आवश्यक बैठक की गई।

इस दौरान समिति के सरपरस्त हाजी शाहिद हुसैन अंसारी ने कहा कि हज कमेटी ऑफ इंडिया व हज समिति उत्तर प्रदेश के निदेशानुसार समिति हज यात्रियों की सेवा के लिए तैयार है। श्री अंसारी ने कहा कि हज कमेटी यात्रियों के लिए टीका व पोलियो ड्रॉप अगर समय से उपलब्ध करा दें तो ट्रेनिंग व टीका एक साथ कराया जाएगा। सहायक हज ट्रेनर मौलाना सोहैब आलम ने बताया कि भदोही जिले से कुल 87 हज यात्री आवेदन किए हैं। जिसमे 15 लोग दूसरे जिले से हैं, तथा 6 यात्री लगभग प्राइवेट टूर से हैं। मौलाना सोहैब आलम ने कहा कि हज समिति उत्तर प्रदेश के कार्यपालक सचिव जावेद को तथा भदोही जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश चंद्र व अल्पसंख्यक निरीक्षक कमरुद्दीन तथा जिला चिकित्सा अधिकारी संतोष को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। समय कम है, मई के लास्ट या फर्स्ट जून के अंदर पूर्वांचल के सभी हज यात्रियों का वाराणसी से जद्दा की उड़ाने हो सकती है।

वहीं समिति के मास्टर हज ट्रेनर हाजी हबीबुल्लाह शेख ने हज यात्रियों को सुबह और शाम चलने की हिदायत दी है, जिससे हज आसान हो सके। वहीं सरपरस्त शाहिद हुसैन अंसारी ने कहा कि मई के पहले हफ्ते में समिति के कादिर बाबू अंसारी, हाजी इमाम बैग, हाजी मुमताज आलम अंसारी, हाजी जाहिद अली अंसारी हज सेवकों की बैठक कर ट्रेनिंग की हज समिति उत्तर प्रदेश के निर्देशन में तारीख तय की जाएगी।

# मलेरिया से बचने के लिए आसपास रखें साफ-सुथरा : दीपक शुक्ल

**सुझाव**

**मलेरिया दिवस पर एक सौ लोगों को मुफ्त में बांटी गयीं मच्छरदानी**

**जनसंदेश न्यूज**



**भदोही।** मलेरिया दिवस के अवसर पर लोगों को मलेरिया से बचाव के उपाय बताए गए। उपस्थित लोगों से कहा गया कि बचाव और सुरक्षा ही मलेरिया से बचने का आसान उपाय है। आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और गंदा पानी न जमा होने पाए।

भदोही जनपद के दुगार्गंज के सेमरा गांव में आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस दौरान एजअह्युमन ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक शुक्ला ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मलेरिया गंदे पानी से फैलता है और इसके मच्छर गंदे पानी में है पैदा होते हैं। लापरवाही वश कभी-कभी यह जानलेवा और घातक हो जाता है। जहां हम रहते हैं वहां आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान देना चाहिए। गंदी नालियों में पानी नहीं जमा होना चाहिए। अगर कहीं जलजमाव है हमें वहां दवा या अन्य रासायनिक चीजों का छिड़काव करना चाहिए। मच्छरदानी लगाकर सोएंगे तो बिल्कुल स्वस्थ रहेंगे और स्वास्थ्य पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। संस्था की तरफ से तरफ से इस दौरान मौजूद लोगों को मच्छरदानी का वितरण किया गया। जरूरतमंदों को मच्छरदानी देने के बाद बताया गया कि आप रात में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करेंगे तो मच्छर आपके पास नहीं आएंगे।

इस दौरान संस्था ने तकरीबन 100 लोगों को मच्छरदानी वितरित किया गया। इस दौरान संस्था के महाराष्ट्र अध्यक्ष ब्रिजेश शुक्ल, संस्था के संस्थापक प्रबन्धक धीरज शुक्ल प्रदेश अध्यक्ष विमलेन्द्र सिंह, रमाशंकर यादव, श्याम यादव, रामकुमार पाण्डेय, गिरिशचन्द्र पाण्डेय और अच्छेलाल शर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नगरीय चुनाव को लेकर पीठासीन अधिकारियों को किया गया प्रशिक्षित

**भदोही।** बुधवार को दूसरे दिन सेंट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण कार्यक्रम दो पालिया में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी गौरांग राठी के द्वारा मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि जनपद में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराना है। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन में जिन कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है वह कार्मिक अपने कार्यस्थल पर समय से पहुंचना सुनिश्चित करें। अगर निर्वाचन कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही की गई तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही संज्ञान में लाई जाएगी। और उन्होंने समस्त पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के समस्त बूथों पर मतदाता की तर्जनी उंगली पर अमिट स्याही प्रत्येक दशा में लगाई जाए। जिलाधिकारी ने समस्त पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन संबंधित कार्यों को गंभीरता से लें। और उन्होंने कहा कि बूथ पर अधिक संख्या में भीड़ ना लगाएं निर्वाचन की गाइड लाइन का शत-प्रतिशत पालन किया जाए। बूथ में अंदर दो ही लोग रहे इसको सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने समस्त कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि अमिट स्याही इस तरीके से लगाई जाए जिससे वह मिट ना सके। उन्होंने कहा कि समस्त कार्मिक रवानगी स्थल पर समय से पहुंचे अगर कोई भी कार्मिक रवानगी स्थल पर समय से नहीं पहुंचता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही संज्ञान में लाई जाएगी।

> प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम पाली में 180 कार्मिक के सापेक्ष 177 कार्मिक उपस्थित रहे। जबकि दूसरी पाली में 150 कार्मिक के सापेक्ष 147 कार्मिक उपस्थित रहे। जिसमें पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी में 06 अनुपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव में राष्ट्रीय पार्टियों के लिए मुसीबत बने बागी

**चुनाव**

**टिकट न मिलने पर आखिरी समय में बदला पाला, उतरे निर्दल**

**जनसंदेश न्यूज**




**गोपीगंज।** नगर निकाय चुनाव में बागियों ने राजनीतिक दलों की मुसीबतें बढ़ा दी है। भाजपा, सपा, बसपा जैसी पार्टियों से टिकट न मिलने से आखिरी समय में पाला बदलकर दूसरे दल में शामिल हो गए या निर्दल नामांकन के साथ ही प्रचार भी जोर-शोर से शुरू कर दिया है। अब उन्हें मनाने में वरिष्ठ पदाधिकारियों के पसीने छूटने लगे हैं। जिले की सात नगर निकायों में दो नगर पालिका पांच नगर पंचायत में नामांकन कार्य पूर्ण हो चुका है। अध्यक्ष पद के लिए भदोही, गोपीगंज, ज्ञानपुर, खमरिया, नई बाजार में सपा, भाजपा, बसपा से टिकट के दावेदारों की काफी संख्या रही। सभी को उम्मीद था कि उन्हें ही टिकट मिलेगा, लेकिन आखिरी समय पर टिकट कट जाने से निर्दल प्रत्याशी के रूप में नामांकन कर दिया। गर्मी की वजह से प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ सुबह ही प्रचार प्रसार में निकल जाते है, दुबारा फिर शाम से देर रात्रि तक चुनाव प्रचार कर बैठकों का दौर चलता है, नगर निकाय क्षेत्रों में चुनावी चहल-पहल तेज हो गई है। मतदाताओं को प्रत्याशी लुभाने में लगे हुए है। प्रचार प्रसार में कार्यकर्ता के साथ प्रत्याशी जी जान से लगे हैं, लेकिन मजे की बात यह हैं कि अधिकांश कार्यकर्ता नाश्ता करके रफूचक्कर हो जा रहे हैं। इस बीच कार्यकर्ता का फोन स्वीच ऑफ होने के बाद प्रत्याशियों के धड़कनें बढ़ जाती हैं। निकाय चुनाव को लेकर नगरों में खुब चर्चा है।

नामांकन का दौर खत्म होने के बाद अब पर्चा भरने वाले प्रत्याशी. प्रचार-प्रसार में अपना जोर लगाए हुए हैं। प्रचार-प्रसार में जमकर शक्ति प्रदर्शन किया जा रहा है। ऐसे में प्रत्याशी भी लोगों को खिला-पिलाकर अपने साथ रखे हुए हैं। कई उम्मीदवार भी भाजपा से टिकट न मिलने से निर्दल ही ताल ठोंक चुके हैं। नाम वापसी तक भाजपा के दिग्गज उन्हें मनाने में जुटे हैं। देखने वाली बात यह होगी कि बागी पार्टी की बात से सहमत होते हैं या निर्दल ही चुनाव में पार्टी की परेशानी को बढ़ाएंगे।

### साइत माई मंदिर में भंडारे का आयोजन 28 को

**खुटहन।** क्षेत्र के ताजूपुर इमामपुर स्थित साइत माई मंदिर में 28 अप्रैल को भव्य पूजन, जागरण एवं भंडारे का आयोजन होगा। उक्त बात की जानकारी मंदिर के पुजारी राम लवट चौधरी ने दिया। पूर्व प्रधान शिव प्रसाद चौधरी ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि सभी लोग माता रानी के दरबार में पहुंच भंडारे का प्रसाद अवश्य ग्रहण करें। पूजा अर्चना के बाद जागरण का कार्यक्रम भी रखा गया है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# पुण्यतिथि पर जरूरतमंद महिलाओं को वितरित की गयी साड़ी व खाद्यान्न

**जनसंदेश न्यूज**



स्व. प्रथमा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते रमाकान्त मिश्र

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय पंचायत के दुर्गा मंदिर के समीप स्थित प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के नेता रमाकांत मिश्र की पत्नी प्रथमादेवी की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गईं। स्व प्रथमा मिश्रा के चित्र पर रमाकांत मिस्त्र द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर गरीब महिलाओं को साड़ी व खाद्यान्न का वितरण किया गया। पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा नेता रमाकांत मिश्र ने कहा प्रथमा का जीवन शिक्षा समाज और सेवाभाव में ही समर्पित रहा। उन्होंने अपनी पत्नी प्रथमा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राजनीति के तमाम उतार-चढ़ाव में भी हमारी पत्नी साए की तरह मेरे साथ कदम से कदम मिलाकर चलती थी वह मेरी ऊर्जा थी। उनके बिना अब जीवन का कोई मकसद ही समझ में नहीं आता। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तथा उनके पुत्र पुष्कर मिश्रा ने कहा कि माताजी हमेशा गांव गरीब किसान की बात करती थी एक साधारण गृहणी होने के बावजूद भी समाज के उन माइनों को भी बखूबी समझती थी पिताजी के राजनीतिक जीवन में माताजी का बहुत बड़ा सहयोग है तथा मेरा दुर्भाग्य है कि जब मेरा राजनीतिक कैरियर शुरू हुआ उसके पहले ही माता जी का साथ छूट गया इस मौके पर मुख्य रूप से कमलनयन, साधु शुक्ला, हरिभान पांडे, अनीता, कमल, त्रिवेणी राम, श्रीराम सोनकर, सुनील पांडे, रमाशंकर वर्मा, बालमुकुंद सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# गोष्ठी आयोजित कर गन्ना कृषकों को दी गयी जानकारी

**जनसंदेश न्यूज**



गोष्ठी को सम्बोधित करते वक्ता

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** अहिरौला क्षेत्र के सजनी गांव में गन्ना विकास विभाग द्वारा एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सठियांव चीनी मिल के महाप्रबंधक अनिल कुमार चतुर्वेदी रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित गन्ना कृषकों को पेड़ी गन्ना प्रबंधन ,गन्ने में कीट रोग नियंत्रण, गन्ना फसल का सर्वेक्षण, खरपतवार का नियंत्रण, सिंचाई तथा गन्ना विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विभिन्न जानकारी किसानों को दी गई ।गोरखपुर पिपराइच गन्ना विकास संस्थान के सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस क्षेत्र में गन्ने का औसत उपज कम है इसका प्रमुख कारण है देर से गन्ने की बुवाई करना अधिक उपज लेने के लिए किसान अक्टूबर-नवंबर या फरवरी व 15 मार्च तक गन्ने की बुवाई करेगा तो अधिक गन्ने का उत्पादन हो सकेगा। उन्होंने बताया कि 13225 ,14201, 13452, 0118 आदि गन्ने की ट्रेंच बिधि से बुवाई करके किसान गन्ने के साथ अपनी सुविधा अनुसार अन्य आलू प्याज लहसुन गोभी टमाटर आदि सह फसली खेती कर-के अपना आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकता है। चीनी मिल के प्रबंधक अनिल कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मिलगेट में गन्ने की उपलब्धता नहीं के बराबर है। इस सत्र में चीनी मिल 28 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की है। चीनी की परता 7.5 है जो बहुत कम है। सभी किसानों से अपील है कि वह अधिक चीनी देने वाली गन्ने की बुवाई करें। उन्होंने बताया कि गन्ना मूल्य भुगतान के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉ विनय मिश्रा ने भी किसानों को गन्ना उत्पादन के विभिन्न विधियों पर विस्तार से बताया। जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि इस समय गन्ने का सर्वेक्षण कार्य चल रहा है किसान अपने खेत पर रहकर गन्ने का सर्वे कराकर रसीद प्राप्त कर ले। इस मौके पर जीएम अनिल कुमार चतुर्वेदी, मुख्य गन्ना अधिकारी त्रिलोकी सिंह, गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा, अंकित श्रीवास्तव सहित किसान बद्री सिंह, गौतम राय, हीरालाल, मनोज राय आदि लोग मौजूद रहे।



फादर गुरुसान्थाराज (सेंट जॉन्स स्कूल बरेका)

# ईमानदारी व भाईचारा संग कर्म पर विश्वास रखने वाला ही सफल इनसान

**1963** में स्थापित सेंट जॉन्स डीएलडब्ल्यू शिक्षा के साथ ही मानवता के संदेश के प्रति है समर्पित

**50** बच्चों के साथ शुरू हुआ सफर आज **4000** से अधिक बच्चों का बना परिवार गरीब बच्चों के लिए नि:शुल्क शिक्षा



## वीआईपी या वीवीआईपी के दबाव में नहीं, बल्कि बच्चों की बौद्धिक क्षमता से ही मिलता है सेंट जॉन्स बरेका में प्रवेश

### बच्चों में धर्म नहीं, कर्म का बीज बोना चाहिए

फादर बताते हैं कि बच्चों में शुरू से ही धर्म का नहीं बल्कि कर्म का बीज बोना चाहिए क्योंकि कर्मपथ ही चलकर ही बच्चों को जीवन में सफलता हासिल हो सकती है। धर्म तो हम आप ने बनाया है लेकिन मानवता और भाईचारे का संदेश स्वयं ईश्वर ने निर्मित किया है। बताया कि शिक्षा और मानवता के संदेश के लिए ही यह विद्यालय फोर्ब्स ग्रेट इंडियन एजुकेशन सेंटर लिस्ट 2018 में सूचीबद्ध है।

### खेल के प्रति समर्पित है सेन्ट जॉन्स बरेका

खेल के प्रति सेन्ट जान्स बरेका पूरी तरह से समर्पित है, विद्यालय का मानना है कि शिक्षा के साथ ही शारीरिक विकास भी महत्वपूर्ण है। इसलिए स्कूल की ओर से एथलेटिक टूर्नामेंटका भी आयोजन किया जाता है। जिसमें एमजेएम फुटबॉल कप है, जिसमें क्षेत्र के आसपास के कई स्कूल भाग लेते हैं। डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो और शॉट पुट जैसे अन्य खेलों को भी यहाँ बहुत महत्व दिया जाता है।

### प्रार्थना से शुरू होती है दिनचर्या

वर्तमान में सेंट जान्स बरेका के प्रधानाचार्य फादर गुरुसान्था राज की दिनचर्या सुबह चार बजे से शुरू हो जाती है, इस समय उठना दैनिक दिनचर्या के बाद चर्च में प्रार्थना और फिर सुबह छह बजे विद्यालय पहुंच जाना, दिन भर विद्यालय के कार्मो में निरंतर लगे रहने के साथ रात 11 बजे प्रार्थना के साथ ही सोना यह रोज की प्रक्रिया है।

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

**खास मुलाकात**

वाराणसी। शिक्षा के साथ ही मानवता का संदेश देने के उद्देश्य से वर्ष 1963 में सेंट जॉन्स स्कूल बीएलडब्ल्यु (अब बीएलडब्ल्यु) की स्थापना की गयी, स्कूल की स्थापना को 59 वर्ष पूर्ण हो गये हैं, आज भी विद्यालय में मानवता, भाईचारा का संदेश शिक्षा के साथ ही गूंजता है। सेंट जॉन्स बरेका के प्रधानाचार्य फादर गुरु सान्थाराज ने जनसंदेश टाइम्स से हुई खास मुलाकात में बताया कि एक वर्ष पूर्व जुलाई 2022 को उन्होंने सेंट जॉन्स बरेका के प्रधानाचार्य के रुप में कार्यभार ग्रहण किया, इसके पूर्व भी वह यहां बातौर उप-प्रधानाचार्य का पद संभाल चुके हैं। फादर गुरुसान्था राज बताते हैं कि हम सभी को इस बात की बहुत खुशी होती है कि जिस मानवता व भाईचारे के संदेश के लिए इस विद्यालय की स्थापना की गयी उसमें विद्यालय पूरी तरह से सफल है।



### बागवानी करना नहीं भूलते

फादर ने बताया अवकाश में अन्य लोग जहां पूरी तरह रिलैक्स मूड में रहते हैं वहीं हम लोगों को अधिक काम रहता है, विद्यालय के फाइल से संबंधित सभी पेंडिग कार्य अवकाश में ही पूरा किया जाता है, हां विद्यालय पर्यावरण के प्रति हमेशा संजीदा है, वह स्वयं अपने व्यस्तम समम में भी बागवानी करना नहीं भूलते।

### राष्ट्रीय एकता का भी केंद्र है सेंट जॉन्स स्कूल

फादर बताते हैं कि सेंट जॉन स्कूल राष्ट्रीय एकता का केंद्र है क्योंकि इसमें भारत के लगभग वर्ग व सभी स्थानों के बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल अधिकांश आधुनिक स्कूलों के साथ अनुकूल तुलना करता है। छात्रों को जीवन में उनकी भूमिका के लिए तैयार करने के लिए ठोस नैतिक, शारीरिक और सांस्कृतिक प्रशिक्षण उतना ही आवश्यक है जितना कि अकादमिक और विद्वतापूर्ण निर्देश। इसलिए खेल, खेल और शारीरिक व्यायाम को बहुत महत्व दिया जाता है। एलकेजी से 5 और 6 से 12 कक्षाओं के लिए अलग-अलग भवन हैं। दो बड़े खेल के मैदान, एक पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं और एक बड़ा आधुनिक सभागार है।

### मानवता का संदेश देने को बने फादर

फादर गुरु सान्थाराज बताते हैं कि इस स्थान पर आने के लिए किसी ने प्रेरित नहीं किया बल्कि मानवता के संदेश देने का मन में आस जगी तो इस ओर मुखातिब हुआ। फादर बताते हैं कि वह वर्ष 1994 में वाराणसी आये थे, बताते हैं कि जब सेंट जॉन्स डीएलडब्ल्यु था तो वह यहां उप प्रधानाचार्य रह चुके हैं।



# फिर शुरू होगा बैंड-बाजा-बारात

**तैयारी**

दो मई से प्रारंभ हो जायेंगे मांगलिक कार्य

मई-जून में 25 व नवम्बर-दिसम्बर में 11 शुभ वैवाहिक मुहुर्त

इस बार 36 सर्वश्रेष्ठ व शुद्ध शुभ वैवाहिक लग्न पड़ेंगे

### कब-कब गूंजेगी शहनाई, होंगे वैवाहिक शुभ मुहुर्त

मई-2023- 2 मई, 3 मई, 10 मई, 11 मई, 12 मई, 16 मई, 20 मई, 21 मई, 22 मई, , 27 मई, 29 मई, 30 मई, 31 मई।

जून-2023- 1 जून, 3 जून, 5 जून, 6जून, 7 जून, 8 जून, 11जून, 12जून, 13जून, 23 जून, 24 जून, 27 जून।

नवम्बर-2023- 23 नवम्बर, 24 नवम्बर, 27 नवम्बर, 28 नवम्बर, 29 नवम्बर।

दिसम्बर-2023-4 दिसम्बर, 6 दिसम्बर, 7 दिसम्बर, 8 दिसम्बर, 9 दिसम्बर, 15 दिसम्बर।

राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** जो लोग परिणय सूत्र में बंधने की प्रतीक्षा कर रहे हैं उनके लिए गुड न्यूज है। बैंड-बाजा-बारात की एक बार फिर शुरूआत होने जा रही है। आगामी दो मई से फिर से मांगलिक कार्य के साथ ही शुभ वैवाहिक मुहुर्त प्रारंभ हो जायेंगे। इसके साथ ही एक बार शहनाई की मंगल धुन सुनायी पड़ेगी। ज्योतिषी गणना के मुताबिक आगामी मई व जून माह में 25 एवं नवम्बर व दिसम्बर में 11 शुद्ध शुभ वैवाहिक मुहुर्त पड़ेंगे। प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन के मुताबिक सामान्यतः खरमास की समाप्ति के पश्चात वैवाहिक लग्न प्रारंभ हो जाते हैं लेकिन इस बार खरमास 14 अप्रैल को समाप्त हो चुका था। लेकिन गुरु शुक्र अस्त एवं ग्रहों के फलस्वरूप समय शुभ नहीं था। 30 अप्रैल 2023 से आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी देवशयनी एकादशी तिथि गुरुवार 29 जून तक समय शुद्ध रहेगा। तत्पश्चात 23 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2023 तक ग्रह गणना के मुताबिक समय शुद्ध रहेगा। जिसमें वैवाहिक शुभ लग्न के अतिरिक्त समस्त मांगलिक कार्य शुभ लग्न, शुभ वैवाहिक मुहुर्त प्रारंभ हो जायेंगे। शुद्ध वैवाहिक मुहुर्त की गणना में वर-वधू के जन्म कुंडली के ग्रहों की गणना एवं विचार किया जाता है। वर के लिए सूर्य ग्रह तथा वधू के लिए वृहस्पति ग्रह का बल देखना नितांत आवश्यक है। आवश्यकता व अपरिहार्य स्थिति में शास्त्रोक्त विधि से ग्रहों की पूजा दान करके विवाह करना शुभ फलदायी माना गया है।

### 30 जून से 22 नवम्बर 2023 तक नहीं मिलेंगे लग्न

आगामी 30 जून से 22 नवम्बर 2023 तक अधिकमास, चातुर्मास्य, हरिशयन, करकायन, शुक्रास्त के कारण लग्न नहीं मिलेंगे। कार्तिक शुक्ल एकादशी (देवोत्थनी एकादशी) गुरुवार 23 नवम्बर से लेकर साल के अंत में 15 दिसम्बर 2023 तक वैवाहिक शुभ लग्न रहेंगे। 16 दिसम्बर शनिवार मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से खरमास प्रारंभ हो जायेगा। जिसके फलस्वरूप मांगलिक कार्यों पर विराम लग जायेगा। आगामी 2024 में 16 जनवरी मंगलवार से खरमास की समाप्ति के पश्चात वैवाहिक व मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जायेंगे।



# गंगा पुष्करालु कुंभ में गूंजा 'सबका साथ हो, गंगा साफ हो'

**कार्यक्रम**

दक्षिण भारतीय आस्थावानों ने गंगा सफाई में बंटाया हाथ

मानसरोवर समेत अन्य घाटों पर की गई सफाई



**वाराणसी।** उत्तर और दक्षिण की संस्कृति के मिलन के साक्षी उत्तरवाहिनी गंगा के मानसरोवर घाट पर बुधवार को गंगा पुष्करालु कुंभ के दौरान ₹सबका साथ हो गंगा साफ हो₹ की गूंज सुनाई पड़ी। तेलुगू भाषी दक्षिण के मेहमानों ने गंगा में पवित्र स्नान के बाद नमामि गंगे और 137 सीईटीएफ प्रादेशिक सेना गंगा टास्क फोर्स के जवानों के साथ मां गंगा की आरती उतारी। दक्षिण भारत के तेलंगाना व आंध्र प्रदेश से गंगा पुष्करम कुंभ के लिए पधारे श्रद्धालुओं ने गंगा किनारे की सफाई में भी हाथ बंटाया। मानसरोवर, क्षेमेश्वर, राजाघाट और नारद घाट के गंगा तट पर इधर-उधर बिखरे कचरे और पॉलिथीन को कूड़ेदान तक पहुंचाने में भी मदद की । तेलुगु भाषा में लाउडस्पीकर से स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की । राष्ट्रध्वज तिरंगा और ॐ लिखी पताका हाथों में लेकर सभी ने गंगा की स्वच्छता का संकल्प लिया। 'सबका साथ हो गंगा साफ हो' का गगनभेदी उद्घोष मानसरोवर घाट पर गूंज उठा । नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ल ने कहा कि पतित पावनी गंगा दक्षिण से उत्तर तक और पूर्व से पश्चिम तक भारत की सांस्कृतिक-सभ्यता को जोड़ने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। कहा कि 'गंगा स्वच्छता की जिम्मेदारी थोड़ी हमारी थोड़ी तुम्हारी' और 'सबका साथ हो गंगा साफ हो' के संकल्प की पूर्ति हेतु भारतीय जनमानस को अपना योगदान देना होगा । आयोजन में प्रमुख रूप से नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ल, गंगा टास्क फोर्स से सूबेदार शिवेंद सिंह और जवान, श्रीनिवास राव, रामनिवास शर्मा, नामदेव गुप्ता, राजशेखर द्रविड़, लक्ष्मी रेड्डी, पार्वती देशमुख व सैकड़ों की संख्या में दक्षिण भारत से पधारे सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

# पंचाक्षर जप यज्ञ के 21 साल पूरे होने पर निकलेगी शोभायात्रा

**आयोजन**

काशी के कई पीठाधीश्वर होंगे शामिल, अहिल्याबाईघाट पर होगा रूद्राभिषेक

ग्यारह बटुक करेंगे अभिषेक 1008 दीपों का गंगा में होगा दान




**वाराणसी।** शिव आराधना समिति काशी के तत्वावधान में सनातन धर्म के रक्षार्थ व आतंकवाद के समूल समापन के लिए विगत 21 वर्षों से महानगर के विभिन्न चौराहे से नित्य ब्रह्मबेला में शिव पंचाक्षर मंत्र ऊँ नमः शिवायः जप यज्ञ आम जनमानस से निकाली जाती रही है। उक्त आयोजन के 21 साल पूर्ण होने पर 28 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः सात बजे जगतगंज चौराहे से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। यह जानकारी शिवाराधना समिति के संस्थापक अध्यक्ष डा. मृदुल मिश्र व प्रभारी अध्यक्ष विन्ध्याचल चौबे एडवोकेट ने बुधवार को पिशाचमोचन स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इस शोभायात्रा में काशी के सभी पीठाधीश्वर रथ पर विराजमान रहेंगे। इनमें प्रमुख रूप से काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. नागेन्द्र पांडेय, अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकरपुरी महराज, महामृत्युंजय महादेव मंदिर के महंत पं. मोहन दीक्षित, बड़ागणेश मंदिर के महंत पं. राजेश तिवारी, कालभैरव के पं. नवीन गिरी, सर्वेश्वरशरण समेत अन्य महंत शामिल रहेंगे। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई अहिल्याबाई घाट (दशाश्वमेधघाट) जाकर समाप्त होगी। जहां पर सायंकाल चार बजे गंगा की धारा में महारूद्राभिषेक होगा। 11 बटुक अभिषेक करेंगे। साथ ही 1008 दीपों का गंगा में दान होगा। सायंकाल से लेकर रात्रि तक भंडारा भी चलता रहेगा।

# एचआईवी का इलाज मिल गया?

## स्टेम सेल ट्रांसप्लांट से मरीज का कैंसर भी ठीक हो गया

## ये दुनिया में दो असाध्य रोगों से उबरने की चमत्कारिक सफलता





दो असाध्य रोग, कैंसर और एचआईवी, जिसके होने का अर्थ यही है कि जान बचने की संभावना कम से कमतर। लेकिन अब एक चिकित्सकीय चमत्कार ने कैंसर के साथ एचआईवी से ग्रस्त रोगियों के लिए जिंदगी की नई रौशनी दे दी है। जुलाई 2022 में जब एचआईवी से पीड़ित एक अमेरिकी मरीज को इस बीमारी से पूरी तरह मुक्त घोषित किया गया तो पूरी दुनिया में एड्स के वायरस का इलाज खोज निकालने में इसे एक बड़ी सफलता की तरह लिया गया। यह मरीज दुनिया के उन पांच लोगों में शामिल है, जो स्टेम सेल ट्रांसप्लांट इलाज से एचआईवी और ल्यूकीमिया से पूरी तरह ठीक हो गए। 66 साल के इस मरीज को 1988 में अपने एड्स बीमारी का पता चला था। उन पांच में वो उम्र में सबसे अधिक हैं और बीमारी के साथ सबसे अधिक जिंदा रहने वाले व्यक्ति भी हैं। उस समय वो अपनी पहचान उजागर नहीं होने देना चाहते थे लेकिन एक साल बाद पॉल एडमंड्स ने सार्वजनिक होने का फैसला किया। एडमंड्स कुछ समय चाहते थे लेकिन अब उन्होंने अपनी कहानी सुनाने का फैसला किया। कहते हैं कि मैं एड्स पीड़ितों के लिए प्रेरणा बनना चाहता हूं और उनके प्रति सम्मान जताना चाहता हूं जो इस बीमारी से हार गए। एचआईवी यानी ह्यूमन इम्यूनोडेफिसियंसी वायरस मरीज की प्रतिरोधक तंत्र पर हमला करता है। गंभीर चरण में ये एड्स बन सकता है जो मरीज के प्रतिरोध तंत्र के फेल होने पर एक के बाद एक उन बीमारियों को जन्म देता है, जो कमजोर प्रतिरोध की स्थिति में अपने आप फलती फूलती रहती हैं। 1980 के दशक में एचआईवी का इलाज नहीं था, बहुतों के लिए इसके होने का मतलब मौत पक्की। लेकिन उनके केस में हालात इससे भी बदहाल थे, जब उन्हें एचआईवी के बारे में पता चला तबतक उन्हें एड्स भी हो चुका है। एडमंड्स का 2019 में कैलिफोर्निया के सिटी ऑफ होप कैंसर सेंटर में ट्रांसप्लांट हुआ। हाल के दशकों में नए इलाज सफल रहे हैं और आज लोग इस वायरस के साथ भी लंबे समय तक ज़िंदा रह सकते हैं और कई लोगों में तो एड्स तक की नौबत नहीं आती। बावजूद इसका कोई मुकम्मल इलाज नहीं था और मरीज को पूरी ज़िंदगी दवाओं पर जीना होता था। 2018 में एडमंड्स को एक दूसरी खतरनाक बीमारी ल्यूकीमिया का पता चला। इस बीमारी से पूरी तरह ठीक होने को वो 'चमत्कार' कहते हैं। ये एक किस्म का कैंसर है जो बोन मैरो और रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करता है। डॉक्टरों ने एडमंड्स को स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की सलाह दी. ये बहुत जटिल प्रक्रिया है लेकिन ठीक होने का एकमात्र तरीका भी है। अब उन्हें एक ऐसे डोनर की जरूरत थी जिसमें एक जेनेटिक म्यूटेशन (सीसीआर5 डेल्टा 32) हुआ हो, जो एचआईवी वायरस के प्रति प्रतिरोधक हो।

एडमंड्स का इलाज 2019 में कैलिफोर्निया के सिटी ऑफ होप कैंसर सेंटर में हुआ. दो साल बाद 2021 में वो एचआईवी की दवाओं से पूरी तरह आजाद हो गए।आज तक उनके अंदर एचआईवी या ल्यूकीमिया का कोई लक्षण नहीं दिखा और वो पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। हालांकि एचआईवी पॉज़िटिव मरीजों के लिए ऐसा ट्रांसप्लांट अपवाद ही है। लेकिन एडमंड्स और अन्य चार मरीजों की प्रगति से डॉक्टरों और रिसर्चरों में इस बीमारी के नए इलाज खोज निकालने की उम्मीद बढ़ गई है।

एडमंड्स का इलाज करने वाली टीम के डॉक्टर जाना डिक्टर का कहना था कि स्टेम सेल ट्रांसप्लांट एक जटिल प्रक्रिया है जिसका बहुत अधिक साइड इफेक्ट हो सकता है। वो कहती हैं, अधिकतर एचआईवी मरीजों के लिए ये बिल्कुल सटीक विकल्प नहीं है, लेकिन ये उन मरीजों के लिए एक विकल्प जरूर है जिनमें ब्लड कैंसर विकसित हो गया हो और उन्हें इसका फायदा हो सकता है। एडमंड्स जियार्जिया के ग्रामीण इलाके में करीब 10 हजार की आबादी वाले टोकोआ कस्बे में पले बढ़े। एक धार्मिक और संकीर्ण विचारों वाले समाज में रहने के बावजूद, जब उन्होंने अपनी पहचान समलैंगिक के रूप में जाहिर की तो उनके माता पिता ने उनका साथ नहीं छोड़ा। 1976 में 21 साल की उम्र में वो कैलिफोर्निया के शहर सैन फ्रांसिस्को चले गए जहां समलैंगिक आंदोलन बहुत मजबूत था। उन दिनों को याद करते एडमंड्स कहते हैं, वो बहुत शानदार समय था. हर जगह से समलैंगिक सैन फ्रांसिस्को में आकर जमा हो गए थे। लेकिन 1980 के दशक में इनमें अधिकतर बीमार होने लगे। ये बहुत डरावना था, कोई नहीं जानता था कि क्या हो रहा है। लोग इसे नई बीमारी 'गे कैंसर' कहने लगे। लोग डर गए थे।वो कहते हैं कि 1988 में जब उन्होंने एचआईवी टेस्ट कराने का फैसला किया तो इसके कोई लक्षण उनमें नहीं थे। हालांकि उन्हें ये शुबहा जरूर था कि वो वायरस के 'कैरियर' हो सकते हैं। टेस्ट का रिजल्ट उन्हें क्लीनिक में इंटर्नशिप करने वाली एक लड़की देने आई, वो समझ नहीं पा रही थी वो कैसे मुझे बताए, ये उसके लिए बहुत मुश्किल लग रहा था और ये उसके चेहरे से साफ झलक रहा था. मेरे लिए भी ये सदमे से कम नहीं था। एडमंड्स के मुताबिक, यही नहीं मुझे एड्स का भी पता चला क्योंकि मेरा टी लिम्फोसाइट काउंट (सीडी4) 200 (प्रति क्यूबिक मिलीमीटर खून) से कम था, जिसे आधिकारिक रूप से एड्स माना जाता था। उन्हें लगा कि उनका भी हश्र उनके दोस्तों जैसा होने वाला है। इस हताशा में वो अधिक शराब पीने लगे लेकिन आखिरकार उन्होंने खुद को संभाला और नियमित इलाज कराने लगे। वो बताते हैं, जब भी नई दवा आती मुझे बदलना पड़ता, ये बहुत पीड़ादायी था क्योंकि इनके साइड इफेक्ट बहुत होते थे। इनसे बचने के लिए इलाज में इस्तेमाल होने वाली भांग का इस्तेमाल करता था। 1992 में उनकी मुलाकात अपने पार्टनर अर्नाल्ड हाउस से हुई और उन्हें भी एचआईवी टेस्ट कराने के लिए उन्होंने राजी कर लिया। एडमंड्स कहते हैं, और वो भी पॉज़िटिव निकला. ये सदमे से कम नहीं था, लेकिन उसने धैर्य से काम लिया और हम लोग ज़िंदगी में आगे बढ़ गए।

### ट्रांसप्लांट और डोनर की खोज

समय के साथ एचआईवी के बेहतर इलाज आ रहे थे। 2018 में उन्हें मायलोडिसप्लास्टिक सिंड्रोम (एमडीएस) का पता चला जो कई बीमारियों के समूह को कहा जाता है जिससे ब्लड कैंसर हो सकता है। ये बाद में मायलॉयड ल्यूकीमिया में बदल गया। उन्हें इसका कोई लक्षण नहीं था, बस थकावट होती थी. डॉक्टरों ने कहा कि इस इलाज से उनका कैंसर खत्म हो सकता है और शायद एचआईवी भी। डॉ. जाना डिक्टर के अनुसार, स्टेम सेल ट्रांसप्लांट में बोन मैरो के उस ऊतक को डोनर की कोशिकाओं से बदला जाता है जिसमें कैंसर होता है। इसके बाद एक ऐसे डोनर की खोज शुरू हुई जिसमें एचआईवी के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता हो. अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, ऐसे लोग पूरी आबादी में महज 1% से 2% होते हैं। 2019 में 63 साल का एक डोनर मिला और यह ट्रांसप्लांट सफल रहा। एडमंड्स इसके नतीजे की चिंता किए बिना इलाज पर ध्यान दे रहे थे और देश भर से उन्हें शुभकामनाएं आ रही थीं। इसी दौरान कोविड-19 महामारी आई जिसकी वजह से एचआईवी का इलाज रुक गया। दो साल बाद मार्च 2021 में एडमंड्स ने एंटीरिट्रोवियल थेरेपी (एचआईवी का इलाज) पूरी तरह छोड़ दी। तबसे वो एचआईवी और ल्यूकीमिया से पूरी तरह मुक्त हैं, लेकिन डॉक्टर इसे 'पूरा इलाज' की बजाय 'लंबे समय तक ठीक होना' कहते हैं।